3 राजधानी
कई ट्रेनों का संचालन मार्च तक बढ़ाए जाने का निर्णय

6 अभिमत
लोकतंत्र में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमाएं

11 विदेश
बाइडन के प्रशासन में 20 भारतीय-अमेरिकी

12 कॅरियर
आकलन करें और अपनाएं



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 89
लखनऊ, सोमवार, 18 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





वाशिंगटन सुंदर ने ठाकुर के साथ जगाई उम्मीद
स्पोर्ट्स-10



www.dailypioneer.com


कोविड-19 टीकाकरण अभियान का दूसरा दिन

# पहले ही दिन भारत ने अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को छोड़ा पीछे

● शनिवार और रविवार दो दिन में 2.24 लाख लोगों का हुआ वैक्सीनेशन, 447 केसों में मामूली प्रतिकूल प्रभाव

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



प्रतीकात्क चित्र

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देशव्यापी टीकाकरण अभियान के दौरान पहले दो दिन में 2.24 लाख लोगों को कोविड-19 टीका लगाया गया। इस दौरान टीकाकरण के बाद 447 मामलों में प्रतिकूल प्रभाव देखा गया।

सरकार ने यह भी उल्लेख किया कि शनिवार को पहले ही दिन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस जैसे विकसित देशों को पीछे छोड़ते हुए भारत में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चला। मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनोहर अगनानी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा '16 और 17 जनवरी को कुल 447 प्रतिकूल प्रभाव वाले मामले सामने आए। इसमें से केवल तीन को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी। इसमें ज्यादातर बुखार, सिरदर्द और उल्टी जैसे मामूली केस थे। उन्होंने कहा, 'इसमें से एक केस एम्स ऋषिकेश में डॉक्टरों की निगरानी में है और उसकी हालत स्थिर है।

दो अन्य को दिल्ली के उत्तरी रेलवे अस्पताल और एम्स दिल्ली से छुट्टी दी जा चुकी है। अगनानी ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक कुल 2,24,301 स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्करों का 17 जनवरी तक टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसमें 2,07,229 लोगों का अभियान के पहले दिन ही टीकाकरण कर दिया गया। हालांकि अधिकारियों ने प्रतिकूल प्रभाव मामलों का राज्यवार आंकड़ा नहीं दिया लेकिन शनिवार शाम तक मिली विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक दिल्ली (52), महाराष्ट्र (22), पश्चिम बंगाल (14), राजस्थान (21) तथा तेलंगाना (11) में प्रतिकूल प्रभाव वाले केस सामने आए थे। कुछ ( शेष पेज 9 )

## कोविशील्ड व कोवैक्सीन के सभी आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● डॉक्टरों के फोरम पीएमएसएफ ने केंद्र को सौंपा ज्ञापन, टीकों को मंजूरी दिए जाने में अनियमितता बरतने का आरोप

**देश** भर के डॉक्टरों के एक नेटवर्क ने सरकार से कोरोना के दोनों टीकों कोविशील्ड और कोवैक्सीन से संबंधित सभी तरह के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की है। डॉक्टरों के इस समूह ने आरोप लगाया है कि दोनों वैक्सीन को आपात इस्तेमाल की मंजूरी देने में कई अनियमितताएं बरती गई हैं।

प्रोग्रेसिव मेडिकोज एंड साइंटिस्ट्स फोरम (पीएमएसएफ) के बैनर तले चिकित्सा पेशेवरों ने कहा कि यदि सरकार यदि वैक्सीन का डेटा जारी करती है तो इससे वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्वयं और समुदाय के लिए टीकों का विकल्प चुनने में काफी मदद मिलेगी। डॉक्टरों ने वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति वापस लेने और स्वास्थ्यकर्मियों को बिना डर अपनी पसंद की वैक्सीन लगवाने की छूट दिए जाने की मांग भी उठाई है।

पीएमएसएफ के अध्यक्ष डॉ. हरजीत सिंह भट्टी ने सरकार को दिए ज्ञापन में कहा कि वैक्सीन थोपने के बजाय लोगों को विकल्प देने की रणनीति अधिक कारगर साबित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड टीकाकरण के लिए हेल्थकेयर वर्कर्स के रूप में काम करने की ( शेष पेज 9 )

# धान खरीद का लक्ष्य पूरा करने वाला पहला राज्य बना यूपी

● लक्ष्य प्राप्ति के बाद भी धान खरीद रहेगी जारीः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**धान** खरीद की पारदर्शी प्रक्रिया और खरीद केंद्रों की निरंतर निगरानी करने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीति कामयाब रही। किसानों के भरोसे पर उत्तर प्रदेश एक बार फिर सबसे खरा उतरा। निर्धारित समय से करीब दो महीने पहले ही धान खरीद का कार्यकारी लक्ष्य पूरा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इस मामले में कोई भी राज्य अपने निर्धारित लक्ष्य को नहीं छू सका है।

यही नहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के बाद भी धान खरीद जारी रहेगी। अब तक 55 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के विपरीत 60 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद कर रिकार्ड कायम किया है। यह पिछले वर्ष इस अवधि तक की हुई धान खरीद का लगभग डेढ़ गुना है। सरकारी आँकड़ों के मुताबिक राज्य सरकार ने लगभग आठ लाख धान किसानों को अब तक लगभग 7800 करोड़ रुपये का भुगतान किया। प्रदेश में 28 फरवरी तक धान, मक्का और मूंगफली समेत अन्य खरीफ फसलों की खरीद होनी है। राज्य सरकार ने पिछले चार साल में प्रदेश के धान किसानों को लगभग 32000 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। प्रदेश में धान किसानों को सबसे अधिक भुगतान का यह एक रिकार्ड है। गेहूं किसानों को भुगतान के मामले में भी योगी सरकार ने पिछली सरकारों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। चार साल के कार्यकाल में राज्य सरकार ने 33 लाख से ज्यादा गेहूं किसानों की फसल के लिए 29017.45 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। प्रदेश के खाद्य तथा रसद विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछली सरकार के बकाये समेत गन्ना किसानों को अब तक का सबसे अधिक भुगतान कर नया कीर्तिमान कायम करने वाली योगी सरकार ने अब धान और गेहूं के भुगतान का नया रिकार्ड बनाया है। राज्य सरकार ने 14 दिसंबर तक प्रदेश के गेहूं और धान किसानों को 60922.23 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। योगी सरकार ने चार साल में प्रदेश के धान और गेहूं किसानों को अब तक का सबसे अधिक भुगतान किया है। किसानों की फसल के दाने-दाने का भुगतान करने की नीति के तहत राज्य सरकार ने कार्यकाल के पहले वर्ष 2017-18 में 42.90 लाख मी. टन धान खरीद के लिए 6663.32 करोड़ रुपये का भुगतान किया। 2018-19 में 48.25 लाख मी. टन के लिए 8449.39 करोड़ रुपये का भुगतान । वर्ष 2019-20 में 56.47 लाख मी. टन के लिए 10274.25 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

धान और गेहूं किसानों को खाद्यान्न की सीधी, पारदर्शी और त्वरित भुगतान प्रक्रिया के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों को बड़ा कारण माना जा रहा है। योगी सरकार ने किसानों को बेहतर कीमत देने के लिए सत्ता संभालने के साथ ही कई बड़े कदम उठाए। क्रय केंद्रों पर वर्षों से किसानों की आमदनी पर डाका डाल रहे बिचौलियों को बाहर करते हुए योगी सरकार ने किसानों से सीधे खरीद की प्रक्रिया शुरू की। ई-उपार्जन पोर्टल बना कर किसानों को सीधे पंजीकरण की सुविधा दी गई ताकि बिचौलियों को बाहर किया जा सके। ई उपार्जन पोर्टल को राजस्व पोर्टल से लिंक कराया गया ताकि खतौनी के गाटा संख्या का आनलाइन सत्यापन किया जा सके।

सीमांत एवं लघु किसानों को खाद्यन्न बेचने में कठिनाई न हो इसके लिए 100 क्विंटल तक खरीद को राजस्व विभाग के सत्यापन से मुक्त रखा गया और 100 क्विंटल से अधिक बिक्री करने वाले किसानों को राजस्व विभाग से सत्यापन की सुविधा दी गई। लघु व सीमांत किसानों को खाद्यान्न बेचने के लिए दो दिन योगी सरकार ने आरक्षित किए। महिला किसानों को खाद्यान्न बेचने में योगी सरकार ने प्राथमिकता दी।

## खेती को अभिनव प्रयासों से जोड़ने की जरूरतः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को खेती के अभिनव प्रयासों से जोड़ने की जरूरत पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि इस संबंध में कृषकों को जागरूक करने के लिए प्रभावी और सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने झांसी में आयोजित स्ट्रॉबेरी महोत्सव की डिजिटल माध्यम से यहां शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप किसानों की आमदनी दोगुना करने के लिए कृतसंकल्पित है और झांसी में स्ट्रॉबेरी महोत्सव का आयोजन जैसे अभिनव प्रयास इसमें सहायक हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती के अभिनव प्रयासों से जोड़ने की जरूरत है।

( संबंधित समाचार पेज 2 पर )



सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शामली में गन्ना विकास मंत्री सुरेश राणा के आवास पहुंचकर उनके पिता स्वर्गीय रणवीर सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 26 जनवरी को बाहरी रिंग रोड पर निकालेंगे ट्रैक्टर परेडः किसान नेता

● गणतंत्र दिवस परेड में नहीं डालेंगे खलल, ट्रैक्टरों पर लगाएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में सिंघू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों के कपड़ों पर प्रेस करते स्वयं सेवक

**केंद्र** के कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहीं किसान यूनियनों ने रविवार को कहा कि वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में अपनी प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। लेकिन यह परेड बाहरी रिंग रोड पर होगी। गणतंत्र दिवस परेड में कोई खलल नहीं डालेंगे।

यूनियन नेता योगेंद्र यादव ने सिंघू सीमा स्थित प्रदर्शन स्थल पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में बाहरी रिंग रोड पर एक ट्रैक्टर परेड करेंगे। परेड बहुत शांतिपूर्ण होगी। गणतंत्र दिवस परेड में कोई भी व्यवधान नहीं होगा। किसान अपने ट्रैक्टरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाएंगे। प्राधिकारियों ने किसानों द्वारा प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च या ऐसे किसी अन्य प्रकार के विरोध प्रदर्शन पर रोक की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख किया है ताकि 26 जनवरी को ( शेष पेज 9 )


## शीर्ष न्यायालय की नियुक्त समिति कल करेगी बैठक

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों पर उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति के यहां पूसा परिसर में 19 जनवरी को अपनी पहली बैठक करने का कार्यक्रम है। समिति के सदस्यों में शामिल अनिल घनवट ने रविवार को यह जानकारी दी। शीर्ष न्यायालय ने केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर 11 जनवरी को अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी थी। साथ ही, न्यायालय ने गतिरोध का हल निकालने के लिए चार सदस्ईय एक समिति भी नियुक्त की थी।

# लचीला रुख अपनाएं किसान नेताः तोमर

● कानूनों की हर धारा पर चर्चा के लिए आएं आगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नये** कृषि कानूनों को लेकर 19 जनवरी को होने वाली दसवें दौर की वार्ता से पहले कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को किसान नेताओं से फिर आग्रह किया कि वे नए कृषि कानूनों पर अपना 'अड़ियल' रुख छोड़ दें और कानूनों की हर धारा पर चर्चा के लिए आएं।

तोमर ने मध्य प्रदेश में अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र मुरैना रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, 'अब जबकि उच्चतम न्यायालय ने इन कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है तो ऐसे में अड़ियल रुख अपनाने का कोई सवाल हीं नहीं उठता है।' उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि किसान नेता 19 जनवरी को होने वाली अगली बैठक में कानून की हर धारा पर चर्चा के लिए आएं। उन्होंने कहा कि कानूनों को निरस्त करने की मांग को छोड़कर, सरकार 'गंभीरता से और खुले मन के साथ' अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए तैयार है। तोमर हजूर साहिब नांदेड़-अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए रवाना हुए। उन्हें सिख समुदाय के सह-यात्रियों से लंगर साझा करते हुए देखा गया। गौरतलब है कि केन्द्र के नये कृषि कानूनों के खिलाफ किसान विशेषकर हरियाणा और पंजाब के किसान दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं।

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर 11 जनवरी को अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी थी। साथ ही, न्यायालय ने गतिरोध का हल निकालने के लिए चार सदस्यीय एक समिति भी ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,034 | |
| निफ्टी | 14,433 | |
| सोना | 48,690 | /10g |
| चांदी | 65,157 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एक करोड़ की घूस लेने में रेलवे का वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कथित तौर पर एक करोड़ रुपए की घूस लेने के मामले में रविवार को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) को गिरफ्तार कर लिया। उन्हे एक निजी कंपनी को परियोजनाओं के ठेके दिलाने के एवज में रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि 1985 बैच के भारतीय रेलवे अभियांत्रिकी सेवा (आईआरएसई) अधिकारी महेंद्र सिंह चौहान को असम में गुवाहाटी के मालीगांव से गिरफ्तार किया गया, वहीं दो अन्य-आरोपियों कंपनी एबीसीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी भूपेंद्र रावत और इंद्र सिंह को उत्तराखंड के देहरादून से गिरफ्तार किया गया जहां चौहान के निर्देश पर कथित रूप से रिश्वत का लेनदेन हो रहा था।

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक पहुंचना हुआ और आसान

● प्रधानमंत्री ने संपर्क सुविधा में सुधार के लिए आठ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों को गुजरात के केवड़िया से जोड़ने वाली आठ ट्रेनों को रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हरी झंडी दिखाई। मोदी ने जिन आठ ट्रेनों को हरी झंडी दी हैं, वे केवड़िया को वाराणसी, दादर, अहमदाबाद, हजरत निजामुद्दीन, रीवा, चेन्नई और प्रतापनगर से जोड़ेंगी। केवड़िया में ही सरदार पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी है। उन्होंने अतीत में देश में कामकाज के तौर तरीकों का उदाहरण देते हुए समर्पित माल ढुलाई गलियारे (डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर) का जिक्र किया। मोदी ने कहा, कुछ ही समय पहले मुझे पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारे के एक बड़े खंड का लोकार्पण करने का मौका मिला। इस परियोजना पर लगभग आठ वर्ष में सिर्फ कागजों पर ही काम हुआ था। वर्ष 2006 से 2014 तक एक किलोमीटर तक भी पटरी नहीं बिछाई गई थी। अब आगामी कुछ महीनों में 1,100 किलोमीटर का काम पूरा हो जाएगा। मोदी ने तीन रेलवे स्टेशनों और डभोई को केवड़िया से जोड़ने वाली एक ब्रॉड गेज लाइन का भी रविवार को वीडियो लिंक के माध्यम से लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, रेलवे के इतिहास में संभवतः पहली बार ऐसा हो रहा है, जब एक साथ देश के अलग-अलग कोने से एक ही जगह के लिए इतनी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई हो। मोदी ने कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार आवागमन की सुविधाएं बढ़ने से रोजाना एक लाख से अधिक लोग केवड़िया आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश के रेलवे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए हालिया वर्षों में किया गया कार्य अभूतपूर्व है। मोदी ने कहा कि अतीत में सोचने के नए तरीकों और प्रौद्योगिकी पर कम ध्यान दिया जाता था, लेकिन अब रेलवे प्रणाली में कई मोर्चों पर बड़े बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे विनिर्माण और ( शेष पेज 9 )

# एटीएस ने 14 साइबर अपराधियों को दबोचा



लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार (मध्य में)

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**साइबर** इकोनामिक फ्रॉड के बड़े मामले का खुलासा करते हुए उप्र आतंकवाद निरोधक दस्ता यूपी एटीएस ने 14 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने फर्जी आइडी से सिम कार्ड प्राप्त कर ऑनलाइन बैंक खाते खोलकर आपराधिक गतिविधियों से प्राप्त धनराशि का आदान-प्रदान करने वाले गिरोह के 14 शातिरों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कुछ विदेशी नागरिकों के नाम सामने आए हैं जिनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया जा रहा है।

एटीएस इन खातों में टेरर फंडिंग और हवाला से जुड़ी रकम को जमा कराए जाने के साथ ही गिरोह के देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की भी जांच कर रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि यह लोग गिरोह बनाकर फर्जी आईडी ( शेष पेज 9 )

# बुंदेलखंड को मिलेगी नई पहचान, रुकेगा पलायन: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ का कहना है कि बुंदेलखंड में स्ट्रॉबेरी का उत्पादन किसी चमत्कार से कम नहीं है। स्ट्रॉबेरी की खेती अब बुंदेलखंड को एक नई पहचान दिलाएगी। यहां के लोगों का पलायन रोकेगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने आवास से झांसी में हो रहे स्ट्रॉबेरी महोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से स्ट्रॉबेरी की खेती को बढ़ावा देने के लिए स्ट्रॉबेरी महोत्सव आयोजित हो रहा है। उसी तर्ज पर सिद्धार्थनगर में कालानमक और चंदौली, बाराबंकी, कौशांबी और प्रयागराज के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भी महोत्सव आयोजित किए जाने चाहिए।

झांसी में पहली बार स्ट्रॉबेरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज से करीब एक महीने तक चलने वाले इस महोत्सव के आयोजकों के साथ ही झांसी के सांसद, विधायक तथा प्रदेश सरकार के मंत्रीगण व अधिकारियों को इस बड़े आयोजन के लिए अपनी शुभकामना भी दी।

योगी ने कहा कि झांसी में हुआ स्ट्रॉबेरी का उत्पादन और यहां हो रहा स्ट्रॉबेरी महोत्सव चमत्कार से कम नहीं है। बुंदेलखंड के बारे में प्रदेश और देश की जो धारणा थी, उसे बदलने में यह महोत्सव अहम भूमिका निभाएगा। यहीं नहीं झांसी में हुई स्ट्रॉबेरी की खेती बुंदेलखंड को एक नई पहचान दिलाने का काम करेगी।



● **मुख्यमंत्री ने किया स्ट्रॉबेरी महोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ, कहा बुंदेलखंड में स्ट्रॉबेरी का उत्पादन किसी चमत्कार से कम नहीं**

झांसी में स्ट्रॉबेरी का उगाया जाना हमारे बुंदेलखंड के किसानों के परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में स्ट्रॉबेरी का उत्पादन कार्य घर की छत से प्रारम्भ किया गया था। इसके बाद इसे वहां के खेतों में रोपित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के नागरिकों में कार्य करने की दृढ़ इच्छाशक्ति है। यहां की उर्वरा भूमि में सोना उगलने की क्षमता है लेकिन कुछ समय पहले तक इस प्रतिभा को उचित मंच नहीं मिल पा रहा था। जिसके चलते यहां के लोगों को पलायन करना पड़ता था। हमने यहां के लोगों को उचित माहौल देने का बीड़ा उठाया। बुंदेलखंड की पिछड़े क्षेत्र के रूप में स्थापित छवि को समाप्त कर विकास की नई धारा शुरू की। वर्षों से रुकी पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को शुरू कराया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा स्ट्रॉबेरी महोत्सव पूरे बुंदेलखंड के किसानों के लिए नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनेगा। हम खेती को ड्रिप इरिगेशन प्रणाली से जोड़कर आज की क्षमता से तीन गुना अधिक सिंचाई क्षमता विकसित कर सकते हैं।

## सड़क सुरक्षा के नियमों का सख्ती से पालन हो: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सर्दी के मौसम में कोहरे आदि के दृष्टिगत अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षकों को अपने जनपद के दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सुरक्षित आवागमन के लिए सभी जरुरी प्रबन्ध करने को कहा हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में कामन सर्विस सेन्टर की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों को शासकीय सेवाएं उनके निवास स्थान के समीप बेहतर ढंग से सुलभ हो सकेंगी तथा उनके समय व धन की बचत भी होगी। नए कामन सर्विस सेन्टर का संचालन प्रारम्भ हो जाने पर शहरी, अर्धशहरी क्षेत्रों से लेकर प्रदेश की सुदूर ग्राम पंचायतों तक बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना हमारे प्रदेश की एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है। वर्तमान में 45 लाख से अधिक गन्ना किसानों द्वारा गन्ना की खेती की जा रही है। राज्य सरकार के निरन्तर प्रयासों से गन्ना उत्पादन में वृद्धि हुई है। उन्होंने गन्ना किसानों को बुआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाली फसलें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के भवन निर्माण के लिए तेजी से कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इससे प्राधिकरण को अपने कार्य बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न आपदाओं से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों को प्राधिकरण द्वारा चिन्हित किया जाए। चिन्हित क्षेत्रों के निवासियों को आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



राजधानी के दिलकुशा स्थित सरकारी आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

## अब 15 फरवरी को दी जाएगी दूसरी डोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● **बचे स्वास्थ्यकर्मियों का 22 जनवरी को होगा वैक्सीनेशन**

**एक दिन** पूर्व सूबे में 22,643 डॉक्टरध्स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन की पहली डोज लगने के बाद शेष स्वास्थ्यकर्मियों का 22 जनवरी को वैक्सीनेशन होगा। जबकि पहली डोज वाले डॉक्टर-स्वास्थ्य कर्मियों को 15 फरवरी को दूसरी डोज लगाई जाएगी।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कुल 317 स्थानों पर वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है जिसमें कल 22,643 डॉक्टर-स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाई गई। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के सम्बंध में किसी भी प्रकार का भ्रम न रखें। सर्वप्रथम स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन एवं क्रम के अनुसार कोविड वैक्सीनेशन का कार्य संचालित किया जा रहा है। इसमें किसी भी प्रकार का कोई भी बदलाव नहीं किया जायेगा। प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में कोविड संक्रमण को नियंत्रित करने की योजना कारगर सिद्ध हो रही है। जिसके क्रम में प्रदेश में कोविड 19 के एक्टिव केसों की संख्या 9000 से कम आ गयी है। उन्होंने बताया कि मार्च 2020 में जहां कोविड.19 की टेस्टिंग 72 प्रतिदिन हो रही थी, उसे बढ़ाकर 1,80,000 प्रतिदिन किया गया। इसके साथ साथ प्रदेश में सर्विलांस का नया प्रयोग कर प्रत्येक परिवार तक पहुंच कर उनका हालचाल लेते हुए कोविड संक्रमण के लक्षण की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 2.62 करोड़ से अधिक कोविड के टेस्ट तथा 15.20 करोड़ से अधिक लोगों से सम्पर्क कर कोविड संक्रमण की जानकारी ली गयी है। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनसंख्या में से 17.80 करोड़ परिवार तक पहुंचकर हालचाल जाना गया है अथवा उनका कोविड टेस्ट कराया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब संक्रमण कम हो रहा है, फिर भी कोविड 19 के टेस्ट 1,25,000 से कम नहीं किये जा रहे हैं।

## भाजपा प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान परिषद** के लिए बीजेपी के सभी दस प्रत्याशी सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन विधान भवन स्थित राजर्षि पुरूषोत्तम दास टंडन हाल में होगा। नामांकन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह समेत योगी मंत्रिमंडल के सदस्य और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिन लोगों का नामांकन होगा उनमें स्वतंत्र देव सिंह, डा दिनेश शर्मा, लक्ष्मण आचार्य, अरविंद कुमार शर्मा, कुंवर मानवेंद्र सिंह, सलिल विश्नोई, गोविन्द शुक्ला, अश्वनी त्यागी, धर्मवीर प्रजापति तथा सुरेंद्र चौधरी शामिल हैं।

## केन्द्र की गाइड लाइन पर ही हो टीकाकरण: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के वैक्सीनेशन कार्य को केन्द्र सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि इसमें किसी भी प्रकार का कोई भी बदलाव न किया जाए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने वैक्सीनेशन कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में 22,643 लोगों को अब तक कोरोना वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज किए जाने के बावजूद वर्तमान में भी पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोगों को कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। उन्होंने कोविड चिकित्सालयों में सभी आवश्यक दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। कोविड 19 संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने पूरी क्षमता के साथ टेस्टिंग कार्य को संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्विलांस सिस्टम तथा कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य प्रभावी ढंग से जारी रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित किया जाए। बैठक में यह जानकारी दी गई कि 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के कार्ड तैयार करने का विशेष अभियान संचालित किया गया। एक माह के इस अभियान के दौरान आयुष्मान भारत योजना के 10 लाख 36 हजार से अधिक कार्ड बनाए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जताया शोक

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हिंदी दैनिक पायनियर दिल्ली की स्थानीय संपादक उषा श्रीवास्तव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

## किसानों की बात न सुनने पर होगी कार्रवाई: मिश्रा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन लि. के सभापति हनुमान स्वरूप मिश्र ने बताया कि पीसीयू द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्रों के तहत मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में किसानों के लिए वृहद कार्य किया जा रहा हैं। सभापति ने बताया कि जो किसानों की बात नहीं सुनेगा उस अधिकारी की खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## सूबे में बीते 24 घण्टे में कोरोना के 404 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 404 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 8881 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 3210 लोग होम आइसोलेशन में हैं। 3,49,456 लोग होम आइसोलेशन में गये थे जिनमें से 3,46,246 लोगों ने अपनी होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर ली है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,28,073 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,62,14,905 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घण्टों में 666 तथा अब तक कुल 5,79,071 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। कोविड.19 से रिकवरी का प्रतिशत 97.07 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,83,141 क्षेत्रों में 5,07,218 टीम दिवस के माध्यम से 3,12,88,971 घरों के 15,20,60,964 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 4,693 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है। प्रसाद ने बताया कि 15 दिसम्बर, 2020 से 15 जनवरी, 2021 तक आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने का अभियान चलाया गया था, जिसमें 10,36,684 नये गोल्डन कार्ड बनाये गये हैं। 3.77 लाख ऐसे परिवार को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है, जिनके परिवार में किसी का भी गोल्डन कार्ड नहीं बना था। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि जब तक वैक्सीन की दोनों डोज लग नहीं जाती तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित नहीं हो जाती तब तक कोविड.19 के प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें।

## जनता में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता पैदा करना हम सबकी जिम्मेदारी: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● **उपमुख्यमंत्री ने मार्गदर्शक हैंड बुक का किया विमोचन**

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। पर्याप्त मार्ग सुरक्षा उपलब्ध कराने में मार्ग निर्माण करने वाली संस्थाओं की भी अहम जिम्मेदारी है और इस दिशा में लोक निर्माण विभाग अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। श्री मौर्य ने लोक निर्माण विभाग स्थित तथागत सभागार में रोड सेफ्टी पर आधारित मार्गदर्शक हैंडबुक का विमोचन करने के उपरांत उक्त उद्गार व्यक्त किए।

लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गदर्शक हैंडबुक तैयार की गई है, जिसमें मार्ग सुरक्षा की विभिन्न विधियों व विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह 18 जनवरी 2021से प्रारंभ हो रहा है, जो 17 फरवरी 2021 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि आम जनता, विशेषकर युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और दुर्घटनाओं के रोकने के उपायों के बारे में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का नारा देते हुए लोगों को जागरूक किए जाने की प्रबल आवश्यकता है । लोक निर्माण विभाग में सभी जिलों में अभियंताओं को मार्ग सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न ब्लैक स्पॉट्स, अवैध निर्माणों आदि का सघन अभियान चलाकर चिन्हीकरण करते हुए आवश्यक निराकरण की कार्यवाही करने के उपरांत सत्यापन की कार्यवाही की जाएगी। इस विषय पर अभियंताओं के ज्ञान संवर्धन हेतु रोड सेफ्टी गाइड के रूप में मार्गदर्शक हैंडबुक दी जा रही है , जो बहुत ही उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर उन्होंने मार्गदर्शक पुस्तिका को वेबसाइट पर भी लांच किया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय जो लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे हैं, वह सफल होने चाहिए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण, विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग राजपाल सिंह, प्रमुख अभियंता ए के जैन, मुख्य अभियंता संजय श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता आरसी शुक्ला, मुख्य अभियंता जेके बांगा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उप्र उच्च शिक्षा परिषद ने विशेषज्ञों से मांगे फीडबैक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नई राष्ट्रीय** शिक्षा नीति के तहत परिषद की वेबसाइट पर अपलोड 14 पाठ्यक्रमों को लेकर उप्र उच्च शिक्षा परिषद ने विशेषज्ञों से फीडबैक मांगे हैं। साथ ही कोर्स की उपयोगिता को लेकर सुझाव भी मांगे हैं।

नई शिक्षा नीति 2020 के आने से पूर्व राज्य सरकार ने नया पाठ्यक्रम तैयार कराकर उसे लागू कराने की जिम्मेदारी उच्च शिक्षा परिषद को दी है। इससे पहले प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर 70 प्रतिशत समान पाठ्यक्रम लागू करने की पूरी तैयारी कर ली गई थी। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के कुलपति प्रो. सुरेन्द्र दुबे की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी ने अलग अलग विषयों का पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी अलग अलग विश्वविद्यालयों को सौंपी थी। पाठ्यक्रम भी तैयार करा लिया गया था। इस बीच नई शिक्षा नीति लागू हो जाने के कारण पाठ्यक्रम को उसके अनुसार संशोधित करने का फैसला किया गया। अब संशोधित पाठ्यक्रम परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। इस पर लोगों के सुझाव लेकर उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। शासन की मंशा है कि राज्य विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर 70 प्रतिशत समान पाठ्यक्रम हो। राज्य विश्वविद्यालयों को यह छूट दी जाएगी कि वह चाहे तो शत प्रतिशत पाठ्यक्रम अपना ले या अपने हिसाब से पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत बदलाव कर ले।

पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता

आवश्यकता है
हरिपाल जी स्मारक महाविद्यालय
दरौरा, करहाँ-मऊ
सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के मध्यकालीन इतिहास-1 पद में प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0, उ0प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो.-9415730998

आवश्यकता

आवश्यकता है
शिवमंगल महिला महाविद्यालय
परदहां जमीन परदहां, बेला सुल्तानपुर-मऊ
सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद में आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0, उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, आधारकार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रबन्धक के पद नाम से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक, मो.-9511028465

## फर्जी तरीके से छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर रुपए हड़पने वाला जालसाज गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी पुलिस** की स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ ने विभिन्न पाठ्यक्रमों कोर्स के छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर फर्जी तरीके से अपने खाते में रुपए मंगाने वाले एक जालसाज को गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अनुसार इन्टरनेट से विभिन्न शिक्षण संस्थानों का टेलीफोन नम्बर प्राप्त कर उन्हें एनआईसी व अन्य सम्बंधित विभाग का अधिकारी बनकर अपने विभिन्न मोबाइल नम्बरों से फोन कर छात्रवृत्ति नहीं पाए हुये छात्रों का डाटा प्राप्त कर उनको छात्रवृत्ति दिलाने का लालच देकर विभिन्न माध्यमों से अपने खातों में रूपए डलवाकर उस रूपए को गोरखपुर में एसबीआई व पीएनबी आदि के विभिन्न एटीएम से निकाल कर उनका उपभोग करने वाले जालसाल बलिराम सिंह को देर रात करीब पौने 12 बजे गोरखपुर के अधियारीबाग रामलील मैदान के सामने से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लेपटाप 6 मोबाइल, चार सिम कार्ड, 11 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, दो पेन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और पांच पासबुक बरामद की।



एसटीएफ के अनुसार कुछ दिनों से एसटीएफ को सूचना प्राप्त हो रही थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा विभिन्न शिक्षा से सम्बंधित पाठ्यक्रमों में छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को फर्जी तरीके अपने खाते में निकलवा कर हड़प रहे हैं। इन जालसाजों को पकड़ने के लिए एसटीएफ की गोरखपुर इकाई को सक्रिय किया गया। एसटीएफ को जानकारी मिली कि एनआईसी व अन्य सम्बंधित विभाग का अधिकारी बनकर अपने विभिन्न मोबाइल नम्बरों से फोन कर छात्रवृत्ति नहीं पाए गए छात्रों का डाटा विवरण प्राप्त कर उनके नाम से फर्जी तरीके से छात्रवृति की धनराशि को फ्राड तरीके से निकाले वाला बलिराम सिंह अपने अधियारी बाग रामलीला मैदान के पास वाले मकान में मौजूद है और कहीं जाने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ की एक टीम ने बताए गए स्थान पर पहुँच कर बलिराम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर उसने बताया कि वह यह काम लगभग दो वर्षो से कर रहा है। वह छात्रों को अपने नम्बर से फोन कर छात्रवृत्ति दिलाने का लालच देकर पिछले कुछ महिनों से सरिता मौर्या के एसबीआई का खाता नम्बर 36025723016 जो गाजीपुर के दुल्लहापुर का है तथा पीएनबी के खाता नम्बर 50474571835 जो आजमगढ़ जिले के पते पर सरिता मौर्या पत्नी कमलेश मौर्या के नाम से है, में वह रूपए मंगाता था। बाद में एटीएम के माध्यम से पैसा निकाल लेता था।

## संविदा की जगह आउटसोर्सिंग से होगी नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिलों में** संविदा पर तैनात कर्मचारियों को निर्धारित मानदेय से अधिक भुगतान की शिकायत मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने संविदा के स्थान पर आउटसोर्सिंग से कर्मी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सीधे संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों की संविदा का नवीनीकरण अब नहीं होगा। यदि कोई कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर तैनात है तो प्रतिनियुक्ति की अवधि पांच वर्ष पूरा होने पर उसे उसके मूल विभाग में वापस कर दिया जाएगा। जिला समन्वयक प्रशिक्षण, बालिका, सामुदायिक शिक्षा के पदों पर चयन प्रक्रिया राज्य परियोजना कार्यालय स्तर से होगी। वहीं बाकी पदों पर जिला स्तर पर सेवा प्रदाता के माध्यम से कर्मचारी रखे जाएंगे। कर्मचारियों का मानदेय भी राज्य परियोजना निदेशालय से तय कर दिया गया है।

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं खुद बीमार हो गई हैं: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के चार सालों में सार्थक तो कुछ किया नहीं, जो अच्छे काम समाजवादी सरकार में हुए थे उन्हें भी बर्बाद कर दिया। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं खुद बीमार हो गई हैं। गरीब का इलाज मंहगा तो हुआ ही, अस्पतालों में अव्यवस्था का शिकार भी वही बन रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को वैक्सीन पर दावा क्यों करना चाहिए, यह एक अत्यंत संवेदनशील मसला है। समाजवादी पार्टी का वैज्ञानिकों की दक्षता पर पूरा भरोसा है पर भाजपा की ताली थाली वाली अवैज्ञानिक सोच एवं भाजपा सरकार की चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। जनता में भरोसा हो इसके लिए सरकार को टीकाकरण में पारदर्शिता के साथ व्यवस्था की



खामियां भी दूर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मथुरा जिला अस्पताल में बुजुर्ग महिला मरीज को स्ट्रेचर तक नहीं मिला। बेटा ठेले पर मां को लादकर अस्पताल पहुंचा। पहले भी ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं जब एम्बुलेंस और स्ट्रेचर के अभाव में अस्पतालों में कई जानें चली गई। अमेठी के जिला अस्पताल में तो महिला डाक्टर ही नहीं है। वहां आने वाली बीमार और गर्भवती महिलाओं का कोई हाल पूछने वाला नहीं। किसी महिला को इलाज कराना हो तो उसे 30 किमी दूर जाना पड़ता है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में सर्वाधिक परेशान महिलाएं ही होती हैं। उनके नाम पर तमाम कल्याण योजनाएं हवा में ही लागू हो रही है। मुरादाबाद के जिला अस्पताल में सर्जिकल महिला वार्ड के भीतर बेड पर कुत्तों के बैठे होने और परिसर में उनके बेरोकटोक घूमने के दृश्य तो खूब वायरल हो चुके हैं। राजधानी लखनऊ के कई अस्पतालों में भी ऐसे दृश्य दिखाई दे जाते हैं। नवजात शिशुओं के साथ निर्मम और अमानवीय व्यवहार की घटनाएं विचलित कर जाती हैं। भाजपा सरकार की गलत और प्राथमिकता रहित नीतियों के चलते स्वास्थ्य सेवाओं का चरमरा जाना स्वाभाविक है। तमाम अस्पतालों में डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के हजारों पद खाली पड़े हैं। ग्रामीण इलाकों में डाक्टरों की अनुपस्थिति से झोलाछाप डाक्टरों का धंधा फल-फूल रहा है। अवैध ढंग से तमाम नर्सिंग होम भी खुल गए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# दिव्यांग युवती की गला रेतकर हत्या

## भाइयों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह आम के बाग में दिव्यांग महिला का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कम्प मच गया। महिला का गला धारदार हथियार से रेता गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतका के दोनों भाइयों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

जानकारी के मुताबिक गोसाईंगंज के अमेठी कस्बा के शहजादपुर निवासी स्व. कृष्ण प्रताप अवस्थी की अविवाहित बेटी रेखा का अपने भाइयों के साथ रहती थी। रविवार की सुबह रेखा का शव श्रवण रावत के आम के बाग में पड़ा मिला। जिसका गला रेता हुआ था। खून से लथपथ शव को देखने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आनन-फानन में डीसीपी रवि कुमार, एडीसीपी सुरेशचंद्र रावत फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुँचे। घटनास्थल का मौका मुआयना किया उसके बाद फॉरेंसिक टीम ने मृतका के भाईयो के फिंगर प्रिंट लिए, साथ ही मौके से और साक्ष्य जुटाए। ग्रामीणों का कहना था कि रेखा को कम दिखाई देने के साथ वो मानसिक रूप से कमजोर भी थी। मां बाप की मौत के बाद वो आपने भइयों के साथ रहती थी। इस बात को लेकर अक्सर घर में झगड़ा होता रहता था। वहीं पुलिस अधिकारियों ने भी आसपास के लोगों से पूछताछ की। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के दोनों भाई अन्नू और आशु को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा हो जाएगा।

**गुडम्बा में 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी: लखनऊ।** गुडम्बा थाना क्षेत्र में 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही आत्महत्या की वजह तकाशने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक कल्याणपुर पुरानी बस्ती में किराए के मकान के रहने वाले रमेश राजमिस्त्री हैं। उनका 18 वर्षीय बेटा आकाश एक निजी स्कूल से 11वीं कक्षा का छात्र था। बीते कुछ दिनों से उनका बेटा किसी बात को लेकर काफी डिप्रेशन में रह रहा था शनिवार शाम शाम उसने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली मां गुड्डी के देखने पर घर में कोहराम मच गया घटना की पुलिस को जानकारी दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारण की पड़ताल कर रही है

**युवक गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामदः लखनऊ।** गुडम्बा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर तमंचा और कारतूस बरामद किया है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा फरीद अहमद ने बताया कि शनिवार की रात को मुखबिर की सूचना पर एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर और एक कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपित की पहचान सांझा मांझा, सिधौली सीतापुर निवासी बब्लू गौतम के रूप में हुई है। आरोपित का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

## राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त, आधे महीने से मुख्य मार्ग बंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंदिरानगर** में वार्ड इस्माईलगंज द्वितीय इलाके में जलकल और जल निगम के खींचतान के बीच लगभग आधा दर्जन कॉलोनियों का मुख्य मार्ग बंद होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इलाके में बीते आधे महीने से मुख्य मार्ग बंद है, इसके पीछे अधिकारियों ने राइजिंग पाइप लाइनमें लीकेज होना बताया है। यही नहीं इसके साथ ही लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, लेकिन लीकेज से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

इंदिरानगर में इस्माइलगंज द्वितीय क्षेत्र में राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त होने से स्वप्नलोक कॉलोनी, शंकरपुरी, हसन गार्डन ,गोविंद बिहार , सनसिटी , कृष्णा बिहार ,शांति विहार के आने जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय पार्षद समीर पाल सोनू के अनुसार मुख्य मार्ग पिछले 15 दिनों से बंद है, मामला राइजिंग लाइन के लीकेज का है। पिछले 6 महीने से सड़क पर हजारों लीटर पानी बह रहा था जिससे कि लगभग 100 मीटर सड़क बुरी तरीके से टूट फूट कर गड्ढे में तब्दील हो गई है, इस समस्या को जलकल पिछले 6 महीने से बता रहा था कि मेरा काम नहीं है अब जबकि लाइन खुद गई है रास्ते को बंद कर दिया गया। बीते 15 दिनों से जलकल का कहना है कि जल निगम कार्य करेगा। वहीं जल निगम ने साफ तौर पर मना कर दिया कि मैंने लाइन हैंड ओवर कर दी अब मेरे से कोई मतलब नहीं है।



## कल्बे सादिक व संघ के नेता के परिवार को सांत्वना देने पहुंचे राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कल्बे सादिक व संघ के वरिष्ठ नेता के परिवार को सांत्वना देने के लिए उनके आवास गए। रक्षा मंत्री ने दिवंगत पार्षद वीरेंद्र जसवानी व निरंतर 6 बार से चौक वार्ड के पार्षद रहे रमेश कपूर बाबा के आवास पर पहुंच कर परिवार जनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ यूनिटी कॉलेज हुसैनाबाद चौक पहुंच कर मरहूम डॉ कल्बे सादिक साहब के परिवार से मुलाकात की। रक्षा मंत्री ने मौलाना कल्बे सादिक साहब को याद करते हुए कहा कि मौलाना कल्बे सादिक साहब देश के एक अनमोल रत्न थे उनकी खिदमात और उनके कार्यो की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम होगी। उन्होंने कहा कि भारत के कोने-कोने में मौलाना के चाहने वाले मौजूद हैं। मौलाना ने शिक्षा और देश की एकता और आपसी भाईचारे के लिए अपना जीवन समर्पित किया हुआ था। कल्बे सादिक साहब देश के हर एक अशिक्षित व्यक्ति को शिक्षा प्रदान करना चाहते थे और हम सबको उनके इस मिशन को पूरा करने के लिए कार्य करना चाहिए। मौलाना कल्बे सादिक साहब के परिवार से उनके दामाद सय्यद नजमुल हसन रिजवी मौलाना के बेटे जनाब कल्बे सिबतैन नूरी, कल्बे मुंतजिर मेंहदी, अमील शम्सी उपस्थित रहे और उन्होंने मौलाना कल्बे सादिक साहब के जीवन वृत और सामाजिक उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक रक्षा मंत्री को भेंट की।अंत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कृष्णानगर स्थित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे रामनिवास जैन के घर पहुंच उनके बेटे शरद जैन, पत्नी एवं परिजनों से शोक व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान रक्षा मंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक उपस्थित रहे। इसके पूर्व आवास पर प्रातः मौलाना खालिद रशीद फिरंगी, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने भी रक्षामंत्री से भेंट की।


## ओवरलोड ट्रक पलटा पुलिस चौकी क्षतिग्रस्त

**लखनऊ।** गाजीपुर इलाके के मुंशी पुलिया चौराहे पर स्थित पुलिस चौकी शनिवार देर रात ओवरलोड ट्रक पलटने से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रहा की चौकी में घटना के वक्त कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। फिलहाल पुलिस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार मिश्र ने बताया कि शनिवार रात सुल्तानपुर निवासी ट्रक चालक करीब 2 बजे रुदौली अयोध्या से चावल की पालिश लेकर हरियाणा के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान मुंशी पुलिया चौराहे पर अनियंत्रित होकर पुलिस चौकी से टकरा गया। गनीमत रही कि इस दौरान चौकी में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सुल्तानपुर निवासी चालक सुनील दुबे को हिरासत में ले लिया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल के दावे कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक ओवरलोड थी। ऐसे में अनियंत्रित होकर अचानक पलट गया।

## दोपहर तीन से पांच के बीच मिलेंगे लौटे डीएल

**लखनऊ।** ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों के गलत पते की वजह से काफी संख्या में डीएल डाक से वापस लौट रहे है। जिसे आवेदकों को वापस लेने के लिए ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में दोपहर तीन से पांच बजे का समय तय किया है। जहां आवेदक अपने पते का प्रमाण की फोटो कॉपी लेकर काउंटर नंबर चार पर दिखाकर डीएल हाथों हाथ ले सकते हैं। कार्यालय के सारथी भवन के चार नंबर काउंटर पर लखनऊ मंडल के सभी जनपदों से डाक से वापस लौटे डीएल मिलेंगे।

# नेत्रहीन बुजुर्ग का आवास तोड़ दबंगों ने किया कब्जा



संवाददाता। बख्शी का तालाब

**बेटे** की मौत के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने गयीं महिला के घर को तोड़कर दबंगों ने कब्जा जमा लिया और उस पर पक्का निर्माण शुरू कर दिया। यही नहीं जब पीड़ित महिला शिकायत लेकर थाने पहुंचीं तो पुलिस ने उल्टा उसके रिश्तेदारों का शांति भंग में चालान कर दिया ।

बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव की बुजुर्ग महिला सरस्वती देवी को दोनों आंखों से दिखाई नहीं पड़ता है । पीड़ित महिला ने भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा को अपनी आपबीती बताई तो वह उन्हें लेकर बीडीओ कार्यालय पंहुचे। जहां महिला ने बताया कि उसके पुत्र की मौत 24 दिसम्बर को हो गयी थी। बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये अपने रिश्तेदारों के साथ गयी थी । इसी दौरान गांव के मन्ना यादव ने उनके मकान (इंदिरा आवास) को ढहा दिया । यही नहीं मकान में रखा सामान भी गायब कर दिया । जब वह वापस लौटी तो मन्ना यादव के घर की महिलाओं ने उसे भगा दिया । इस पर महिला बरगदी में रहने वाली अपनी बहन के यहां चली गयीं। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत लेकर 9 जनवरी को वह अपने रिश्तेदार रामजीवन और उसके लड़के अजय के साथ थाने गयी थी । पुलिस ने महिला की शिकायत तो नहीं सुनी उल्टा उनके दोनों रिश्तेदारों का का शांति भंग में चालान कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक 1995 में महिला को इंदिरा आवास मिला था। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया कि सरकारी आवास को गिराना गलत है। अभिलेखों की जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएंगी। वही उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र ने बताया कि राजस्व टीम को जांच के आदेश दे दिये गये हैं।

### शिकायत करने पहुंची महिला के रिश्तेदारों का पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान एसडीएम ने दिये मामले की जांच के आदेश

## लखनऊ-पुणे स्पेशल समेत कई ट्रेनों का संचालन मार्च तक बढ़ाये जाने का निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महाराष्ट्र** की ओर चलायी जा रही ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने वर्तमान में 28 जनवरी तक चलायी जा रही लखनऊ-पुणे स्पेशल समेत कई ट्रेनों का संचालन मार्च तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के फेरों में हुई बढ़ोत्तरी के चलते मुम्बई व पुणे शहरों की ओर आवामन करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

इसके तहत 26 जनवरी तक प्रत्येक मंगलवार को चलायी जा रही 01407 पुणे-लखनऊ ज. साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 2 फरवरी से 30 मार्च तक 9 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है। 28 जनवरी तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को चलायी जा रही 01408 लखनऊ जं.-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 4 फरवरी से 01 अप्रैल तक 09 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है। 30 जनवरी तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को चलायी जा रही 02031 पुणे-गोरखपुर द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 02 फरवरी से 30 मार्च तक 17 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है। एक फरवरी तक प्रत्येक वृहस्पतिवार एवं सोमवार को चलायी जा रही 02032 गोरखपुर-पुणे द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 04 फरवरी से 01 अप्रैल तक 17 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है। 28 जनवरी तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को चलायी जा रही 01079 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 04 फरवरी से 25 मार्च तक 08 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है। 30 जनवरी तक प्रत्येक शनिवार को चलायी जा रही 01080 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 06 फरवरी से 27 मार्च तक 08 फेरों के लिये बढ़ाया जा रहा है।

### आज व 20 जनवरी को निरस्त रहेगी दरभंगा-अमृतसर स्पेशल

रेलवे प्रशासन पंजाब में चल रहे कई माह से किसान आन्दोलन के कारण दरभंगा-अमृतसर स्पेशल समेत कई ट्रेनों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन करके संचालित करेगा। इन ट्रेनों के निरस्त व मार्ग परिवर्तन किए जाने के कारण जहां यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रेल प्रशासन को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है।इसके तहत दरभंगा से 18 जनवरी को चलने वाली 05211 दरभंगा-अमृतसर स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी वहीं अमृतसर से 20 जनवरी को चलने वाली 05212 अमृतसर-दरभंगा स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी।जबकि अमृतसर से 18 जनवरी को चलने वाली 04650 अमृतसर-जयनगर स्पेशल ट्रेन निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला-व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलायी जायेगी।

## आदर्श के परिजनों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में रहने वाले कोरोना संक्रमित आदर्श कमल पांडेय की मौत मामले में रविवार को परिजनों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही वैक्सीनेशन प्रक्रिया में शामिल उक्त अस्पतालों का विरोध जताया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आदर्श मौत मामले में एसडीएम से रिपोर्ट मांगी है।बीजेपी पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय ने बताया कि गत 27 सितंबर को कोरोना संक्रमित आदर्श कमल पांडे की एरा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इससे पहले उसे इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि ना सिर्फ इलाज में लापरवाही बरती गई है बल्कि उक्त अस्पतालों में संदिग्ध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाते हुए स्वास्थ्य मंत्री से लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद डीएम अभिषेक प्रकाश ने मामले को संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। जय प्रकाश पांडे ने बताया कि करीब एक माह में जांच रिपोर्ट दी जानी थी। इसे लेकर जिलाधिकारी ने एसडीएम को तलब किया है। साथ ही जल्द रिपोर्ट देने निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि टीकाकरण अभियान में उक्त अस्पतालों को शामिल किया गया है। जो कि जांच होने तक ठीक नहीं है। ज्ञापन के दौरान जय प्रकाश पांडे के अलावा आदर्श कमल पांडे की बहन युक्ता पांडेय, सांसद कौशल किशोर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**कोरोना संक्रमित मरीज की इलाज के दौरान हो गई थी मौत, परिजनों ने लगाए थे दो नामचीन अस्पतालों पर गंभीर आरोप**

## सद्भावना क्रिकेट मैच में राजभवन ने लविवि को हराया



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम और राजभवन की क्रिकेट टीम के बीच रविवार को एक सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था। टॉस जीतकर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। जल्द ही बहुत रोमांचक खेल शुरू हुआ और राजभवन की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन दिखाते हुए 12 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 72 रन एकत्रित किए। राजभवन की ओर से कप्तान अशोक देसाई ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी बढ़िया गेंदबाजी की और शानदार क्षेत्ररक्षण किया। विश्ववद्यालय टीम से विपुल मिश्रा ने 3 ओवर में मात्र 10 रन देकर 2 विकेट और राजीव ने 3 विकेट चटकाए। जवाबी पारी में लखनऊ विश्वविद्यालय को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 11.3 ओवरों में सभी विकेट खोकर केवल 29 रन बनाये। राजभवन की ओर से प्रभाकर पांडेय ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए और 4 खिलाड़ी रन आउट हुए। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से डॉ विद्यानंद त्रिपाठी ने सर्वाधिक 6 रन बनाए। मैच संपन्न होने के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दोनों दलों को एक शानदार सद्भावना मैच के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे खेल कूद के माहौल से मन और शरीर दोनों जगह स्फूर्ति का संचार होता है। उन्होंने दोनों दलों के प्रदर्शन से खुश होकर विजयी दल के लिए 1 लाख रुपए का और पराजित दल के लिए 51 हज़ार की राशि के पुरस्कार की घोषणा की।

## फर्जी तरीके से लोन लेने वाले दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त व संयुक्त पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गोमती नगर विस्तार पुलिस ने दो जालसाज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस उप आयुक्त पूर्वी संजीव सुमन ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर विस्तार अखिलेश चंद्र पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा भवन खरीदने के लिए बैंक से 12 लाख रुपए का फर्जी लोन पास कराने वाले नौबस्ता कला रोड निवासी सभाजीत मिश्रा खेड़ा कृष्णा नगर निवासी शिव कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है । पकड़े गए चोरों ने बताया कि उन्होंने कैंट स्थित भूखंड के नाम पर 2012 में सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया से 7000000 रुपए लोन लिया था।

## आधा दर्जन बाइक व दो स्कूटी के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की काकोरी पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की आधा दर्जन मोटरसाइकिलें व दो स्कूटी बरामद की हैं।जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर काकोरी कुलदीप सिंह गौड़ ने बताया कि बीती रात उनकी पुलिस टीम इलाके में गश्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन युवक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ खड़े हैं और बेचने के लिए ग्राहक का इंतिजार कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नामकृष्णानगर निवासी रोहित उपरोक्त निवासी मोहित व अमित बताया।

## बीकेटी स्टेशन से हुई आंध्र प्रदेश के लिए चार पहिया वाहनों की लोडिंग

**लखनऊ।** पहली बार पूर्वोत्तर रेलवे के बक्शी का तालाब रेलवे स्टेशन से आंध्र प्रदेश के लिए चार पहिया वाहनों की लोडिंग की गई। दो दशक बाद लखनऊ मंडल से टाटा मोटर की ओर से 30 वैगनों से सौ वाहनों को आंध्र प्रदेश के पेनुकोंडा रेलवे स्टेशन के लिए लदान किया गया। डीआरएम डा. मोनिका अग्निहोत्री ने बताया कि माल लदान में दी जा रही रियायतों, माल वैगनों की उपलब्धता व मालगाड़ियों की बढ़ती रफ्तार से बेहतर परिणाम आ रहे है। इससे रेलवे को राजस्व के रूप में 18 लाख 63 हजार रुपए मिला। वहीं मंडल प्रशासन के विपणन प्रयासों, माल गोदामों में सुधार से रेल मार्ग के जरिए आटोमोबाइल सेक्टर से परिवहन को काफी बढ़ावा मिल रहा है।

## निजीकरण के खिलाफ संयुक्त मोर्चा आज एमडी को देगा नोटिस

**लखनऊ।** परिवहन निगम को निजीकरण से बचाने व 55 हजार कर्मचारियों के भविष्य के खातिर एक बार फिर संयुक्त मोर्चा आंदोलन की तैयारी में है। पूर्व में मोर्चे की ओर से दिए गए सात सूत्री मांग पत्र पर अब तक निगम प्रशासन और शासन की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिससे नाराज कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा 18 जनवरी को पुनः प्रबंध निदेशक को नोटिस देने जा रहा है। नोटिस के तहत मोर्चा 22 जनवरी को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करके निगम प्रबंधन और शासन को सचेत करेंगे। क्योंकि शासन के लचरपूर्ण रवैये से कर्मचारी अब बड़े आंदोलन के मूड में है। यह जानकारी देते हुए मोर्चा के प्रवक्ता व कोषाध्यक्ष जसवंत सिंह ने बताया कि इस बार लंबित मागों को लेकर आर-पार की लड़ाई तय है। जिसमें इस बार बसों का चक्का जाम करने का एलान भी मोर्चे द्वारा किया जा सकता है। रविवार को चारबाग बस अड्डे पर हुई पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

# चौदह जुआरी पकड़े गए

### महानगर पुलिस ने की कार्रवाई, दो लाख 24 हजार तीन सौ पचहत्तर रुपए बरामद



**लखनऊ।** महानगर पुलिस ने रविवार को 14 जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से 2,24,375 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त उत्तरी रईस अख्तर ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि महानगर स्थित सब्जी मंडी में फुटपाथ दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से जुआ खेला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी राजेश श्रीवास्तव एवं सहायक पुलिस आयुक्त प्राची सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर महानगर यशकांत सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई।

रविवार को पुलिस टीम ने निशातगंज स्थित सब्जी मंडी में छापेमारी कर मौके से जुआ खेलते 14 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम अमीनाबाद निवासी शमशाद, सिंगार नगर मानक नगर निवासी कलवंतजीत सिंह, कैसरबाग निवासी वसीम, लालबाग हजरतगंज निवासी विकास सिंह, रुदौली अयोध्या निवासी जावेद अहमद, पांचवीं गली निशातगंज निवासी सनव्वर, रुदौली निवासी वेद कुमार, रुदौली निवासी आकिब, रकाबगंज वजीरगंज निवासी अरुण कुमार, निशातगंज निवासी राशिद, हुसैनगंज निवासी राज चौधरी, लालबाग हजरतगंज निवासी खुशहाल अहुजा, हुसैनगंज पुराना किला निवासी संतोष कश्यप व न्यू हैदराबाद महानगर निवासी विमल उर्फ बच्चे बताया।

अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के जुआरी हैं। आये दिन लोगों को अपने चंगुल में फंसाकर हार जीत की बाज़ी लगाकर लाखों रुपए का जुआ खेलते हैं। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी व 2 लाख 24 हजार तीन सौ पचहत्तर रुपए बरामद किए हैं। इससे पहले हसनगंज पुलिस ने 32 जुआरियों को गिरफ्तार किया था।



उत्तरायणी कौथिग के चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

# भारत को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग दें: राज्यपाल

● राजभवन में आयोजित किया गया बीमा योद्धा सम्मान समारोह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को बीमा योद्धा सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड से आये बीमा योद्धाओं को बधाई देते हुए कहा कि आप बीमा करने का जो कार्य कर रहे हैं, वह समाज के लिये आवश्यक तो है ही। इसके साथ कुछ और ऐसे सामाजिक कार्य हैं, जिन्हें आपको करने से खुशी मिलेगी। राज्यपाल राजभवन में एक बीमा कम्पनी द्वारा आयोजित बीमा योद्धा सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रही थीं।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आप सभी 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के सरकार के प्रयासों में सहयोग कर सकते हैं। टीबी से ग्रस्त 18 वर्ष से कम के एक एक बच्चे को गोद लें और उसे नियमित दवाई और पोषक आहार दें। इससे बच्चा बहुत शीघ्र ही ठीक हो जायेगा। उसका पूरा परिवार आपको आशीर्वाद ही देगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर भारत को कुपोषण से मुक्त बनाने के उद्देश्य से महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने पर जोर दिया जा रहा है। कुपोषण को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि हमें गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी गांव गांव जाते होंगे। आपको अगर वहां कोई कुपोषत बच्चा दिखे तो कुपोषित बच्चों को अतिरिक्त पोषण और ऊर्जा से भरपूर भोजन तथा गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों को पोषक उपलब्ध कराने की दिशा में योगदान कर सकते हैं।

## तीन दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड 19 से

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड (आईईओ-2021) का वर्चुअल उद्घाटन मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, 19 जनवरी मंगलवार को करेंगे। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि आईईओ-2021 का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक ऑनलाइन किया जा रहा है, जिसमें जर्मनी, जार्डन, रूस, कैनडा, आयरलैंड, श्रीलंका, नेपाल एवं भारत के विभिन्न राज्यों से मेधावी छात्र प्रतिभाग करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के अन्तर्गत देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक व रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित जायेंगी, जिनमें रिसाइकिल मॉडल मेकिंग, चित्रकारी, फैंटेसी मास्क मेकिंग, कोरियोग्राफी, भाषण , वेबसाइट डिजाइनिंग, इन्वार्यनमेन्ट क्विज, रीडिजाइनिंग द ग्लोब, फ्यूचर फ्रेण्डली स्कूल एवं फोटोग्राफी प्रमुख हैं। श्री शर्मा ने बताया कि आईईओ-2021 एक ऐसा अन्तर्राष्ट्रीय मंच है जो छात्रों एवं भावी पीढ़ी को प्रकृति प्रदत्त धरती एवं पर्यावरण को अक्षुण्ण रखने की प्रेरणा देता है, ताकि समृद्धि एवं शान्ति से परिपूर्ण विश्व व्यवस्था में मानवता का सतत् विकास होता रहे।

# तहरी भोज में पहुंचे दिनेश शर्मा जनता ने बताई समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इंदिरानगर में** लालबहादुर वार्ड द्वितीय में तहरी भोज में डिप्टी सीएम पहुंचे। क्षेत्रीय पार्षद द्वारा आयोजित तहरी भोज में डिप्टी सीएम को पास देखकर लोगों ने अपनी समस्याओं से रुबरू कराया। इसके साथ ही सीतापुर योजना क्षेत्र में राम लील पार्क में काव्य समागम का आयोजन किया गया। इंदिरानगर में समरस्ता भोज के तहत लालबहादुर शस्त्री द्वितीय वार्ड में पार्षद मनोज अवस्थाी द्वारा तहरीज भोज का आयोजन किया गया। तहरी भोज में क्षेत्र प्रचारक अनिल और डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा पहुंचे, जिनके द्वारा क्षेत्रीय लोग से मिले। इस दौरान भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता भोज में सिरकत की। तहरी भोज ग्रहण के करने के दौरान लोगों ने डिप्टी सीएम से अपनी क्षेत्रीय समस्याएं भी कहीं। दौरान तहरी किया गया। सीतापुर योजना के सेक्टर ए में पूर्व पार्षद अनुराग पांडेय द्वारा काव्य समागम कराया गया। कार्यक्रम के प्रेरणा श्रोत विधायक नीरज बोरा रहे। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल रहे। साथ ही सरोजनीनगर प्रथम वार्ड 4 के अमौसी गांव में माँ शीतला देवी मंदिर प्रांगण क्श सौंदर्यीकरण कार्य क्श और आनन्द बिहार कालोनी में इंटरलाकिंग रोड नाली क्श शिलान्यास पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष भाजपा अनूप मिश्रा मण्डल उपाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, राजू रावत, पी एन मिश्रा, राम चन्दर रावत, राजेश साहू, गोपाल रावत, विनोद यादव उपस्थित हुए।

## पोस्ट कोरोना कम्प्लिकेशन में होम्योपैथिक काफी मददगारः डॉ वर्मा

**लखनऊ।** केंद्रीय होम्योपैथी परिषद के सदस्य डॉ अनुरूद्व वर्मा ने कहा है कि पोस्ट कोरोना कम्प्लिकेशन के उपचार में होम्योपैथिक दवाइयाँ काफी मददगार हैं इसलिए होम्योपैथिक चिकित्सक की सलाह से इनका प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने सलाह दी है कि टीकाकरण के साथ साथ कोरोना बचाव के लिए सरकारी दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता होम्योपैथिक औषधि आर्सेनिक अल्ब 30 की अनुशंसा की थी उसे भी चिकित्सक की सलाह से लेना चाहिए क्योंकि इसके बेहतर परिणाम प्राप्त हुये हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना से संक्रमित रोगियों उपचार के बाद भी उनमें अनेक शारिरिक एवँ मानसिक जटिलताएँ जैसे हृदय की बीमारी, सांस फूलना, श्वसन तंत्र की बीमारियाँ, थ्रोमबिसिस, गुर्दे की क्षति, ब्रेन फॉग, चिंता, अवसाद, ओसीडी, स्मृति हानि, भ्रम, भूलने की बीमारी, थकान, कमजोरी, शरीर में दर्द, अकड़न, जीवन में गुणवत्ता की कमी आदि हो सकती हैं।

# अनाथ बच्चों और कुष्ठ रोगियों को बांटे कम्बल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ठिठुरन वाली** ठण्ड से कुछ बचाव के लिए स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने अनाथ बच्चो और कुष्ठ रोग से ग्रसित लोगो को कंबल बांटने का अभियान सेवा समर्पण संस्थान मोहन लाल गंज में किया ।

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने कहा कि अनाथ बच्चों और गरीबों की सेवा उनका ध्येय है। संस्थान के कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के मेंबर आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि आने वाले सप्ताह में संस्थान के शिक्षक भी इस महान कार्य में अपना योगदान देंगे।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर-गाजीपुर।

पत्रांक : 1678/ ई-निविदा/2020-21 दिनांक : 16-01-21

## सामग्री आपूर्ति/अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा वाणिज्य कर/आयरकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्यवित्त/15वाँ वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत रेवतीपुर द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर इण्टरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट की टुकड़ी, सीमेण्ट, सफेद बालू, लाल बालू, लाल बालू महीन, गंगा बालू डाला गिट्टी, सरिया, साइन बोर्ड, मिट्टी ढुलाई, अन्य सामग्री की आपूर्ति एवं निर्माण सम्बन्धित समस्त कार्य कराने हेतु दिनांक 18.01.2021 को 03:00 बजे से दिनांक 25.1.21 दोपहर 12:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है, जो उसी दिन 3 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय समिति एवं टेण्डर दाताओं के समक्ष (जो उपस्थित रहना चाहते है) के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फार्म दिनांक 18.1.21 से 25.1.21 दोपहर 12:00 बजे तक ई-टेण्डर की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। नियम एवं शर्तें कार्यालय दिवस के समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती हैं। शर्तें निम्नवत है-

1. फर्म वाणिज्य/जी0एस0टी0 आयकर कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। आयकर रिटर्न 3 वर्ष का होगा।
2. जिस फर्म का आपूर्ति दर सबसे कम होगा उसी को आपूर्ति करने एवं निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी परन्तु पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
3. निविदा दर में सभी कर सम्मिलित रहना चाहिए। विभाग द्वारा कर के रूप में कोई अतिरिक्त दर उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।
4. बिना कारण बतायें किसी भी समय आपकी निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. कार्यस्थल एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी विकास खण्ड कार्यालय द्वारा समय समय पर दिया जायेगा।
7. कार्य को 3 माह में समाप्त करने का प्रमाण पत्र 10 रुपया के स्टॉम पेपर देना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा अस्वीकार होगा।
8. टेण्डर उसी फर्म का स्वीकार होगा जो स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत की धनराशि खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करेगा तथा खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर गाजीपुर के नाम कालम 5 अंकित धनराशि के अनुसार निविदा मूल्य कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
9. टेण्डर से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र जैसे एफ0डी0आर0, बैंक ड्राफ्ट, जी0एस0टी0, पैन कार्ड इत्यादि प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित ल0/अनु0ला० (लाख में) | धरोहर की धनराशि (2%) (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18%GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खेल मैदान में अवशेष भाग का मिट्टी भराई कार्य। | 8.000 | 16000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 2 | रेवतीपुर खेल मैदान में व्यायामशाला का निर्माण कार्य। | 12.000 | 24000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 3 | ग्रा०पं0 रेवतीपुर में श्यामदास बाबा सामुहिक विवाह स्थल हैण्डपम्प, समरसिबल व विद्युतीकरण कार्य। | 0.980 | 1960.00 | 200.00 | 1 Month |
| 4 | ग्राम पं0 उतरौली में ग्राम पंचायत भवन के सामने इण्टरलाकिंग कार्य। | 2.762 | 5524.00 | 200.00 | 3 Month |
| 5 | ग्राम पं0 उतरौली में शायर माता मंदिर के पास रैन बसेरा का निर्माण कार्य। | 3.250 | 6500.00 | 200.00 | 3 Month |
| 6 | ग्राम पं0 उतरौली में कन्या पाठशाला से अवधेश कुशवाहा के घर तक सी0सी0 कार्य। | 2.057 | 4114.00 | 200.00 | 3 Month |
| 7 | ग्राम पं० रेवतीपुर में श्यामदास बाबा सामुहिक विवाह स्थल बाउण्ड्रीवाल एवं स्थल रेलिंग कार्य। | 9.000 | 18000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 8 | ग्राम पं0 हसनपुरा में ज्योती के घर से मुन्ना यादव के घर तक सी0सी0 कार्य। | 4.215 | 8430.00 | 200.00 | 3 Month |
| 9 | ग्राम पं0 रेवतीपुर खेल मैदान में बाउण्ड्रीवाल मरामत व प्लास्टर कार्य। | 6.000 | 12000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 10 | ग्राम पं0 डेढगाँवा में रमाछबीला राय के घर से सत्यदेव गुप्ता के घर तक सी0सी0 कार्य। | 4.201 | 8402.00 | 200.00 | 3 Month |
| 11 | रेवतीपुर खेल मैदान में व्यायामशाला हेतु कसरत करने का सामान इत्यादि। | 8.000 | 16000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 12 | ग्राम पं0 रेवतीपुर खेल मैदान में शौचालय का निर्माण कार्य। | 5.760 | 11520.00 | 200.00 | 3 Month |
| 13 | ग्रा०पं0 रेवतीपुर में सुमन पा0 के घर के सामने कुओं पर टीन शेड कार्य। | 3.000 | 6000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 14 | विकास खण्ड रेवतीपुर में खेल मैदान पूर्वी छोर पर गेट का निर्माण कार्य। | 6.015 | 12030.00 | 200.00 | 3 Month |
| 15 | ग्रा०पं0 गोपालपुर में हरिशंकरपुर पिच रोड से लल्लन के डेरा तक मिट्टी व खड़ण्जा कार्य। | 1.993 | 3986.00 | 200.00 | 1 Month |
| 16 | ग्रा०पं0 रेवतीपुर खेल मैदान में खेल मंच एवं टीन शेड निर्माण कार्य। | 6.500 | 13000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 17 | रेवतीपुर में राजेन्द्र राय के घर के सामने चबुतरा निर्माण कार्य। | 1.989 | 3978.00 | 200.00 | 1 Month |
| 18 | ग्रा०पं0 रेवतीपुर में पट्टी भीष्म देव राय के कुओं पर टीन शेड कार्य। | 2.000 | 4000.00 | 200.00 | 1 Month |
| 19 | ग्रा०पं० रेवतीपुर खेल मैदान के बाउण्ड्री गेट की रंगाई पोताई एवं बिजली व्यवस्था वायरिंग कार्य। | 3.000 | 6000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 20 | ग्रा०पं0 रेवतीपुर में कन्हैया पहलवान के दरवाजे से भोला यादव के घर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य। | 7.000 | 14000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 21 | ग्रा०पं0 रेवतीपुर में अरविन्द यादव के घर से धर्मदेव यादव के घर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य । | 6.018 | 12036.00 | 200.00 | 3 Month |
| 22 | ग्रा०पं0 रेवतीपुर में बुढवा महादेव मंदिर से पेट्रोल पम्प तक मिट्टी इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.985 | 19970.00 | 200.00 | 3 Month |
| 23 | ग्राम पं0 रेवतीपुर में बुढवा महादेव मंदिर से पेट्रोल पम्प तक रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य। | 12.000 | 24000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 24 | ग्राम पं0 रेवतीपुर में मेन सी0सी0 रोड से शरदचन्द राय के घर तक मिट्टी एवं इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.000 | 16000.00 | 200.00 | 3 Month |
| 25 | ग्राम पं० रेवतीपुर में बी0एस0डी0 पब्लिक स्कूल के सामने रैन बसेरा का निर्माण कार्य। | 7.000 | 14000.00 | 200.00 | 3 Month |

निविदा विवरण आनलाइन http:/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो दिनांक 18-01-2021 से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारियां कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
वि०ख०-रेवतीपुर-गाजीपुर


# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 6,779 मरीजों को मिला चिकित्सकीय लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे में** कोरोना के संक्रमण के काबू में आने के बाद रविवार को दूसरी बार मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का आयोजन राजधानी के सभी 80 शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया गया। मेले में काफी संख्या में मरीजों ने दिखाकर स्वास्थ्य का हाल जाना और चिकित्सकीय सहायता भी ली।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय भटनागर ने गोसाईगंज ब्लाक की गंगागंज एवं कटरा बक्कास पीएचसी पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया और आरोग्य मेले में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उनके घर के समीप ही दी जा रही हैं। बीमारी के इलाज करने से बेहतर है उसका बचाव। इसलिए यदि बीमारी के बारे में समय से पता चला जाए तो इलाज बेहतर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस इस मेले के माध्यम से गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्श और जरूरी सेवाएं, परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनके फायदे भी बताये जा रहे हैं। ओपीडी सेवाओं के साथ ही टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ दी जा रही हैं। साथ ही गोल्डन कार्ड का वितरण किया जा रहा है।

डा संजय भटनागर ने बताया कि इन मेलों के द्वारा पूर्ण टीकाकरण , उसके बारे में परामर्श दिया जा रहा है। बच्चों में डायरिया व न्यूमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसके अलावा कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है।

## सीआईएस ने शुरू की आनलाइन यंग साइंस एक्सप्लोरर प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीआईएस** बालागंज ने अपनी पहली ऑनलाइन राष्ट्रीय यंग साइंस एक्सप्लोरर प्रतियोगिता शुरू कीए जिसमें छात्रों ने स्थिर और काम करने वाले मॉडल प्रस्तुत किए और रचनात्मकता और नवाचार पर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली बच्चों में खोज की भावना को बढ़ावा देना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उनकी रुचि बढ़ाना और उनमें एक मजबूत वैज्ञानिक स्वभाव का निर्माण करना है। कार्यक्रम को सीएमएस लखनऊ की संस्थापक निदेशक डॉ भारती गांधी ने संबोधित किया, इसके अलावा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नवीन खरे भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 150 प्रतिभागियों को लाइव प्रस्तुति के लिए चुना गया और उन्हें 4 श्रेणियों में विभाजित किया गया। कर्नाटक, तमिलनाडु, पंजाब, ओडिशा, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के प्रतिभागियों में उत्साह का स्तर उच्च था। छात्रों ने अपने विषयों को प्रस्तुत करने के लिए मॉडल, वर्किंग मॉडल, चार्ट और पोस्टर बनाए थे, जिन्हें जूरी मेंबर्स द्वारा अनुमोदित किया। प्रबंधक शहाब हैदर ने कहा कि छात्रों को एक वैज्ञानिक उत्साह और अनुसंधान की मानसिकता के दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## बीस किलोमीटर की दौड़ से मिलेगी राहत, पूरनपुर में भी बैठेंगे एसडीओ

खबर का असर

**मोहनलालगंज।** पूरनपुर सबस्टेशन से पोषित तकरीबन पचास गांव के हजारों उपभोक्ताओं को फरियाद सुनाने के लिए बीस किलोमीटर दूर अमेठी नहीं जाना पड़ेगा। पायनियर में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद लेसा सिस गोमती चीफ मधुकर वर्मा ने एसई डीके त्रिपाठी के साथ पूरनपुर सबस्टेशन पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने एसडीओ संजीव वर्मा को उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तीन दिन पूरनपुर दफ्तर में बैठने के निर्देश दिए हैं। वहीं जल्द ही पूरनपुर सबस्टेशन के अन्य फीडरों को भी चालू कराने के लिए कहा गया है। मोहनलालगंज के पूरनपुर सबस्टेशन को अमेठी सबडिवीजन में शामिल किए जाने की वजह से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में अपनी समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई के लिए बीस किलोमीटर दूर अमेठी जाने की चिन्ता बढ़ गई थी। रविवार को मुख्य अभियन्ता लेसा सिस गोमती मधुकर वर्मा और अधीक्षण अभियन्ता डीके त्रिपाठी पूरनपुर सबस्टेशन पहुंचे। उन्होंने परिसर में हो रही मिट्टी भराई और खुजेहटा ट्रांसमिशन सबस्टेशन से आई 33 केवी लाइन का निरीक्षण कर अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। अधीक्षण अभियन्ता डीके त्रिपाठी ने एसडीओ संजीव वर्मा को क्षेत्रीय उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तीन दिन पूरनपुर सबस्टेशन में दफ्तर बनाकर बैठने का निर्देश दिया। यही नहीं जेई मनोज जायसवाल और एसडीओ संजीव वर्मा को सबस्टेशन के अन्य फीडरों को भी जल्द से जल्द चालू कराने के लिए तैयारियां पूरी कराने के निर्देश दिए।

# व्यावहारिक स्तर पर भी प्रशिक्षित और तैयार रहने की आवश्यकता

● मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ शक्ति संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्पीड़न के** विरुद्ध लड़कियों के सशक्तीकरण विषयक प्रशिक्षण के सर्वाधिक प्रभावशाली स्थल विद्यालय और विश्वविद्यालय होते हैं, क्योंकि यहाँ ऐसे प्रशिक्षण को आत्मसात् करने और उन्हें प्रयोग में लाने के लिये अपेक्षित आत्मविश्वास जाग्रत करने के प्रयासों की दृष्टि से सबसे अनुकूल और व्यावहारिक परिस्थितियाँ हो सकती हैं। रविवार को यह विचार निर्भया केस की वकील रहीं उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता सीमा समृद्धि ने व्यक्त किये।

मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के तिलक महिला छात्रावास में आयोजित शक्ति संवाद में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल अधिवक्ता सीमा समृद्धि ने कहा कि केवल शिक्षित या उच्चशिक्षित होने मात्र से महिलाओं को वास्तविक सशक्तीकरण और सुरक्षा प्राप्त नहीं हो जाती है। निर्भया फीजियोथेरेपिस्ट थी, हैदराबाद की प्रियंका डाक्टर थी, लेकिन अपराधियों के दुस्साहस के कारण उनके साथ दुर्घटनाएँ घटीं। इसलिए केवल सिद्धान्त और लिखापढ़ी के स्तर पर ही नहीं बल्कि व्यावहारिक स्तर पर भी प्रशिक्षित और तैयार रहने की आवश्यकता होती है। मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास जाग्रत करने के उपाय करने होते हैं। इस लिहाज से मुख्यमन्त्री योगी द्वारा प्रारम्भ की गई मिशन शक्ति की पहल प्रशंसनीय है। शैक्षणिक संस्थाओं के नेतृत्व की भूमिका इस दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यदि दुस्साहस का दमन इसी स्तर पर होता हुआ दिखेगा, तो इससे पूरी पीढी और समाज को संदेश पहुँचेगा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में तिलक छात्रावास की प्रोवोस्ट डा भुवनेश्वरी भारद्वाज ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि मिशन शक्ति स्त्री की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन से सम्बन्धित है। सुरक्षा उसी की हो सकती है, जिसका पहले से वजूद हो, व्यवस्था में वही बना रह सकता है, जो एक व्यवस्था के अन्तर्गत हो। व्यवस्था के लिये मर्यादा तथा अनुशासन आवश्यक है और अनुशासन के लिए इसके उल्लंघन का दुस्साहस करने वालों का दमन।

# सोलह गांव को चमकाने में जुटे चौंसठ सफाईकर्मी,एडीओ पंचायत से जवाब-तलब

खबर का असर

संवाददाता। मोहनलालगंज





**ईवीएम** वेयर हाऊस में ड्यूटी कर रहे सफाईकर्मियों की तैनाती वाले गांवों को चमकाने के लिए चार-चार सफाईकर्मियों की टीम जुटाई गई है। डीपीआरओ ने फटकार लगाकर मोहनलालगंज और सरोजनीनगर ब्लाक के एडीओ पंचायत को टोली बनाकर चरमराई सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने की हिदायत दी है। यही नहीं ईवीएम वेयर हाऊस के बन्दोबस्त अधिकारी से बात कर सफाईकर्मियों को यथाशीघ्र कार्यमुक्त करने का भी अनुरोध किया गया है।

मोहनलालगंज ब्लाक के 11 और सरोजनीनगर ब्लाक के 05 सफाईकर्मियों की नवम्बर माह से मोहनलालगंज के ईवीएम वेयर हाऊस में ड्यूटी लगी होने से उनकी तैनाती वाले गांवों में सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है। कूड़े-कचरे के ढ़ेर और नालियां चोंक होने से ग्रामीणों को बेहद परेशानी झेलनी पड़ रही है। पायनियर में इसे लेकर प्रमुखता से खबर छपने के बाद जिला पंचायतराज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू ने मातहतों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होने दोनों ब्लाक के एडीओ पंचायत को टीम गठित कर सभी 16 गांव की अभियान चलाकर सफाई कराकर जवाब-तलब किया है। जिसके बाद रविवार को चौंसठ सफाईकर्मियों की टीम चरमराई सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सुबह से ही मुस्तैद रही। डीपीआरओ ने बताया ईवीएम वेयर हाऊस के बन्दोबस्त अधिकारी से दो माह से ड्यूटी कर रहे सफाईकर्मियों को जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने के लिए भी आग्रह किया गया है।

## आसिफ कोषाध्यक्ष व प्रदीप संगठनमंत्री मनोनीत

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर के चिल्लावां में रहने वाले और एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के स्थानीय संवाददाता आसिफखान व बंथरा निवासी प्रदीप यादव को प्रेस क्लब सरोजनीनगर का क्रमशः कोषाध्यक्ष संगठनमंत्री मनोनीत किया गया है। प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान, उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय, उपाध्यक्ष डा विश्राम प्रजापति, महामंत्री राकेश यादव, सदस्य मुकेश कुमार ने दोनों पदाधिकारियों को उनके मनोनयन की बधाई देने के साथ ही संगठन के अध्यक्ष राज किशोर पासी के प्रति आभार व्यक्त किया है। महामंत्री राकेश यादव ने बताया कि दो अलग अलग हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों के प्रतिनिधि मिथलेश कुमार व गीता को भी प्रेस क्लब सरोजनीनगर की सदस्यता प्रदान की गई है।

# निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद ने सौंपा श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट को 51 हजार का ड्राफ्ट

संवाददाता। अयोध्या



**निषाद** समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद ठेकेदार ने राम मंदिर निर्माण के लिए राम जन्मभूमि ट्रस्ट को 51000 का ड्राफ्ट सौंपा। वही संतोष निषाद ने अयोध्या में बनने वाली राम मंदिर परिसर में महाराजा निषादराज का भी भव्य मंदिर भी प्रतीक सहित स्थापित हो तथा एक लब छात्रावास रेडी बाजार में अवैध रूप से साधुओं द्वारा किए गए अवैध कब्जा हटवा की मांग की। तथा बच्चों की शिक्षा और चेतना के लिए निषाद समुदाय को संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होना चाहिए। वही जमथारा स्थित चुंगी 13 कैंट अयोध्या में निषाद समाज द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता निषाद समाज के अवध प्रांत के संरक्षक डॉ नानकसर अनुसार द्वारा महाराजा निषादराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तथा बैठक को निषाद समाज के अध्यक्ष संघ संतोष निषाद द्वारा आयोजित किया गया। और सर्वसम्मति से निषाद समाज को शिक्षित राजनीतिक एवं आर्थिक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। तथा समाज की तरक्की और समाज को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा किया गया। विजय निषाद एडवोकेट में समाज को आगे बढ़कर सभी कार्यों में हिस्सा लेना चाहिए साथ ही इस तरह आगे भी बैठक कर समाज के आगे बढ़ाने पर चर्चा होती रहनी चाहिए। जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का मौका मिल सके जिस पर मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में समर्थन किया। बैठक में अरविंद कुमार निषाद, विजय निषाद, राजेश निषाद, अमर निषाद, हरकिशन निषाद, विश्वनाथ प्रसाद, शत्रुघ्न निषाद, रामाशीष निषाद, मुन्ना निषाद, साजन निषाद, भोलू निषाद, भीम निषाद, हीरालाल निषाद, सोनू निषाद, गौतम रोहित, अमरजीत पार्षद, अल्लू रामकिशन आदि तमाम निषाद समाज के लोग मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन का चला बुलडोजर विवादित मकान कब्जा मुक्त

**गोरखपुर।** सिविल जज जूनियर डिवीजन के आदेशों का अनुपालन जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन ने कराते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर गौरव सिंह सोगरवाल को अधिकृत करते हुए खोवा मंडी स्थित जमीन पर वर्षों से प्रभाकर द्विवेदी बनाम पुष्पा देवी व शशि देवी के जमीनी विवाद को पटाक्षेप करने का निर्देश दिया था। जिसे आज ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/जिला विकास अधिकारी अनुराज जैन के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त विवादित स्थल को खाली कराने को भेजा। जहां डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार ने सहायक पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में कैंट थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय व चौकी प्रभारी जटेपुर ईत्यानंद पांडेय सहित भारी फोर्स बल के साथ खोवा मंडी पहुंचकर उक्त विवादित स्थल को कब्जा मुक्त कराते हुए प्रभाकर द्विवेदी पुत्र प्रह्लाद द्विवेदी को कब्जा दिलाया। दूसरे पक्ष से पुष्पा देवी के पति भीम यादव ने बताया कि उक्त जमीन पर हम 1983 से कब्जा दाखिल हैं।

# गैंगस्टर की कार्रवाई में जनपद पांचवें स्थान पर

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**अपराध** एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए गोरखपुर पुलिस डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार के नेतृत्व में कटिबद्ध है। जिसका नतीजा रहा की पिछले 6 महीनों में प्रदेश में गैंगस्टर अपराधियों के खिलाफ जो कार्रवाई हुई है उसमें गोरखपुर जनपद में 68 अपराधियों के विरूद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार गैंगेस्टर के विरूद्ध हुई कार्रवाही में जनपद पांचवें नंबर पर है। इतना ही नहीं इन अपराधियों के पास से 38,20,80,000 की संपत्ति जप्त की गई। वैसे तो डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार के पदभार ग्रहण करने के बाद से अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। जिन मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया गया था उन मुकदमों को क्राइम ब्रांच से जांच करा कर अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे भेजते हुए संगीन अपराधियों के ऊपर एनएसए तक की कार्रवाई की गयी।

आतंक का पर्याय बनी गोरखपुर की दूसरी दुर्दांत अपराधी रिंकी गोस्वामी की हिस्ट्रीसीट खोलते हुए गगहा पुलिस ने गेंगेस्टर की कार्रवाई की। बताया जाता है कि गगहा थाने पर रिंकी के ऊपर 307 जैसे विभिन्न धाराओं में तीन मुकदमे पंजीकृत है। एक अपराधिक मुकदमा बांसगांव थाने में पंजीकृत है। समय रहते डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार ने दुर्दांत अपराधी रिंकी गोस्वामी की हिस्ट्रीसीट खोलते हुए गैंगस्टर की कार्रवाई की। जनपद में अब तक 2 अपराधी महिलाओं के ऊपर गैंगस्टर के अंतर्गत कार्रवाई की जा चुकी है। पहले तिवारीपुर थाना अंतर्गत गीता तिवारी अब गगहा थाना अंतर्गत रिंकी गोस्वामी के ऊपर गैंगस्टर के अंतर्गत कार्रवाई की गयी। हुए वैसे तो रिंकी गोस्वामी गोला थाना अंतर्गत रहती है। लेकिन आपराधिक घटनाएं बांसगांव व गगहा थाना के अंतर्गत अंजाम देती थी। डीआईजी/एसएसपी ने बताया कि आगे भी अपराध में संलिप्त रहने वाले अपराधियों के खिलाफकार्रवाई करने में गोरखपुर पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्रवाई करने में पीछे नहीं हटेगी।

## गरीबों असहायों का सराय बना सिद्धपीठ संकट मोचन हनुमान किला

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में सिद्ध पीठ संकट मोचन हनुमान किला गरीबों के सेवा का सराय बन गया है। विगत 4 वर्षों से अनवरत सिद्ध पीठ के श्री महंत परशुराम दास के संयोजन में श्री बर्फानी दादाजी अन्न क्षेत्र का संचालन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सांध्य कालीन सैकड़ों गरीब असहाय को भोजन दिया जाता है। वैश्विक महामारी लॉकडाउन के दौरान सिद्ध पीठ हनुमान किला पर हजारों की संख्या में गरीबों को भोजन दिया गया और सैकड़ों परिवारों को चलाने के लिए अन्न वितरण भी किया गया। जहां अयोध्या में हजारों मंदिर हैं उसमें कुछ ऐसे भी मंदिर हैं जिनके यहां आय का स्रोत कम है श्री महंत परशुराम दास जी के संयोजन में लॉकडाउन के दौरान जब अयोध्या में श्रद्धालुओं और मंदिर से जुड़े भक्तों का आना कम हो गया था तो ऐसे मंदिरों को भी अन्न का दान करके ठाकुर जी के भोग लगाने का कार्य किया गया था। पूरा भारत कड़ाके की ठंड से कांप रहा है ऐसे में सिद्ध पीठ हनुमान किला में सैकड़ों गरीब असहायों को भोजन के साथ कंबल भी वितरण किया जा रहा है जिससे वह ठंड से बच सकें। कंबल वितरण लंदन निवासी कुलवंत सिंह ए संगीता बहन इंदौर के गोपाल जी और अयोध्या देवगढ़ के समाजसेवी विकास सिंह द्वारा किया जा रहा है। सिद्ध संकट मोचन हनुमान किला पर प्रतिदिन भोजन करने वाले गरीबों को कंबल वितरण का कार्यक्रम पूरे ठंड भर अनवरत किया जाता है। महंत परशुराम दास जी महाराज ने बताया कि यह सब कार्यऔर उन्हीं के आशीर्वाद से अनवरत चलता रहेगा। संत का काम ही है प्रभु का भजन और लोगों की सेवा करना। इस अवसर पर महंत विजय रामदास महंत सर्वेश्वर दास माधव दास मंथन दास सहित कई संत महंत उपस्थित रहे।

# खेत की रखवाली करने गए अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**● अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज**

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावसूफी गांव में अपने गेहूं की खेत की रखवाली करने गए 59 वर्षीय अधेड़ की सनसनीखेज तरीके से मौत का मामला प्रकाश में आया है मृतक के दोनों पैर एक हाथ और सर पर चोट के निशान पाए गए हैं मृतक की साइकिल पास में पड़ी हुई थी घटनास्थल से थोड़ी दूर पर शराब की एक खाली सी सी भी मिली है पुलिस ने शव पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। खण्डासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव के निवासी देवीदीन पुत्र बिंदेश्वरी 59 वर्ष खेती किसानी का काम करते थे पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार शनिवार 16 जनवरी को शाम 6 बजे वह अपने घर से बखत तिवारी का पुरवा स्थित अपने गेहूं के खेत की रखवाली की बात कहकर घर से गए थे काफी देर तक ना आने पर जब परिजनों ने उनके पास फोन किया तो उनका फोन बंद मिला रात 11 बजे के आसपास रामनगर गांव के निवासी रामायण प्रसाद पांडे पुत्र संकटा पांडे जो फैजाबाद में किसी कंपनी में वाहन चलाते हैं अपने घर बाइक से वापस आ रहे थे जब वह रामनगर में स्थित राम जानकी महाविद्यालय के पीछे पहुंचे तभी गन्ने की खेत के बगल सड़क पर देवीदीन शुक्ला को खून से लथपथ अवधेश शुक्ला के खेत के किनारे एक पिलर के सहारे पड़ा हुआ देखा उनकी साइकिल कुछ दूर पर पड़ी थी और साइकिल में झोला टंगा हुआ था पिलर पर लगाए गए कटीले तारों में उनका मफलर लटका था पहचानने के बाद उन्होंने देवीदीन शुक्ला के परिजनों को घटनास्थल पर बुलवाया और घायल देवीदीन को लेकर जिला अस्पताल की ओर रवाना हुए लेकिन रास्ते मे ही दम तोड़ दिया सुबह होने पर लोगों को जब घटना की जानकारी हुई तो बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे घटनास्थल पर खून बिखरा हुआ था किसी भी प्रकार के पशुओं के चिन्ह वहां पर दिखाई नहीं पड़े पहले तो लोग इसे एक बार छुट्टा पशुओं से हुई हत्या मान रहे थे लेकिन जब उनका हाथ पैर लोगों ने देखा तो उनके होश उड़ गए घुटने के नीचे दोनों पैरों पर चोट के गंभीर निशान पाए गए हैं जिससे पैर फैक्चर प्रतीत हो रहा था पुलिस के अनुसार उनके दोनों पैर फैक्चर है एक हाथ के साथ सिर पर भी चोट के निशान पाए गए हैं सूचना के बाद देरी से पहुंची खण्डासा पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कोमल प्रसाद मिश्रा थानाध्यक्ष खंडासा कृष्णकांत यादव थाना अध्यक्ष कुमारगंज व इनायतनगर पुलिस घटना के सभी पहलुओं का निरीक्षण किया म्रतक के 5 पुत्र व दो पुत्रियां हैं परिजनों के अनुसार उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी मृतक के पुत्र आशीष कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस एक्टिव होती तो हत्यारों को आज ही पकड़ लिया गया होता पुलिस ने फॉरेंसिक साक्ष्यों को नष्ट करने का पूरा मौका दिया और यदि समय पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई होती और फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम मंगाई गई होती और न ही डाग स्क्वायड की व्यवस्था की गई और न ही पास पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी नहीं खंगाला गया है जिससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवालिया निशान लग रहा है क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कोमल प्रसाद मिश्रा ने बताया कि परिजनों की प्राप्त तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिलते ही उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा वही पास पड़ोस के क्षेत्रों में तरह.तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# हत्या के मामले में महिला सहित तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर




**हत्या के** मामले में महिला समेत तीन हत्यारोपियों को खोराबार थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। बतातें चलें कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुसम्ही जंगल में एक बुजुर्ग की 10 जनवरी को गला रेत कर हत्या करने का प्रयास किया गया था। बुजुर्ग को इलाज हेतु बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में भर्ती पुलिस द्वारा कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार होने के पश्चात् पुलिस द्वारा पूछताछ में बुजुर्ग व्यक्ति ने अपना नाम सुदामा पुत्र स्व. भूवाल निवासी गोपलापुर थाना रामगढ़ ताल बताया। जिसके संबंध में स्थानीय थाने में अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया था। डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार ने के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार ने घटना के अनावरण हेतु टीम गठित कर पुलिस को लगाया था। प्रभारी निरीक्षक खोराबार नासिर हुसैन व उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए चंपारण ढाबा गोपलापुर से अर्जुन चौहान पुत्र स्व. रामसूरत चौहान निवासी बेतियाहाता रुस्तमपुर ढाला लोनिया टोला थाना कैंट, अमित साहनी पुत्र लोरिक साहनी निवासी तुर्रा बाजार थाना पिपराईच व गुड़िया पत्नी कुंवर यादव निवासी गोपलापुर थाना रामगढ़ताल को गिरफ्तार किया।

### शक के आधार पर हत्या की कोशिश

**पुलिस अधीक्षक** नगर सोनम कुमार ने पुलिस लाइन व्हाइट हाउस में बताया कि प्रॉपर्टी के लालच में गुड़िया अपने प्रेमी अर्जुन के साथ मिलकर टेंपो ड्राइवर अमित सहानी के सहयोग से कुसम्ही जंगल में ले जाकर चाकू से गला रेत कर मरा जानकर फेक दिये थे। संयोग रहा कि राहगीरों की सहयोग से पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। स्वस्थ होने पर घायल व्यक्ति ने अपना नाम सुदामा बताया। सुदामा की एक लड़की थी जिसकी शादी उसने रामनगर करजहा बबलू के साथ कर दिया था। सुदामा को खाना बनाकर गुड़िया खिलाती थी। जिसकी नियत खराब हो गयी। वृद्ध सुदामा को अपने प्रेमी अर्जुन के साथ मौत के घाट उतारने प्रयास किया। जिसका जंगल में गला रेत कर फेंक दिया था। गुड़िया और अर्जुन का पिछले 10 वर्षों से प्रेम प्रपंच चल रहा था। खोराबार पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू व टेंपो के साथ अर्जुन चौहान, अमित साहनी और गुड़िया को गिरफ्तार किया।

## पंडित राम सेवक त्रिपाठी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ

**● भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा, खेल से मिटती है जात-पात की दूरी**

**अंबेडकरनगर।** जलालपुर विधानसभा मैं सेवा संस्थान एवं मोनू जॉन डियर ट्रैक्टर एजेंसी अकबरपुर के आयोजन में पंडित रामसेवक त्रिपाठी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 2021 का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के मैदान में किया। क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा खेल से ही जात पात की दूरी मिलती है लोग इस दिशा में काम करने का प्रयास करते हैं खेल से व्यक्ति स्वस्थ रहता है स्वस्थ व्यक्ति ही समाज का निर्माण कर सकता है उन्होंने आयोजन समिति के प्रत्येक सदस्यों का आभार और अभिनंदन किया, टूर्नामेंट के संयोजक पंकज वर्मा जीने भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि जनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया पंकज वर्मा ने कहा क्रिकेट टूर्नामेंट का यह 5 वर्ष है ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच देने का काम यह टूर्नामेंट कर रहा है इस वर्ष लगभग 55 गांव की टीमें इसमें सहभागी हों रही हैं इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ मिथिलेश त्रिपाठी भाजपा नेता कृष्ण कुमार मिश्र शासकीय अधिवक्ता सुधीर मिश्रा भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा जी भाजपा मंडल अध्यक्ष दिया सुनील गुप्ता जी भाजपा मंडल अध्यक्ष नवादा राजाराम मौर्य युवा मोर्चा के जिले के मंत्री संजीव सिंह जी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही आयोजन समिति के सदस्य देवेश मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, अनुज सोनकर, राजेंद्र गौड़, शालू सैनी, विशाल त्रिपाठी की सक्रिय भूमिका रही यह टूर्नामेंट 22 जनवरी तक चलेगा।

## आधा दर्जन राष्ट्रीय पक्षी मृत,मचा हड़कम्प



मृत पक्षी को उठाते चिकित्सक व कर्मी — पायनियर

**● बर्ड फ्लू की आशंका के चलते शव भेजा गया भोपाल**

**अंबेडकरनगर।** जिले के आलापुर थाना अंतर्गत शाहपुर औरांव गांव में आधा दर्जन राष्ट्रीय पक्षी मोर के मृत मिलने से हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पर पहुंचे पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ0विवेक सिंह ने जांच पड़ताल शुरू किया। बताया जाता है कि रविवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहरी हिस्से में स्थित खेत में मृत अवस्था में राष्ट्रीय पक्षी मोर को देखा तो मामले की सूचना पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ विवेक सिंह को दिया।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ विवेक सिंह ने जांच पड़ताल शुरू किया।बाद में उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ मनोज सिंह डॉक्टर अम्ब्रीश कुमार डॉक्टर विवेक सिंह की टीम ने मृत मोर को कब्जे में लेकर बर्ड फ्लू की आशंका के चलते पोस्टमार्टम के लिए भोपाल भेज दिया गया। वहीं तीन अन्य मृत मोर को दफ्न कर दिया गया। सूचना के बाद वन विभाग के अरुण कुमार श्रीवास्तव सुनील सिंह सीताराम यादव सहित कई अन्य जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल किया।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भाजपा के लिए अहम : जिलाध्यक्ष

**● सैदापुर मंडल में हुई बैठक को किया सम्बोधित**

संवाददाता। अंबेडकरनगर



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा — पायनियर

**देश के** विकास के लिए जिस प्रकार से संसद की भूमिका महत्वपूर्ण है उसी प्रकार गांवों के विकास के लिए ग्राम सभा,क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की भूमिका महत्वपूर्ण है। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने अकबरपुर विधान सभा क्षेत्र के मण्डल सैदापुर के अध्यक्ष मनोज मौर्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत वार्ड पंचम के जाफर गंज बाजार में मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक,ग्राम संयोजक,बूथ अध्यक्ष की कामकाजी बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भाजपा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय बन चुका है किसी भी प्रकार से सभी पदों पर भाजपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाने का काम करना है।गावों का विकास भाजपा सरकार और भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा ही संभव है।बैठक के अन्त में पूर्व भाजपा जिला संयोजक व सैदापुर मण्डल प्रभारी रमाशंकर सिंह के पिता जी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की गंभीरता को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने पूरे जनपद के जिला पंचायत वार्डों की बैठक दो दिन में करने का निर्देश जारी कर सभी बैठकों के लिए पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।जिसके अनुपालन में आज पूरे जनपद में बैठक किया गया। भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी भियांव उत्तरी,डाक्टर राना रणधीर सिंह भीटी दितीय,मनोज मिश्रा टांडा पश्चिमी, अमरेंद्र कांत सिंह अकबरपुर तृतीय और चतुर्थ, सुरेश कन्नौजिया राम नगर दक्षिणी, सुमन पाण्डेय बसखारी उत्तरी,चंद्रिका प्रसाद जलालपुर पश्चिमी,दीपक तिवारी टांडा पश्चिमी दितीय की बैठक सम्पन्न कराया।जिला पंचायत वार्ड पंचम की कामकाजी बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमलेश मौर्य,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा,मण्डल महामंत्री विनोद कुमार सोनी, राकेश सिंह, भाजपा नेतागणेश सिंह,बजरंगी वर्मा, राजेंद्र सिंह,सुनील कुमार,डाक्टर अशोक गुप्ता,राधेश्याम राज भर,रामजीत सिंह, हैप्पी सिंह, राणा प्रताप सिंह, अभिषेक शुक्ल,मनीष त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### किसान आंदोलन के चलते गाड़ियां निरस्त

**गोरखपुर।** पंजाब में चल रहे किसान आन्दोलन के कारण रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया गया है। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि दरभंगा से 18 जनवरी को चलने वाली 05211 दरभंगा-अमृतसर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। अमृतसर से 20 जनवरी को चलने वाली 05212 अमृतसर-दरभंगा विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। अमृतसर से 18 जनवरी को चलने वाली 04650 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला-व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलायी जायेगी। जयनगर से 18 जनवरी को चलने वाली 04673 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग व्यास-जन्डियाला-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग व्यास-तरनतारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी।

### चौकीदारों को साइकिल व टॉर्च रिपेयरिंग के लिए धनराशि अवमुक्त

**गोरखपुर।** पंचायत चुनाव को देखते हुए डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार ने जनपद के 1267 प्रहरी (चौकीदारों) को 747 प्रति चौकीदार साइकिल व टार्च रिपेयरिंग के लिए कुल धनराशि 945335 रुपये दिया है। बतातें चलें कि जो प्रत्येक माह 25 सौ रुपए प्रत्येक चौकीदार वेतन पाते हैं यह धनराशि उसके अतिरिक्त है। उन्होंने कहा कि प्रहरी मजबूत व सशक्त होंगे तभी ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधी मुक्त ग्राम सभा होगा। प्रहरी पुलिस के एक अभिन्न अंग होते हैं। जो ग्रामों में अपराध एवं अपराधियों के बारे में पुलिस को जानकारी देते हैं।

### सपा ने प्रदेश के विकास के लिए जितना कार्य किया उतना किसी दल ने नहीं : हीरालाल

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व फैजाबाद अंबेडकरनगर क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव ने आज यहां कहा कि समाजवादी पार्टी ने प्रदेश के विकास के लिए जितना कार्य किया है उतना किसी भी राजनीतिक दल ने आज तक नहीं किया। मिल्कीपुर ब्लाक की ग्रामसभा मजनाई में इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास करते हुए एमएलसी हीरालाल यादव ने कहा समाजवादी पार्टी ने दोनों ही सरकारों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। केंद्र व प्रदेश दोनों ही सरकारें आम आदमी को त्रस्त करने में लगी हुई है। श्री यादव ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय है। नौजवान, महिलाएं, बेरोजगार, किसान समाज का कोई वर्ग ऐसा नहीं बचा जिस पर भाजपा की सरकार जुल्म न ढा रही होए ऐसे में इन सरकारों को जड़ से उखाड़ फेंकना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में जिन जिन योजनाओं को मूर्त रूप दिया वर्तमान भाजपा सरकार उन्हीं कार्यों का फीता काटने में लगी है लेकिन जनता सब कुछ जानती है ।समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता चैधरी बलराम यादव ने बताया कि आज ग्राम सभा मजनाई के प्राथमिक विद्यालय बनखोदवा से बनखेदवा गांव तक इंटरलॉकिंग कार्य का एमएलसी हीरालाल यादव ने शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों को किसान विरोधी कानूनों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पवन यादव ने किया।

### प्रमोशन टेस्ट में सफल खिलाड़ियों को बेल्ट बांधकर किया गया सम्मानित

**अंबेडकरनगर।** ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के निर्देशन में ताईक्वाण्डो एसोसिएशन द्वारा आयोजित ताईक्वाण्डो बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में सफल खिलाड़ियों को एसोसिएशन के जिला सचिव मंगेश कुमार मन तथा ताईक्वाण्डो कोच रजत मौर्य की देख रेख में एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम में जिला क्रीडा अधिकारी नीरज मिश्र ने खिलाड़ियों को बेल्अ बांध कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0 के0 चौरसिया और युवा कल्याण अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यलो बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अक्षत गुप्ता, अंकित पटेल, श्रद्धा गुप्ता, जागृति पाण्डेय, शैलप्रिया मौर्या, कीर्ति मिश्रा और आर्या उपाध्याय रहीं, ग्रीन वेल्ट में श्रेया पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, प्रशान्त तिवारी तथा ब्लू वन में आकाश मिश्रा, अली रिजवी को रेड वेल्ट तथा मन्नू चौहान और अभिषेक मौर्य को रेड वन वेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस दौरान सीनियर खिलाड़ी अविनाश यादव तथा खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद रहे।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता रमाशंकर सिंह को पितृ शोक

**अंबेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला संयोजक रमाशंकर सिंह के पिता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारती सिंह के ससुर राज बक्स सिंह के आकस्मिक निधन पर दिलासी गंज शव दाह स्थल पर भाजपा के सैंकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया। शव यात्रा और श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव नायक वर्मा,भूमि विकास बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह,रमेश चन्द्र गुप्त, विमलेन्द्र प्रताप सिंह मोनू,जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री दीपक तिवारी,दिलीप पटेल देव,भाजपा नेता आदित्य शुक्ल, धर्मवीर मिश्र,बाबा ओम प्रकाश गोस्वामी,जालिम सिंह, मण्डल अध्यक्ष सुभाष वर्मा आनन्द श्रीवास्तव, अमरजीत मौर्य, कुलदीप सिंह, दिवाकर ओझा,आदर्श चौधरी, गंगा प्रसाद वर्मा, सदा राम वर्मा, मनोज मौर्य, रूद्र प्रसाद उपाध्याय, कुलदीप अग्रहरि, विकास सिंह विक्की, रानेश पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय,शितांशु त्रिपाठी, प्रवेश शर्मा, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह, राम सूरत वर्मा आदि शामिल रहे।

### जांच में गलत पाया गया लईक का रुस्तमपुर में निवास

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत रुस्तमपुर अशरफपट्टी के परिवार रजिस्टर में सिकंदरपुर के व्यक्ति का नाम दर्ज कर दिए जाने के मामले में हुई जांच में दोनों ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी गई है। इसके अलावा उप जिलाधिकारी ने रुस्तमपुर अशरफपट्टी में गलत तरीके से निवास दर्ज कराए लईक अहमद का निवास प्रमाण पत्र रद्द कर दिया है । उप जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा है जिसने बिना भौतिक सत्यापन के ही संबंधित व्यक्ति का नाम गड़ना रजिस्टर में दर्ज कर लिया था। गौरतलब है कि सिकंदरपुर निवासी लईक अहमद का नाम रुस्तमपुर अशरफपट्टी के परिवार रजिस्टर में दर्ज हो गया था जिसकी उसने संबंधित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से नकल भी प्राप्त कर लिया था। नकल प्राप्त कर लेने के लईक ने रुस्तमपुर असरफपट्टी से निवास प्रमाण पत्र भी बनवा लिया था। इसके अलावा उसने वहां की मतदाता सूची में भी अपना नाम दर्ज करा लिया था। इस गड़बड़ झाले की खबर अयोध्या समाचार द्वारा प्रकाशित किए जाने के बाद उप जिलाधिकारी अकबरपुर मोइनुल इस्लाम ने खंड विकास अधिकारी तहसीलदार सहायक विकास अधिकारी पंचायत व संबंधित लेखपाल के साथ गांव में जाकर जांच की थी। उप जिलाधिकारी ने तहसीलदार अकबरपुर की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर पूरे मामले पर रिपोर्ट मांगी थी। उप जिला अधिकारी ने बताया कि लईक अहमद का रुस्तमपुर पट्टी में निवास गलत पाया गया है जिसके लिए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी रुस्तमपुर अशरफपट्टी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि की संस्तुति की गई है । इसके अलावा सिकंदरपुर के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के विरुद्ध इस कारण प्रतिकूल प्रविष्टि की गई है कि उसने बिना जांच किए ही लईक का नाम काटे जाने की प्रक्रिया शुरू की थी।

## निजता का महत्व

### व्हाट्सऐप प्रकरण

**आप** यह नहीं चाहेंगे कि आनलाइन जो कुछ देखना चाहें, उसके सिवा कुछ और भी दिखाई दे। लेकिन ऐसा होता है। वाट्सएप की नई निजता नीति मूलत: फेसबुक को एक रास्ता देती है कि वह इस मैसेजिंग एप पर आने वाले संदेशों का लाभ उठा सके। एक स्तर पर यह मैसेजिंग सेवा के ग्राहकों को मुफ्त सेवा का अनुभव करा सकता है और फेसबुक के एल्गोरिद्म उसी प्रकार संदेशों को पढ़ते हैं जैसे गूगल के एल्गोरिद्म जीमेल पर भेजी व प्राप्त की जाने वाली हर ईमेल के साथ करते हैं। ईमेल के लिए गूगल सेवा का प्रयोग अधिकांश लोग करते हैं और टेक् जायंट कंपनी फेसबुक व ट्विटर समेत सभी जगह हमारे कामकाज की खबर रखती है। ऐसे में नई निजता नीति पर अचानक मचे शोरशराबे का कोई खास अर्थ नहीं है। क्या फेसबुक और वाट्सएप इस प्रकरण में बेहतर व्यवहार नहीं कर सकते थे? उनको ऐसा करना चाहिए था क्योंकि अनेक भारतीय अन्य मेसेजिंग सेवाओं और एपों पर आने वाले सप्ताहों में चले जाएंगे तथा उनमें से कुछ कम से कम वर्तमान समय में निजता सुनिश्चित करते हैं। फेसबुक व ट्विटर तथा वाट्सएप जैसी सेवाओं का एक प्रकार का 'नेटवर्क' प्रभाव है, ऐसे में कोई ऐसी सेवा प्रयोग करना आसान नहीं है जिसका प्रयोग आपके ज्यादा मित्र व संबंधी न करते हों। इस कारण बहुत से लोगों ने भले ही सिग्नल को डाउनलोड किया हो और वे इसकी चर्चा करते हों, लेकिन इसका प्रयोग अभी व्यापक नहीं हुआ है। दीर्घकालीन रूप से इसका वाट्सएप पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा, हालांकि उसे थोड़ा नुकसान होगा। संभावना है कि निजता की नीति पर गंभीर रूप से विमर्श करने के बाद बहुत से समूहों को काफी मात्रा में



दुष्प्रचार से निपटना पड़े। उनमें से कुछ अपने परंपरागत 'गुड मार्निंग' व 'गुड इवनिंग' संदेशों को विदा कर सकते हैं। एक स्तर पर एक व्यक्ति के रूप में यह निजता की हमारी समझदारी पर निर्भर करता है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में पश्चिमी देशों की तरह व्यक्तिगत निजता की समझदारी का ज्यादा स्थान नहीं है। यदि किसी को वास्तव में अपनी निजता की ज्यादा चिन्ता हो तो उसे संभवत: ज्यादा बेहतर हार्डवेयर उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए। उदाहरण के लिए चीनी ब्रांड वाले एंड्रायड फोनों की तुलना में आईफोन बेहतर मैसेजिंग व ईमेल सेवायें उपलब्ध कराते हैं। यह समझ भी होनी चाहिए कि मुफ्त कही जाने वाली सेवा का भी भुगतान करना होता है क्योंकि एक पुरानी कहावत के अनुसार सब कुछ मुफ्त नहीं मिलता है। जहां तक तकनीक प्रयोग का सवाल है निजता की एक कीमत होती है और जब व्यक्तिगत निजता का मामला हो तो यह अवधारणा और संकुचित होती है। वैसे भी आमतौर से भारतीयों को निजी चीजों को अलग रखने की बात समझाना बहुत आसान नहीं है। उदाहरण के लिए, अनेक पश्चिमी देशों में संरक्षक की अनुमति के बिना बच्चों की तस्वीरें नहीं प्रकाशित की जा सकती हैं। लेकिन भारत में कोई ऐसा करने के पहले कुछ नहीं सोचता है। याद करें कि भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का देश में सर्वाधिक प्रचलित फोटोग्राफवाले युगल थे। हाल ही में उनको लोगों से अपील करनी पड़ी है कि उनकी नवजात बेटी की फोटो प्रचारित न की जाए। इसका सरल कारण यह है कि अक्सर फोटोग्राफर 'पेशे की जरूरतों' व निजता के उल्लंघन के बीच की सीमारेखा तोड़ सकते हैं। दूसरी ओर पश्चिमी दुनिया के एक मामले पर गौर करें। हालीवुड अभिनेता जार्ज क्लूनी ने अनेक लोगों पर इसलिए मुकदमा कर दिया क्योंकि वे उसके विला की दीवाल पर चढ़ कर उसके बच्चे की फोटो खींच रहे थे। भीड़ से भरे भारत में निजता एक प्रकार की खास चीज है और यदि हम इसे चाहते हैं तो इसके लिए खर्च करना होगा। उदाहरण के लिए हमारे पास रहने के लिए बड़ा घर और ऊंची चहारदीवारी होनी चाहिए। यदि हम इंटरनेट पर अपने लिए विशिष्ट स्थान चाहते हैं तो उसके लिए भी भुगतान करना होगा।

# लोकतंत्र में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमाएं

अदालत द्वारा कृषि सुधार कानूनों को स्थगित किए जाने पर सार्वजनिक रूप से रुख अपनाने को लेकर सरकार के अनिच्छुक होने के बावजूद, सुधार समर्थकों में आक्रोश का भाव है।



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



**जब** तक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट का अवलोकन नहीं किया जाता तब तक कृषि विपणन पर किए गए विधायनों को स्थगित करने का सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आलोचना का विषय बन गया है। यद्यपि सरकार की ओर से मौन रहने का विकल्प चुना गया है, पंजाब तथा हरियाणा में किसानों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले बहुत से संगठनों ने न्यायालय के आदेश की आलोचना की है, इस तथ्य के बावजूद कि यह परोक्ष रूप से उनके पक्ष में है, कम से कम कुछ समय के लिए। असंतुष्ट होने का के कारण भिन्न हो सकते हैं लेकिन विचार बिंदुओं का एक अस्वाभाविक संयोजन नजर आता है जिस पर विचार किया जाना चाहिए।

अदालत द्वारा स्थगन पर सार्वजनिक रुख अपनाने को लेकर सरकार के अनिच्छुक होने के बावजूद, सुधार समर्थकों में आक्रोश का भाव है। यह उस विश्वास से पैदा होता है कि अदालत ने स्पष्ट रूप से न्यायिक पुनरीक्षण संबंधी संवैधानिक आदेश का अतिक्रमण किया है। सामान्य परिस्थितियों में, अदालत प्रतिनिधियों द्वारा उचित ढंग से अधिनियमित विधायन की वैधानिकता का का परीक्षण दो आधारों पर करती है। सर्वप्रथम वो यह देखती है कि विधायन संविधान की भावना के अनुरूप है या नहीं। दूसरा, वह नैसगिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता पर विचार करने के लिए अपने दृष्टिकोण को विस्तारित कर सकती है। हालिया समय में, कुछ न्यायाधीशों की सोच में न्यायिक अंतरचेतना के सिद्धांत ने प्रवेश किया है। हालांकि, यह एक अस्पष्ट और पूर्णतय: आत्मपरक सिद्धांत है, तो ऐसे में इसे असामान्य मानकर नकार दिया जाना बेहतर होगा।

संविधान के सवाल पर, न्यायालय ने यह परीक्षण करने के इरादे से यह देखा होगा कि क्या केंद्र के पास एपीएमसी तथा अस्तित्वमान जमाखोरी नियमों का उन्मूलन करने के लिए विधायन करने योग्य संवैधानिक अधिकार है या नहीं। यह न्यायपालिका के क्षेत्राधिकार के बाहर है कि वह किसी विधायन की उपयुक्तता एवं बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाए। यह शक्ति पूर्ण रूप से विधायिका को प्राप्त है, इस मामले में संसद के दोनों सदनों को। नए कानूनों की अच्छाइयों व बुराइयों पर बहस राजनीति के कार्यक्षेत्र में आती है। यद्यपि क वैचारिक संप्रदाय है जो मानता है कि राजनीतिक निर्णय क्रिय इतनी ज्यादा अहम होती है कि उसे निर्वाचित राजनीतिकों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता और वह बुद्धिमान लोगों के एक छोटे समूह द्वारा की जानी चाहिए, लेकिन इस विश्वास का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। न्यायिक पुनरावलोकन का सिद्धांत चयनात्मक होना चाहिए। यदि यह सर्वव्यापी बन जाएगा, तो देश का शासन अनिर्वाचित प्रतिनिधियों के हाथों में चला जाएगा।

भारतीय संविधान में जो निर्धारित किया गया है वो यह है कि कि सरकारों के पास तब तक बुरे निर्णय लेने का भी संपूर्ण अधिकार है जब तक वे संविधान के मूलभूत ढांचे का अतिक्रमण न करते हों। मूलभूत ढांचा क्या होता है यह मामला न्यायालयों ने अनधिकार से अपने हाथों में ले लिया है। इस विचार का संविधान में कहीं उल्लेख नहीं है।

उत्तर भारत में कृषि विधेयकों के खिलाफ सिलसिलेवार विरोध प्रदर्शन हुए हैं। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि सही दिमाग से किसी ने सुझाव देने के लिए पहले से ही अनुमान लगा लिया हो कि राज्यों की सीमा पर अपने उत्पादों को बेचने का किसानों का अधिकार असंवैधानिक है। न ही कोई ऐसा सुझाव आया है कि संबंधित कानून को प्रशासित करने वाले नियमों में न्यूनतम समर्थन मूल्य को शामिल करना संवैधानिक रूप से अनिवार्य है। इस विषय पर बहस अंशत: अर्थशास्त्र एवं अंशत: राजनीति के इर्द-गिर्द घूमती है। तो लड़ाई वहां होनी चाहिए, अदालती कक्षों में नहीं।

शीर्ष न्यायालय ने विधेयक पारित होने की प्रक्रिया से पूर्व सार्वजनिक मंत्रणा के अभाव पर आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। राजनीतिक रूप से, इन आपत्तियों में दम है, यद्यपि कहा जा सकता है कि वर्तमान में फैली महामारी ने ग्रामीण परिषदों को संपूर्ण भारत में इसकी अच्छाइयों व बुराइयों पर अधिक वाद विवाद करने की गुंजाइश नहीं छोड़ी। निर्वाचक स्तर पर भी, ऐसा नहीं लगता कि नए कानून बिहार तथा देश में होने वाले सिलसिलेवार उपचुनावों में मतदान के इरादों को प्रभावित करने वाले कारक रहे हैं, लेकिन संज्ञानात्मक रूप से मध्य प्रदेश और कर्नाटक में। न ही ऐसा हुआ है कि संसद में विधेयकों के कानून बन जाने में जल्दबाजी से देश के किसी हिस्से में किसान असंतोष भड़क गया हो, पंजाब और हरियाणा के अलावा। अर्थशास्त्रियों ने टिप्पणियां की हैं कि बड़े किसान जो विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे हैं, और पेशेवर प्रदर्शनकारियों को भाड़े पर लेकर बड़ी मात्रा में आवश्यक सामग्री के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं और वे पेशेवर प्रदर्शनकारी वे हैं जिनका चुनावी राजनीतिक में विफलता का इतिहास रहा है, इनकी संख्या आय के परिप्रेक्ष्य में आठ प्रतिशत ही है और इन टिप्पणियों को चुनौती नहीं दी गई है।

भारत कोई जनमत संग्रहकारी लोकतंत्र नहीं है। लोकतंत्र उन निर्वाचित प्रतिनिधियों को जनमत को जानने की जिम्मेदारी देता है जिनको मिलने वाले जनादेश का समय-समय पर नवीनीकरण होता रहता है। जनहित को अक्षुण्ण रखना उनका दायित्व है, प्राय: बदलावों की पैरोकारी करके। अदालतों का काम है यह देखना कि विधि के शासन को अक्षुण्ण रखा जाए। जनहित की रक्षा एक उत्कृष्ट अवधारणा है लेकिन वह न्यायाधीशों के कार्यक्षेत्र से बाहर है।

कभी-कभी सह गलत समझ लिया जाता है कि न्यायालय द्वारा किया गया प्रत्येक उच्चारण कानून बन जाता है। यह भी मान लिया जाता है कि कानून सर्वोपरि है और पत्थर की लकीर है। ये दोनों विचार प्राय:, खासकर मीडिया में, भ्रामक निष्कर्षों का कारण बन जाते हैं। यथार्थ यह है कि कानून क्या है इसका निर्वचन प्राय: आत्मपरक उन्मुखताओं एवं न्यायाधीशों के व्यक्तिगत दर्शन पर निर्भर करता है। खंडपीठ द्वारा दिया गया निर्णय प्राय: नाटकीय ढंग से समान मामले में अन्य खंडपीठ द्वारा दिए गए निर्णय से भिन्न होता है। इसी वजह से अमेरिका में लिबरल और कंजरवेटिव न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर टकराव होता है। खंडपीठ का संघटन फैसले को रूप देगा, यद्यपि कहने का अर्थ यह नहीं कि न्यायाधीश जानबूझकर राजनीतिक हो जाते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय की प्रतिक्रियाओं ने एक बहस छेड़ दी है जो कि अनुदेशात्मक है। अब समय आ गया है कि बहस आगामी बजट सत्र में संसद की कार्यवाहियों में परिलक्षित हो। भारत को उथल-पुथल वाली राजनीति का मुकाबला करने के लिए न्यायिक निश्चितता के मापन की आवश्यकता है।

# कोरोना निरोधक टीकाकरण अभियान

"टीकाकरण के दौरान तथा उसके बाद कोविड प्रोटोकाल बनाए रखना बहुत जरूरी है। टीका उपलब्ध हो जाने का अर्थ वायरस खत्म हो जाना नहीं है।"

**राजेंद्र धमीजा**
(लेखक न्यूरोलॉजिस्ट हैं)



**भा**रत में कोविड-19 के खिलाफ पहले चरण का टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। यह महामारी के खिलाफऐतिहासिक कदम है। लगभग एक साल पहले वूहान से केरल आए तीन छात्र कोविड संक्रमित पाए गए थे। इसके बाद से लगभग 1.51 लाख लोग इससे अपनी जान गंवा चुके हैं तथा 1.05 करोड़ लोग संक्रमित हुए हैं। वर्ष 2020 लंबे समय तक मृतकों, आजीविका खोने वालों, बरबाद बिजनेसों व बेरोजगारों तथा वेतन कटौतियों के लिए याद किया जाएगा जो आम चीजें बन गईं। अनेक देशों में राजनीति ने विज्ञान को अनदेखा किया और उनको इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। कोरोना प्रोटोकाल लागू करने में विलंब के कारण वहां अनेक लोगों की असमय मौत हुई तथा लोग बीमार पड़े। इनमें मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग, हाथों की सफाई तथा आवागमन पर नियंत्रण शामिल हैं।

भारत में भी ठंडक व प्रदूषण के कारण कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ी, हालांकि महामारी से संभवित संक्रमितों की संख्या का गलत अनुमान भी लगाया गया। जीवन बचाने के लिए अनेक प्रकार की चिकित्सा का प्रयोग हुआ जिनमें से अनेक के कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं थे तथा कुछ को इसी कारण वापस लिया गया। संक्रमण बढ़ने के साथ ही उससे काफी सबक सीखे गए तथा दुनिया के विभिन्न भागों में विज्ञान और तकनीक ने इसमें अपनी भूमिका निभाई। इसके परिणामस्वरूप शारीरिक दूरी व प्रथक्वास, खासकर वृद्धों, जोखिम वाले समूहों, विकलांगों तथा अन्य बीमारियों वाले लोगों के प्रथक्वास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके कारण अनेक मानसिक स्वास्थ्य समस्यायें पैदा हुईं। यह न केवल मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से, बल्कि बीमारों



के लिए तनाव का कारण बना। दो कोरोना वैक्सीनों से टीकाकरण शुरू होना भारत में महामारी से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कोवैक्सिन व कोवीशील्ड का प्रयोग टीकाकरण के पहले चरण में हो रहा है तथा तीन करोड़ लोगों के प्राथमिकता समूह को टीके लग रहे हैं। टीकाकरण कार्यक्रम में आनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म को-विन का प्रयोग हो रहा है जिसका विकास स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने किया है। इससे वैक्सीन भंडार, भंडार के तापमान तथा लाभार्थियों की व्यक्तिगत निगरानी सरल हो जाएगी। इसका प्रयोग सभी स्तरों पर टीकाकरण कार्यक्रम की निगरानी में हो रहा है। सही दिशा में किया जा रहा यह अभियान स्वागत योग्य है। इससे मानवजाति को एक संकट से मुक्ति पाने में सहायता मिलेगी। वैक्सीनों के प्रयोग ने अतीत में अनेक बीमारियों से मुक्ति दिलाई है। कोरोना वायरस की वैक्सीन एक साल से भी कम समय में आई जिसे पहले असंभव माना जाता था। यह वैश्विक प्रयासों तथा वैज्ञानिकों व विभिन्न देशों के बीच सहयोग का परिणाम है। भारत का टीकाकरण कार्यक्रम बहुत बड़ी जनसंख्या के कारण एक चुनौती है, इसके अलावा जनसंख्या के अनेक हिस्सों में इसके प्रति संदेह की भावना है। हमारे जैसे देशों के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत हो तथा सभी देशों में स्वास्थ्य ढांचा मजबूत किया जाए। सभी जानते हैं कि वैक्सीन कोविड-19 संक्रमण रोकने में केन्द्रीय भूमिका अदा करती है और असुरक्षित लोग संक्रमण फैला सकते हैं। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या का टीकाकरण करना होगा। निश्चित रूप से यह टीका टीकाकरण किए लोगों में बीमारी का प्रसार रोकेगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बाकी लोगों में संक्रमण फैलने में यह कहां तक विराम लगाएगा। महामारी विशेषज्ञों के अनुसार हमें जनसंख्या के कम से कम 60-70 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण करना होगा ताकि 'हर्ड इम्यूनिटी' विकसित हो सके। हमें अधिकाधिक लोगों को टीका लगाने का प्रयास करना होगा तथा लोगों में वैक्सीन के लाभों के प्रति जागरूकता पैदा कर उनमें व्याप्त आशंकायें दूर करनी होंगी। प्राथमिकता का ध्यान रखते हुए वैक्सीन की उपलब्धता बहुत सहज होनी चाहिए। जनता को सटीक संप्रेषण भी बहुत जरूरी है ताकि सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से फैलाई जाने वाली अफवाहों पर विराम लगाया जा सके। संभावना है कि टीका लगवाने के बाद लोग लापरवाही बरतने लगें। सभी वैक्सीनों को इम्यूनिटी पैदा करने में कम से कम 6 सप्ताह का समय लगता है। इसलिए टीका लगवाने के समय तथा उसके बाद सभी कोविड प्रोटोकाल का पालन सबसे ज्यादा जरूरी है। दो बार टीके लगने के बाद भी महीनों या सालों तक इन प्रोटोकालों का पालन लाभदायक होगा। हमें इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को अपने व्यवहार में समाहित करना होगा। टीका आने के बाद भी हमें वायरस के साथ रहना सीखना होगा। वैक्सीनों से लोगों का जीवन बचेगा, लेकिन वायरस बना रहेगा।

## आप की बात

### बिकते सरपंचों के पद

**लोकतंत्र** मर्यादा और मान्यताओं का एक आदर्श प्रतीक है जिनकी रक्षा न केवल इस के हित में वरन राजनीति और उसके किरदारों के भविष्य के लिए भी जरूरी है। यदि लोकतंत्र सुरक्षित है तो यह मान लेना चाहिए कि सब कुछ महफूज है मगर इस पर आने वाली आज से कुछ भी बचने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। महाराष्ट्र में सरपंच पद के लिए लगी करोड़ों की बोली लोकतंत्र को शर्मसार करने के लिए काफी है। चुनाव आयोग ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। इन दिनों महाराष्ट्र में पंचायत चुनाव का माहौल है। स्थानीय समस्याओं और अपने हितों के लिए ठाणे जिले के 14 गांव पंचायत चुनावों का बहिष्कार कर रहे हैं तो नासिक और नंदुरबार जिलों में लोकतंत्र को शर्मसार करने की घटना सामने आई है। यहां की मशहूर प्याज मंडी में उमरेन के सरपंच पद की नीलामी दो करोड़ तक पहुंची तो खोंडामाली गांव के सरपंच का पद 42 लाख में बिका। दिसंबर माह की घटना के सोशल मीडिया पर आते ही प्रशासन में खलबली मचना स्वाभाविक ही है। चुनाव आयोग ने ग्राम पंचायतों का चुनाव रद्द कर दिया है मगर बात इससे बनने वाली नहीं है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### लीथियम रिफायनरी

**अभी** हाल ही में गुजरात में देश की पहली लिथियम रिफाइनरी स्थापित की जाएगी। भारत में लिथियम का उत्पादन करने के लिए निमलटेल्स और मणिकरण पावर लिमिटिड द्वारा यह समझौता किया गया। यह हमारे लिए एक बहुत अच्छी ख़बर है। बताते चले कि रिफाइनरी में लिथियम को प्रोसेस करने का काम किया जाएगा। लिथियम की भारत में भविष्य में अनेकों फायदे देने की संभावना है। भारत में लिथियम की मांग परिवहन के विद्युतीकरण और नवीन ऊर्जा के भंडारण से प्रेरित है। ये सचमुच आगे चलकर हमारे बहुत काम आएंगे। लिथियम एक दुर्लभ तत्व है और यह भारत में नहीं पाया जाता है। खास बात यह है कि भारत ने साल 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहन संख्या को 30 प्रतिशत तक लगभग बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम लिया है उसके लिए भारत को अपनी प्रौद्योगिकी और फैक्ट्रीज में नवाचार की बहुत अधिक संभावना होगी जिसके लिए उसे नई नई खोजे करनी होंगी और लिथियम रिफाइनरी का खुलना इनमे से ही एक है। इससे भारत को अपने समावेशी विकास की तरफ अग्रसर होने में मदद मिलेगी। भारत में लिथियम अत्यधिक महंगा भी है तो यह रिफाइनरी बनने से वह सबको पहुंच भी सकेगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल


### स्वदेश निर्मित तेजस

**बड़े** विद्वानों ने कहा है कि अगर आप शांति चाहते है तो युद्ध के लिए तैयार रहे। शौर्य, पराक्रम और साहस का प्रतीक तेजस, अब भारत में बनने की ओर बढ़ चला है। देश की आन, बान और शान को नई ऊंचाई देने वाला, दुश्मनों को उसी भाषा में अचूक जवाब देने वाला, 83 लड़ाकू विमानों को भारत के कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।बताया जा रहा कि लगभग 48 हजार करोड़ रुपए की लागत से, देश में तेजस का निर्माण वर्ष 2024 तक संपन्न होगा। अत्याधुनिक तकनीक से लैस, लेज़र सुविधा, रडार और रॉकेट, बम से भी वार करने में सक्षम है।इस लड़ाकू विमान की लंबाई 13.2 मीटर, पंख की चौड़ाई 8.2 मीटर वहीं इसकी ऊंचाई 4.4 मीटर है।तेजस का वजन लगभग 12 टन होगा और इसके साथ ही इसमें वीवीआर मिसाइल की भी सुविधा से लैस होगा। तेजस के डिजाइन और वास्तु कला में 1202 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।इसकी सर्वाधिक रफ्तार लगभग 1350 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। 83 तेजस में से 10 ट्रेनिंग के लिए उपलब्ध होंगे जबकि अन्य 73 देश के कोने में पैनी नजर बनाए रखेंगे।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



"**कुछ** देशों की जनसंख्या तीन करोड़ से कम है लेकिन भारत में पहले चरण में ही अधिकतम लोगों का टीका करण किया जा रहा है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भारत-चीन** टकराव के दौरान हमारी सेना ने अपने करिश्माई प्रदर्शन से देश का मनोबल बढ़ाया है और भारत के नागरिकों को अपना सिर ऊंचा रखने योग्य बनाया है।

– **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**देश** की जनता के लिए आज का दिन खुशी और रोमांच से परिपूर्ण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में टीकाकरण का आगाज़ कोविड-19 के खिलाफ निर्णायक प्रहार सिद्ध होगा।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश"

# पीएम मोदी ने केवड़िया सुपरफास्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

- केवड़िया ट्रेन से वाराणसी से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से जुड़ जायेंगे लोग



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**पीएम के** संसदीय क्षेत्र को उनके गृह जनपद से जोड़ने के लिए नई ट्रेन को पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन हरी झंडी दिखाएंगे। वाराणसी से केवड़िया के जुड़ने के साथ ही स्टूच्यू आफ यूनिटी से काशी के लोग जुड़ जाएंगे तो वहीं गुजरात के लोगों के लिए काशी आना आसान होगा। प्रधानमंत्री ऑनलाइन माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर काशीवासियों को काशी से केवड़िया सुपरफास्ट ट्रेन की सौगात देंगे। यह ट्रेन सुबह 11.12 बजे कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से गुजरात के लिए हरी झंडी मिलते ही रवाना हो जाएगी। इस बाबत पीएम ने सोशल मीडिया पर बताया कि अब आप स्टेच्यू आफ यूनिटी रेल से भी पहुंच सकते हैं। इस विशेष कार्य के लिए कार्यक्रम जल्द ही शुरू होगाए केवड़िया रेलवे स्टेशन की झलकियां भी पीएम ने शेयर की है।

# सुबहे बनारस चाय क्लब के संरक्षक गोपाल दास का जन्मदिन धूमधाम से मना

- गोलघर स्थित नेहरू पार्क में सैकड़ों लोगों ने बाबाजी के जन्मदिन पर दी बधाई



**वाराणसी।** सुबहे बनारस चाय क्लब के बैनर तले रविवार को पराड़कर स्मृति भवन के सामने नेहरू पार्क में समाजसेवी गोपाल दास यादव उर्फ बाबा जी का 69वॉ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक श्री बाबाजी ने सबसे पहले नेहरू पार्क में स्थित देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि दी। इसके तत्पश्चात बाद सुबहे बनारस चाय क्लब के सदस्यों ने एवं आबकारी व्यवसायी रमेश गुप्ता ने गोपाल दास यादव को माल्यार्पण कर उनको जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा को सत्यप्रकाश गुप्ता उर्फ सत्तु तथा स्वर्णकार समाज के संरक्षक मुरली मनोहर सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं0 अमरनाथ शर्मा ने किया। युवा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी गोपाल दास यादव उर्फ बाबाजी को हम लोग आर्शीवाद नहीं दे सकते क्योंकि वे हम सब के मार्गदर्शक है। श्री बाबाजी दीर्घायु हों और हम सभी को अपना मार्गदर्शन प्रदान करें। कार्यक्रम का संचालन गोपाल जी सेठ ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित अजय श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संयोजक संस्था के संरक्षक बचाऊ सेठ ने किया। कार्यक्रम में दिलशाद अहमद, शशि विश्वकर्मा, अश्विनी कुमार त्रिपाठी, विष्णु केशरी, सुभाष वर्मा उर्फ मामाजी, प्रवीण कुमार त्रिपाठी उर्फ गुडडु,रमेश अग्रहरि, सुशील कुमार मिश्र(वरिष्ठ पत्रकार, पायनियर), किशन दीक्षित, सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, महानगर महिला अध्यक्ष पूजा यादव आदि सैकड़ों लोगों ने बाबाजी के जन्मदिन पर बधाई।

## क्विक न्यूज

### सेवानिवृत्त पेंशनरों की बैठक आहूति की

**वाराणसी।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा वाराणसी की बैठक रविवार को कोषागार परिसर में अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आहूति की गई। कोविड-19 लागू होने के बाद पहली बार लगभग एक वर्ष के पश्चात बैठक हुई। सरकार के पेंशनर्स, कर्मचारी व शिक्षक विरोधी नीति पर एक मत से रोष व्यक्त किया गया जिसमें जनवरी 2020 से जून 2021 तक फ्रीज डीए, डीआर को स्थगित करने, राशिकरण की कटौती दस वर्ष तक समाप्त करने, चिकित्सा राहत भत्ता एक हजार स्वीकृत करने सम्बंधी अन्य मांग की गयी। बैठक में उमेशचन्द्र पाण्डेय, वंश नारायण पाण्डेय, राजेश्वर पाण्डेय, रामजी पाण्डेय,सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोग बैठक में उपस्थित रहे।

### युवाओं में होगा खासा उत्साह, देंगे महत्व

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण काल में लोगों की ज़रूरतों को विभिन्न मूल्यों पर पूरा करने की प्रतिबद्धता रहती है। इस दौरान वीवो उपकरणों की तरह वाई बारह एस भी वीवो की मेक इन इंडिया की प्रतिबद्धता का अनुसरण कर रहा है। वीवो के ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में निर्मित है। जोकि एक इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड है। इसने भारत में नए वीवो वाई बारह एस को लांच करने की घोषणा की है। युवा वाई सीरीज़ पोर्टफोलियो में यह नया संकलन होगा। जिसमें बड़ी बैटरी है जो पावर सेविंग तकनीक को सपोर्ट करती है। निदेशक ब्रांड स्ट्रेट जी निपुन मार्या ने कहा वीवो द्वारा युवा वाई सीरीज़ हमेशा से नए फीचर्स के साथ आया है। इसकी खरीद पर लोगों को आकर्षक ऑफर प्राप्त होंगे। इसको लेकर लोगों में खासा उत्साह रहता है। जिसको लेकर हमेशा हर तरह की जरूरतें पूरी होती रहती हैं। इसका भी विशेष महत्व होता है। इन महत्व को लेकर लोगों में कमाल का उत्साह देखने को मिल रहा है।

### कोरोना काल के बाद मिली है व्यापक सफलता

**प्रयागराज।** कोरोना काल के बाद मिली अपार सफलता और स्वीकार्यता के बाद देश में आईटेल ने अपने तकनीक पसंद लोगों के लिए एक और इनोवेटिव और अगली पीढ़ी का स्मार्टफोन को विज़न एक प्रो के नाम से उतारने की आज घोषणा की। फरवरी दो हजार बीस में लांच किए गए पहले एचडी प्लस वाटरड्रॉप डिस्प्ले स्मार्टफोन विज़न एक की सराहना हुई। ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा पिछले स्मार्टफोन विज़न एक को नए इंडिया का नया विज़न के साथ पेश किया गया था। जिसमें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी।

### निर्माण का दूसरा हब बनाने की ओर अग्रसर: राजेश

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण काल के दौरान इंद्रधनुष द ग्रे शेड्स ऑफ लव दिल्ली में बनी सस्पेंस थ्रिलर कहानी है। जो कि सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इसकी पूरी शूटिंग दिल्ली में हुई है। इसके सभी कलाकार भी दिल्ली के हैं। यह फिल्म नलिन सिंह के निर्देशन में पूरी हुई और वह दिल्ली को फिल्म निर्माण का दूसरा हब बनाने की और अग्रसर है। फिल्म की कहानी और स्क्रिप्ट राजेश अहूजा द्वारा लिखी गई है। सोमांश सानवी तालिया बेनस्टन आयुष अभय निकेत शिवानी अगस्त्या इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में नज़र आएँगे। इंद्रधनुष 15 जनवरी को लगभग सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज़ हो गयी। यह फ़िल्म सैफअली खान की तांडव को कड़ी टक्कर देगी। इस फिल्म में लॉस एंजेलेस बेस्ड अभिनेत्री तालिया बेनस्टन मुख्य अभिनेत्री के रूप में नज़र आएंगी। जिन्होंने सैफअली खान की फिल्म गो गोवा गॉन में स्लोली स्लोली गाना गाया था। निर्देशक नलिन सिंह दिल्ली के एक मशहूर लेखक अभिनेता और निर्देशक हैं।

### होम्योपैथिक शिविर आयोजित

**मौरावां।** हिलौली में समाजसेवी द्वारा आयोजित दूसरे निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर में क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने अपनी जांच कराई। जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हे उचित परामर्श दिया गया। साथ ही रोगियों को बीमारी के अनुरूप दवाएं दी गयी। हिलौली में स्मिता फाउंडेशन की ओर से आयोजित निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर का भाजपा नेता समाजसेवी रामबाबू शुक्ला ने शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे मरीजों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का भरपूर लाभ मिलेगा। शिविर में होम्योपैथी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सैकड़ों मरीजों का उपचार किया तथा निःशुल्क दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर रामलखन तिवारी, नियाज अहमद, त्रिभुवन दीक्षित, संजय त्रिपाठी, महेश सोनी, संदीप शुक्ल, अभिषेक छोटू शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### न्याय के लिए दर-दर भटक रहे फरियादी, नहीं हो रही सुनवाई

- भाकियू कार्यकर्ताओं की शिकायत, मामलों के निस्तारण में ढुलमुल रवैया अपना रहे अधिकारी

**पाटन, उन्नाव।** जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर स्थानीय तहसील प्रशासन की कार्यशैली के प्रति क्षेत्रवासियों में असंतोष है। लोगों का कहना है कि जनसामान्य की शिकायतों के समाधान में अधिकारी ढुलमुल नीति अपना रहे हैं। जिसके चलते एक ही मामले को लेकर उन्हें बार बार सरकारी दफ्तरों की परिक्रमा करनी पड़ रही है। इस बाबत भाकियू बीघापुर इकाई के पदाधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायत करने की बात कही है। बीघापुर तहसील प्रशासन की बेपटरी व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। जिम्मेदारों की लचर कार्यप्रणाली के चलते फरियादियों को तमाम कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। भाकियू पदाधिकारी बजरंग बहादुर सिंह, मुन्ना सिंह, राजेश सिंह आदि ने शिकायतों के निस्तारण में संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि न्याय पाने की लालसा से गरीब किसान व पीड़ित कोसों दूर से चलकर तहसील मुख्यालय आते हैं। किन्तु अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक नहीं ले रहे। ऐसे में उन्हें न्याय के लिए दर-बदर भटकना पड़ रहा है। कुछ परिस्थितियों में तो अधिकारी उनसे सीधे मुंह बात तक नहीं करते। उनका कहना था कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों से संबंधित कई शिकायतें काफी समय से लंबित पड़ी हुई हैं। कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद भी उनका निस्तारण नहीं हो सका है। तमाम निर्देशों के बावजूद अधिकारी शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मिला 2675 लोगों को लाभ

**वाराणसी।** जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के निर्देशानुसार जनपद के समस्त 52 शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। मुफ्त जांच हुई तथा निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। बड़ागांव पीएचसी पर मेले का शुभारम्भ विधायक अवधेश सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि कोविड.19 के चलते मार्च से स्वास्थ्य मेला स्थगित कर दिया गया था लेकिन अब एक बार पुनः इसकी शुरुआत हुई है। उन्होने कहा कि सरकार गरीबों के लिये कई जन कल्याणकारी योजनाएं व कार्यक्रम चला रही है। मुख्यमंत्री की पहल से हर तबके के लोगों को छुट्टी के दिन घर के नजदीक आरोग्य मेले के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ देने की योजना बनाई गई है। इसका उद्देश्य गरीबों का इलाज उनके निवास के करीब मिले जिससे उनके समय और आने जाने में होने वाले खर्च से बचत हो सके।

# सीबीएसई स्कूलों के प्रबंधकों के दो दिवसीय सम्मेलन का समापन

- सीबीएसई मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाने के पक्ष में: अनुराग त्रिपाठी
- नई शिक्षा नीति छात्रों के हित में

**वाराणसी।** सीबीएसई सचिव अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि नई शिक्षा नीति अपनाने में थोड़ी परेशानियों का सामना पड़ेगा, लेकिन यह छात्रों की क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी। बच्चों की आंतरिक गुणवत्ता का विकास होगा। छात्र स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकेगें। श्री त्रिपाठी शनिवार को रिंगरोड के पास एक रिजार्ट में सीबीएसई स्कूलों के प्रबंधकों के दो दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन संबोधित कर रहे थे। प्रबंधकों की चिंताओं का संज्ञान में लेते हुए उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने कक्षा आठ तक अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने के पक्ष में है इस बारे में स्थिति तब अधिक स्पष्ट होगी, जब राज्य सरकारों का नोटिफिकेशन जारी होगा। राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में स्कूल प्रबंधन फैसला लेगा। सीबीएसई की क्षेत्रीय अधिकारी श्वेता अरोड़ा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्रों को अपना स्किल विकसित करने का मौका मिलेगा। छात्र क्षेत्रीय भाषा में प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

**बनारस में क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की डिमांड उठी:** पूर्वांचल स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ दीपक मधोक ने वाराणसी व आसपास के जिलों के लिए अलग से क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की मांग की। इसके अलावा टीचर्स टेऊनिंग इंस्टीट्यूट भी होना चाहिए। उनका तर्क था कि वाराणसी व चंदौली को मिलाकर 250 सीबीएसई विद्यालय हैं। इतने सीबीएसई विद्यालय लखनऊ व प्रयागराज में नहीं है।

# भारत विकास परिषद एक सप्ताह तक नेशनल गर्ल चाइल्ड डे मना रहा है

- 24 जनवरी को पूरे देश में एक साथ वर्चुअल कार्यक्रम होगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारत विकास** परिषद के नेशनल वाइस चैयरमैन ब्रह्मानंद पेशवानी, नेशनल सेक्रेट्री डॉ शिप्राधर, डॉ कविता शाह एवं प्रांतीय महिला संयोजिका शशि श्रीवास्तव ने शनिवार को पराड़कर स्मृति भवन में संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि संस्था एक सप्ताह तक नेशनल गर्ल चाइल्ड कार्यक्रम की शुरूआत आज से शुरू हो गई। भारत विकास परिषद काशी प्रांत एनसीआर-2 छह दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार को 40 बच्चियों को हीमोग्लाबिन टेस्ट कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 17 जनवरी को गांव व आसपास के गरीब बच्चियों को गोद लेकर शिक्षा दिया जाएगा जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। 18 जनवरी को संस्कारशाला कार्यक्रम एवं बच्चियों को एक स्किट या नृत्य नाटिका व भाषण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, 19 जनवरी को बच्चियों को स्टेशनरी सामग्री, लोहे की कढ़ाई एवं गुड़, चना आदि सामग्री वितरण करेगीं। 20 जनवरी को इस कड़ाके की ठंड़ में बच्चियों को ऊलेन वस्त्र का चिवतरण होगा एवं 21 जनवरी को बच्चियों का एक संस्कारशाला का आयोजन होगा जिसमें यह बताया जाएगा कि बच्चियां अपने परिवार को कैसे संगठित और सुव्यवस्थित रख सकती हैं इसके अलावा नेशनल गर्ल चाइल्ड डे मनाने का निर्णय लिया है। 24 जनवरी को भारत विकास परिषद पूरे देश में वर्चुअल कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित करेगा तथा महिला एवं बाल विकास प्रकल्प का एक राष्ट्रीय आभासीय आयोजन 'बेटी है तो सृष्टि है के रूप में मनायेगें।

## नीलम को गवर्नर ने दीक्षांत में किया सम्मानित

**वाराणसी।** एंटरप्राइस ब्लॉकचेन सॉल्यूशंस में विश्वस्तरीय डीएलटी लैब्स ने डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालयए उत्तर प्रदेश में सेंटर ऑफएक्सिलेंस स्थापित करने की आज घोषणा की। इस केंद्र की मदद से एकेटीयू के विद्यार्थियों को ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के ज्ञान से लाभान्वित करने में मदद मिलेगी। इसके लिए जल्द ही सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया जाएगा। इस सहमति पत्र के मुताबिकए विश्वविद्यालय आधारभूत ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और डीएलटी लैब्स ब्लॉकचेन की विशेषज्ञता एवं क्लाउड ढांचा सुलभ कराएगा। डीएलटी लैब्स एकेटीयू सेंटर ऑफएक्सिलेंस को सफल बनाने के लिए एक करोड़ रूपये तक की राशि खर्च करने को प्रतिबद्ध है। एकेटीयू के 18वें दीक्षांत समारोह में इस पहल की घोषणा की गई जहां इस विश्वविद्यालय ने डीएलटी लैब्स के संस्थापक और सीटीओ नीरज श्रीवास्तव को विषिश्ट भूतपूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया।

## निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**सफीपुर उन्नाव।** दो अलग अलग स्थानों पर लगाए गए निशुल्क नेत्र शिविर में 190 मरीज आपरेशन के लिए भेजे गए वही 454 मरीजों का परीक्षण कर दवा व परामर्श दिया गया। स्थानीय लोकनिर्माण गेस्ट हाउज में विधायक बम्बालाल दिवाकर द्वारा आयोजित शिविर में 304 मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें 142 लोगो को आपरेशन हेतु चयनित कर आई शंकरा अस्पताल कानपुर के लिए दो बसों से रवाना किया गया। इसके अलावा आई केयर एंड ऑप्टिकल द्वारा बम्हना गांव में निःशुल्क मोतियाबिंद कैम्प का आजयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 लोगो के आंखों की जांच एवम 40 मरीज मोतियाबिंद के लिए चयनित कर आपरेशन के लिए भेजे गये। इस मौके पर विधायक बम्बालाल दिवाकर के अलावा नेत्र विशेषज्ञ डॉ शिवम गौड़ के अलावा ऑप्टोमेट्रिस्ट मनीष साहिल, शुभंकित, शिवा, विपिन, अनुराग उपस्थित रहे।

# शिक्षक की सहभागिता के बगैर राष्ट्र का वर्तमान और भविष्य खतरे में: ओमपाल

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



कार्यक्रम में बोलते हुए अतिथि

**शिक्षक की** सक्रिय सहभागिता के बगैर राष्ट्र का वर्तमान और भविष्य खतरे में है। व्यक्ति समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का दायित्व सदैव महत्वपूर्ण रहा है। कोरोना काल में शिक्षकों का दायित्व निर्वहन काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। यह बातें अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ओम पाल ने कहीं। वह रविवार को ज्वाला देवी इण्टर कॉलेज सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कर्तव्य बोध दिवस विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। ओम पाल ने स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक दर्शन की विशद चर्चा करते हुए कर्तव्य बोध में आत्म गौरव स्वावलंबन एवं आत्म विश्वास के सम्वर्द्धन पर बल दिया तथा शिक्षा के व्यवसायीकरण को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती बताया। अध्यक्षता कर रहे डा बशकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राणा कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। बदलते परिवेश में आध्यात्मिक और लौकिक जीवन के दोनों पक्षों को समानांतर महत्व देना होगा। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री ऋषिदेव त्रिपाठी ने शिक्षक को समाज के श्रेष्ठ शिल्पकार की संज्ञा देते हुए कर्तव्य बोध की निष्ठा को परिभाषित किया। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डा मणि शंकर द्विवेदी तथा विषय प्रवर्तन डा अम्बिका पाण्डेय ने किया। अतिथियों का स्वागत डा मधुकराचार्य त्रिपाठी और आभार ज्ञापन के के सिंह ने किया। इस अवसर पर शिव शंकर सिंह डा रमा सिंह डा जी सी द्विवेदी कामता नाथ डा विमला मिश्रा राम आसरे सिंह डा सुनीता खरे डा सन्तोष शुक्ल अशोक राय राजश्री पाण्डेय मुकेश मिश्र सुरेश सिंह सुरेंद्र पाण्डेय जाह्नवी जोशी पूनम मिश्र राजेश मिश्र शशि कला सिंह पुष्पेन्द्र सिंह बृजभान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सुरेंद्र को भाजपा का एमएलसी प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष, भाजपाइयों ने किया स्वागत



सुरेंद्र चौधरी का स्वागत करते भाजपाई

**प्रयागराज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क बालसन चौराहे पर सुरेंद्र चौधरी को भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी घोषित किए जाने पर भाजपा महानगर के कार्यकर्ताओं के द्वारा सुरेंद्र चौधरी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही यह संभव है कि एक आम कार्यकर्ता को भी शीर्ष स्तर का पद से सुशोभित करके उसका सम्मान बढ़ाने का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने सुरेंद्र चौधरी को बधाई दिया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सुरेंद्र चौधरी को एमएलसी का टिकट देखकर शीर्ष नेतृत्व ने प्रयागराज का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। इस अवसर पर एमएलसी प्रत्याशी सुरेश चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ताओं को विधान परिषद का टिकट देकर मेरा नहीं बल्कि हर कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है और जिस विश्वास के साथ पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है। सुरेंद्र ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के प्रति में ह्रदय से आभार जताया है। जिन्होंने यह अवसर एक कार्यकर्ता को दिया है। इस अवसर पर उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। स्वागत करने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा विवेक अग्रवाल राजेश केसरवानी राजू पाठक बृजेश मिश्रा राजन शुक्ला पार्षद मनोज कुशवाहा अनिल भट्ट श्याम चंद्र हेला श्याम प्रकाश पांडेय मनीष केसरवानी अमर सिंह एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उन्नाव सदर पहली विधानसभा है, जहां के विधायक श्रवण कुमार बनकर क्षेत्र की जनता को तीर्थाटन करा रहे हैं: साक्षी महराज

- हजारों की भीड़ के बीच श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा का हुआ शुभारम्भ, विधायक ने पुत्र के साथ तीर्थयात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों के पैर धोकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर दी विदाई

संवाददाता। उन्नाव

**पूरे हिन्दुस्तान** भर में पहली विधान सभा है उन्नाव सदर, जहां पचास वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों को प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसके लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता को बहुत बहुत साधुवाद। उक्त विचार पौराणिक स्थल जानकी कुंड परियर प्रांगण में आयोजित पंकज गुप्ता श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद हरि स्वरूप साक्षी महराज ने व्यक्त किए। सांसद साक्षी महराज ने कहा कि यह यात्रा का क्रम अनवरत जारी रहेगा ऐसा सदर विधायक ने कहा है। इसके लिए हम सब उनके साथ हैं। उन्होने उपस्थित विधायकों से इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार ने अपने माता पिता को तीर्थाटन कराया था यहां सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा अपने क्षेत्र की समस्त जनता को तीर्थाटन कराने का संकल्प लिया है। इस पुनीत कार्य की जितनी भी सराहना की जाए कम है। आपको बताते चलें कि आदि कवि महर्षि बाल्मीकि की धरती से पंकज गुप्ता श्रवण कुमार तीर्थ यात्रा का मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद साक्षी महराज द्वारा शुभारंभ किया गया। तो मौजूद हजारों के जनसमुदाय की करतल ध्वनि से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा शुरू की गयी यह अनूठी पहल पूरी तरह निःशुल्क है। यहां तक रहने और खाने के प्रबंधन के साथ अयोध्या धाम तक अनवरत धार्मिक सेवा यात्रा की



शुरुआत की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी, मंडल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, सुरेंद्र जायसवाल, आदित्य त्रिपाठी, प्रमोद सिंह पवन, प्रदीप सिंह चौहान, अभय प्रताप सिंह उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विधायक गणों का जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरवा विधायक अनिल सिंह ने कहा कि अपनी धर्म संस्कृति को जानना अति आवश्यक है। भगवान प्रभु श्री राम हम सब के आराध्य उनके जन्मस्थली का दर्शन करना और भी बड़े सौभाग्य की बात है और यह सब सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रयासों से आप सबके लिए अति सुलभ हो गया है। इस कार्य की जितनी भी सराहना की जाए कम है। सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर ने कहा कि पंकज गुप्ता श्रवण कुमार यात्रा वास्तव में पूरे भारत देश में एक मिसाल के रूप में है। अपनी जनता को माता पिता की तरह तीर्थाटन कराना अत्यंत ही पुण्य का उत्तम कार्य है। कार्यक्रम में मौजूद बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने लोगों को बधाई देते हुए पंकज गुप्ता के इस सराहनीय कदम की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आप सब प्रभु श्री राम की जन्मस्थली जाकर उनके विषय में जाने और प्रभु श्री राम के दर्शन कर पुण्य प्राप्त करें साथ ही सदर विधायक पंकज गुप्ता को इस अनोखी पहल के लिए आशीर्वाद भी दें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि प्रभु श्रीराम की प्रेरणा से पंकज गुप्ता श्रवण कुमार यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। हमारी विधान सभा की जनता का आशीष सदैव हम पर बना रहा है। यह उसी का परिणाम है कि 50 वर्ष से ऊपर के लोगों को तीर्थाटन कराने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को प्रणाम करते हुए कहा कि जितना विकास इस कम समय में भाजपा सरकार ने किया है वह 70 सालों में नहीं हो सका था। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है बल्कि पौराणिक स्थल पर उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या के लिए 80 यात्रियों का प्रथम जत्था आज रवाना हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह क्रम अनवरत चलता रहेगा। हर तीसरे दिन 80 यात्री प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु जाते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजकिशोर रावत ने भी सदर विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आप सब सौभाग्यशाली हैं कि आपको ऐसा नेता मिला है। जो अपनी जनता को परिवार मानता है। उन्होंने कहा कि आप सब प्रभु श्री राम के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें। इस कार्य के लिए उन्होंने सदर विधायक पंकज गुप्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भजन लाल निषाद प्रधान बहरौला, राम सजीवन पाल प्रधान परियर, गुड्डू लाला, विनोद निषाद प्रधान देवी पुरवा, अंकुर प्रधान सदमपुर, राम बाबू लोधी, दीन दयाल लोधी, विमल द्विवेदी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुराग अवस्थी द्वारा किया गया।

**मुख्य अतिथि** सांसद साक्षी महाराज का उन्नाव से परियर तक कई जगह स्वागत किया गया। चकलवंशी में प्रवीण मिश्रा भानू की अगुवाई में, बरभौला में पप्पू चंदेल, भीमेश्वर मंदिर पर नीतू सेंगर, नया खेड़ा में दिनेश तिवारी, सुब्बा खेड़ा में दिनेश लोधी एवं जानकीकुंड गेट पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी की अगुवाई में सांसद साक्षी महाराज एवं सदर विधायक पंकज गुप्ता का जोरदार स्वागत किया गया।


**तीर्थाटन पर** जा रहे लोगों के सदर विधायक पंकज गुप्ता एवं उनके सुपुत्र प्रखर गुप्ता द्वारा पैर धोकर, माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेंट कर प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या के लिए रवाना किया गया। सदर विधायक के इस कार्य की लोगों द्वारा खूब सराहना की गई। वहीं भाजपा महिला मोर्चा द्वारा ममता द्विवेदी एवं मंजू शर्मा की अगुवाई में तीर्थ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई।

**शिक्षक संघ ने किया स्वागत:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ द्वारा मुख्य अतिथि सांसद साक्षी महाराज एवं विधायक गणों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही सांसद व विधायक गणों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर अरविंद सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय कनौजिया, जिला महामंत्री सौरभ सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा, सुजीत गुप्ता संगठन मंत्री ,अक्षय कटियार अध्यक्ष सुमेरपुर, गणेश शंकर गुप्ता अध्यक्ष बीघापुर आदि मौजूद रहें।

# भारत के प्रथम मतदाता ने हिमाचल प्रदेश पंचायत चुनाव में अपना वोट डाला

**भाषा।** शिमला

**नजर कमजोर** होने और घुटने में दर्द के बावजूद भारत के प्रथम मतदाता श्याम सरन नेगी रविवार को पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए हिमाचल प्रदेश के किन्नौर स्थित अपने मतदान केंद्र पहुंचे। 103 वर्षीय नेगी ने कल्पा मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला जहां जिला प्रशासन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हिप्र में तीन चरण के पंचायत चुनाव के पहले चरण में रविवार को वोट डाले गए। उपायुक्त हेमरात बैरवा ने नेगी का किन्नौरी टोपी और शॉल भेंट करके सम्मान किया। उपायुक्त ने कहा कि युवा मतदाताओं को नेगी से प्रेरणा लेनी चाहिए जो अपना स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के बावजूद वोट डालने के लिए आए। नेगी ने लोगों के लिए अपने संदेश में कहा कि मतदाताओं को अच्छे और सक्षम उम्मीदवारों का चयन करने के लिए चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेना चाहिए। नेगी ने हिंदी फिल्म सनम रे में भूमिका निभाई थी। वह मतदान का अवसर कभी नहीं चूकते, चाहे पंचायत चुनाव हो, विस या लोस चुनाव। ईमानदार उम्मीदवारों का चयन करने की अपील की।



नेगी को 1952 के आम चुनाव का पहला मतदाता माना जाता है और उनका जन्म एक जुलाई 1917 को हुआ था। वह एक स्कूल शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। निर्वाचन अधिकारी संजीव महाजन ने कहा पहले चरण में रविवार को ।,227 पंचायतों के लिए मतदान हुआ। बाकी दो चरणों में 19 और 21 जनवरी को मतदान होना है। राज्य में 3,615 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से 3,583 के लिए मतदान होगा। लाहौल-स्पीति जिले के कीलोंग के 32 में मतदान नहीं होगा। मतदान के तुरंत बाद वार्ड सदस्यों, उप ग्राम प्रधानों और ग्राम प्रधानों के लिए मतगणना होगी। पंचायत समितियों और जिला परिषदों के सदस्यों के लिए हुए वोट की गिनती 22 जनवरी को की जाएगी।

महाजन ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया 23 जनवरी तक पूरी कर ली जाएगी। उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, पार्टी के चिह्न पर नहीं। इस बीच हिमाचल प्रदेश निर्वाचन आयोग ने कांगड़ा प्रशासन को एक पत्र लिखकर पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची में राज्य के पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा का नाम नहीं होने की जांच करने का आदेश दिया है। निर्चाचन आयोग के सचिव ने कांगड़ा के उपायुक्त को लिखे एक पत्र में सवाल किया है कि धर्मशाला विकास खंड के अंतर्गत आने वाली रक्कर पंचायत की मतदाता सूची में कांग्रेस नेता का नाम कैसे छूट गया। सचिव ने पत्र में कहा, मुझे निर्देश दिया गया है कि मैं आपसे इस संबंध में जांच कराने और इस पत्र की प्राप्ति से सात दिनों के भीतर आयोग को अपनी टिप्पणी के साथ एक रिपोर्ट भेजने का अनुरोध करूं। पिछले सप्ताह राज्य के पूर्व शहरी विकास मंत्री ने आरोप लगाया था कि प्रदेश की लगभग हर पंचायत में सैकड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब हैं। शर्मा ने कहा था कि उनका नाम भी मतदाता सूची से गायब है और ज्यादातर मतदाता जिनके नाम गायब हैं, वे कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करते हैं।




कोलकाता में गुरू गोविन्द सिंह के जन्म दिवस पर जुलूस निकालते हुए सिख समुदाय के लोग

# भारत की जनसांख्यिकीय स्थिति का पूरा फायदा उठाने की जरूरत है: वेंकैया नायडू

**भाषा।** चेन्नई

**भारत** की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनसांख्यिकीय स्थिति है और विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति में तेजी लाने के लिए लोगों को इसका पूरा लाभ उठाने की जरूरत है। यह बात रविवार को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने यहां कही। नायडू ने देश के युवाओं से अपील की कि वे प्रगति को तेज करने और देश के विकास की गाथा लिखने में आगे रहें। उन्होंने यहां राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अबुल कलाम पर एक जीवनी का विमोचन करने के बाद कहा, आज हमारी सबसे बड़ी ताकत जनसांख्यिकीय स्थिति है। उन्होंने कहा, कृषि से लेकर निर्माण तक विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति को तेज करने के लिए हमें इसका पूरा फायदा उठाने और आगामी वर्षों में सतत वृद्धि दर सुनिश्चित करने



की जरूरत है। अबुल कलाम-निनायवुगालुक्कू मारनमिल्लई (अमर स्मृतियां) पुस्तक को दिवंगत राष्ट्रपति की रिश्तेदार ए पी जे एम नजीमा मरइकयार और अंतरिक्ष वैज्ञानिक वाई. एस. राजन ने लिखा है। कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नायडू ने युवकों से अपील की कि वे उनसे प्रेरणा लें और खुद पर विश्वास करें। कलाम आम लोगों के राष्ट्रपति के तौर पर मशहूर थे। उन्होंने कहा कि उन्हें नौकरी खोजने वाला होने के बजाए नौकरी सृजित करने वाला बनना चाहिए।

## अरुणाचल प्रदेश में आग से तीन बच्चों की मौत

**भाषा।** ईटानगर

**अरुणाचल प्रदेश** के कामले जिले में एक घर में आग लगने से तीन बच्चों की मौत हो गई। उपायुक्त हेंगो बासर ने रविवार को बताया कि मृतकों में दस वर्षीय कबाक यानी, सात वर्षीय कबाक नानू और पांच वर्षीय कबाक चाकू शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को इन बच्चों के माता-पिता घर पर नहीं थे, इसलिए वे उन्हें एक रिश्तेदार के घर छोड़ गए थे। उपायुक्त ने कहा कि रात लगभग 11 बजे लगी आग जल्द ही पास के घरों में भी फैल गई जिससे कई लोगों की संपत्ति नष्ट हो गई। स्थानीय विधायक तारिन दाकपे ने घटना पर दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिजनों को एक लाख रुपए का मुआवजा दिया। उन्होंने राज्य सरकार से मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने का आग्रह किया। सूत्रों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

# भाजपा नेताओं ने हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाने को लेकर तांडव पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**भाषा।** मुंबई

**भाजपा** सांसद मनोज कोटक ने हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाने को लेकर एमेजॉन प्राइम वीडियो की सीरीज तांडव पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से प्रतिबंध लगाने का रविवार को अनुरोध किया। कोटक ने इस सिलसिले में जावड़ेकर को एक पत्र लिखा है। वेब सीरीज तांडव में अभिनेता सैफ अली खान, डिंपल कपाड़िया, सुनील ग्रोवर, तिगमांशु धूलिया, डिनो मोर्या, कुमुद मिश्रा, मोहम्मद जीशान अयुब, गौर खान, कृतिका कामरा ने अभिनय किया है। इसका प्रीमियर शुक्रवार को किया गया। फिल्मकार अली अब्बास जफर राजनीति पर आधारित ड्रामे के निर्माता एवं निर्देशक हैं। इसे गौरव सोलंकी ने लिखा है जो आर्टिकल 15 को लेकर जाने जाते हैं। मुंबई उत्तर-पूर्व से सांसद कोटक ने कहा कि इस तरह के मंच पर अक्सर ही हिंदू देवी-देवताओं को अच्छे संदर्भ में नहीं दिखाने की कोशिश की जाती है। कोटक ने कहा, विभिन्न संगठनों और लोगों ने शिकायत की है कि हिंदू देवी-देवताओं का तांडव वेब सीरीज में मजाक उड़ाया गया है। उनके बारे में (आपत्तिजनक) टिप्पणी की गई है। उन्होंने कहा, इसलिए हम जावड़ेकर जी से मांग करते हैं कि वह इस वेब सीरीज पर फौरन प्रतिबंध लगाएं। भावनाओं को ठेस पहुंचाने को लेकर इसके अभिनेताओं, निर्माता और निर्देशक को माफी मांगनी चाहिए।

कोटक ने जावड़ेकर को लिखे पत्र की तस्वीर रविवार को ट्विटर पर साझा की और कहा, डिजिटल सामग्री को नियंत्रित करने वाली कोई स्वायत्त संस्था अभी नहीं है। ऐसे में इस तरह के मंच सेक्स, हिंसा, ड्रग्स, नफरत और अश्लीलता से भरे हुए हैं। कभी-कभी वे धार्मिक भावनाओं को भी आहत करते हैं। उन्होंने 16 जनवरी को लिखे पत्र में कहा, ऐसा लगता है कि इस सीरीज के निर्माताओं ने जानबूझ कर हिंदू देवी-देवाओं का मजाक उड़ाया है और हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान किया है।

## आंध्र प्रदेश में दूसरे दिन 50 फीसदी से भी कम कर्मी टीका लगवाने आए

**अमरावती** (आंध्र प्रदेश), (भाषा)। आंध्र प्रदेश में कोरोना वायरस के टीकाकरण अभियान के दूसरे दिन रविवार को लक्षित लाभार्थियों में से 50 फीसदी से भी कम लोग टीका लगवाने आए। मगर यह संख्या देश में सबसे ज्यादा रही। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, पूरे प्रदेश में 13,041 स्वास्थ्य कर्मियों ने कोविड-19 का टीका लगवाया जबकि लक्ष्य 27,233 लोगों को टीका लगाने का था। समूचे देश में रविवार को छह राज्यों में 17,000 से ज्यादा लोगों को कोरोना वायरस के टीके की खुराक दी गई।

## क्विक न्यूज


### पाक में सर्जिकल स्ट्राइक्स ने जनता को आश्वस्त किया कि भारत मोदी सरकार के नेतृत्व में सुरक्षित: शाह

**बेलगावी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि उरी और पुलवामा में आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक्स ने जनता को आश्वस्त किया कि देश की सीमाएं नरेन्द्र मोदी नीत भाजपा सरकार के नेतृत्व में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि संकल्पबद्ध सरकार ने 2014 और 2019 के बीच उरी और पुलवामा में हुए आतंकी हमलों का कड़ा जवाब दिया था। शाह ने कहा, भाजपा सरकार ने पाकिस्तान के भीतर दो बार सर्जिकल स्ट्राइक की और वहां आतंकवादियों का खात्मा किया। वह कर्नाटक में हालिया पंचायत चुनाव में जीते भाजपा उम्मीदवारों का अभिनंदन करने के लिए आयोजित कार्यक्रम जनसेवक समावेश में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक्स ने जनता को भरोसा दिया कि राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं क्योंकि मोदी प्रधानमंत्री हैं और देश में भाजपा की सरकार है। शाह ने कहा कि कुल 5,470 गांवों में से 3,142 गांवों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। उन्होंने शनिवार को शुरू हुए राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान के संदर्भ में कहा कि दोनों टीके सुरक्षित हैं और इस कवायद पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद नजर रख रहे हैं।

### भारत का पहला श्रमिक आंदोलन संग्रहालय केरल में

**कोच्चि।** विश्व श्रमिक आंदोलन के इतिहास को दर्शाने वाला देश का पहला श्रमिक आंदोलन संग्रहालय केरल के अलाप्पुझा में शुरू किया जाएगा। राज्य के पर्यटन विभाग ने रविवार को कहा कि संग्रहालय में बड़ी संख्या में वे दस्तावेज एवं चीजें प्रदर्शित होंगी जिसने महाद्वीपों में श्रमिक आंदोलनों को आकार दिया और देश विशेष रूप से केरल में श्रमिक आंदोलन के उद्गम स्थल अलाप्पुझा को प्रभावित किया। पोर्ट व कॉयर संग्रहालयों के पास में लेबर मूवमेंट म्युजियम इस वर्ग के संघर्ष और श्रमिकों के संघर्ष को प्रदर्शित करने वाला ऐसा पहला प्रयास होगा। यह पर्यटकों को आकर्षित करने की एक व्यापक परियोजना का भी हिस्सा होगा। संग्रहालय को एलडीएफ सरकार के दूसरे 100-दिवसीय कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर शुरू किया जाएगा। विभाग ने कहा, पूर्व में बॉम्बे कंपनी द्वारा संचालित न्यू मॉडल कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड को लेबर मूवमेंट म्यूजियम में तब्दील किया गया है। विभाग ने कहा कि यह चित्रों, दस्तावेजों और अन्य प्रदर्शनों के माध्यम से विश्व श्रमिक आंदोलन और केरल के श्रमिक आंदोलन के इतिहास को चित्रित करेगा।

### कर्नाटक के कब्जे वाले इलाकों को महाराष्ट्र में शामिल करेंगे: उद्धव



**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार कर्नाटक के उन इलाकों को राज्य में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां मराठी भाषी लोगों की बहुलता है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा कि इस उद्देश्य के लिए बलिदान देने वालों के लिए यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महाराष्ट्र राज्य भाषाई आधार पर बेलगाम तथा अन्य इलाकों पर दावा जताता है जो पूर्ववर्ती बॉम्बे प्रेसिडेंसी का हिस्सा थे लेकिन अब कर्नाटक राज्य में आते हैं। बेलगाम तथा कुछ अन्य सीमावर्ती इलाकों को महाराष्ट्र में शामिल करवाने के लिए संघर्ष कर रहे क्षेत्रीय संगठन महाराष्ट्र एकीकरण समिति ने उन लोगों की याद में 17 जनवरी को शहीदी दिवस मनाया, जो इस उद्देश्य के लिए लड़ते हुए 1956 में मारे गए थे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से ट्वीट किया गया, सीमा विवाद में शहीद होने वाले लोगों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी कर्नाटक के कब्जे वाले मराठी भाषी तथा सांस्कृतिक इलाकों को महाराष्ट्र में शामिल करना। हम इसके लिए एकजुट हैं और हमारी प्रतिज्ञा दृढ़ है। शहीदों के प्रति सम्मान जताते हुए यह वादा करते हैं। कर्नाटक के बेलगाम, कारवार और निप्पनी इलाकों पर महाराष्ट्र यह कहकर दावा जताता है कि इन इलाकों में बहुसंख्यक आबादी मराठी भाषी है।




नई दिल्ली में नए किसान कानून पर किसानों के प्रदर्शन को लेकर सिंघु बार्डर पर सुरक्षा बढ़ाई गई।

# राजस्थान में लगभग दस महीने बाद सोमवार से दोबारा खुलेंगे स्कूल

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से गत दस महीने से बंद स्कूल स्कूल सोमवार को पहली बार दोबारा खुलेंगे। शुरुआत में नौवीं से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं संचालित की जाएगी। राज्य सरकार ने इसके लिए स्कूलों को विस्तृत परिचालन निर्देश जारी किए हैं जिनमें मास्क लगाना अनिवार्य भी शामिल है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पांच जनवरी को हुई समीक्षा बैठक में स्कूलों में 9 से 12वीं तक की कक्षाएं, विवि व महाविद्यालय की अन्तिम वर्ष की कक्षाओं, कोचिंग सेन्टर तथा सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों को 18 जनवरी से खोलने का फैसला किया गया था। इन सभी शिक्षण संस्थानों में प्रत्येक कक्षा में कुल क्षमता का 50 प्रतिशत उपस्थिति पहले दिन तथा शेष 50 प्रतिशत उपस्थिति दूसरे दिन रहेगी। शिक्षकों को संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य सरकार ने सभी संस्थानों में सामाजिक दूरी व मास्क सहित अन्य स्वास्थ्य नियमों का पूरा पालन करने व स्कूलों का संचालन केन्द्र के दिशा-निर्देशों व एसओपी के तहत ही करने को कहा है। राज्य सरकार ने आईएएस व आरएएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई कि वे पहले दिन यानी सोमवार को स्कूलों में जाकर यह देखें कि वहां एसओपी का पालन हो रहा या नहीं। मुख्य सचिव निरंजन आर्य द्वारा जारी इस आशय के आदेश के अनुसार राज्य सरकार ने 18 जनवरी से कक्षा 9-12 के लिए विद्यालय खोलने की अनुमति दी है। जिलों में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा व राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी निकट के उच्च माध्यमिक विद्यालय में जाकर विभाग द्वारा जारी एसओपी की पालना देखेंगे। यह पहल अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए की गई है। कोरोना वायरस संक्रण के चलते राज्य में सभी स्कूल व शिक्षण संस्थान पिछले साल मार्च के अंतिम सप्ताह से ही बंद हैं। इस बीच राजधानी जयपुर में अनेक निजी शिक्षण संस्थानों ने अभिभावकों को एक परिपत्र जारी कर बच्चों को हाथों की साफ सफाई व मास्क लगाए रखने को लेकर जागरूक करने की अपील की है।

# लोकपरंपरा व संस्कृति के रंगों से सराबोर हुई कुंभनगरी हरिद्वार

**देहरादून।** आगामी कुंभ के लिए तैयार हो रही धर्म नगरी हरिद्वार लोक परंपराओं व संस्कृति के रंगों से सराबोर हो उठी है जो श्रद्धालुओं के मन में आस्था का भाव जागृत करने के साथ ही उन्हें यहां की पौराणिक विरासत से भी रूबरू कराएगी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इस संबंध में कहा कि राज्य सरकार दिव्य और भव्य कुंभ के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रयास किए जा रहे हैं कि यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालु उत्तराखंड की लोक व सांस्कृतिक विरासत से भी रूबरू हों।

देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे गंभीर प्रयासों के तहत कुंभ के दौरान चित्रकला के जरिए इसे दर्शाया जा रहा है। हरिद्वार- रुड़की विकास प्राधिकरण के पेंट माई सिटी अभियान ने हरिद्वार की फिजा ही बदल दी है। यहां दीवारों व खाली स्थानों पर देवभूमि की परंपराओं और संस्कृति के रंग उकेरे गए हैं। कहीं देवी-देवताओं, धार्मिक परम्पराओं के तो कहीं लोक संस्कृति के चित्र सजीव हो उठे हैं।

कुंभ क्षेत्र में सरकारी भवनों समेत पुल, घाट आदि की दीवारों को धार्मिक मान्यताओं के पौराणिक और सांस्कृतिक चित्रों से सजाया गया है। इसके पीछे का उद्देश्य यही है कि देश और दुनिया से आए श्रद्धालुओं के मन में आस्था भाव जागृत होने के साथ ही वे यहां की परंपरा, संस्कृति और पौराणिक विरासत से भी रूबरू हो सकें।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और हरिद्वार के स्थानीय विधायक मदन कौशिक ने बताया कि कुंभ मेला क्षेत्र को चित्रकला से सजाने में विभिन्न संस्थाओं का सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि कुंभ की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और इस बार का कुंभ दिव्य और भव्य होगा।

# रेडियो राब्ता ने दक्षिण कश्मीर में किया नई उम्मीदों का संचार

**भाषा।** अनंतनाग

**उर्दू में हेलो** यह दिल से दिल तक है की घोषणा के साथ दक्षिण कश्मीर के अपने श्रोताओं से रूबरू होने वाला रेडियो राब्ता सामुदायिक स्टेशन आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में उम्मीदों का नया संचार कर रहा है। रेडियो न सिर्फ लोगों का मनोरंजन कर रहा है, बल्कि स्थनीय लोगों को अपनी शिकायतें उठाने का मंच भी उपलब्ध करा रहा है। स्थानीय लोगों के सपनों को पूरा करने में मदद करती रही सेना ने घाटी के युवाओं, खासकर दक्षिण कश्मीर के युवाओं तक पहुंचने के प्रयास के तहत अनंतनाग में सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो राब्ता (कनेक्ट) की स्थापना की है।

अनंतनाग में सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना करना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेना की पंद्रहवीं कोर के जनरल ऑफिसर इन कमांड लेफ्टिनेंट जनरल बी एस राजू का दृष्टिकोण था। नए साल से यह सपना दो रेडियो जॉकियों- उमर निसार तथा आयशा गौहर के साथ हकीकत में तब्दील हो गया। रेडियो राब्ता 90.8 एफएम दिल से दिल तक सिर्फ पुलवामा जिले की आवाज ही नहीं बना है, बल्कि इसकी पहुंच आसपास के 20 किलोमीटर के दायरे में है जिसमें दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और कुलगाम जिलों के हिस्से आते हैं।

बौद्धिक संपदा अधिकार हासिल करने के बाद स्टेशन हिंदी और पंजाबी गीत प्रसारित कर रहा है। निसार का कहना है, कश्मीरी संगीत का अधिकार मिलने के बाद जल्द ही हम कश्मीरी संगीत प्रसारित करेंगे। दोनों रेडियो जॉकी लोगों को यातायात की स्थिति और मौसम की जानकारी जैसी सूचनाएं भी उपलब्ध कराते हैं तथा साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं, खासकर युवाओं के साक्षात्कार भी प्रसारित करते हैं।

पहलगाम स्थित ईडन होटल के महाप्रबंधक उमर मलिक का कहना है, इससे कम से कम हमें यह जानने में तो मदद मिली है कि हमारे आसपास क्या चल रहा है। बिजबेहड़ा में सेबों के बागान के मालिक इसाक भट का भी ऐसा ही मानना है। उनका कहना है, रेडियो राब्ता भीषण सर्दी के दौरान सड़कों और बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं सहित आम आदमी से जुड़े स्थानीय मुद्दों को उठाने में सक्षम होगा।

प्रथम सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना के लिए आवश्यक साजो-सामान विक्टर फोर्स ने उपलब्ध कराया जो सेना की पंद्रहवीं कोर का हिस्सा है और जिसके पास विशेष तौर पर दक्षिण कश्मीर तथा मध्य कश्मीर में आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने की जिम्मेदारी है। अपनी व्यस्तता से समय निकालकर विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल राशिम बाली नियमित तौर पर रेडियो राब्ता को सुनते हैं। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास युवाओं के सपने को बड़ा बनाने, तथा फिर उन्हें उनके सपने को पूरा करने में सक्षम बनाने का है। बाली ने कहा, हमारे रेडियो जॉकियों की शानदार आवाज आज दक्षिण कश्मीर में धड़कती है। वे न सिर्फ स्थानीय लोगों को खुशी प्रदान करते हैं, बल्कि हमें उन पर अत्यधिक गर्व भी है।

# स्मारकों के संरक्षण को लेकर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने केंद्र और अन्य से एक याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि फतेहपुर सीकरी में प्राचीन स्मारकों के संरक्षण के लिए अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं और प्राचीन शहर के समन्वित विकास के लिए योजना लागू करने का निर्देश देने की मांग की। न्यायमूर्ति एस. ए. बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र, उत्तरप्रदेश सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर उनका जवाब मांगा जिसमें दावा किया गया है कि अधिकारी फतेहपुर सीकरी में अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर लगाम कसने में विफल रहे हैं।

पीठ में न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यम भी शामिल थे जिन्होंने पिछले हफ्ते आदेश पारित किया, नोटिस जारी किया जाए। याचिका में कहा गया है कि फतेहपुर सीकरी के आसपास कई स्मारक हैं जिनका संरक्षण और देखभाल एएसआई के जिम्मे है। फतेहपुर सीकरी निवासी अमरनाथ पाराशर ने याचिका दायर कर कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पहले आदेश पारित किया था और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्राचीन शहर और स्मारकों के संरक्षण के लिए कदम उठाए जाएं।

## राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग में अध्यक्ष नियुक्त

**जयपुर।** राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बनवारी लाल शर्मा को राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। एक सरकारी बयान के अनुसार यह पद रिक्त था जिस पर राजस्थान उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बनवारी लाल शर्मा को नियुक्त किया गया है। उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि अध्यक्ष पद पर नियुक्ति चार वर्ष के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक के लिए की गई है।

# किसानों की आय दोगुना करना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताः अमित शाह

**भाषा।** बागलकोट (कर्नाटक)

**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि किसानों की आय को दोगुना करना केन्द्र सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और तीन केंद्रीय कृषि कानून उनकी आय में कई गुना वृद्धि सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए बजट और विभिन्न फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया था।

शाह ने राज्य में इस जिले के केराकलमट्टी गांव में एक कार्यक्रम में कहा, मैं बताना चाहता हूं कि अगर केन्द्र सरकार की कोई बड़ी प्राथमिकता है तो वह किसानों की आय को दोगुना करना है। कर्नाटक के मंत्री मुरुगेश आर निरानी की अध्यक्षता वाले समूह एमआरएन की किसान-हितैषी परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद शाह ने किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों को गिनाया। गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाया कि वह किसानों के लिए प्रतिवर्ष छह हजार रुपए की सहायता और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसे कदम क्यों नहीं उठा सकी। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि पार्टी (कांग्रेस) की मंशा सही नहीं थी। शाह ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के लिए समर्पित सरकार है। केन्द्र सरकार जो तीन नए कानून लाई हैं, जिन्हें कर्नाटक सरकार ने भी पारित किया है ... मैं इसके लिए एदियुरप्पा को बधाई देना चाहता हूं। इनके कारण किसान की आय कई गुना बढ़ जाएगी। गौरतलब है कि इन तीन नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर किसान विशेषकर पंजाब और हरियाणा के किसान दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि किसान अपनी उपज को एक स्थान पर बेचने के लिए अब मजबूर नहीं है और अपनी फसलों को वैश्विक और भारतीय बाजारों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 70 वर्षों में कश्मीर में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए के प्रावधानों को निरस्त करने का साहस किसी में नहीं था।

शाह ने कहा, आप लोगों ने मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और पांच अगस्त, 2019 को उन्होंने कश्मीर से अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए हटा दिया और इसे स्थाई रूप से भारत के साथ जोड़ दिया। वहां चुनाव भी खून की एक बूंद बहाए बिना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए है और कश्मीर स्थाई रूप से हमारा बन गया है। उन्होंने कहा कि एमआरएन समूह की परियोजनाओं में इथेनॉल इकाई का विस्तार शामिल है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इथेनॉल उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दे रही है क्योंकि इससे किसानों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। शाह ने कहा, हमारी ज्यादातर विदेशी मुद्रा तेल -पेट्रोल और डीजल-आयात पर खर्च हो जाती हैं और इसका एक विकल्प इथेनॉल है जो गन्ने का उपोत्पाद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इथेनॉल के बढ़ते उत्पादन और इसके उपयोग को बढ़ावा दिया है क्योंकि यह किसानों की आय में वृद्धि करेगा, चीनी मिलों को फायदा पहुंचाएगा और विदेशी मुद्रा की बचत करेगा। उन्होंने लोगों से भाजपा और मोदी के लिए अपना समर्थन और आशीर्वाद जारी रखने को भी कहा ताकि आत्मनिर्भर भारत बनाने के एजेंडे को जारी रखा जा सके।



बागलकोट के केराकलामट्टी में एक गाय की पूजा करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

## कुमारस्वामी ने शाह पर कन्नड़ की अनदेखी का आरोप लगाया

**भाषा।** बेंगलुरु

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह पर कन्नड विरोधी रवैया रखने का आरोप लगाते हुए जेडीएस नेता एच डी कुमारस्वामी ने रविवार को उनसे यह स्पष्ट करने को कहा कि भद्रावती में आरएएफ की इकाई में शिलान्यास पट्टिका पर कन्नड भाषा को जगह क्यों नहीं दी गई।

इस मामले में मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा और उप मुख्यमंत्री गोविंद करजोल पर निशाना साधते हुए कुमारस्वामी ने ट्वीट किया कि जो लोग अपनी भूमि और भाषा के सम्मान और मर्यादा की अनदेखी सहते हैं वे सरकार चलाने के लिहाज से उपयुक्त नहीं हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पर कन्नडिगा लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप भी लगाया। शाह ने शनिवार को शिमोगा जिले के भद्रावती के पास द्रुत कार्य बल (आरएएफ) के नए बटालियन परिसर की आधारशिला रखी थी। इस दौरान एदियुरप्पा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और करजोल आदि उपस्थित थे। कुमारस्वामी ने ट्वीट किया, शिलान्यास के अवसर पर लगाई गई पट्टिका पर केवल हिंदी और अंग्रेजी में लिखा गया है।

यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कर्नाटक में रखी गई आधारशिला में कन्नड की अनदेखी की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शाह के कन्नड-विरोधी रुख को दर्शाता है और यह कन्नडिगा लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा, केंद्र की आरएएफ इकाई के लिए भूमि कर्नाटक ने दी है।

## ईडी ने धनशोधन मामले में चीन के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनुमानतः 1,000 करोड़ रुपए के एक कथित हवाला रैकेट से जुड़े घोटाले में अपनी धनशोधन जांच के सिलसिले में चीन के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने चार्ली पेंग उर्फ लुओ सांग (42) और कार्टर ली को 15 जनवरी को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया। उन्हें शनिवार को यहां एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उन्हें 14 दिन की हिरासत में भेज दिया। पेंग के खिलाफ ईडी का मामला पिछले साल की एक आयकर विभाग की जांच और 2018 में उसके खिलाफ दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी से उपजा है। पेंग का नाम पिछले साल हिमाचल प्रदेश में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने के संबंध में सामने आया था, जो कथित तौर पर उसके निर्देश पर तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की गतिविधियों पर नज़र रख रहे थे।

# धूम्रपान करने वालों और शाकाहारियों में कोविड-19 के लिए सीरो पॉजिटिविटी कम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीएसआईआर सर्वेक्षण**

**वैज्ञानिक** तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा अपने करीब 40 संस्थानों में किए गए अखिल भारतीय सीरोसर्वे के अनुसार धूम्रपान करने वालों और शाकाहारियों में कम सीरो पॉजिटिविटी पाई गई जो यह दर्शाता है कि उन्हें कोरोना वायरस से संक्रमित होने का कम जोखिम हो सकता है। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि रक्त समूह ओ वाले लोग संक्रमण के प्रति कम संवेदनशील हो सकते हैं, जबकि बी और एबी रक्त समूह वाले लोग अधिक जोखिम में हो सकते हैं। सीएसआईआर ने एसएआरएस-सीओवी-2 के प्रति एंटीबॉडी की मौजूदगी का आकलन करने के अपने अध्ययन के लिए अपनी प्रयोगशालाओं या संस्थानों में काम करने वाले 10,427 वयस्क व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वैच्छिक आधार पर नमूने लिए। सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी), दिल्ली द्वारा संचालित अध्ययन में कहा गया है कि 10,427 व्यक्तियों में से 1,058 (10.14 प्रतिशत) में एसएआरएस-सीओवी -2 के प्रति एंटीबॉडी थी। आईजीआईबी में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्ययन के सह-लेखक शांतनु सेनगुप्ता ने कहा कि नमूनों में से 346 सीरो पॉजिटिव व्यक्तियों की तीन महीने के बाद की गई जांच में पता चला कि उनमें एसएआरएस-सीओवी -2 के प्रति एंटीबॉडी स्तर स्थिर से लेकर अधिक था लेकिन वायरस को बेअसर करने के लिए प्लाज्मा गतिविधि में गिरावट देखी गई। उन्होंने कहा कि 35 व्यक्तियों की छह महीने में दोबारा नमूने लिए जाने पर एंटीबॉडी के स्तर में तीन महीने की तुलना में गिरावट जबकि बेअसर करने वाली एंटीबॉडी का स्तर स्थिर देखा गया। हालांकि सामान्य एंटीबॉडी के साथ ही बेअसर करने वाला एंटीबॉडी का स्तर जरूरत से अधिक था।

अध्ययन में कहा गया है, हमारा निष्कर्ष कि धूम्रपान करने वालों के सीरो पॉजिटिव होने की संभावना कम है, सामान्य आबादी से पहली रिपोर्ट है और इसका सबूत है कि कोविड-19 के श्वसन संबंधी बीमारी होने के बावजूद धूम्रपान बचावकारी हो सकता है। इस अध्ययन में फ्रांस से दो अध्ययनों और इटली, न्यूयॉर्क और चीन से इसी तरह की रिपोर्टों का हवाला दिया गया है जिसमें धूम्रपान करने वालों के बीच संक्रमण की दर कम बताई गई थी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की तैयारी

**भाषा।** नई दिल्ली

● **डेढ़ दर्जन राज्यों ने अध्ययन का काम किया पूरा**

**नई** राष्ट्रीय शिक्षा नीति को कार्यान्वित करने के लिए केंद्र और राज्यों ने तैयारी शुरू कर दी है। नई नीति पर डेढ़ दर्जन राज्यों ने अध्ययन और सुझाव तैयार करने का काम लगभग पूरा कर लिया है, वहीं शिक्षा मंत्रालय नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एक समीक्षा समिति तथा एक कार्यान्वयन समिति गठित करने जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने अपने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन की समीक्षा भी की थी।

मंत्रालय के अधिकारियों ने भाषा को बताया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन में राज्य प्रमुख पक्षकार हैं और इस दिशा में सभी राज्य कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ दर्जन राज्यों ने इस दिशा में कार्यबला समिति गठित कर अध्ययन एवं सुझाव तैयार करने के काम लगभग पूरा कर लिया है। इस बीच, केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने सभी पक्षकारों से नीति के कार्यान्वयन को लेकर 25 जनवरी 2021 तक सुझाव देने अपील की है। मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उच्च शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक समीक्षा समिति तथा एक कार्यान्वयन समिति गठित करने का सुझाव दिया है।

राज्यों की ओर से भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को लेकर तेजी से कदम उठाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को समग्र रूप से प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में क्रियान्वित करने के लिए उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में गठित कार्य बल की कई बैठकें हुई हैं। इसमें बुनियादी शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की दिशा में कार्यवाही की 150 पृष्ठ की संकलित रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए गठित संचालन समित द्वारा अब तक 30 बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। नई नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने पर भी काम हो रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू करने को लेकर उत्तराखंड सरकार ने कार्य बल का गठन किया था। कार्य बल ने नई नीति के मुताबिक जरूरी बदलावों का अध्ययन किया है और यह अपना सुझाव जल्द पेश करेगा।

असम सरकार ने पिछले वर्ष एक अगस्त को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए 40 सदस्ईय समिति की घोषणा की थी। समिति की कई बैठकें हो चुकी हैं और रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अक्तूबर महीने में ओडिशा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अध्ययन करने और सुझाव देने के लिए छह उप समितियों और एक कार्यबल का गठन किया था। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री शाश्वत मिश्रा ने हाल में संवाददाताओं को कहा था कि समितियों ने अपनी सिफारिशें दे दी हैं।

कर्नाटक में पूर्व मुख्य सचिव एस पी रंगनाथ की अध्यक्षता वाले कार्यबल ने राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर विचार करने के बाद मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा को रिपोर्ट सौंप दी है। समिति ने प्रदेश सरकार को राज्यभर में विशेष शिक्षा क्षेत्र स्थापित करने का सुझाव दिया है। पश्चिम बंगाल, केरल, मेघालय ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर विचार करने के लिए समिति का गठन किया था। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड जैसे राज्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर कुछ सवाल उठाए हैं। वहीं, गोवा सरकार ने भी नई नीति पर विचार करने के लिए उप समितियों का गठन किया था और इस संबंध में रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले साल 19 सितंबर को मंत्रालय ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं केंद्रीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों के निदेशकों की विजिटर्स कांफ्रेंस आयोजित की थी।

# फरवरी तक करीब तीन करोड़ अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं के टीकाकरण का लक्ष्य : डॉ. हर्षवर्द्धन

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा है कि कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत कोरोना वायरस के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे कर्मियों (फ्रंट लाइन वर्कर्स) को टीका लगाने का काम फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि राज्यों से 26 जनवरी तक ऐसे कर्मचारियों के आंकड़े डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड करने को कहा गया है।

डॉ. हर्षवर्द्धन ने भाषा से साक्षात्कार में कहा, पहले चरण के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाने का काम 16 जनवरी से शुरू हुआ है। दूसरे चरण के तहत अन्य फ्रंट लाइन वर्कर्स को टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, राज्यों से कहा गया है कि 26 जनवरी तक वायरस के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे अन्य कर्मचारियों के आंकड़े डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड करें। इसके बाद इन्हें टीका लगाने का काम शुरू किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि



स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाने का कार्य शुरू करने से पहले भी राज्यों से 12 जनवरी तक डाटा अपलोड करने को कहा गया था और उसके बाद ही 16 जनवरी से टीका लगाने का काम शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों के स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंट लाइन वर्कर्स की संख्या करीब-करीब तीन करोड़ होती है और इनके टीकाकरण कार्य फरवरी तक पूरा किए जाने की उम्मीद है।

मंत्री ने कहा, हम कोई नियत तिथि नहीं बता सकते लेकिन जून-जुलाई तक 30 करोड़ लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। हर्षवर्द्धन ने बताया कि टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण में 50 वर्ष से ऊपर के लोगों को टीका लगाया जाएगा और चौथे चरण में 50 वर्ष से नीचे आयु के लोगों का टीकाकरण होगा। उन्होंने कहा कि इस टीकाकरण अभियान में सबसे अहम बात टीका लगवाने वालों की पहचान और निगरानी की है। इसके लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए को-विन नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आधार की मदद से लाभार्थियों की पहचान भी की जाएगी और उनको दूसरी खुराक समय पर मिले ए भी सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कोविड-19 टीकों को इस संक्रामक रोग के खिलाफ लड़ाई में संजीवनी बताया और लोगों से सुनी-सुनाई बातों पर ध्यान नहीं देने और विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों पर भरोसा करने की अपील की। कोवैक्सीन टीके को लेकर कुछ नेताओं द्वारा सवाल उठाने के बारे में पूछे जाने पर डॉ. हर्षवर्धन ने कहा, पूरा देश जीवन के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रहा है। लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है। वैसे चंद लोग जो इस प्रक्रिया की प्रमाणिकता पर सवाल उठाते हुए दूसरों को गुमराह कर रहे हैं।

# अदालतों को सार्वजनिक आलोचना जांच स्वीकार करनी चाहिएः साल्वे

**भाषा।** अहमदाबाद

**उच्चतम** न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि अदालतों को शासन प्रणाली की संस्थाओं के तौर पर सार्वजनिक जांच पड़ताल तथा आलोचनाओं को स्वीकार करना चाहिए।

अहमदाबाद में आयोजित व्याख्यान को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए शनिवार को साल्वे ने कहा कि न्यायाधीशों, न्यायिक मर्यादाओं और कार्यप्रणाली के तरीकों की आलोचना से अदालत नाराज नहीं होतीं और जिस लहजे में इस तरह की आलोचनाएं की जाती हैं वह हल्के फुल्के अंदाज में होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आज हमने यह स्वीकार कर लिया है कि न्यायाधीश, या कहें अदालतें और खासकर संवैधानिक अदालतें शासन प्रणाली की संस्थाएं बन गई हैं और इस नाते उन्हें सार्वजनिक जांच पड़ताल तथा सार्वजनिक आलोचनाओं को स्वीकार करना चाहिए। साल्वे ने कहा, हमने यह हमेशा माना है कि अदालतों के



फैसलों की आलोचना की जा सकती है, ऐसी भाषा में की गई आलोचना भी जो विनम्र न हो। अतः फैसलों की निंदा हो सकती है। क्या हम निर्णय निर्धारण की प्रक्रिया की निंदा कर सकते हैं? क्यों नहीं? वरिष्ठ अधिवक्ता 16वें पीडी देसाई स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे जिसका विषय था न्यायपालिका की आलोचना, मानहानि का न्यायाधिकार और सोशल मीडिया के दौर में इसका उपयोग। व्याख्यान में उन्होंने कहा, सूर्य की तेज रोशनी के उजाले तले शासन होना चाहिए। मेरा मानना है कि ऐसा वक्त आएगा जब उच्चतम न्यायालय सरकारी गोपनीयता कानून के बड़ी संख्या में प्रावधानों पर गंभीरता से विचार करेगा और देखेगा कि वे लोकतंत्र के अनुरूप हैं या नहीं।

# चेहरा घोषित नहीं किया तो भाजपा पड़ सकती है भारी

● **जिम्मेदारी मिली तो पूरी तरह निभाऊंगाः हरीश रावत**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने राज्य में पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की जरूरत पर फिर से जोर देते हुए रविवार को कहा कि अगर पार्टी उन्हें यह जिम्मेदारी देती है तो इसे पूरी तरह निभाएंगे, लेकिन किसी दूसरे का चयन करती है तो भी वह उसका पूरा सहयोग करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया तो भाजपा अपने संगठन और धनबल की बदौलत आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर भारी पड़ सकती है। पिछले दिनों 72 वर्षीय रावत ने सार्वजनिक रूप से यह टिप्पणी की थी कि पार्टी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करना चाहिए। इसके बाद वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कुछ नेताओं के निशाने पर



आ गए। इसे कांग्रेस में गुटबाजी के तौर पर भी देखा जा रहा है। उत्तराखंड में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होना है। कांग्रेस महासचिव रावत ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, पार्टी के सामने चुनाव में कोई असमंजस नहीं होना चाहिए और जनता के सामने यह स्पष्ट होना चाहिए कि कौन चेहरा है। कांग्रेस के लिए यह जरूरी है क्योंकि भाजपा हर चुनाव को मोदी बनाम कांग्रेस के स्थानीय नेता बना देती है। चुनाव को स्थानीय मुद्दों पर लाने के लिए चेहरे की जरूरत है।

उन्होंने कहा, अमरिंदर सिंह को पंजाब में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया तो हमें फायदा हुआ। हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम आगे किया तो हारा हुआ लग रहे चुनाव में हम बराबर की लड़ाई में आ गए। शीला दीक्षित को आगे किया तो दिल्ली में लोकसभा चुनाव में हम नंबर दो पर रहे। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि चेहरा होने से असमंजस नहीं रहेगा जिसका हमें फायदा होगा रावत के मुताबिक, पहले कांग्रेस में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की परंपरा थी, लेकिन फिर इसमें बदलाव कर दिया गया। अब हालात बदल रहे हैं तो इस परंपरा को बदलना चाहिए। चेहरा जल्द घोषित करना चाहिए।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं तो उन्होंने कहा, मेरी दावेदारी का सवाल नहीं है। अगर किसी और नाम को भी घोषित करते हैं तो मैं साथ खड़ा हूं। लेकिन मैं राजनीति में हूं और किसी जिम्मेदारी से इनकार कैसे कर सकता हूं। इस सवाल पर कि जिम्मेदारी मिलने की स्थिति में उनका क्या रुख होगा तो पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इसे पूरी तरह निभाऊंगा। अपने अलावा अन्य नामों के बारे में पूछे जाने पर रावत ने कहा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष (प्रीतम सिंह) का स्वाभाविक नाम है, विधायक की दल की नेता (इंदिरा हृदएश) का स्वाभाविक नाम है।

# पेज 1 का शेष

## पहले ही...

रिपोर्टों में कहा गया है कि हरियाणा में भी 13 ऐसे केस मिले हैं। सरकार के निगरानी तंत्र द्वारा प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं पर पैनी नजर रखी जा रही है। अगनानी ने कहा कि रविवार को केवल छह राज्यों में टीकाकरण अभियान चलाया गया और 553 सत्रों में 17,072 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। इन छह राज्यों में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मणिपुर तथा तमिलनाडु शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ अभियान की प्रगति की समीक्षा, समस्याओं की पहचान तथा कुछ राज्यों में को-विन प्लेटफार्म के संचालन में दिक्कत पेश आने जैसी तकनीकी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में उसमें सुधार की योजनाओं पर चर्चा हुई। सरकार के मुताबिक पहले चरण में एक करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और करीब दो करोड़ फ्रंटलाइन वर्करों को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद 50 साल से ऊपर तथा 50 साल से कम उम्र के उन लोगों को टीका लगाया जाएगा जिन्हें पहले से कोई बीमारी है।

## कोविशील्ड व...

पूर्व शर्त नहीं होनी चाहिए, जैसा कि कुछ देशों में किया जा रहा है। फोरम ने अपने मेमोरेंडम में कहा कि दोनों वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल चरण-3 के आंकड़ों का मूल्यांकन पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए और तीसरे चरण का ट्रायल पूरा होने के बाद ही आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी के बारे में निर्णय लिया जाना चाहिए। डीसीजीआई ने इस महीने की शुरुआत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक द्वारा विकसित दो टीको कोविशील्ड और कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। इसके बाद पूरे देश में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। हालांकि, फोरम ने आरोप लगाया कि टीके को मंजूरी दिए जाने की पूरी प्रक्रिया में अत्यधिक पर्दादारी बरती गई। जाहिर तौर पर यह अवैज्ञानिक है।

## 26 जनवरी...

गणतंत्र दिवस समारोह में किसी तरह की बाधा न आये। यह मामला अदालत में लंबित है। एक अन्य किसान यूनियन नेता दर्शन पाल सिंह ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) उन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर रही है जो विरोध प्रदर्शन का हिस्सा हैं या इसका समर्थन कर रहे हैं। पाल ने कहा कि सभी किसान यूनियन इसकी निंदा करती हैं।' पाल का इशारा एनआईए द्वारा उन समन की ओर था जिन्हें प्रतिबंधित संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस संगठन से जुड़े एक मामले में किसान यूनियन नेता को कथित तौर पर जारी किया गया है। मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों किसान दिल्ली के विभिन्न बार्डर पर एक महीने से ज्यादा समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने इन कानूनों को किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख कृषि सुधारों के रूप में प्रस्तुत किया है, लेकिन प्रदर्शनकारी किसान चिंता जता रहे हैं कि ये कानून न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और 'मंडी' व्यवस्था को कमजोर करेंगे उन्हें बड़े कोरपोरेट की दया पर छोड़ देंगे। सरकार का कहना है कि ये आशंकाएं गलत हैं। सरकार कानूनों को निरस्त करने से इनकार कर चुकी है।

## लचीला रुख...

नियुक्त की थी। तोमर ने कहा कि सरकार ने कुछ रियायतों की पेशकश की थी, लेकिन किसान नेताओं ने लचीला रुख नहीं दिखाया और वे लगातार कानूनों को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार पूरे देश के लिए कानून बनाती है। कई किसानों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों ने कानूनों का समर्थन किया है। केन्द्र और 41 किसान यूनियनों के बीच अब तक नौ दौर की वार्ता हो चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है।

## एटीएस ने...

से सिम खरीदते थे। उस एक्टिवेट सिम से बैंकों में ऑनलाइन खाते खोलते थे। फिर आपराधिक गतिविधियों से प्राप्त धनराशि को उन खातों में डालकर कुछ ही समय में कार्डलेस ट्रांजेक्शन कर लेते थे। इन सभी लोगों ने लगभग 1500 सिम का इस्तेमाल किया है। करीब 50 लाख रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। एटीएस को सूचना मिलने पर गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में संभल निवासी मोहम्मद फहीम, सैमुल हसन, हरिओम अरोड़ा, चंद्रकिशोर, तरुण सूर्या, पीयूष वार्ष्णेय, मुरादाबाद निवासी प्रेम सिंह, अमरोहा निवासी अंशुल कुमार और चंदौसी निवासी प्रशांत गुप्ता हैं। इन नौ के अलावा पांच अभियुक्त एटीएस की नोएडा शाखा ने गिरफ्तार किए हैं जिन्हें लखनऊ लाया जा रहा है। एटीएस की अब तक की जांच में सामने आया है कि इन खातों में भेजी गई रकम को कई एटीएम से कार्डलेस ट्रांजेक्शन के माध्यम से निकाला गया है। खातों में विदेश से भी रकम भेजी गई है। खातों में रकम कहां-कहां से भेजी गई और उसे निकालकर कहां इस्तेमाल किया गया, एटीएस फिलहाल इसकी गुत्थी सुलझाने में जुटी है। इन खातों में टेरर फंडिंग व हवाला से जुड़ी रकम को जमा कराए जाने के साथ ही गिरोह के देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने की आशंका के चलते एटीएस अपनी छानबीन के कदम तेजी से आगे बढ़ा रही है।

## स्टैच्यू ऑफ...

प्रौद्योगिकी में आत्म-निर्भरता पर ध्यान दे रही है, जो बदलाव का बड़ा कारण है। मोदी ने कहा कि नए रेल संपर्कों से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आने वाले पर्यटकों के अलावा स्थानीय निवासियों को भी बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा, केवड़िया अब गुजरात के एक सुदूर इलाके में स्थित छोटा सा क्षेत्र नहीं रह गया है, बल्कि यह दुनिया के सबसे बड़े पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। मोदी ने कहा, कोरोना वायरस के दौरान महीनों तक सबकुछ बंद रहने के बावजूद केवड़िया आने वाले पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि केवड़िया रेलवे स्टेशन यह सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयासों का उदाहरण है कि रेलवे पर्यावरण अनुकूल रहे। जिन आठ ट्रेनों को हरी झंडी दी गई है, उनमें शामिल एक ट्रेन अहमदाबाद-केवड़िया जन शताब्दी एक्सप्रेस में विस्टाडोम पर्यटन कोच की सुविधा उपलब्ध है, जिसकी छत पर शीशे लगे हैं। छत पर शीशे लगे होने के कारण इस कोच में बैठे यात्री बाहर का खूबसूरत नजारा और बेहतर तरीके से देख सकेंगे। मोदी ने कहा, देश के जिस हिस्से में रेलवे की संपर्क सुविधाएं नहीं थी, अब वहां भी रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण के कारण संपर्क सुविधाएं है। पुराने रेल मार्गों को बड़ी रेल लाइनों में बदलने और विद्युतीकरण का काम पहले से कहीं अधिक तेजी से हो रहा है।

# औरंगाबाद का नाम बदलने के मुद्दे पर शिवसेना-कांग्रेस में ठनी

**मुंबई।** औरंगाबाद शहर का नाम बदलने को लेकर महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार में शामिल शिवेसना और कांग्रेस के बीच ठन गई है। दोनों दलों में रविवार को तीखी बहस हुई। जहां शिवसेना ने तल्ख तेवर दिखाते हुए कहा कि यदि किसी को क्रूर एवं धर्मांध मुगल शासक औरंगजेब प्रिय लगता है तो इसे धर्मनिरपेक्षता नहीं कहा जा सकता। वहीं, पलटवार करते हुए कांग्रेस ने शिवसेना और विपक्षी भाजपा पर नाम बदलने को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष बालासाहेब थोराट ने हालांकि कहा कि राज्य में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की एमवीए सरकार स्थिर है। सरकार न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीएमपी) के अनुसार काम करती है और भावुकता की राजनीति के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। राज्य की पूर्ववर्ती सरकार में सहयोगी रहीं शिवसेना और भाजपा औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के नाम पर संभाजीनगर रखने के लिए आधार बना रही हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक कॉलम में पार्टी के सांसद संजय राउत ने कहा कि औरंगजेब धर्मनिरपेक्ष नहीं था बल्कि एक क्रूर प्रशासक था।

### जमशेदपुर को हराकर पांचवें स्थान पर पहुंची नार्थईस्ट की टीम

**वास्को।** आशुतोष मेहता और देशोर्न ब्राउन सीनियर के गोल के बूते नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने जीत की पटरी पर लौटते हुए रविवार को यहां के तिलक मैदान पर खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में जमशेदपुर एफसी को 2-1 से हरा दिया। नॉर्थईस्ट युनाइटेड के लिए आशुतोष ने 36वें और ब्राउन ने 61वें मिनट में गोल किए। ए दोनों गोल फेडरिको गालेगो की मदद पर हुआ। जमशेदपुर के लिए एकमात्र गोल पीटर हार्टले ने 89वें मिनट में किया। नॉर्थईस्ट की पिछले सात मैचों के बाद यह पहली और सत्र की तीसरी जीत है।

### गुरप्रीत ने पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी। ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** सेना के निशानेबाज और ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने रविवार को यहां डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी। ट्रायल्स में जीत दर्ज की। गुरप्रीत के साथी नीरज कुमार ने दूसरा जबकि एयरफोर्स के शिवम शुक्ला ने तीसरा स्थान हासिल किया। गुरप्रीत ने क्वालीफिकेशन में 580 अंक के स्कोर से फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने कम स्कोर के फाइनल में 21 अंक जुटाकर पहला स्थान प्राप्त किया। नीरज क्वालीफाइंग मे 577 अंक और फाइनल मे 20 अंक से दोनों में गुरप्रीत के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

### मैडिसन ने अकेले मनाया जश्न, लीस्टर सिटी दूसरे स्थान पर पहुंचा

**लंदन।** जेम्स मैडिसन को कोविड-19 के नए दिशानिर्देशो के कारण अपने गोल का अकेले ही जश्न मनाना पड़ा लेकिन उनके शानदार प्रयास से लीस्टर सिटी ने साउथम्पटन को 2-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) मे दूसरा स्थान हासिल कर लिया। महामारी के नए दिशानिर्देशो के अनुसार खिलाड़ी आपस मे गले नही मिल सकते है। मैडिसन 37वें मिनट मे योरी टेलेमान्स के पास पर गोल करने के बाद अपने साथियों की तरफ देखकर मुस्कराए और फिर उन्होने अकेले ही जश्न मनाया। अगर इन छोटी छोटी चीजों को करने से फुटबॉल का खेल जारी रहता है तो फिर हमे कोई परेशानी नही है।

### ओलंपिक के बारे में फैसला कर सकता है संयुक्त राष्ट्र

**सिडनी।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व उपाध्यक्ष केविन गोस्पर का मानना है कि एक साल के लिए स्थगित किए गए तोक्यो ओलंपिक का भाग्य का फैसला करने में संयुक्त राष्ट्र अपनी भूमिका निभा सकता है। ओलंपिक खेलो का उद्घाटन 23 जुलाई को हाना है लेकिन तोक्यो, जापान और विश्व भर में कोविड-19 के बढ़ते मामलो के कारण इसके आयोजन को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही है। गोस्पर अब भी आईओसी के मानद सदस्य है और उन्होंने आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय प्रसारक के साथ बातचीत में यह सुझाव दिया।

# सुंदर और ठाकुर ने जगाई उम्मीद

## भारत मुकाबले में बरकरार, पहली पारी में 336 रन बनाए, आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 21 रन बनाए

**भाषा।** ब्रिसबेन



शारदुल ठाकुर

निचले क्रम के बल्लेबाजों वाशिंगटन सुंदर और शारदुल ठाकुर ने विषम परिस्थितियों में शतकीय साझेदारी निभाकर आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां भारत को मुकाबले में बनाए रखा।

आस्ट्रेलिया के 369 रन के जवाब में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण बैकफुट पर खड़ा भारत आखिर में अपनी पहली पारी में 336 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा। आस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 21 रन बनाए थे और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 54 रन की हो गई है। स्टंप उखड़ने के समय डेविड वार्नर 20 और मार्कस हैरिस एक रन पर खेल रहे थे। भारत का स्कोर एक समय छह विकेट पर 186 रन था और वह आस्ट्रेलिया से 183 रन पीछे था। ठाकुर (67) और सुंदर (62) ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली और सातवें विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की जो वर्तमान श्रृंखला में दोनों टीम की तरफ से किसी भी विकेट के लिए दूसरी बड़ी भागीदारी है। भारत ने पहले सत्र में 99 और दूसरे सत्र में 92 रन जोड़े और इस बीच दो-दो विकेट गंवाए। तीसरे सत्र में पुछल्ले बल्लेबाजों ने आखिर तक संघर्ष जारी रखा। इस सत्र में भी भारत चार विकेट के एवज में 83 रन जोड़ने में सफल रहा। आस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। मिशेल स्टार्क और पैट कमिन्स ने दो . दो विकेट हासिल किए। भारत ने सुबह के सत्र में चेतेश्वर पुजारा (25) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (37) तथा दूसरे सत्र में मयंक अग्रवाल (38) और ऋषभ पंत (23) के विकेट गंवाए। इन चारों बल्लेबाजों ने सकारात्मक शुरुआत की लेकिन वे बड़ी पारी नहीं खेल पाए जिसकी भारत को सख्त जरूरत थी। सुंदर और ठाकुर ने हालांकि आस्ट्रेलिया की बड़ी बढ़त हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सुंदर ने शार्ट पिच गेंदों का अच्छी तरह सामना करके अपनी रक्षात्मक तकनीक से प्रभावित किया। ठाकुर भी आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के सामने किसी तरह से दबाव में नहीं दिखे। आस्ट्रेलिया ने 80 ओवर पूरे होते ही नई गेंद ली लेकिन इन दोनों पर उसका भी प्रभाव नहीं पड़ा। उन्होंने नई गेंद से 22 ओवर तक आस्ट्रेलिया को सफलता से दूर रखा। बाएं हाथ की उंगली में चोट के बावजूद ठाकुर का स्टार्क पर लगाया गया ड्राइव दर्शनीय था। उन्होंने अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे लियोन पर लांग ऑन पर छक्का जड़कर अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में सुंदर के खूबसूरत चौके से साझेदारी तिहरे अंक में पहुंची। सुंदर भी अगले ओवर में अर्धशतक पूरा करने में सफल रहे। यह साझेदारी तोड़ने के लिए आस्ट्रेलिया ने अपना पूरा दमखम लगाया और लगातार शार्ट पिच गेंदें की। आखिर में कमिन्स की बेहतरीन गुडलेंथ गेंद ठाकुर के रक्षण को भेदकर विकेटों में समा गई।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी :** 369,

**भारत पहली पारी :** रोहित का स्टार्क बो लियोन 44, गिल का स्मिथ बो कमिन्स 07, पुजारा का पेन बो हेजलवुड 25, रहाणे का वेड बो स्टार्क 37, अग्रवाल का स्मिथ बो हेजलवुड 38, ऋषभ पंत का ग्रीन बो हेजलवुड 23, सुंदर का ग्रीन बो स्टार्क 62, ठाकुर बो कमिन्स 67, सैनी का स्मिथ बो हेजलवुड 05, सिराज बो हेजलवुड 13, टी नटराजन नाबाद 01 ,

**अतिरिक्त** (बाई 05, लेग बाई 07, नोबॉल 02) 14 ,**कुल** (111.4 ओवर में, सभी आउट) 336, **विकेट पतन** : 1-11, 2-60, 3-105, 4-144, 5-161, 6-186, 7-309, 8-320, 9-328 ,**गेंदबाजी** :स्टार्क 23-3-88-2, हेजलवुड 24.4-6-57-5, कमिन्स 27-5-94-2, ग्रीन 8-1-20-0, लियोन 28-9-65-1, लाबुशेन 1-1-10-0

**आस्ट्रेलिया दूसरी पारी :** हैरिस खेल रहे है 01, वार्नर खेल रहे है 20, **कुल** (छह ओवर मे, बिना किसी नुकसान के) 21, **गेंदबाजी** :सिराज 2-1-12-0, नटराजन 3-0-6-0, सुंदर 1-0-3-0

## दर्शकों से सम्मान पाने की ख्वाहिश ने शारदुल को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया



**ब्रिसबेन।** भारतीय तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां चौथे टेस्ट की पहली पारी में जब बल्लेबाजी के लिए उतरे तब टीम छह विकेट पर 186 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी ऐसे में उनके दिमाग में कोच रवि शास्त्री की वह बात थी जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर आप इस देश में प्रदर्शन करते है तो दर्शकों से काफी सम्मान मिलेगा। शारदुल ने मैच के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मैं मैदान में गया, तो स्थिति कठिन थी और मैं इससे इनकार नहीं करूंगा। दर्शक ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों की हौसला अफजाई कर रहे थे। लेकिन मुझे हमारे कोच रवि शास्त्री की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले की गई बातें याद थीं। उन्होंने कहा था कि अगर आप इस देश में प्रदर्शन करते हैं, तो आपको (दर्शकों का) सम्मान मिलेगा। इस तेज गेंदबाज ने कहा, कोच ने कहा था लोग आपके प्रदर्शन के कारण आप से प्यार करेंगे और मेरे दिमाग में सिर्फ एक बात थी मुझे दर्शकों का सम्मान मिले। दिन के खेल के बाद यह मेरी टीम के लिए मददगार होगा, मेरे लिए यही सबसे बड़ी सकारात्मक बात है। मेरे दिमाग में दो ही चीजें थी। दर्शक शोर मचाएंगे लेकिन अगर मैं अच्छी बल्लेबाजी करूंगा तो वे मेरी तारीफ भी करेंगे। दर्शकों के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम ने भी आउट होने के बाद खड़े होकर उनका अभिवादन किया। उन्हें बल्लेबाजी करना पसंद है और वह मौके का इंतजार कर रहे थे। मैं बल्लेबाजी करने में सक्षम हूं। टीम में जब भी थ्रो-डाउन विशेषज्ञ के पास समय होता है तब मैं अभ्यास करता हूं। ए ऐसे पल हैं जिसके लिए आप कड़ी मेहनत करते है। इसका इंतजार करते है कि टीम के लिए कुछ कर सके। बल्लेबाजी के समय बस यही विचार था कि क्रीज पर अधिक से अधिक समय बिताऊंताकि रन बने और पहली पारी में रनों के अंतर को कम किया जा सके। टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने से उन्हें काफी फायदा हुआ। उन्होंने कहा, ए टीम का दौरा दूसरी पंक्ति की टीम के लिए होता है। इससे काफी मदद मिली। हम 2016 में यहां आए थे। जब आप उस टीम में खेलते है तो राष्ट्रीय टीम में आने के बाद परिस्थितियां ज्यादा मुश्किल नहीं होती है। सुंदर के साथ साझेदारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमने साथ में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की है। एक बार टी20 मैच में और एक बार अभ्यास मैच में ही साथ खेले हैं। दोनों के पास इस स्तर पर सफल होने की मानसिकता है। ईमानदारी से कहूं तो हम स्कोर बोर्ड की तरफ नहीं देख रहे थे। वहां हमारी कोशिश समय बिताने की थी।

### वाशिंगटन-शारदुल की साझेदारी शानदार रही: पोंटिंग

*ब्रिसबेन।* ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने निचले क्रम में वाशिंगटन सुंदर और शारदुल ठाकुर की अनुशासित और शानदार बल्लेबाजी की तारीफ की जिससे भारतीय टीम श्रृंखला के चौथे और निर्णायक टेस्ट मुकाबले में बनी हुई है। आस्ट्रेलिया के 369 रन के पहली पारी के स्कोर के जवाब में भारतीय टीम का स्कोर एक समय छह विकेट पर 186 रन था तब पदार्पण करने वाले सुंदर (62) और शारदुल (67) ने सातवें विकेट के लिए 123 रन की अहम साझेदारी से भारत को पहली पारी में 336 रन बनाने में सफल रहा। पोंटिंग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, उन्होंने बल्लेबाजी के दौरान जिस तरह का जज्बा और धैर्य दिखाया वह शानदार था। उन्होंने जोखिम नहीं उठाया। वह साझेदारी शानदार थी, बिलकुल वैसी जिसकी उस समय भारतीय टीम को जरूरत थी। वे कुछ टेस्ट के अनुभव के साथ ऐसा करने में सफल रहे। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी में आक्रमकता की कमी थी और तेज गेंदबाजों को भारतीय निचले क्रम के खिलाफ अधिक शॉटपिच गेंदों का इस्तेमाल करना चाहिए था। मुझे नहीं लगता कि वे ज्यादा आक्रामक थे, उन्होंने ज्यादा शॉट गेंदें नहीं फेंकी।

# श्रीलंका ने दिया 74 रन का लक्ष्य



## इंग्लैंड जीत से 36 रन दूर

**भाषा।** गॉल

श्रीलंका ने लाहिरू तिरिमाने के आठ साल में पहले टेस्ट शतक से रविवार को यहां पहले टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में 359 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 74 रन का लक्ष्य दिया जिसने स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 38 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक जॉनी बेयरस्टो 11 और डैन लारेंस सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डॉम सिबले (02) का विकेट गंवा दिया। जिसके बाद दूसरी सलामी बल्लेबाज जाक क्राले (08) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। दोनों विकेट लसिथ एम्बुलडेनिया (13 रन देकर दो विकेट) ने हासिल किए। वहीं पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले कप्तान जो रूट (एक रन) रन आउट हो गए। इससे पहले श्रीलंका ने चायकाल के बाद अपने स्कोर में तीन विकेट गंवाकर 57 रन जोड़े और दूसरी पारी 359 रन पर समाप्त की। जिसमें तिरिमाने के 111 रन के अलावा 87 टेस्ट के अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज ने 71 रन बनाए। वहीं सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। श्रीलंका ने पहली पारी में 135 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 421 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। इंग्लैंड ने स्पिनरों की बदौलत दूसरे सत्र और तीसरे सत्र में सफलताएं हासिल कीं। बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच ने 122 रन देकर पांच विकेट चटकाए जबकि ऑफ स्पिनर डॉम बेस ने 100 रन देकर तीन विकेट झटके। श्रीलंकाई टीम पहली पारी के हिसाब से 286 रन से पिछड़ रही थी, लेकिन तिरिमाने के शतक की बदौलत वह इसे पीछे छोड़ने में सफल रही।

### आंध्र ने केरल और पुदुचेरी ने मुंबई को हराकर उलटफेर किया

**मुंबई।** आंध्र प्रदेश ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप ई मैच में लय में चल रही केरल को कम स्कोर पर रोकने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की जबकि एक अन्य मैच में पुदुचेरी ने घरेलू दिग्गज टीम मुंबई को हराकर उलटफेर किया। तीन मैच जीतने वाली केरल की टीम आंध्र की कसी हुई गेंदबाजी के खिलाफ 20 ओवर में चार विकेट पर महज 112 रन ही बना सकी। सचिन बेबी (34 गेंद में नाबाद 51 रन) के अलावा केरल का कोई भी बल्लेबाज खुल कर नहीं खेल सका। आंध्र ने हेब्बर (48) और कप्तान रायुडु (नाबाद 38) की शानदार पारी के दम पर 17.1 ओवर में चार विकेट पर 113 रन बनाकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

## बिहार ने लगातार चौथी जीत दर्ज

### चंडीगढ़ ने सिक्किम को रौंदा

**भाषा।** चेन्नई



बिहार ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के प्लेट ग्रुप मैच में मणिपुर को नौ विकेट से रौंद कर लगातार चौथी जीत दर्ज की। बिहार के कप्तान आशुतोष अमन ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और उसके गेंदबाजों ने

**मुश्ताक अली ट्राफी टी-20**

मणिपुर को 20 ओवर में आठ विकेट पर 105 रन ही बनाने दिए। रेक्स राजकुमार (29 रन) ने मणिपुर के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। बिहार के लिए मध्यम गति के गेंदबाज अमोद यादव ने 17 रन देकर चार विकेट हासिल किए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिहार ने 17.1 ओवर में जीत हासिल की, उसके लिए सलामी बल्लेबाज शाशीम राठौड़ ने नाबाद 60 रन (40 गेंद, सात चौके और दो छक्के) बनाए और बाबुल कुमार (नाबाद 31 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। एक अन्य मैच में चंडीगढ़ ने सिक्किम को 131 रन से रौंद दिया और यह उसकी तीसरी जीत थी जिससे उसके 14 अंक हो गए हैं। चंडीगढ़ अंक तालिका में बिहार (16) के बाद दूसरे स्थान पर है। मेघालय और नगालैंड ने भी रविवार को अपने मुकाबलों में जीत हासिल की।

## आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए पहुंचे खिलाड़ी कड़े पृथक्वास पर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए दो विशेष विमानों से यहां पहुंचे 47 खिलाड़ियों को कड़े पृथकवास पर भेज दिया गया है क्योंकि इन उड़ान में कोरोना वायरस के चार मामले पॉजीटिव पाए गए हैं। कुछ खिलाड़ी इस बात से भी नाराज थे कि उन्हें पॉजिटिव आए लोगों के




साथ फ्लाइट में मौजूद होने की वजह से ही करीबी संपर्क श्रेणी में रख दिया गया है जिससे उन्हें अन्य खिलाड़ियों की तुलना में सख्त पृथकवास में रहना होगा। अन्य खिलाड़ियों को अपने कमरे से निकलकर प्रत्एक दिन पांच घंटे अभ्यास की अनुमति होगी जबकि करीबी संपर्क वाले खिलाड़ियों के साथ ऐसा नहीं होगा और वे कमरों से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

### साइ के नए केंद्रों को खिलाड़ियों का नाम देने का फैसला

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के आगामी और आधुनिक स्वरूप पाने वाले खेल केंद्रों के नाम देश के मशहूर खिलाड़ियों के नाम पर रखने का फैसला किया है। साइ ने विज्ञप्ति में कहा कि देश के खेल नायकों को सम्मान देने के लिए यह पहल शुरू की गई है। पहले चरण में लखनऊके राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में नव निर्मित वातानुकूलित कुश्ती हॉल और तरणताल, भोपाल के एनसीओई में 100 बिस्तरों के हॉस्टल, एनसीओई सोनीपत में बहुउद्देशीय हॉल और लड़कियों के हॉस्टल तथा गुवाहाटी के साइ अभ्यास केंद्र का नाम स्थानीय खिलाडि़यों के नाम पर रखा जाएगा। इस अवसर पर खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने कहा, देश में खेल संस्कृति के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारे खिलाडि़यों को वह सम्मान मिले जिसके वे हकदार हैं। तभी युवा पीढ़ी खेलों को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित होगी। मंत्रालय ने हालांकि यह नहीं बताया कि उसने किन खिलाड़ियों के नाम पर इन खेल केंद्रों के नाम रखने का फैसला किया है।

### डीएचएफएल मामला: कर्जदाताओं ने पिरामल की बोली पर लगाई मुहर

**नई दिल्ली।** कर्ज-बोझ तले दबी आवास वित्त कंपनी डीएचएफएल लिमिटेड ने रविवार को कहा कि कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने पिरामल समूह की कंपनी पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की पेशकश को मंजूरी दे दी है। डीएचएफएल ने शेयर बाजारों को भेजी नियामकीय सूचना में कहा है कि सीओसी की 18वीं बैठक 15 जनवरी 2021 को हुई। उसी बैठक में यह मंजूरी दी गई। डीएचएफएल ने कहा, कर्जदाताओं की समिति के द्वारा दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 30(4) के तहत बहुमत से पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की पेशकश को स्वीकार कर लिया गया।

### टीकाकारण कार्यक्रम में करें प्रावधान, निजी कंपनियों को कर्मचारियों के टीकाकरण को मिले प्रोत्साहन

**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार से कहा है कि कोरोना वायरस टीकाकरण कार्यक्रम में कुछ ऐसे प्रावधान किए जाने चाहिए जिससे निजी कंपनियों को उनके कर्मचारियों के टीकाकरण के लिए प्रोत्साहन मिले। उद्योग संगठन ने कहा है कि टीकाकरण खर्च को कंपनियों के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के दायरे में लाया जा सकता है। इससे टीकरकण कार्यक्रम को जल्द से जल्द व्यापक दायरे में पहुंचाया जा सकेगा।

### लक्ष्मी विलास बैंक के डीबीएस में विलय को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) का डेवलपमेंट बैंक ऑफ सिंगापुर (डीबीएस) में विलय को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि बैंक के शेयरधारकों को अधर में छोड़ दिया गया है और केंद्र तथा भारतीय रिजर्व बैंक उनके हितों का संरक्षण करने में विफल रहे हैं। यह याचिका 13 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल तथा न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थीं, लेकिन इसे 19 फरवरी तक आगे बढ़ा दिया गया है। पीठ को सूचित किया गया कि रिजर्व बैंक ने न्यायालय में याचिका दायर कर इस विलय योजना के खिलाफ सभी याचिकाओं को बंबई उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

### फ्रेंकलिन टेंपलटन एमएफ की छह बंद योजनाओं से 13,789 करोड़ रुपए प्राप्त हुए

**नई दिल्ली।** फ्रेंकलिन टेंपलटन म्यूचुअल फंड ने रविवार को कहा कि उसकी छह योजनाओं के अप्रैल में बंद होने के बाद से अब तक परिपक्वता, पूर्व-भुगतान तथा कूपन भुगतान के रूप में 13,789 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। इन योजनाओं को अप्रैल में बंद किया गया था। फ्रेंकलिन टेंपलटन म्यूचल फंड ने 23 अप्रैल, 2020 को निकासी दबाव के बीच छह ऋण म्यूचुअल फंड योजनाओं को बंद कर दिया था। ए योजनाएं हैं.... फ्रेंकलिन इंडिया लो डुरेशन फंड, फ्रेंकलिन इंडिया डायनामिक एक्यूरल फंड, फ्रेंकलिन इंडिया क्रेडिट रिस्क फंड, फ्रेंकलिन इंडिया शॉर्ट टर्म इनकम प्लान, फ्रेंकलिन इंडिया अल्ट्रा शॉर्ट बांड फंड और फ्रेंकलिन इंडिया इनकम अपॉरच्यूनिटीज फंड को बंद कर दिया गया था। इन योजनाओं के प्रबंधन के तहत कुल 25,000 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियां थीं।

# सरकारी बैंकों में पूंजी डालने के लिए नए मॉडल पर विचार

## शून्य कूपन बांड पर आरबीआई के चिंता जताने के बाद लिया फैसला

**भाषा।** नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नई पूंजी डालने के लिए शून्य कूपन बांड जारी करने पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चिंता जताए जाने के बाद वित्त मंत्रालय दूसरे वहनीय विकल्पों पर विचार कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि अब वित्त मंत्रालय बैंकों में पूंजी डालने के लिए बैंक निवेश कंपनी (बीआईसी) गठित करने सहित अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है। पी जे नायक समिति ने भारत में बैंकों के बोर्ड संचालन पर तैयार अपनी रिपोर्ट में बीआईसी को बैंकों की होल्डिंग कंपनी के रूप में स्थापित करने या मुख्य निवेश कंपनी बनाए जाने का सुझाव दिया था। रिपोर्ट में बैंकों में सरकार के शेयर बीआईसी में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया गया था, जो इन सभी बैंकों की मूल होल्डिंग कंपनी बन जाएगी। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक लिमिटेड बैंक बन जाएंगे। बीआईसी स्वायत्त कंपनी होगी और उसे निदेशक मंडल के सदस्य नियुक्त करने और अनुषंगियों के बारे में अन्य नीतिगत फैसले लेने का अधिकार होगा। सूत्रों ने कहा कि बीआईसी एक सुपर होल्डिंग कंपनी होगी। वर्ष 2014 में आयोजित बैंकरों के पहले ज्ञान संगम रिट्रीट में इस पर विचार-विमर्श किया गया था। यह प्रस्ताव किया गया था कि होल्डिंग कंपनी बैंकों की पूंजी जरूरत का ध्यान रखेगी ओर सरकार के समर्थन के बिना उनके लिए कोष का प्रबंध करेगी। इसके अलावा यह पूंजी जुटाने के वैकल्पिक तरीकों पर मसलन सस्ती पूंजी जुटाने के लिए गैर-वोटिंग शेयरों की बिक्री करने पर भी विचार कर सकती है। इससे सरकारी बैंकों की सरकार के समर्थन पर निर्भरता कम हो सकेगी। ब्याज के बोझ और वित्तीय दबाव से बचने के लिए सरकार ने बैंकों की पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए शून्य-कूपन बांड जारी करने का फैसला किया है। इसका पहला परीक्षण पंजाब एंड सिंध बैंक पर किया गया है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.13 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,018.94 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में भी इजाफा हुआ। वहीं दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 42,495.76 करोड़ रुपए बढ़कर 12,13,371.12 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 33,960.84 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 3,28,697.33 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 19,001.41 करोड़ रुपए बढ़कर 8,07,615.27 करोड़ रुपए पर और इन्फोसिस की 14,184.43 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,72,957.16 करोड़ रुपए रही।



### आईटी क्षेत्र के लिए अच्छा रहेगा 2021, कंपनियां उंची एक अंकीय वृद्धि दर्ज कर सकती हैं: बालाकृष्णन

**बेंगलुरू।** भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के लिए वर्ष 2021 अच्छा साल रहेगा और इस क्षेत्र की अधिकांश कंपनियां 10 प्रतिशत तक की उंची एक अंकीय वृद्धि दर्ज कर सकती हैं। आईटी क्षेत्र के अनुभवी वी. बालाकृष्णन ने यह अनुमान व्यक्त किया है। बालाकृष्णन प्रमुख आईटी कंपनी इन्फोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी रह चुके हैं।

### टाटा क्रूसिबल कैंपस क्विज-2021 का नया ऑनलाइन फॉर्मेट तैयार

**मुंबई।** भारत में कैम्पसेस के लिए आयोजित की जाने वाली सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित बिज़नेस क्विज़ टाटा क्रूसिबल कैम्पस क्विज़ की घोषणा की गयी है। इस बार अपने 17 वे साल में यह प्रतियोगिता और भी रोमांचक और तीव्र होगी। टाटा क्रूसिबल कैम्पस क्विज़ 2021 नए वर्चुअल फॉर्मेट में आयोजित की जाएगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए 2 जनवरी से 2 फरवरी 2021 तक रेजिस्ट्रेशन्स किए जा सकते हैं। देश भर के कॉलेज छात्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के अवसर दिलाने के लिए हर साल टाटा ग्रुप द्वारा इस क्विज़ का आयोजन किया जाता है। वैश्विक महामारी के कारण समय की ज़रूरत को समझते हुए टाटा क्रूसिबल कॉर्पोरेट क्विज़ 2020 का पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजन किया गया। कैम्पस क्विज़ में भी उसी फॉर्मेट का उपयोग किया जाएगा।

### सिंधिया स्कूल फिर खुला

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सिंधिया स्कूल को 9 महीने बाद दोबारा खोलने के लिए राज्य सरकार से हरी झंडी मिल गई है। स्कूल अपने कैंपस में छात्रों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी 11 और 12 जनवरी को कक्षा 12 वीं के छात्रों के साथ स्कूल एक शानदार तरीके से खुलेगा। इसके बाद जल्द ही दसवीं कक्षा के छात्र भी स्कूल आना शुरू कर देंगे। 123 साल पुराने इस बोर्डिंग स्कूल ने एक बार फिर 2020.21 के लिए एनुअल एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। रैंकिंग दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी रैंकिंग है।

### डीजल, पेट्रोल पर रिकॉर्ड कर वृद्धि से उत्पाद शुल्क संग्रह 48 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** महामारी के कारण भले ही लगभग हर प्रकार के कर संग्रह में कमी आई हो, लेकिन उत्पाद शुल्क संग्रह में चालू वित्त वर्ष के दौरान 48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क दर में रिकॉर्ड वृद्धि है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2020 के दौरान उत्पाद शुल्क का संग्रह 2019 की इसी अवधि के 1,32,899 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,96,342 करोड़ रुपए हो गया।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में आ सकती है 25 प्रतिशत की गिरावट : अर्थशास्त्री

**भाषा।** नई दिल्ली



देश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार का मानना है कि सरकार के दावे के विपरीत अर्थव्यवस्था में अधिक तेजी से सुधार नहीं आ रहा है। कुमार ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में 25 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। कुमार ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी में बड़ी गिरावट से बजट अनुमान पूरी तरह दायरे से बाहर निकल गया है और बजट को दुरुस्त करने की जरूरत है। कुमार ने कहा, देश की आर्थिक वृद्धि में उतनी तेजी से सुधार नहीं आ रहा है, जैसा सरकार दिखा रही है। असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और सेवा क्षेत्र के कुछ महत्वपूर्ण हिस्से भी उबर नहीं पाए हैं। उन्होंने कहा, मेरे विश्लेषण के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 25 प्रतिशत की गिरावट आएगी। अप्रैल-मई में लॉकडाउन के दौरान सिर्फ आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन हुआ। यहां तक कि कृषि क्षेत्र में भी वृद्धि नहीं हुई। भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.5 प्रतिशत की गिरावट आएगी। वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अर्थव्यवस्था में 7.7 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है।

### वर्ष के पहले नौ माह में बैंकों का ऋण 3.2 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** बैंकों का ऋण चालू वित्त वर्ष 2020-21 के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान 3.2 प्रतिशत बढ़कर 107.05 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में बैंकों का ऋण 2.7 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं 27 मार्च, 2020 को समाप्त पखवाड़े में बैंकों का अग्रिम 103.72 लाख करोड़ रुपए रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में बैंकों की जमा 8.5 प्रतिशत बढ़कर 147.27 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में बैंकों की जमा में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। बैंकों को निवेश का सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इस वजह से बैंकों की जमा में बढ़ोतरी हुई है।

### 2030 तक 10 करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी एनएमडीसी ने चालू वित्त वर्ष मे अपनी क्षमता का 97 प्रतिशत इस्तेमाल करते हुए 3.5 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने इसके साथ ही 2030 तक 10 करोड़ टन उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी तय किया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

# बाइडन ने प्रशासन में 20 भारतीय अमेरिकियों को किया नामित

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने प्रशासन में अहम पदों पर 13 महिलाओं समेत कम से कम 20 भारतीय-अमेरिकियों को नामित किया है। इन 20 भारतीय-अमेरिकियों में से कम से कम 17 लोग शक्तिशाली व्हाइट हाउस में अहम पद संभालेंगे। अमेरिका की कुल आबादी का एक प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं और इस छोटे समुदाय से किसी प्रशासन में पहली बार इतनी अधिक संख्या में लोगों को नियुक्त किया जाएगा। बाइडन 20 जनवरी को अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे और इसी दिन कमला हैरिस शपथ ग्रहण करके देश की पहली महिला उपराष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालेंगी। हैरिस अमेरिका में भारतीय मूल की पहली उपराष्ट्रपति होंगी। वह यह कार्यभार संभालने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी भी होंगी। यह पहली बार है, जब शपथ ग्रहण समारोह से पहले किसी राष्ट्रपति के प्रशासन में इतनी अधिक संख्या में भारतीय-अमेरिकियों को नामित किया गया है। बाइडन के प्रशासन में अब भी कई पद रिक्त हैं। इस सूची में सबसे ऊपर नीरा टंडन और डॉ. विवेक मूर्ति हैं। बाइडन प्रशासन में व्हाइट हाउस कार्यालय के प्रबंधन एवं बजट के निदेशक के तौर पर टंडन और अमेरिकी सर्जन जनरल के तौर पर डॉ. मूर्ति को नामित किया गया है। वनीता गुप्ता को विधि मंत्रालय की एसोसिएट अटॉर्नी जनरल नामित किया गया है। बाइडन ने शनिवार को विदेश सेवा की पूर्व अधिकारी उजरा जेया को असैन्य सुरक्षा, लोकतंत्र एवं मानवाधिकार के लिए अवर विदेश मंत्री नियुक्त किया। इंडियासपोरा के संस्थापक एम आर रंगास्वामी ने पीटीआई से कहा, भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने लोक सेवा के लिए पिछले कई वर्षों में जो समर्पण दिखाया है, उसे इस प्रशासन की शुरुआत में ही



मान्यता मिल रही है। मैं खासकर इस बात से खुश हूं कि इनमें महिलाओं की संख्या अधिक है। माला अडिगा को भावी प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन की नीति निदेशक और गरिमा वर्मा को प्रथम महिला के कार्यालय की डिजिटल निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि सबरीना सिंह को उनकी उप प्रेस मंत्री नियुक्त किया गया है।व्हाइट हाउस में पहली बार ऐसे दो भारतीय-अमेरिकियों को स्थान दिया गया है, जो मूल रूप से कश्मीर से संबंध रखते हैं। इनमें आयशा शाह को व्हाइट हाउस कार्यालय की डिजिटल रणनीति की पार्टनरशिप मैनेजर और समीरा फाजली को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की उप निदेशक नामित किया गया है।व्हाइट हाउस राष्ट्रीय आर्थिक परिषद में एक अन्य भारतीय अमेरिकी भारत राममूर्ति को उपनिदेशक नियुक्त किया गया है। गौतम राघवन को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति कार्मिक कार्यालय में उप निदेशक नामित किया गया है। विनय रेड्डी को बाइडन का भाषण निदेशक नामित किया गया है। वेदांत पटेल राष्ट्रपति के सहायक प्रेस मंत्री के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे। तीन भारतीय अमेरिकियों को व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नामित किया गया है। तरुण छाबड़ा को प्रौद्योगिकी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा का वरिष्ठ निदेशक, सुमोना गुहा को दक्षिण एशिया के लिए वरिष्ठ निदेशक और शांति कलाथिल को लोकतंत्र एवं मानवाधिकार समन्यवय नियुक्त किया गया है। इनके अलावा सोनिया अग्रवाल को व्हाइट हाउस में घरेलू पर्यावरण नीति कार्यालय में पर्यावरणीय नीति एवं नवोन्मेष की वरिष्ठ सलाहकार और विदुर शर्मा को व्हाइट हाउस कोविड-19 कार्वाई दल में जांच के लिए नीति सलाहकार नामित किया गया हो। दो भारतीय अमेरिकी महिलाओं को व्हाइट हाउस मंत्रणा कार्यालय में नियुक्त किया गया है। नेहा गुप्ता को एसोसिएट काउन्सल और रीमा शाह को डिप्टी एसोसिएट काउन्सल नियुक्त किया गया है। इसके अलावा व्हाइट हाउस में पहली बार तीन अन्य दक्षिण एशियाई लोगों को अहम पदों पर नामित किया गया है। पाकिस्तानी अमेरिकी अली जैदी को व्हाइट हाउस उप राष्ट्रीय जलवायु सलाहकार, श्रीलंकाई-अमेरिकी रोहिणी कोसोग्लु को उपराष्ट्रपति की घरेलू नीति सलाहकार और जायन सिद्दिकी को व्हाइट हाउस डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ का वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया है।

## कार्यकाल के पहले ही दिन करीब एक दर्जन प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करेंगे बाइडन

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन अपने कार्यकाल के पहले दिन देश के सामने मौजूद चार चुनौतियों- कोविड-19 संकट, आर्थिक संकट, पर्यावरण संबंधी संकट और नस्ली असमानता से निपटने के लिए करीब एक दर्जन प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करेंगे। व्हाइट हाउस के नवनियुक्त चीफ आफ स्टाफ रोन क्लीन ने आगामी व्हाइट हाउस वरिष्ठ कर्मियों को शनिवार को दिए एक ज्ञापन में कहा, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन ऐसे समय में कार्यभाल संभाल रहे हैं, जब देश गंभीर संकट से जूझ रहा है। हमारे सामने चार बड़े संकट हैं, जो एक दूसरे से जुड़े हैं। ए संकट हैं- कोविड-19 संकट, इसके कारण पैदा हुआ आर्थिक संकट, पर्यावरण से जुड़ा संकट और नस्ली समानता (के अभाव) से जुड़ा संकट। उन्होंने कहा कि इन सभी संकटों के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है और बाइडन अपने कार्यकाल के शुरुआती 10 दिन में इन संकटों से निपटने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे। क्लीन ने कहा, शपथ ग्रहण के दिन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन चार संकटों से निपटने के लिए करीब एक दर्जन प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे कि पहले ही घोषणा की गई थी, वह शिक्षा विभाग से छात्रों के लिए ऋण के भुगतान पर मौजूदा रोक की अवधि बढ़ाएंगे, पेरिस समझौते में पुनः शामिल होंगे और मुसलमानों पर प्रतिबंध हटाएंगे।



अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी का एक दृश्य

## सेवानिवृत्त कार्डिनल के कोरोना वायरस वीडियो को लेकर फेसबुक ने चेतावनी जारी की

**मेक्सिको सिटी ।** फेसबुक ने मेक्सिको के सेवानिवृत्त कार्डिनल जुआन सैंडोवल इनिगुएज के एक चैट पर चेतावनी स्क्रीन लगाई है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि कोरोना वायरस के टीकों में शैतानी माइक्रोचिप लगा हुआ है।फेसबुक स्क्रीन पर दर्शकों को चेतावनी दी गई है, यह पोस्ट कोविड-19 के बारे में उस सूचना को दोहराता है, जिसे तथ्यों की निष्पक्ष जांच करने वाले गलत बताते हैं। सैंडोवल इनिगुएज गुआडालाजारा के एमिरेटस आर्कबिशप हैं, जो 75 वर्ष की उम्र में 2011 में सेवानिवृत्त हो गए। मार्च में वह 88 वर्ष के हो गए। इस वीडियो में वह एक चिप का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि इसे उन्होंने आपको नियंत्रित करने के लिए योजना के तहत डाला है। यह क्रूरता है। इस वीडियो का शीर्षक है, ईसा मसीह के बगैर नई दुनिया का षड्यंत्र।

## पवित्र कोलम रंगोली भी होगी बाइडन-हैरिस के शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत का हिस्सा

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के शपथ ग्रहण से जुड़े ऑनलाइन समारोह की शुरुआत में परंपरागत भारतीय रंगोली भी उकेरी जाएगी। रंगोली को तमिलनाडु में कोलम के नाम से जाना जाता है। घर के द्वार पर इसे बनाना शुभ माना जाता है। हैरिस की मां मूल रूप से तमिलनाडु की रहने वाली थीं। बाइडन और हैरिस के स्वागत के लिए और अमेरिका की बहुसांस्कृतिक विरासत को दर्शाने के लिए एक वीडियो में शनिवार को कोलम की हजारों तस्वीरों को गूंथा गया।रंगोली के हजारों डिजाइन बनाने के लिए अमेरिका और भारत के।,800 से

**● रंगोली को तमिलनाडु में कोलम के नाम से जाना जाता है**

अधिक लोगों ने इस ऑनलाइन पहल में हिस्सा लिया। इस पहल में भाग लेने वाली मल्टीमीडिया कलाकार शांति चंद्रशेखर ने कहा, कई लोगों का मानना है कि कोलम सकारात्मक ऊर्जा और नई शुरुआत का प्रतीक है। विभिन्न समुदायों के सभी आयुवर्ग के लोगों ने पर्यावरण के अनुकूल सामग्री से बनी रंगोलियां बनाने की इस पहल में अपने-अपने घर से भाग लिया। स्थानीय स्तर पर शुरू की गई यह पहल हमारी उम्मीदों से अधिक बड़ी बन गई। शुरुआत में इसे व्हाइट हाउस के बाहर बनाया जाना था। बाद में इसे कैपिटल हिल के बाहर बनाने की अनुमति दे दी गई थी, लेकिन वाशिंगटन डीसी में सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंधों के कारण यह अनुमति रद्द कर दी गई। इनॉगरेशन कोलम 2021 आयोजन दल की सदस्य सौम्या सोमनाथ ने कहा कि स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों की मंजूरी के बाद इसे प्रदर्शित किए जाने की तारीख तय की जाएगी। वाशिंगटन डीसी पब्लिक स्कूल की कला निदेशक मैरी लांबर्ट और विजुअल आर्ट मैनेजर लिंडसे वांसे ने चंद्रशेखर के साथ मिलकर योगदान दिया और कुछ ही दिन बाद पद्भार संभालने आने वाले बाइडन का स्वागत करने के लिए हजारों कोलम रचनाओं से मिलाकर वीडियो बनाया।

## कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगी पहली लातिन अमेरिकी न्यायमूर्ति



भाषा। वाशिंगटन

**प्रथम महिला**, प्रथम अश्वेत और दक्षिण एशियाई मूल की प्रथम उप राष्ट्रपति के तौर पर बुधवार को शपथ ग्रहण करने के साथ कमला हैरिस इतिहास रचने जा रही हैं। उन्हें न्यायमूर्ति सोनिया सोटोमायोर 20 जनवरी को अमेरिका के उप राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगी। सोटोमायोर पहली लातिन अमेरिकी न्यायमूर्ति हैं। एबीसी न्यूज की खबर के मुताबिक नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला (58) सोटोमायोर की पृष्ठभूमि को प्रेरक मानती हैं। एक सूत्र के मुताबिक सोटोमायोर का चयन हैरिस ने किया है। दोनों ही अभियोजक रह चुकी हैं। हैरिस कैलिफोर्निया में ,जबकि सोटोमायारो न्यूयार्क में अभियोजक रही हैं। शपथ ग्रहण के लिए हैरिस दो बाइबल का उपयोग करेंगी, जिनमें से एक रेगीना शेल्टन की होगी। हैरिस और उनकी बहन माया उन्हें मां के समान मानती हैं। सीएनन की खबर के मुताबिक हैरिस ने कैलिफोर्निया के अटार्नी जनरल पद की शपथ के लिए शेल्टन की बाइबल का उपयोग किया था। दूसरी बाइबल थरगुड मार्शल की होगी, जो सुप्रीम कोर्ट में प्रथम अफ्रीकी-अमेरिकी न्यायाधीश रहे हैं। हैरिस, सोटोमायोर और मार्शल दोनों की प्रशंसक रही हैं। हैरिस ने ट्विटर पर पोस्ट एक वीडियो में कहा था कि उनके वकील बनने की इच्छा के पीछे एक प्रमुख वजह मार्शल हैं। सोटोमायोर ने इससे पहले 2013 में जो बाइडन को उप राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई थी।



तिब्बती बौद्ध धर्म गुरु की सिंगापुर में मृत्यु होने के बाद काठमाडू में पारंपरिक तरीके से शव यात्रा निकालते बौद्ध भिक्षु

## क्विक न्यूज

### ट्रंप द्वारा रिकॉर्ड संभालकर नहीं रखे जाने के कारण दस्तावेजों के संकलन में आ रही है दिक्कत

वाशिंगटन। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कार्यकाल समाप्त होने में महज चंद दिन बचे है और ऐसे मे उनके कार्यकाल के दस्तावेजो को संजोने का काम चल रहा है, लेकिन ट्रंप द्वारा रिकॉर्ड को सही तरीके से संभालकर नही रखे जाने के कारण इनके संकलन मे दिक्कत आ रही है। ट्रंप के साथ कार्य कर चुके एक अधिकारी ने बताया कि ट्रंप दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के नियम के प्रति लापरवाह रहे। उन्हे दस्तावेजों को बाहर फेंकने के पहले उन्हे फाड़ देने की आदत थी, जिसकी वजह से व्हाइट हाउस के कर्मियों को उन दस्तवेजों को टेप से चिपका कर जोड़ने के लिए घंटो मशक्कत करनी पड़ती थी। व्हाइट हाउस के पूर्व दस्तावेज विश्लेषक सोलोमन लार्टे ने कहा, हमने कई बार उनसे ऐसा नही करने को कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा करना बंद नही किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बैठक के दौरान दुभाषिए द्वारा लिखे नोट को भी जब्त कर लिया था, ट्रंप ने व्हाइट हाउस के अपने सहयोगी को भी बैठक मे नोट लिखने पर फटकार लाई। सोसाइटी फॉर हिस्टोरियंस ऑफ अमेरिकन फॉरेन रिलेशंस के रिचर्ड इम्मरमैन ने कहा, इस व्यवस्थागत खामी की वजह से इतिहासकारों को मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति दस्तावेज कानून के तहत राष्ट्रपति अभिलेखागार की सलाह के बिना और कांग्रेस द्वारा अधिसूचित किए बिना कोई भी दस्तावेज नष्ट नही कर सकता है।

### वाशिंगटन में कैपिटल के नजदीक जांच बिंदु से हथियारबंद शख्स गिरफ्तार

**वाशिंगटन ।** वाशिंगटन मे पुलिस ने अमेरिकी संसद भवन कैपिटल के नजदीक एक जांच बिदू पर एक व्यक्ति के पास से एक हैंडगन और 500 राउंड गोलियां बरामद की तथा उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि वेज्ले एलन बीलर को शुक्रवार को कैपिटल के नजदीक रोका गया था और उस पर बिना लाइसेंस वाली पिस्तौल रखने का आरोप है। अदालत के दस्तावेजो के मुताबिक बीलर जांच बिंदू पर पहुंचा था लेकिन उसके पास इस इलाके मे प्रवेश के लिए कोई वैध दस्तावेज नही थे। एक अधिकारी ने उसके वाहन पर हथियार संबंधी स्टीकर देखा। जब बीलर से इस बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसके पास एक हैंडगन है। पुलिस ने उसे वही पर हिरासत मे ले लिया।उसके वाहन से नौ एमएम की हैंडगन और 500 राउंड से अधिक गोलियां मिली।अधिकारियों ने कहा कि उसके पास वाशिंगटन मे अपने साथ बंदूक रखने का लाइसेंस नही है।

### अफगानिस्तान की राजधानी में बंदूकधारियों के हमले में दो महिला न्यायाधीशों की मौत

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल मे बंदूधारियो ने एक कार पर गोलीबारी की जिसमे अफगानिस्तान की हाईकोर्ट मे कार्यरत दो महिला न्यायाधीशो की मौत हो गई और कार चालक घायल हो गया। कतर में अफगान सरकार के अधिकारियो और तालिबान के बीच जारी शांति वार्ता के दौरान काबुल में हुआ यह ताजा हमला है। अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता अहमद फहीम कविम ने बताया कि हमले में मारी गईं महिलाएं न्यायाधीश थी, जो हाईकोर्ट में कार्यरत थी, लेकिन उन्होने उनके नाम नही बताए। अभी तक किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नही है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि इस हमले के पीछे तालिबान का हाथ नही है।अफगानिस्तान सरकार ने हालिया महीनो में हुईं हत्या की घटनाओ के लिए तालिबान को दोषी ठहराया है, जबकि तालिबान का आरोप है कि सरकार शांति प्रक्रिया को बाधित करने के लिए इस प्रकार की हत्याएं करा रही है। राजधानी में शैक्षणिक संस्थानो पर हमले समेत हालिया कुछ महीने में हुए हमलो की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह ने ली है। शैक्षणिक संस्थानो पर हमले में 50 लोगो की मौत हो गई थी।

### चीन के शहर में आइसक्रीम में मिला कोरोना वायरस

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के एक शहर मे आइसक्रीम में कोरोना वायरस पाए जाने के बाद उस बैच के सभी डिब्बो को वापस मंगाया गया है। बीजिंग के निकट स्थित तियानजिन शहर की सरकार ने एक बयान जारी करके बताया कि शहर मे स्थित दाकियाओदाओ फूड कंपनी को सील कर दिया गया है और उसके कर्मियों की कोरोना वायरस संक्रमण संबंधी जांच की जा रही है। हालांकि ,अभी तक इस बात का कोई संकेत नही मिला है कि आइसक्रीम मे मिले वायरस के कारण कोई व्यक्ति संक्रमित हुआ हो। सरकार ने बताया कि बैच के 29,000 डिब्बों मे से अधिकतर को अभी बेचा नही गया है। तियानजिन मे बेचे गए 390 डिब्बों का पता लगाया जा रहा है।सरकार ने बताया कि इस आइसक्रीम मे न्यूजीलैंड मे बना दूध का पाउडर और यूक्रेन का छाछ पाउडर इस्तेमाल किया गया था।चीन सरकार ने कहा है कि यह बीमारी किसी अन्य देश से उसके देश मे पहुंची थी। उनका कहना है कि आयातित मछली एवं अन्य खाद्य सामग्रियों मे कोरोना वायरस मिला है, लेकिन विदेशी वैज्ञानिको को इस बात पर संदेह है।

## लीबिया में अस्थाई सरकार चुनने के संबंध में सफलता मिली: संयुक्त राष्ट्र

एपी। काहिरा

**संयुक्त राष्ट्र** की एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को कहा कि लीबिया के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की एक सलाहकार समिति ने अस्थाई सरकार चुनने का एक प्रस्ताव रखा है, जिससे इस युद्धग्रस्त देश में इस साल के अंत में चुनाव कराने की राह तय की जा सके। लीबिया में जारी गृह युद्ध को शांतिपूर्वक तरीके से खत्म करने के भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच जिनेवा में लीबियाई राजनीतिक वार्ता फोरम के तहत वार्ताएं चल रही हैं। इससे पहले हुईं सभी राजनियक कोशिशें नाकाम रही हैं। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाहक दूत स्टेफनी विलियम्स ने जिनेवा में पत्रकार वार्ता में कहा कि सलाहकार समिति के सदस्यों ने रचनात्मक भावना, सहयोगात्मक प्रयासों, और देशभक्ति की भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों को समझा है। विलियम्स ने कहा यह समिति 75 सदस्ईय फोरम का हिस्सा है, जो लीबिया के तीनों मुख्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है। 18 सदस्ईय समिति ने तीन सदस्ईय राष्ट्रपतीय परिषद के लिए प्रत्एक क्षेत्र के इलेक्टोरल कॉलेज से एक प्रतिनिधि का नाम पेश करने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि 75 सदस्ईय फोरम एक प्रधानमंत्री का चुनाव करेगा। सफल उम्मीदवार वही होगा, जिसके 70 प्रतिशत वोट मिलेंगे। विलियम्स ने कहा कि फोरम लीबिया के तीनों क्षेत्रों की सूचियां तैयार करेगा। प्रत्एक सूची में चार नाम होंगे, जिन्हें राष्ट्रपतिय परिषद तथा प्रधानमंत्री पद के




लिए नामांकित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि फोरम सोमवार को इस प्रस्ताव पर मतदान करेगा और अगले दिन उसके नतीजे आने की उम्मीद है। यह फोरम उत्तरी अफ्रीका के तेल समृद्ध देश लीबिया को 2011 में तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से हटाए जाने और कत्ल किए जाने के बाद शुरू हुए गृह युद्ध से बाहर निकालने के संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों का हिस्सा है। पिछले साल, फोरम ने 24 दिसंबर 2021 को देश में राष्ट्रपति तथा संसदीय चुनाव कराने के लिए समझौता किया था।

## सुरक्षा के मद्देनजर वाशिंगटन बुलाए गए हजारों सैनिक, राज्यों के संसद भवनों की सुरक्षा भी सख्त

एपी। वाशिंगटन

**वाशिंगटन में** हिंसक प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर रक्षा अधिकारियों द्वारा और सैनिकों को भेजने की मांग के बाद बड़ी संख्या में सैनिक विभिन्न राज्यों से बसों और विमानों के जरिए शनिवार को राजधानी में आने लगे।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के शपथ लेने से पहले प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए सेना के अधिकारियों ने राज्यों के गर्वनरों से नेशनल गार्ड के अधिकाधिक जवानों को भेजने की अपील की थी जिससे कि शहर के ज्यादातर हिस्से में शपथ ग्रहण से पहले लॉकडाउन लगाया जा सके।गौरतलब है कि छह जनवरी को अमेरिकी संसद भवन कैपिटल पर भीड़ ने हिंसक धावा बोला था। उसी घटना को देखते हुए यह आशंका जताई जा रही है कि हिंसक कट्टरपंथी समूह शहर को निशाना बना सकते हैं। सशस्त्र घुसपैठियों के आने तथा विस्फोटक उपकरण लगाने जैसी आशंका भी जताई गई है।वाशिंगटन में अगले हफ्ते की शुरुआत तक 25,000 से अधिक सैनिकों के आने का अनुमान है।लेकिन इसके साथ ही राज्यों के संसद भवनों में हिंसा की आशंका के संबंध में चिंता जताई जा रही है।अधिकारियों के मुताबिक बीते 72 घंटों में कम से कम 7,000 सैनिक मैरीलैंड में ज्वाइंट बेस एंड्रूज पहुंचे। कई हजार सैनिक बसों और सेना के ट्रकों में सवार हैं और वाशिंगटन आ रहे हैं।सेना संबंधी मामलों कें मंत्री रायन मैक्कर्थी ने गर्वनरों से मदद मांगी थी।एफबीआई ने भी सभी राज्यों के संसद भवनों में हिंसक हमलों की आशंका जताई है। रविवार को हमलों की आशंका के मद्देनजर सभी राज्यों की राजधानियों में हथियारों से लैस सैनिकों को तैनात किया गया है। पूरे अमेरिका के सभी राज्यों के संसद भवनों में भारी भरकम हथियारों से लैस जवानों को तैनात किया गया है।लोकतंत्र के प्रतीक ए भवन वैसे ही लग रहे हैं जैसे कि युद्धग्रस्त देशों में भारी सुरक्षा के बीच अमेरिकी दूतावास होते हैं। गर्वनरों ने आपात स्थिति की घोषणा कर दी है। राज्यों के संसद भवनों को जनता के लिए बंद कर दिया गया है।ऐसी आशंका है कि प्रदर्शनकारी रविवार से राज्यों के संसद भवनों की ओर आना शुरू कर सकते हैं।

## यूगांडा के राष्ट्रपति ने छठी बार जीता चुनाव, विपक्ष ने धांधली का आरोप लगाया

**कंपाला।** युगांडा के निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने चुनाव में छठी बार जीत हासिल की। उनका कार्यकाल पांच वर्ष का होगा तथा इसके साथ ही चार दशक से चल रहे उनके शासन का विस्तार होगा। हालांकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी बॉबी वाइन ने चुनाव परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए इन्हें खारिज कर दिया। अधिकारी भी हालांकि स्पष्ट रूप से यह नहीं बता पाए कि इंटरनेट ठप होने के बीच चुनाव परिणाम किस प्रकार एकत्रित किए गए।

**डॉ. वीई पी कोस्टा का कहना है कि शिक्षा का भविष्य वैश्विक, बहुआयामी एवं समयानुरूप तथा बिना किसी हस्तक्षेप व सूचना के होने वाले अप्रत्याशित त्वरित बदलावों के साथ चलना है**



# आकलन करें और अपनाएं

अपनी वर्तमान स्थिति को देखते हुए, शिक्षा का भविष्य अनुमान के संदर्भ में न तो उतना नाटकीय है न ही बहुत अंधकारमय। हालांकि इससे पहले कि हम भविष्य में गोता लगाएं, यह समीक्षा करना लाजिमी है कि शिक्षा समय के साथ कैसे विकसित हुई है।

औद्योगिक क्रांति में प्रवेश से पहले तक, शिक्षा हमेशा बंद घरों में प्रदान की गयी है। शुरूआत में, औपचारिक पढ़ाई तथा उच्च शिक्षा संस्थानों तक पहुंच की कमी होने के कारण, घर के बुजुर्ग अपने बच्चों को सारा ज्ञान व योग्यताएं हस्तांतरित करते थे, हालांकि मूल्य व संस्कृति धार्मिक प्रमुखों द्वारा प्रदान की जाती थी।

इसका असर यह कि परिवार-उपनाम विकसित हुआ, जो परिवार या समुदाय द्वारा किए जाने वाले काम की किस्म की वजह था। इस तरह, एक सामाजिक दिनचर्या- एक विश्वास, संस्कृति, और मूल्य स्थापित हुआ।

फिर आई औद्योगिक कंाति- मशीनीकरण का दौर, मशीनों, प्रक्रियाओं व इंसानों को शामिल करती हुई, नियंत्रित वातावरण में काम की पैरवी करती हुई, कारखाना ढांचों द्वारा निर्धारित नियंत्रित ढंग में। उद्योग ने यथास्थिति को परिवर्तित किया इसने ताजा नये नजरिए व योग्यता समझदारियों की मांग की।

औद्योगिक आवश्यकताएं मौलिक विचार था और इसने स्कूल की अवधारणा को रूपांतरित किया। प्रत्येक मुख्य उन्नतिकारी पड़ाव के साथ बटन दुबारा सेट हुआ- सामूहिक उत्पादन से आटोमेशन और फिर वहां वर्तमान डाटा -क्रांति तक। प्रत्येक ने शिक्षा को समझने व अपनाने का तरीका बदला है।

डिजीटल तकनीक का समावेश उन्हीं अनेक बुनावटों में से एक है जो भावी-शिक्षा-पैकेज का निर्माण करती हैं। भावी-शिक्षा वैश्विक, बहुआयामी एवं समय व काल के अनुरूप है, जिसमें बिना किसी बाधा व सूचना के घटित होने वाले अप्रत्याशित त्वरित बदलावों से उत्पन्न जटिल पूर्वानुमान शामिल हैं।

भावी-शिक्षा- निरंतरता को गति के पैमाने पर क्रियान्वित पूर्वानुमान एवं अनुकूलन पर मापने की आवश्यकता होगी। इन दो विशेषताओं को शामिल करना सचमुच शिक्षा पर कार्पोरेट नजरिया बनने जा रहा है। उदाहरण के लिए, वे शैक्षणिक संस्थान जो पूर्वानुमान कर सकते थे और कोविड-19 के कारण अस्थिरता की भविष्यवाणी कर पाए और पहले डिजीटल रूपांतरण रणनीति लागू कर पाए, वे तालाबंदी उपायों एवं सामाजिक दूरी के अनुपालन के कारण संकट से निपटने में अग्रणी रहे हैं।

हम क्लासरूप स्टाइल भागीदारी के वर्तमान मॉडल की भविष्यवाणी करते हैं और ज्ञान प्रस्तुति प्रदर्शनकारी-थिएटर-मंच- मॉडल ढांचे का पुनर्गठन करेगी, जो सशक्त स्तर पर नेटवर्क संवर्धित तथा डाटा एवं होलोग्राफिक आयोजनों के साथ डिजीटल स्तर पर मिश्रित हो जिसमें वीडियो द्वारा सामुदायिक अंतर्क्रियाओं हों ताकि निर्बाध प्रशिक्षण, योग्यता निर्माण, नयी जानकारियां मिलना व शिक्षण अनुभव प्राप्त हो सकें।

अत्याधुनिक स्तर पर कहें तो छात्र और शिक्षक की आयु -पाबंदी खत्म हो सकती है क्योंकि आजीवन शिक्षण पर भारी बल दिया गया है। पढ़ाना निरंतर वैश्विक स्तर पर कक्षाओं व संस्थानों से परे विस्तारित होगा। बहुआयामी स्तरों पर बहुआयामी खूबियों से संबंधित छात्रों व शिक्षकों का जटिल मेल साथ मिलकर शिक्षा प्रस्तुत मानकों को प्रभावित करता है।

जैसा कि शिक्षा की प्रस्तुति ज्ञान, योग्यताएं, व आचरणगत अनुभवों के रूप में वगीकृत है, और तथ्य है कि न तो अकेले शिक्षक द्वारा, न ही तयशुदा स्थान वाले क्लासरूम के दायरों में सभी को उत्तम ढंग से नहीं पढ़ाया जा सकता, ऐसे में छात्रों को व्यापक दायरे वाले मार्गदर्शक नेटवर्क से परिचित कराने की आवश्यकता होगी जो कुल शिक्षा-प्रतिस्पर्धा शर्तों को पूरा करता हो। इसी कारण शिक्षण पद्धति वितरित हुई है और उसी प्रकार संस्थान, विश्वविद्यालय भी।

अब एआर और वीआर तकनीक द्वारा सहायता प्राप्त वर्चुअल कक्षाओं में तेजी लाने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है जो इन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। एआई तकनीक से लैस शिक्षण सहायकों को विकसित करने की भी भारी संभावना है जो शैक्षणिक कंटेंट को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में विद्वानों की सहायता करेंगे, शिक्षण पद्धति संवर्धित करते हुए।

सामाजिक वैज्ञानिक एवं तकनीक उद्यमियों को भी इसमें शामिल करने की आवश्यकता है जिससे कि द्विपक्षीय चिंतन, आत्म एवं टीम प्रबंधन, तथा विद्यार्थियों में तकनीकी एवं आर्थिक प्रबंधकीय अवधारणाएं विकसित हों और शिक्षा क्षेत्र की अनोखी आवश्यकताओं के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाया जा सके।

अधिकांश विश्वविद्यालय गहरे तौर पर जुड़ने, नेटवर्क का हिस्सा बनने के लिए तथा अधिक सक्षम भविष्य तथा इंडस्ट्री के लिए उपयुक्त छात्र प्रदान करने के लिए तकनीकी समाधान लागू करेंगे जिसकी वर्तमान स्थितियों व अनिश्चितता पर विचार करते हुए पहले से कहीं आवश्यकता है।

विश्वविद्यालय कोर्स व पाठयक्रम प्रस्तावित करने के लिए उद्योगों, शोध संस्थानों एवं डिजीटल मंचों के साथ जुड़ेंगे और उनके साथ आएंगे - यानी चरणबद्ध ढंग से लचीली स्नातक समयावधियों में कोर्स व पाठयक्रम प्रस्तावित करते हुए। विश्वविद्यालय, उद्योग एवं शोध संस्थान साथ मिलकर कोर्स व पाठयक्रमों को डिजाइन व प्रस्तावित करेंगे और मानव एवं अन्य संसाधनों(लैब्स, उपकरण एवं ढांचागत संरचना) को प्रस्तुति योग्य बनाने में साझीदारी करेंगे।

**- लेखक मारवाड़ी युनिवर्सिटी के वाइस चांसलर हैं।**

**अधिकांश विश्वविद्यालय गहरे तौर पर जुड़ने, नेटवर्क का हिस्सा बनने के लिए तथा अधिक सक्षम भविष्य तथा इंडस्ट्री के लिए उपयुक्त छात्र प्रदान करने के लिए तकनीकी समाधान लागू करेंगे जिसकी वर्तमान स्थितियों व अनिश्चितता पर विचार करते हुए पहले से कहीं आवश्यकता है।**

# अलग नजरिए से देखेंगे और काम करेंगे स्कूल

**सुमीत मेहता का कहना है कि पढ़ना विभिन्न विषयों एवं भाषा के निर्देश में रुचि तथा समझदारी की गति के मुताबिक वैयक्तिक होने वाला है**



Sumeet Mehta
CEO & Co-founder, LEAD School

**■ भारत में एडटेक सेक्टर का भविष्य क्या है?**

कुछ खास सच्चाइयां है जो अगले दस बीस सालों में बदलने वाली नहीं हैं। मूल शिक्षा स्कूल में प्रदान की जाती रहेगी लेकिन स्कूल बहुत अलग ढंग से देखेंगे और काम करेंगे। स्कूलों को असरकारी ढंग से चलाने में प्रणालियों व तकनीक की कहीं ज्यादा मौजूदगी रहेगी। लगभग 12 साल की उम्र तक, भरोसेमंद वयस्क की मदद से पढ़ाई जारी रहेगी इसलिए शिक्षक हाईस्कूल तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे लेकिन उन्हें तकनीकी स्तर पर सक्षम होने की जरूरत होगी। आगे बढ़कर सीखना अधिक से अधिक वैयक्तिक हो जाएगा। यह वैयक्तीकरण विभिन्न विषयों एवं भाषा के निर्देश में रूचि तथा समझदारी की गति के मुताबिक घटित होगा।

**■ आप छात्रों के लिए नया अकादमिक वर्ष कैसा देखते हैं ?**

नया अकादमिक वर्ष टाइमलाइन के मामले में सामान्य स्थिति की ओर लौटने का संकेत देगा। उत्तर में स्कूल एवं सीबीएसई स्कूल अप्रैल 2021 में अपने अकादमिक वर्ष की शुरूआत के लिए वापसी कर सकते हैं जबकि पश्चिम एवं दक्षिण में स्कूल जून में अपना अकादमिक सत्र आरंभ कर सकते हैं। लेकिन जब स्कूल दुबारा खुलेंगे तो कुछ ऐसे माता पिता जरूर होंगे जो अपने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर संकोच कर सकते हैं। स्कूलों को हाईब्रिड सिस्टम लागू करने चाहिए जो स्कूल और घर दोनों स्थानों पर, कक्षा में तथा आनलाइन पढ़ाई दोनों स्तरों पर, पढ़ाई करने में सक्षम बनाए।

**■ वो क्या सावधानियां हैं जो स्कूलों को अपनानी चाहिए जब वे कोविड के बाद पुन: खुलते हैं?**

स्कूल खोलने से पहले, अभिभावकों एवं व्यापक समुदाय के बीच, व्यापक स्तर पर आत्मविश्वास एवं जागरूकता का निर्माण संबंधी अभियान चलाए जाने चाहिए। स्कूलों को छात्रों की सुरक्षा, छात्र स्वास्थ्य एवं हाइब्रिड शिक्षण के उपाय लागू करने चाहिए। इनके बारे में माता पिता को संवाद के जरिए बताया जाना चाहिए। माता पिता को विकल्प दिया जाना चाहिए और जो माता पिता अपने बच्चों को घर से पढ़ाना चाहते हैं, तो उनके पास इस विकल्प की सीमाओं को समझते हुए, घर पर पढ़ाने का विकल्प होना चाहिए।

**■ बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले दसवीं कक्षा के छात्रों के माता पिता की बेचैनी कम करने के लिए क्या किया जा सकता है?**

जिस तरह हमारी शिक्षा प्रणाली का मौजूदा ढांचा है, दसवीं कक्षा अभी भी बच्चे के भविष्य में खास भूमिका निभाती है। इसलिए यह अनिवार्य है कि अगले तीन महीनों में स्कूल और माता पिता बच्चों को एकाग्रचित्त होने, अभ्यास करने में सक्षम बनाएं तथा जहां खामियां हैं वहां नजदीकी शिक्षक सहयोग पाने में उन्हें सक्षम बनाएं।

**■ नयी शिक्षा नीति के मामले में भविष्य कैसा नजर आता है?**

यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम जल्द से जल्द शिक्षा में प्रगति एजेंडा और विकास को पुनर्जीवित करें। भारत को न केवल उन सभी छात्रों को वापस लाना होगा जिन्हें 2020 में पढ़ाई का जबरदस्त नुकसान पहुंचा है, बल्कि उसे सुनिश्चित भी करना होगा कि वह अपने स्कूलों में शिक्षण परिणाम की गुणवत्ता का सुधार करने पर एकाग्रचित्त बना रहे। अस्तित्व के साथ जूझते रहने में यह आसान होगा लेकिन सच्चा नेतृत्व ऊंचा लक्ष्य बनाए रखना तथा छात्रों को एक नयी, बेहतर सहजता की ओर लेकर आना होगा, न कि पांच साल पहले के स्तरों की बदतर पहुंच तथा बदतर परिणाम की ओर लौटना।

**■ साल 2020 में देखे गए कुछ एडटेक रुझान क्या थे ?**

स्कूल वास्तविकता के प्रति जागृत हुए कि वे किसी विध्वंसक, अप्रत्याशित स्थिति के आगे बैठे हुए हैं क्योंकि वे एक सदियों पुरानी तकनीक- पेपर में बंधे हुए हैं। माता पिता को भी अहसास हुआ कि वे दिन की देखभाल के लिए पैसा देते आए थे जबकि वे सोचते थे कि वे पढ़ाई के लिए पैसा दे रहे हैं। आनलाइन आपूर्ति ने तेजी से मूल्यवान खाई को भरा है। पड़ोसी के ट्यूटर से ट्यूशन पढ़ना हमेशा भारत में प्रचलित था। ट्यूशन के स्थानापन्न के रूप में, प्रत्यक्ष या केन्द्र आधारित टेस्ट तैयारी के स्थानापन्न के रूप में, आनलाइन पढ़ाई ने रॉकेट की तरह उड़ान भरी है।

## स्कॉलरशिप



उच्च मेधावी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के इरादे से, कनाडा में युनिवर्सिटी आफ वाटरलू इंटरनेशनल स्टूडेंट इंट्रेंस स्कालरशिप प्रस्तावित कर रही है।

**लाभ:** प्रत्येक सफल स्कालर को टयूशन फीस के मद में 10000 डॉलर की धनराशि प्राप्त होगी।

**कोर्स लेवल:** अंडरग्रेजुएट भारतीय छात्र आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** छात्रों को युनिवर्सिटी आफ वाटरलू में बैचलर डिग्री कार्यक्रम में पंजीकरण कराना होगा।

स्पान्सरशिप युनिवर्सिटी द्वारा प्रस्तावित किसी भी विषय में प्रदान की जाएगी।

**संलग्नक दस्तावेज :** आवेदक को अपनी समस्त अर्जित पूर्व अकादमिक पांडुलिपियों तथा पासपोर्ट की प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।

**प्रवेश शर्तें :** दाखिला पाने के लिए, आवेदक ने न्यूनतम औसत के साथ 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हों और वे युनिवर्सिटी की प्रवेश शर्तों को भी पूरा करते हों।

**भाषा शर्त :** युनिवर्सिटी में अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम में अध्ययन के लिए अंग्रेजी भाषा में बेहतर दक्षता प्राप्त होना अत्यावश्यक है।

**आवेदन कैसे करें :** यदि आप इस शैक्षणिक प्रोत्साहन प्राप्त करना चाहते हैं तो इच्छुक छात्र को युनिवर्सिटी में अंडरग्रेजुएट कोर्सवर्क में प्रवेश लेना होगा तथा प्रवेश सूचना फार्म को भी भरना होगा।

**प्रवेश की अंतिम तिथि :** इस स्कालरशिप हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 जून, 2021 है।

द नेशनल युनिवर्सिटी आफ आयरलैंड गाल्वे 2021-2022 अकादमिक सत्र के लिए यूजी मेरिट अवार्ड हेतु आवेदन आमंत्रित करती है।

युनिवर्सिटी द्वारा प्रस्तावित किसी विषय क्षेत्र में अंडरग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम में अध्ययन के लिए यह स्कालरशिप प्रस्तावित है।

**योग्यता :** आवेदक को गैर यूरोपीय आवेदक होना चाहिए। उसने सितंबर 2021 में आरंभ होने वाले एनयूआई गालवे में पढ़ने का प्रस्ताव पत्र हासिल किया हो, तभी उन पर इन स्कालरशिप के लिए विचार किया जाएगा।

**संलग्न दस्तावेज :** पूर्व अर्जित डिग्रियां, अकादमिक पांडुलिपियों एवं अवार्ड की प्रतिलिपियां, अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रमाणपत्र, एक वक्तव्य, पासपोर्ट की प्रतिलिपि।

**प्रवेश शर्तें :** प्रवेश शर्तें आवेदन किए गए कोर्स के अनुसार अलग अलग हो सकती हैं। इस संदर्भ में कृपया अधिक जानकारी पाने के लिए इस पेज पर नजर डालें।

**भाषा शर्त :** पूर्णकालिक यूजी या पीजी में प्रवेश हेतु अंग्रेजी भाषा योग्यता का न्यूनतम स्वीकार्य स्तर है आईईएलटीएस एवं टीओईएफएल।

**आवेदन कैसे करें :** आवेदकों को एक व्यक्तिगत वक्तव्य (एमएस वर्ड, अधिकतम 500 शब्द में) जमा करना होगा। जिसमें एनयूआई गालवे में पढ़ने में आपकी रूचि क्यों है, आप भविष्य में विकसित होने वाले एनयूआई गालवे के साथ अपने संबंध की कैसी परिकल्पना करते हैं, आप, बतौर अलूमनी तथा अपनी स्कालरशिप अवधि के दौरान, दोनों समयावधियों में किस तरह एनयूआई गालवे के साथ संपर्क को प्रोत्साहित करेंगे, आदि पहलुओं का उल्लेख हो।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 31 मार्च, 2021

# अपने अंदर विकसित करें नेतृत्व क्षमता

**निशा पारिख का कहना है कि आधुनिक नेता न केवल आदेश देते हैं बल्कि सुनते भी हैं। साथ काम भी करते हैं, प्रगति हेतु प्रोत्साहित भी करते हैं और टीम के सदस्यों की सहायता भी करते हैं**



यह पता लगाने का कोई राकेट साइंस नहीं है कि प्रत्येक सफल कारोबार के पीछे, रहनुमाओं का एक विलक्षण समूह होता है। लेकिन आप रातों रात नेता नहीं बनते हैं। महान नेता जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। वे नेतृत्व पाने के लिए बिरले ही किसी खास तयशुदा रास्ते का पालन करते हैं। हालांकि कुछ जन्मजात नेता होते हैं, जबकि उनके अलावा बाकी लोग नेता बनने की समूची राह में मुश्किलों व विफलताओं पर विजय पाते हैं। नेतृत्व योग्यताएं अंतर्निहित गुण होते हैं जिन्हें पोषित करना बहुत ही कठिन होता है और इन्हें विकसित करने के लिए जूझना पड़ता है।

वे दिन बीत गए जहां बॉस आदेश देता है और अपने अधीनस्थों से उनका अंधानुकरण करने की अपेक्षा करता है। आधुनिक नेता न केवल आदेश देते हैं बल्कि सुनते भी हैं, साथ काम भी करते हैं, प्रगति हेतु प्रोत्साहित भी करते हैं और टीम के सदस्यों की सहायता भी करते हैं। ये नेता अपने संस्थानों की प्रतिष्ठा को मापने, मजबूत बनाने तथा कायम रखने के लिए हर रोज अथक ढंग से काम करते हैं। संकट के दौरान, नेता संकट से पार पाने के लिए अपने संगठनों को निर्देश देते हुए हमेशा मोर्चे पर बने रहते हैं। वे संगठन की जिम्मेदारी व जवाबदेही संभालते हैं और संगठन के लिए जो उत्तम होता है, वह करते हैं। वे अपने दृष्टिकोणों में बदलाव तथा क्षमता निर्माण के जरिए सबकुछ आरंभ करते हैं।

सांगठनिक विकास में नेतृत्व की महत्ता अद्वितीय है। निम्न सूचित कुछ बुनियादी तरीके हैं जिनके जरिए नेता अपने संगठनों को सहयोग व संभाल सकते हैं-

**नेताओं को पैदा करते हैं नेता :** अनेक लोग मानते हैं कि नेताओं को अनुयायियों की जरूरत होती है। लेकिन सत्य यह है कि असली नेता ज्यादा नेताओं को पैदा करते हैं, अनुयायियों को नहीं। आधुनिक नेता अब अपने साथ जुड़े अनुयायियों की संख्या से अपने प्रभाव को नहीं मापते हैं। स्थिरता के दौर में, एकल नेता की सोच के इर्दगिर्द संगठन को लामबद्ध करने पर अधिक जोर व सुविधा नजर आती है। हर चीज को सही दिशा, उचित गति एवं सही समय में अकेले हाथ द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन कठिन दौर में, ढलने की योग्यता प्रचंड बन जाती है।

बदलाव की योग्यता अनुयायियों के संगठन तक सीमित है। एकल नेता के नेतृत्व में, टीम नयी ग्राहक आवश्यकताओं, नयी तकनीकों, आर्थिक वातावरण, प्रतिस्पर्धाओं आदि में ढलने में कठिनाई महसूस कर सकती है। इसके विपरीत, वे नेता, जो ज्यादा नेता पैदा करते हैं, वे बदलाव को तेजी से अपना सकते हैं। इस रूप में, नेता पर काम का बोझ कम हो जाता है। उन्नत उत्पादकता, प्रगति एवं आत्मविश्वास संगठन की क्षमता व प्रगति को सुनिश्चित करने वाली होता है।

**दूरदर्शी नेतृत्व :** नेता महत्वपूर्ण मगर लाभकारी लक्ष्यों व उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए दूरदर्शी नेतृत्व में भरोसा करने के लिए टीम सदस्यों को प्रेरित व प्रोत्साहित करते हैं। ये नेता अपनी टीम को इतना प्रभावी ढंग सेसशक्त बनाते हैं कि कर्मचारी खुद अपने चिन्हित लक्ष्यों को हासिल करने का तरीका तलाश लेते हैं। यदि टीम समर्पित है, तो वे अद्भुत काम कर सकते हैं।

लेकिन यदि टीम सांगठनिक सफलता के प्रति सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रही है, तो वे उपयोगी होंगे। लक्ष्य निर्धारण के बिना या प्रक्रिया में भागीदारी के बिना, कोई भी टीम सफल नहीं हो सकती। इसके अलावा, नेताओं को लोगों की सहायता करनी चाहिए ताकि वे संगठन की सोच में साथ आएं और टीम के लक्ष्यों के अनुसार काम कर सकें।

नेता सुनते हैं, पैरवी और सहायता करते हैं: नेता का सबसे महत्वपूर्ण गुण होता है- सुनने में माहिर होना। यह कर्मचारियों के साथ अच्छे संबंधों की बुनियाद का संकेत देता है क्योंकि यह कर्मचारियों को स्पष्ट समझा देता है कि नेता उनकी सचमुच परवाह करते हैं। सुनने की कला नेताओं के प्रभाव की कला का निर्धारण करती है। हालांकि यह आसान लगता है, मगर सुनने में माहिर होना एक कठिन कला है। एक और महत्वपूर्ण योग्यता है टीम सदस्यों के साथ खड़ा होना जब भी कभी उन्हें मदद की जरूरत हो। अपने लोगों की पैरवी करके, दूरगामी प्रतिबद्धता, विश्वास, विश्वसनीयता, व वफादारी स्थापित की जा सकती है जो फिर टीम सदस्यों के आत्मविश्वास के स्तरों में बढ़ोत्तरी लाती है।

**टीम वर्क :** अपवाद स्वरूप टीमवर्क अकेला ऐसा पहलू है जो संस्थान की सफलता में भारी योगदान करता है। नेता योग्य लोगों की एक टीम बनाकर शुरूआत करते हैं जो पूरी निष्ठा के साथ काम को पूरा करती है। दूसरा कदम जो नेता अपनाते हैं वो यह कि अपनी अपेक्षाओं की जानकारी होना। यह मानना गलत है कि प्रत्येक टीम-सदस्य जानता है कि क्या किए जाने की आवश्यकता है। सबसे महत्वपूर्ण कदम जो नेता को उठाना चाहिए वो यह कि वो अपने टीमवर्क को प्रोत्साहित करे।

**- लेखक तेलुबू के एचआर एंड मार्केटिंग उपाध्यक्ष है।**

पिछले पांच चुनावों में आरक्षित सीटों का ब्यौरा किया तलब

# पंचायत चुनाव में शासन से तय होगा सीटों का आरक्षण!

संवाददाता। सीतापुर




**पंचायत चुनाव** की तैयारियां तेज हो गई हैं। अब लोगों को आरक्षण सूची का इंतजार है। सीतापुर में पंचायत की सीटों पर आरक्षण के निर्धारण के लिए पंचायती राज विभाग ने पिछले पांच चुनावों में आरक्षित रही सीटों की लिस्ट निदेशालय को भेज दी है। पंचायत चुनाव में आरक्षण का चक्रानुक्रम से होगा याफिर जीरो से, ये फैसला शासन करेगा, हालांकि इस बार चक्रानुक्रम से आरक्षण निर्धारित होने की उम्मीद है, अगर ऐसा होता है तो इस बार सीटों के आरक्षण में काफी उलटफेर दिखने को मिलेगा। इस पर सोमवार तक फाइनल मुहर लगने की संभावना है। बता दें कि पंचायत चुनाव में दावेदारी का मूड बनाए लोग आरक्षण सूची का इंतजार कर रहे हैं। इसी के आधार पर तय होगा कि किस जाति का उम्मीदवार किस गांव में अपनी दावेदारी कर सकता है, क्योंकि गांव अगर आरक्षित हो गया तो सामान्य जाति के लोग वहां से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इसी तरह अगर गांव महिला के लिए आरक्षित हो गया तो वहां से कोई पुरुष पर्चा नहीं भर सकता। पंचायत चुनाव में सर्वाधिक विवाद सीटों के आरक्षण तय करने में फंसता है। हर सीट पर प्रत्येक वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के इरादे से वर्ष 1995 से चक्रानुक्रम आरक्षण व्यवस्था लागू हुई। अमूमन जिस वर्ग के लिए सीट आरक्षित हुई, उसके अगले चुनाव में उसे छोड़, दूसरे वर्ग को वह सीट मिलनी चाहिए, लेकिन, कई बार राजनीतिक एवं स्थानीय दबाव में एक वर्ग को ही सीटें आरक्षित हो जाती हैं। जिस कारण चुनाव के बाद तक विवाद बना रहता है। पिछले चुनावों में हुए विवादों से सीख लेते हुए पंचायती राज महकमा अब पारदर्शी व्यवस्था तैयार करने की कवायद में जुटा है। पहले पंचायत चुनावों में सीटों के आरक्षण की प्रक्रिया जिला स्तर पर समिति के माध्यम से कराई जाती थी, लेकिन अबकी शासन स्तर पर पंचायतों में सीट का आरक्षण निर्धारित किया जाएगा। इससे जुगाड़ के सहारे आरक्षण में हेराफेरी करवाने की मंशा रखने वाले संभावित प्रत्याशियों को झटका लगा है, हालांकि लोग अभी हार मानने को तैयार नहीं हैं और डीपीआरओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

### ब्लॉकवार भेजी गई आरक्षण की सूची

**क्षेत्र पंचायत** की सीटों के आरक्षण के लिए 2015, 2010, 2005, 2000 और 1995 में पंचायत चुनाव के दौरान लागू आरक्षण की ब्लॉकवार सूची निदेशालय भेजी गई है, जिसके आधार पर 2021 में सीटों का आरक्षण तय किया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत की सीटों के आरक्षण के लिए पिछले पांच बार हो चुके पंचायत चुनावों में आरक्षण की सूची तैयार कर निदेशालय भेजा गया है।

पंचायत चुनाव में सीटों के आरक्षण का चक्रानुक्रम फॉर्मूला
पहले एसटी महिला, फिर एसटी महिला पुरुष
पहले एससी महिला, फिर एससी महिला पुरुष
पहले ओबीसी महिला, फिर ओबीसी महिला पुरुष
अगर तब भी महिलाओं का एक तिहाई आरक्षण पूरा न हो तो महिला
इसके बाद अनारक्षित

डालमियां चीनी मिल जवाहरपुर मार्ग पर पथरी के पास

# निर्मला किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पम्प का किया गया उद्घाटन



रामकोट-उद्घाटन करते पट्रोल पम्प के मालिक संतोष कुमार राजवंश व अन्य

संवाददाता। रामकोट सीतापुर

**क्षेत्र के** डालमिया चीनी मिल मार्ग पर स्थित पथरी जवाहरपुर में निर्मला किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पम्प का उद्धघाटन उत्तर रेलवे सेवा निवृत्त प्यारे लाल राजवंशी व सम्मानित पत्रकारों व गणमान्यों ने सामुहिक रूप से फीता काट कर किया। पेट्रोल पम्प के खुलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गयी। पट्रोल पम्प के मालिक संतोष कुमार राजवंशी ने कहा हमारा समाज सेवा का भाव सदा से रहा है,और रहेगा, माता पिता के आशीर्वाद से सपना साकार हुआ। इस मौके पर इंडियन ऑयल के फील्ड ऑफिसर धरुदीप वरुण, प्रधान प्रतिनिधि रामनिवास ,भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार राव,नन्हे पूर्व प्रधान करुणाशंकर दीक्षित,आदित्य मिश्रा, काशी रामतिवारी,अमन,रियाज सिद्दीकी,रियासत अली,बद्री विशाल अवस्थी उमाकांत शुक्ला,आदित्य शुक्ला, अमित वर्मा सहित गणमान्य और सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन

- भाजपा जिलाध्यक्ष सहित तमाम कार्यकर्ता रहे मौजूद

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-खिचड़ी भोज में शामिल भाजपा कार्यकर्ता

**भाजपा नगर** मंडल 2 द्वारा समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन आज तरीनपुर के एक निजी गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा रहे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज मे आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते है व इनसे समाज मे समरसता का भाव पैदा होता है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मंडल इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष सहित आये हुए अतिथियो को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीरज वर्मा, पूनम मिश्रा,विश्राम सागर राठौर, दिनेश शर्मा, उमाकांत मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, संजय मिश्रा, अजय भार्गव, रोहित सिंह, गोदावरी मिश्रा, जया सिंह, सत्य प्रकाश मिश्रा,भानु प्रताप सिंह, कंचन पांडेय, अनीत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, भंवर सिंह, रामबाबू श्रीवास्तव, राकेश गुप्ता, संदीप अवस्थी, पंकज अवस्थी, अशोक राठौर, पंकज पांडेय, आशीष शास्त्री, सीमा बाजपेई, पंकज मिश्रा, उपेंद्र शुक्ला, अंजनी शुक्ल, संजय शुक्ला, रमेश त्रिवेदी, राज बहादुर सिंह, अनुराग दीक्षित, राजन गुप्ता, अवनेंद्र विक्रम सिंह, आलोक श्रीवास्तव, चंचल श्रीवास्तव, प्रियंका वर्मा,ममता डोडेजा, महेंद्र बंगाली, सचिन मिश्रा, शिवांसु मिश्रा, अनिल निषाद राकेश, रामकृष्ण पांडेय, राजकुमार राजवंशी, बीना पंकज यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खिचड़ी भोज का आयोजन

**ऐलिया सीतापुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर ब्राह्मण एकता महोत्सव व खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन किया गया है। श्री रामचंद्र मिश्र महाविद्यालय में ब्राह्मण एकता महोत्सव तथा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। एलिया ब्लॉक के रामपुर टिकवापारा स्थित श्री राम चंद्र महाविद्यालय में ब्राह्मण एकता महोत्सव का आयोजन किया गया। ब्राह्मण एकता महोत्सव का आयोजन जय प्रकाश मिश्र एवं सर्वेश मिश्र के द्वारा किया गया। ब्राह्मण एकता महोत्सव के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पंडित उमेश द्विवेदी रहे। कार्यक्रम का संचालन पंकज पांडेय ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि कर्नल एस. के. शुक्ला, राजेश शुक्ला, मुनींद्र अवस्थी, परीक्षित त्रिपाठी, कामेश शुक्ला, विकास त्रिपाठी, अविनाश पांडेय, जनार्दन शुक्ला, पंकज शुक्ला, भास्कर मिश्रा, निर्भय द्विवेदी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अन्तर्राज्यीय साइबर गैंग का भंडाफोड़

# फर्जी फाइनेंस कम्पनी बनाकर ठगी का राजफॉश

- री-मूवेबल पेन से लिखी अपराध की इबारत, पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अभियुक्त उत्तराखण्ड, राजस्थान तक फैली थीं वारदात की जड़ें

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-खुलासे की जानकारी देते एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह

**सीतापुर पुलिस** को साइबर क्राइम गैंग का भंडाफोड़ करने में सफलता हांथ लगी है। अन्तर्राज्यीय साइबर गैंग की जड़े गैर प्रान्त उत्तराखंड, राजस्थान तक फैली थी। पुलिस के हत्थे चढ़े इस शातिर गैंग में शामिल अभियुक्त फिल्मी स्टाइल से लोगो को बेवकूफ बनाकर ठगी का शिकार करते थे। एसपी दफ्तर में आयोजित प्रेसवार्ता में खुलासा करते हुए एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि इस गैंग में शामिल अभियुक्त फर्जी स्टार फइनेस कम्पनी के सहारे ठगी करते थे। गैंग द्वारा अखबारों में पम्फ्लेट रखवाकर लोन देने का झांसा दिया जाता था। पम्फ्लेट पर दिए गए नम्बरों पर सम्पर्क करने वाले लोगो से मिलकर आधारकार्ड, पैनकार्ड की फोटो कापी के साथ ब्लैंकचेक ले लेते थे। ब्लैंक चेक को रीमूवेबल पेन से कैंसिल कर देते थे और बाद में इसी कैसिंल चेक को रकम भरकर कैश करा लेते थे। एसपी आरपी सिंह द्वारा शिकायतें मिलने पर एएसपी के निर्देशन में टीम गठित कर सीओ सिटी पीयूष कुमार को कमान सौंपेगी। टीम में शामिल शहर कोतवाल टीपी सिंह, उपनिरीक्षक निर्मल तिवारी, साइबर सेल के विजय वीर सिरोही के साथ मिलकर पड़ताल शुरू की और डिजिटल साक्ष्य जुटाकर एक मोबाइल फोन, 60 हजार की नकदी एक रीमूवेबल पेन बरामद किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े अभियुक्तों में उत्तराखंड के उधम सिंह जिले के थाना बाजपुर निवासी पृथ्वी सिंह पुत्र गजराम सिंह, यहीं के आनंद बल्लभ जोशी पुत्र कान्ती बल्लभ के अलावा रामपुर जिले का बिंदर सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह शामिल है। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरूद्ध संगीन धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। खुलासा करने वाली टीम में कास्टेबल रोहित कुमार, रवि वर्मा, भूपेन्द्र राणा, नंदकुमार, संदीप सिंह भी शामिल रहे।

# देवी मां के भजनों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

- रोटी गोदाम में आयोजित हुआ माँ भगवती का विशाल जागरण
- रोटी गोदाम सेवा समिति द्वारा आयोजित हुआ जगराता

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-भजन संध्या में शमिल गायिका

**कानपुर के** प्रवेश,फरूखाबाद की श्रद्धा व सीतापुर के कपिल ने देवी माँ के भजनों से बांधा समा रोटी गोदाम सेवा समिति द्वारा जय भोले सेवा समिति के संयोजन से सीतापुर के रोटी गोदाम मोहल्ले में माँ भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया।कानपुर के प्रवेश शुक्ला,फरूखाबाद की श्रद्धा पांडेय ,सीतापुर के कपिल व सनी निषाद एंड पार्टी के कलाकारों ने देवी माँ के भजनों की संगीतमयी प्रस्तुति से रात भर श्रद्धालुओं को देवी माँ के भजनों पर झूमने को मजबूर दिया।झूठी दुनिया को मन से हटा ले, ध्यान मैयाजी के चरणों मे लगा ले,कोई मेरा कुछ भी कर ले साईं सुल्तान है मेरा,चलो बुलावा आया है,मैया ने बुलाया है,तेरे होते क्यों झोली खाली है माँ जैसे भजनों ने माहौल को भक्तिमय कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया।इसके साथ ही राधा-कृष्ण,भगवान शिव-पार्वती की आकर्षक झांकी व शिव तांडव नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।इस अवसर पर आई इंडिया के एडिटर इन चीफ पंकज सिंह गौर,अन्नपूर्णा सेवा संस्थान अध्यक्ष अनिल द्विवेदी,समाजसेवी कमल नयन आर्य,सभासद धीरज पांडेय, पूर्व सभासद प्रेम कुमार यादव,आयोजन समिति के सदस्य रोहित मिश्रा,राहुल मिश्रा,जतिन, राजकुमार, अनादि अवस्थी, हर्ष मिश्रा, विजय मिश्रा,अशोक मिश्रा, अंकित, सागर,अमन, शशांक, अनिकेत यादव, अनूप पाल, नितिन पाल, आशू, लाला, सचिन, रवि कनौजिया, ,रवि मिश्रा, अनुराग, रमन, राहुल सिंह, कुशाग्र दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### करणी सेना कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**रेउसा सीतापुर।** सेवता विधानसभा में चंद्र सैनी में कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू ने किया। जिसका जिलाध्यक्ष का स्वागत भी किया गया। उपाध्यक्ष संजय सिंह संयोजक छोटे सिंह जिला सचिव मन्नू सिंह जिला महासचिव अभिषेक सिंह मोनू सिंह अनूप सिंह महेश सिंह, अमरीश सिंह प्रांशु सिंह अजीत सिंह शोभित सिंह पप्पू सिंह प्रधान आदि लोग मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ आज

- हरगांव विधायक होंगे मुख्य अतिथि

**सीतापुर।** सड़क हादसों के प्रति लोगो को जागरूक करने के मकसद से आज से एक माह तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा। माह का शुभारम्भ शहर के तरणताल पर आयोजित कार्यक्रम से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरगांव विधायक सुरेश राही मौजूद रहेगें। एआरटीओ प्रवर्तन डा. उदित नरायण ने बताया कि एक माह तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमो के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा थाना क्षेत्र के बसंतापुर गांव के 30 वर्षीय शिव बिहारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई हैं। भाई पुजारी पाण्डेय ने हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए थाने में तहरीर दी है। बताते हैं कि शिव बिहारी का प्रेम प्रसंग गांव की ही एक प्राइवेट अस्पताल चलाने वाली नर्स से था, जिसका परिजन विरोध करते थे। ऐसे शिवबिहारी पिछले 2 वर्षों से मारूबेहड़ में प्रेमिका के साथ मेडिकल स्टोर चला रहा था, रविवार सुबह शिवबिहारी के भाई पुजारी पाण्डेय को शिवबिहारी के बीमार होने की सूचना मिली थी, जब वह उसे सीएचसी लेकर गए तो चिकित्सकों ने शिवबिहारी को मृत घोषित कर दिया। रेउसा थनाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पपिंग सेट बनाते समय हुआ हादसा, मौत

**भदफर सीतापुर।** भदफर सीतापुर कोतवाली लहरपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा आंबा के मजरा भट्ठा पुरवा में राम सागर चौहान का पंपिंग सेट बनाने आए 50 वर्षीय अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई घटना घटना 17 जनवरी 2021 दिन रविवार समय करीब 11:00 बजे सुबह की है रामखेलावन पुत्र राम भजन निवासी ग्राम सभा शाहपुर मजरा कोठी पुरवा द्वारा राम सागर का पंपिंग सेट बनाकर चालू कर रहे थे कि अचानक पंपिंग सेट का बिल फट गया जो कोठी परवाह निवासी रामखेलावन के सर में लगा जिस कारण रामखेलावन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई रामखेलावन के सिर का पिछला हिस्सा विल के साथ ही उड़ गया जिससे घटनास्थल पर ही रामखेलावन की मौत हो गई रामखेलावन के दो लड़के रंजीत कुमार तथा अंकित कुमार दो लड़की पूनम देवी तथा रेनू देवी पत्नी राम रानी तथा माता-पिता का रो-रो कर बहुत बुरा हाल था मौके पर भदफर चौकी इंचार्ज संत कुमार सिंह मैं हमराही पुलिस बल पहुंचकर सबको अपने कब्जे में शव को अपने कब्जे में ले कर पीएम की कार्यवाही की।

### स्वास्थ्य मेले का हुआ उद्घाटन

**कमलापुर सीतापुर।** पीएचसी कमलापुर में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मधु गैरोला ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारतीय मजदूर किसान संगठन के जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरज सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ उदय प्रताप सिंह सीएचसी कसमंडा के अधीक्षक डॉ अरविंद बाजपेई, डॉक्टर शाहिद, डॉक्टर वसीम, विवेक बाजपेई, फर्मासिस्ट आरपी सिंह आदि मौजूद थे।

### नदी में उतराता मिला शव

**रामपुरमथुरा सीतापुर।** थान रामपुर मथुरा के गांव कोंडर के 20 वर्षीय माधवराम का सड़ा गला शव बाराबंकी के हेतमापुर के पास घाघरा नदी के किनारे मिला है। रामपुर मथुरा पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज हुई, लेकिन घटना बराबंकी जिले की है, ऐसे में हत्या का केस वहीं दर्ज होगा। चर्चा है कि माधवराम ने निरंजनपुरवा के राजू को जमीन बेची थी, राजू ने पैसा देने के लिए माधवराम को अपने गांव बुलाया था।

### तालिबानी सजा का वीडियो वायरल, पेड़ से बांधा गया युवक

- चोरी करने आया या छेड़खानी

**सीतापुर।** सीतापुर पुलिस सड़कों पर एंटी रोमियो का अभियान चलाती रही, और एक गांव में युवक को तालिबानी सजा देकर परिजनों ने आशिकी का भूत उतार डाला, न पुलिस न कोर्ट, फैसला ऑन द स्पॉट। जिसको आप इस फुटेज के जरिए खुद देख सकते हैं कि पेड़ से बांध गया यह कथित प्रेमी और गालियों की बौछार करते लोग, प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो इससे पहले इस युवक की जमकर पिटाई भी हुई, यह मामला है रामपुर कलां इलाके के मजलिसपुर लोधौरा गांव का है। पेड़ से बांधे गए युवक का नाम इसराइल है। ग्रामीणों की मानें तो यह कथित प्रेमी अक्सर अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंच जाया करता था। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि यह मनचला घरों में भी छिप-छिपकर औरतों- लड़कियों पर गलत निगाह रखता था, गांव के ही पिंटू पुत्र सुरेश मौर्या के घर पर यह पहुंच गया। बताते हैं कि इसके दो अन्य साथी भी थे। पहले इसे चोरी करने की नीयत से घर में घुसना बताया गया, बाद में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ। जब इसराइल घर पहुंचता तो पिंटू के परिजन जग गए, फिर इसे पकड़कर पीटा और उसके हाथों को रस्सी से बांधकर पेड़ से बांध दिया। जिसे बाद में रामपुर कलां पुलिस छुड़ाकर थाने ले गई। इस वीडियो में साफतौर पर दिखाई दे रहा है कि सजा देने वालों ने कानून के दायरे में दंड न देकर खुद तालिबानी सजा देने का फैसला सुनाया है। उधर, बांधा गया युवक यह चिल्लाता रहा है कि वो सांड़ को भगाने आया था।

# फ्रेंडली क्रिकेट मैच में पत्रकारों की जीत



सीतापुर-खिलाड़ी को सम्मानित करते डीएम विशाल भारद्वाज



सीतापुर-विजयी होने के बाद मौजूद पत्रकार एकादश की टीम साथ में वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर, गोविन्द मिश्रा व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

- पुनीत शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी, लगाए गगनचुंबी छक्के, बने मैन ऑफ द मैच
- डीएम ने पुरस्कार देकर थपथपाई पीठ

**बेसिक शिक्षा** विभाग की ओर से शहर के आरएमपी इंटर कॉलेज मैदान पर एक दिवसीय मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें पत्रकार एकादश, कलेक्ट्रेट एकादश, बैंकर्स एकादश और शिक्षक एकादश ने हिस्सा लिया। पहले मैच में पत्रकार एकादश ने शिक्षक एकादश को 6 विकेट से हराया। दूसरा मैच बैकर्स के खाते में गया। फाइनल में पत्रकार एकादष ने 104 रनों से शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। फाइनल में पुनीत शर्मा ने 49 गेंदों पर 181 रनों की तूफानी पारी खेली। पुनीत को मैन ऑफ मैच का पुरस्कार जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने किया। इस मौके पर एसडीएम सदर अमित भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर, अरविंद मोहन मिश्र, रत्नेश मिश्रा, नित्यानंद अग्निहोत्री, एहतिशाम आलम, अमित वर्मा, राज शर्मा, राकेश कुमार, नवीन श्रीवास्तव, वीके गुप्त आदि मौजूद थे।

# जीआईसी में शिक्षकों और बच्चों के साथ हुई परिचर्चा

- डीआईओएस, बीएसए सहित अन्य शिक्षकगण रहे मौजूद

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद नवागत डीआईओएस व बीएसए सहित अन्य शिक्षकगण

**राजकीय इंटर** कॉलेज सीतापुर में नवनियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक देवी सहाय तिवारी के प्रथम आगमन पर कॉलेज के मुख्य द्वार पर प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह, एनसीसी ऑफिसर (लेफ्टिनेंट) खान शादाब जमीर, वीरेश सिंह, मुरलीधर कनौजिया ,सुनील सिंह ,इमरान, अनिल बाजपेई, विश्व मोहन मिश्रा, रवि सक्सेना ,अरविंद मोहन श्रीवास्तव, संजय मिश्रा,आशीष 'भैया जी' एवं एनसीसी कैडेट्स के द्वारा मुख्य द्वार पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवी सहाय तिवारी को सलामी देकर दिव्य और भव्य स्वागत किया गया जिला विद्यालय निरीक्षक के स्वागत की अगुवाई डॉक्टर नरेंद्र सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर द्वारा किया गया सर्वप्रथम प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह के द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालय का भ्रमण कराया गया कक्षाओं में चल रही क्लासो में शिक्षकों एवं बच्चों से विषय के संदर्भ में चर्चा परिचर्चा किया इसके पश्चात राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के कम्युनिटी हॉल में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्प आर्चन करके किया गया स्वागत की कड़ी में सर्वप्रथम वीरेश सिंह द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक देवी सहाय तिवारी को बैज लगाकर के सम्मानित किया इसी क्रम में सुनील सिंह के द्वारा प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र सिंह को बैज लगाकर के स्वागत सम्मान किया गया रवि सक्सेना जी के द्वारा स्वागत गीत कराया गया इसके पश्चात प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र सिंह के द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट करके उनका स्वागत सम्मान किया डॉक्टर नरेंद्र सिंह, एनसीसी ऑफिसर (लेफ्टीनेंट) खान शादाब जमीर एवं आशीष भैया जी के द्वारा स्मृती चिन्ह भेंट किया गया। प्रधानाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि आपका राजकीय इंटर कॉलेज परिवार हृदय की गहराइयों से स्वागत अभिनंदन और वंदन करता है आपके स्वागत समारोह में हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि राजकीय इंटर कॉलेज परिवार आपके साथ प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अनवरत आप के मार्गदर्शन में काम करता रहेगा कार्यक्रम का सफल संचालन संजय मिश्रा द्वारा किया गया इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टॉफ एवं एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 18 जनवरी, 2021


# गोला पुलिस व मादक पदार्थ तस्कर गठजोड़ का खुलासा


- बचाव में सफेदपोश नेता व पुलिस सक्रिय
- मादक पदार्थ चिप्पड़ के साथ एक युवक गिरफ्तार
- पत्रकार व पुलिस क्षेत्राधिकारी के प्रयास के चलते हुई कार्रवाई
- पुलिस का असली चेहरा हुआ बेनकाब

संवाददाता। गोकर्णनाथ-खीरी

**थाना कोतवाली** गोला की पुलिस चौकी नानक के क्षेत्र में पुलिस व मादक तस्कर की मिलीभगत के चलते लम्बे समय से बिक्री होने वाला अवैध मादक पदार्थ चिप्पड़ का आज खुलासा हुआ है। एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला से मिलकर कर रंगे हाथ चिप्पड़ के साथ मादक पदार्थ विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया गया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली गोला की पुलिस चौकी नानक के इंचार्ज कुलदीप सिंह व पुलिस की मिलीभगत के चलते खुलेआम अवैध मादक पदार्थ चिप्पड़ का गोरखधंधा चल रहा था। इसकी खबर भी समय-समय पर प्रकाशित होती रही पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।रविवार को दोपहरबाद पत्रकार अभिषेक शुक्ला ने गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी आरके वर्मा से मिलकर चिप्पड़ की बिक्री खुलेआम होने की शिकायत की जिस पर उन्होंने पत्रकार के साथ सादी वर्दी में अनिल गूजर सिपाही को भेजा। चिप्पड़ खरीदने के लिए पैसा दिया। चिप्पड़ लिया। इस बीच सादी वर्दी में मौजूद सिपाही ने उसको चिप्पड़ के साथ पकड़ लिया। पकड़े गए मादक पदार्थ विक्रेता मुकेश कुमार ने इस गिरोह के सरगना व दूसरे गिरोह के बारे में जानकारी दी पर पुलिस चौकी इंचार्ज व पुलिस चौकी का पुलिस बल मिला होने के चलते मामला दबाया जा रहा है। अगर पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला व पुलिस अधीक्षक खीरी इस पकड़े गए अवैध मादक पदार्थ विक्रेता से अगर पूछताछ व छानबीन करें तो कोतवाल व पुलिस चौकी इंचार्ज को बचना मुश्किल होगा। फिलहाल मादक पदार्थ विक्रेता को छुड़ाने के लिए सफेदपोश नेता व पुलिस पूरी तरह सक्रिय है पर देखना यह है कि नौनिहालों व युवाओं को इस नशे के गिरफ्त में लेने वाले मादक तस्कर का खुलासा होता है या इसी को जेल भेजकर पुलिस इतिश्री कर देती है।

## प्रोत्साहन के लिए शुरू किया स्कूल आफ द वीक

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह ने विद्यालयों के कायाकल्प को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग लखीमपुर खीरी के नाम से एक पेज बनाया है। इसमें हर हफ्ते जिले के एक स्कूल को 'स्कूल आफ द वीक' के रूप में चुना जाएगा। इसके बैनर की टैगलाइन 'हमारे विद्यालय हमारा गर्व है, हमारे शिक्षक हमारे हीरो' है। पिछले सप्ताह लांच किए गए इस पेज से अभी तक 500 से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं। संविलियन विद्यालय मियांपुर कॉलोनी विकास क्षेत्र मोहम्मदी के विद्यालय को पिछले सप्ताह काफी पसंद किया गया। लगभग डेढ़ लाख लोगों ने इस विद्यालय को देखा। इसी कड़ी में प्राथमिक विद्यालय रतसिया ब्लाक बेहजम इस सप्ताह का स्कूल ऑफ द वीक चुना गया है। बताते चलें कि विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के तहत कायाकल्प में 14 बिंदुओं पर अच्छा कार्य किया गया है। विद्यालयों में टायलीकरण, विद्युत संयोजन, जलापूर्ति व टॉयलेट इत्यादि सुविधाओं पर बेहतर कार्य हुआ है। बीएसए बुद्धप्रिय सिंह का कहना है कि जिले में कायाकल्प के अलावा, रीडिंग कॉर्नर विकसित करने, लाइब्रेरी निर्माण, स्पोर्ट्स एक्टिविटी, आईसीटी इत्यादि में अच्छा कार्य हुआ है। जिले के कई विद्यालय प्राइवेट विद्यालयों से भी बेहतर हो गए हैं।

## छह मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तोंध्वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत 17 जनवरी को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 25/2021 धारा 457/380 भादवि से संबंधित चोरी के 6 मोबाइल फोन बरामद कर 2 शातिर अभियुक्तों छोटेलाल उर्फ छोटे पुत्र ज्ञानी पाल निवासी ईश्वारा मजरा बेहटाथाना ईसानगर जनपद खीरी व कौशल पुत्र विद्या प्रसाद राजपूत निवासी कोठारपुरवा मजरा समरदाहरी थाना ईसानगर जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया।

## अर्कवंशी सेवा समिति ने गरीबों को वितरित किया कम्बल



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** अर्कवंशी सेवा समिति के तत्वाधान में ब्लाक बांकेगंज के ग्राम वनबुधेली में पात्र परिवारों को कम्बल वितरित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सपा नगराध्यक्ष वारिस अली तथा विशिष्ठ अतिथि के रुप में सपा नेत्री अनीता यादव व निवर्तमान जिला महासचिव नरेश यादव आदि उपस्थित रहे। अर्कवंशी सेवा समिति ने ब्लाक बांकेगंज के ग्राम वनबुधेली में पात्र परिवारो में लगभग साठ कम्बल वितरित किये। संगठन के संस्थापक बब्लू सिंह अर्कवंशी ने बताया कि यह पुनीत कार्य संगठन ने आपसी सहयोग से ठंड के मौसम में गरीबों को राहत देने के उद्देश्य से किया है। इसी तरह से समिति अनवरत समाजसेवा के कार्य करती रहेगी। इस मौके समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह अर्कवंशी, सहसंस्थापक राजेश सिंह अर्कवंशी उर्फ पिंटू, एडवोकेट रमेश सिंह अर्कवंशी, राजेश कुमार अर्कवंशी, शोभित सिंह अर्कवंशी, अशोक सिंह अर्कवंशी, प्रदीप सिंह सूर्यवंशी, दीपक सिंह, रघुनायक अर्कवंशी, प्रदीप सिंह अर्कवंशी खुटार, ओमकार सिंह अर्कवंशी, दिनेश सिंह अर्कवंशी, संगम सिंह अर्कवंशी, सत्यम सिंह अर्कवंशी, सुशील सिंह अर्कवंशी, प्रमोद सिंह अर्कवंशी, कैमा प्रधान, इसहात अहमद, राजेश यादव व मुकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# राजनैतिक क्षेत्रों में करनी होगी कायस्थों को भागीदारी: विनय

- प्रांतीय अध्यक्ष का हुआ आगमन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




**अखिल भारतीय** कायस्थ सभा के प्रांतीय अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव का आगमन महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव रतन खरे के आवास पर हुआ।

सबसे पहले भगवान चित्रगुप्त की आरती की गई। फिर माल्यार्पण व बैच लगाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। सभा के संरक्षक राजीव रतन खरे, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, मुकेश सक्सेना, डा. अजय आगा, शशि श्रीवास्तव, कपिल श्रीवास्तव, सुमन प्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव, महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र सक्सेना का भी स्वागत माल्यार्पण व बैच लगाकर किया गया। अभिनंदन के पश्चात मुख्य अतिथि के स्वागत में प्रियांशी, दीपाली व वेदांशी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

प्रांतीय अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला कार्यकारिणी हेतु जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव, महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, महिला शाखा अध्यक्ष अनीता निगम, महामंत्री श्वेता सक्सेना, युवा अध्यक्ष सौरभ सिन्हा, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनूप सक्सेना एड. को मनोनीत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कायस्थ समाज को सामाजिक क्षेत्रों का अलावा राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी करनी होगी। तभी हमारे समाज का विकास सम्भव होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के रूप अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सभी का उद्देश्य एक ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रांश राजीव रतन खरे व संचालन राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर इंजी. आरके सिंह, अशोक निगम, लोकेंद्र, रविकान्त, प्रभाष, अंकित खरे, अजय स्वरूप, विमला, स्नेह, नीरा एवं अन्य बहुसंख्यक महिला पुरुष उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का समापन जिलाध्यक्ष द्वारा उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करने व सामूहिक भोज से हुआ।

## विभिन्न जगहों पर चला संगठन सृजन अभियान

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस के संग्ठन सृजन अभियान के चरण में जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल के नेतृत्व में बतौर मुख्य अतिथि सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी डा. संजीव शर्मा रहे। जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में पसगवां, की न्याय पंचायत औरंगाबाद ब्लाक मितौली की न्याय पंचायत चौगानपुर में मुख्य रूप से शामिल हुए। साथ ही ब्लाक निघासन की न्याय पंचायत गंगाबेहड़, खैरानी, मितौली की न्याय पंचायत अबगावां, कैमहरा, ब्लाक बिजुआ की न्याय पंचायत भीरा, ब्लॉक बाकेगंज की मैलानी देहात, ब्लॉक मोहम्मदी न्याय पंचायत में भी बैठक ब्लॉकों के अध्यक्ष सुशील शुक्ला, विनीत मिश्रा, सत्यबंधु गौड़, धीरेंद्र भार्गव, महामंत्री जमाल अहमद, सचिव जीतेन्द्र भार्गव, रिसाल अहमद, नवीन पांडे, बलराम, ललित वाल्मीकि, रामपाल, प्रशांत मिश्रा, रवि गोस्वामी व राजेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## युवा भाजपा नेता ने बांटे कंबल, दिया दान

- विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए आशीष मिश्र

संवाददाता। निघासन-खीरी



**भाजपा युवा** नेता आशीष मिश्रा मोनू ने विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम पंचायत बरोठा चल रहे नेहरु युवा केंद्र में पहुंच कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इसके बाद पृथ्वीपुरवा व प्राथमिक विद्यालय बम्हनपुर में लालजी प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव के आयोजन में कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोनू मिश्रा पहुंच कर गरीब व असहाय लोगों को कम्बल बांटे और जनकल्याणकारी योजनाओं को बखान करते हुए कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण में जो भी समर्पण निधि दान देना चाहते है। वो नजदीकी जिम्मेदार लोगों को देकर अपनी रसीद प्राप्त कर सकते हैं। कपिल देव, नाजिम, विद्या नरेश, नंद किशोर, राजकुमारी, शांती देवी, राजनाथ, रामगुलाम, तारावती, कंचाना, सरजो देवी व इमामुननिशा आदि लोगों के कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य नागेंद्र सिंह सेंगर, जय प्रकाश भार्गव ब्लाक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष प्रज्ञांद श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष रतीराम लोधी, उपाध्यक्ष संजय गिरी, मंत्री प्रदीप गुप्ता, मंत्री केके तिवारी, अनमोल राज, अजय लोधी, वेद प्रकाश मौर्य, जुगेश विश्वकर्मा, शत्रोहन लाल शुक्ला, केके विश्वकर्मा, कमलेश विश्कर्मा, गंगाराम जायसवाल, नंद किशोर जायसवाल, चंद्रहाश राज, सतीश सक्सेना प्रधान, मनोज जायसवाल, विनोद जायसवाल, महेश जायसवाल, रामेश्वर, सत्येंद्र, नंद किशोर, शंकर लाल राना कानूगो, लावड कुमार गंगवार, लेखपाल, रवि कुमार, दिनेश व संतोष चतुर्वेदी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# खाना यहीं बनाएंगे, बिल वापसी बिना घर नहीं जाएंगे

- दिल्ली धरना के समर्थन में 29 वें दिन भी डटे रहे किसान

संवाददाता। फ्तेहपुर

**खाना यही** बनाएंगे बिल वापसी के बिना घर वापसी नही जायँगे इन्ही नारो के बीच कृषि कानून वापसी की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों का हौसला देखते ही बनता है। कृषि कानून वापस लिए जाने की मांग को लेकर जहाँ एक ओर किसान संगठनों द्वारा दिल्ली के सिंधु बार्डर समेत सभी प्रमुख मार्गों पर धरना दिया जा रहा है। वही किसानों के समर्थन मे किसान नेता व जिपं सदस्य बबलू कालिया व मनीष पटेल के नेतृत्व में नहर कालोनी स्थित प्रांगण में किसानों द्वारा लागतार 29 दिनों से धरना दिया जा रहा है। कड़कड़ाती ठंड के बीच मे भी चौबीस घण्टे धरना दे रहे किसानों का हौसला और जज्बा कम होने का नाम नही ले रहा। किसानों द्वारा धरना स्थल पर खुद ही खाना बनाने से लेकर ठंड से बचने के लिये टेंट, रजाई गद्दों की व्यवस्था की गयी है। जिपं सदस्य ने बताया की जब तक सरकार कृषि बिल वापस नही ले लेती तब तक किसानो के धरना अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहाकि सरकार द्वारा बनाया गया कृषि कानून पूंजीपतियों को लाभ दिलाने के मकसद से उठाया गया कदम है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है। वही दूसरी ओर कृषि कानून बनाकर किसानों को अपनी ही जमीन पर बंधुआ मजदूर बनाने की कोशिश की जा रही है। किसानों की मण्डियो को समाप्त करने के लिये प्राइवेट कंपनियों के हाथों सौंपने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से कृषि बिल वापस लिए जाने के साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का कानून बनाये जाने की मांग किया। इस मौके पर भाकियू के वीरेंद्र सिंह पटेल, अमित पाल, दिनेश पाल, गंगा प्रसाद लोधी, फूल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रामस्वरूप साहू, जयचंद्र यादव, राजू गौतम, दिलीप पाल, रितु राज सिंह, राजेश जाटव, शैलेश सिंह, मोनू, संजय यादव, रमेश पटेल, सुशील कालिया आदि मौजूद रहें।

## पीटकर किया घायल

**बिंदकी ( फ्तेहपुर)।** दरवाजे के सामने लकड़ी काटे जाने से मना करने पर अधेड़ को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित परिजनों के साथ पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल अधेड़ को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।नगर के मोहल्ला जहानपुर में अमर सिंह उम्र 55 वर्ष पुत्र जियालाल के घर के सामने पड़ोसी लखन प्रसाद लकड़ी चीर रहा था। इस बात को लेकर अमर सिंह ने आपत्ति जाहिर की और घर के सामने ऐसा करने से मना किया। यह बात लखन को नागवार गुजरी और उसने लाठी-डंडों से अमर सिंह को घायल कर दिया।

# किशनपुर में वैश्य एकता परिषद की बैठक, गंगा प्रहरी का हुआ सम्मान

संवाददाता। फतेहपुर

**किशनपुर कस्बे** में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की लक्ष्मी मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई। जिसमें समाज की मजबूती समाज की एकता और संगठन को बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं वैश्य एकता परिषद के युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल थे। जिनका स्थानीय शासन द्वारा नामित सभासद प्रतिनिधि रामबाबू जायसवाल व नवनियुक्त वैश्य समाज के नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया और उनके साथ पहुंचे जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, व्यापार एसो0 एंड मेसर्स के जिलाध्यक्ष राधेश्याम हयारण, अशोक, सुरेंद्र को कस्बे के व्यापारियों ने चांदी का सिक्का पहना कर स्वागत किया। इसके बाद अलीगढ़ में होने वाले कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर चर्चा हुई। वही नगर अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य एकता समाज की रीढ़ है। वैश्य समाज के लोगों को बनिया कहा जाता है और बनिए का अर्थ यह है कि बनिए और अपने समाज को बनाइए इसलिए हमारे समाज का संबोधन बनिए के रूप में किया जाता है वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चंद्र अग्रवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन राम कृष्ण अग्रवाल ने किया। इस मौके पर पवन अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल, बृजेश जायसवाल, बिल्लू सेठ, भीम गुप्ता, अखिलेश चौरसिया, मयंक, शिव जायसवाल, अंशु अग्रहरि, रामकृष्ण अग्रवाल, नीलू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



## क्विक न्यूज

### जहर खाकर महिला ने दी जान

**फ्तेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम मनसा का पुरवा में मानसिक तनाव के चलते एक लगभग 55 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मनसा का पुरवा गांव निवासी मोतीलाल की पत्नी शिवरानी घरेलू कलह के चलते पिछले काफी दिनों से मानसिक तनाव में थी। बीती शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्तपाल ला रहे थे कि तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। वहीं सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### खाना बनाते समय महिला झुलसी

**फतेहपुर।** हथगांव कस्बा के वार्ड नं0 13 में रविवार की सुबह खाना बनाते समय एक लगभग 45 वर्षीय महिला गंभीर रूप से झुलस गयी, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा के वार्ड नं0 13 निवासी पवन साहू की पत्नी उमा देवी साहू आज सुबह आज सुबह खाना बना रही थी। तभी अचानक उसके कपड़ों में आग लग गयी जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गयी। शोर-शराबा सुनकर मौके में पहुंचे परिजनों ने महिला के शरीर में लगी आग को जल्दी-जल्दी बुझाया और सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने महिला की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

### पाण्डु नदी में मिला अज्ञात युवती का शव

**फ्तेहपुर।** जिले में दो दिन से लगातार लावारिस लाशों के मिलने से लोगों में दहशत का माहौल है। रविवार को फिर औंग थाना क्षेत्र में पाण्डु नदी से अज्ञात युवती का शव पुलिस ने बरामद किया है। इससे पहले शनिवार की सांयकाल असोथर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नहर से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया था। अज्ञात शव की स्थिति से यह बात तो साफहै कि घटना कहीं और करके नहर और नदी में शवों को फेंक दिया गया है। औंग थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) केशव वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पाण्डु नदी से एक लगभग 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद किया है। उन्होंने बताया कि युवती मटमैले रंग का लोवर और लाल रंग का फुल स्वेटर पहने हुए है। एसएचओ ने बताया कि नरवल की तरफयुवती का बहता हुआ शव आया है। फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है। पडोसी जनपद की नरवल वह महाराजपुर से भी युवती की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। शव को विच्छेदन के लिए भेज दिया गया है। इससे पहले शनिवार की सांयकाल असोथर थाना क्षेत्र में नहर में बहता हुआ लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया था। असोथर थानाध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि रविवार को युवक का विच्छेदन कराया गया है। फिलहाल युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### सर्दी लगने से बृद्ध की मौत

**फ्तेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार निवासी शंकरलाल पुत्र मैकू उम्र 60 वर्ष अपने खेतों में बीती रात पानी लगा कर घर में सो रहे थे परिजनों ने सुबह उन्हें मृत पाया। बताया जाता है कि कड़क सर्द के चलते सर्दी की गिरफ्त में आने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को विच्छेदन गृह भेजा। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा सूचना मिली की सर्दी के चलते शंकर लाल की मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंच परिजनों के कहने पर पंचनामा भरने के बाद शव को विच्छेदन गृह भेजा गया।

### अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिंदकी (फ्तेहपुर)।** तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत दरवेसाबाद गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार विनोद कुमार सिंह उम्र 34 वर्ष पुत्र चतुर सिंह निवासी लल्लन पुर कोतवाली खागा घायल हो गया। दुर्घटना में घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दुर्घटना के बाद हड़कंप मचा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### विजेताओं को किसान सभा अध्यक्ष ने किया पुरस्कृत

फ्तेहपुर। युवा केन्द्र के तत्वाधान में विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मिचकी में सम्पन्न हुयी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन टीमों ने भाग लिया। जिसमें मिचकी को प्रथम व रहिमापुर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें किसान सभा के अध्यक्ष कामरेड राकेश यादव ने पुरूस्कृत किया।

# राज्यपाल का आगमन आज

संवाददाता। शाहजहांपुर

- डीएम व एसपी ने सभी तैयारियों का जायजा लिया

**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आगमन को लेकर शाहजहांपुर जनपद के जिला प्रशासन ने समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली है।रविवार को जिलाधिकारी अमृत त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक एस आंनद ने विनोबा सेवा आश्रम पहुंचकर राज्यपाल के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। राज्यपाल जनपद में लगभग 3 घंटे तक रुकेगी। इस दौरान वह विनोबा सेवा आश्रम के स्थापना दिवस में सम्मिलित होंगी साथ ही आयोजक गणों से मुलाकात के पश्चात स्वयं सेवी महिला समुहों से भेंट कर टीबी रोगियों से भी मुलाकात करेंगी। जनपद के बरतारा गांव में स्थित विनोबा सेवा आश्रम के स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होने आ रही यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दौरे को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक आनन्द ने विनोबा सेवा आश्रम पहुंचकर महामहिम के दौरे को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया। हेलीपैड से लेकर मंच तक संपूर्ण व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही महामहिम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। राज्यपाल जनपद में लगभग 3 घंटे तक रहेगी। इस दौरान वह विनोबा सेवा आश्रम में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होंगी। इसके बाद स्वयंसेवी संगठन की महिलाओं से भेंट करेंगे। जनपद में टीवी रोगियों को गोद लेकर इलाजरत रोगियों से भेंट करेंगी। इसके बाद बाल लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी। महामहिम के जनपद आगमन को लेकर प्रशासन ने समस्त तैयारियों को मुकम्मल कर लिया है। उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन चौकन्ना है। इसी के तहत डीएम एसपी ने भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। तथा हैलीपेड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि फइनल रिहर्सल अभी बाकी है जो समय के अनुसार पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने हत्या का खुलासा किया, तीन हत्यारे गिरफ्तार

**शाहजहांपुर ।** पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल लाइसेन्सी रिवाल्वर व कारतूस जिन्दा बरामद किया । थाना बण्डा के ग्राम गुनाह खमरिया में गेहूँ के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद मेंअभियुक्त रजनीश पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्रामचिल्हौटा थाना बण्डा ने रतिराम पुत्र मेघनाथ की लाईसेन्सी रिवाल्वर से गोली मारकर हत्या की गयी थी । मनोज कुमार प्रभारी निरीक्षक बण्डा ने दलेलापुर बस स्टैण्ड के पास से हत्या के आरोपी रजनीश उर्फ मुल्लनए संदीप उर्फ नन्हे पुत्र गण कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त रजनीश उर्फ मुल्लन के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल लाइसेन्सी रिवाल्वर 32 बोर बरामद किया । बकौल पुलिस पूछताछ करने पर रतिराम की हत्या करने का जुर्म का इकबाल किया गयाए तथा बताया कि सरकारी चकरोड में ट्रैक्टर निकालने से मृतक रतिराम ने मौके पर मना किया जिसके कारण घटना को अंजाम दिया ।

## कैश वैन ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**शाहजहाँपुर ।** निगोही मे रविवार सुबह घने कोहरे के बीच सड़क हादसा हो गया। कैश वैन की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनो व्यक्ति घायल हो गया। हालात गंभीर होने के कारण दोनो को मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया। पीलीभीत के थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम मरेना निवासी 20 वर्षीय अजय पुत्र सूरजपाल अपने साथी गंगेश(30) निवासी मोहल्ला हाथीथान थाना बिलसंडा के साथ शाहजहाँपुर जा रहे थे। दोनो राजमिस्त्री का काम करते हैं। निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर के पास सामने से आ रही कैश वैन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अजय और गंगेश बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने कैश वैन को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को निगोही सीएचसी पर भर्ती कराया जहां हालात गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# स्थाई रूप से इफ्को को बसें खड़ी करने की जगह देगा निगम: महापौर

**बरेली ।** किसानों की सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड ,इफ्को द्वारा बरेली में करीब 600 बुजुर्ग महिलाओं ,विधवाओं व बेसहारा महिलाओं को बड़े स्तर पर कंबल वितरित किया गया । शहर के प्रधान डाकघर स्थित इलाके में आयोजित हुए विशाल कंबल वितरण समारोह में इफ्को आंवला इकाई के कार्यकारी निदेशक आई.सी झा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की । कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट अतिथि बरेली के महापौर डॉ उमेश गौतम ने कंबल वितरित करते हुए कहा इफ्को जन सरोकार से जुड़कर देशव्यापी अभियान चलाकर हर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर रही है । ऐसे में बरेली की बुजुर्ग महिलाओं को कंबल वितरण एक सराहनीय पहल है । इस अवसर पर महापौर ने अधिकारी संघ के अनुरोध को स्वीकार करते हुए जल्द ही इफ्को को बरेली में स्थाई रूप से बसे खड़ी करने की जगह देने का आश्वासन दिया ।इफ्को अधिकारी संघ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए कार्यकारी निदेशक आई.सी .झा ने अध्यक्ष, शिशिर यादव , महामंत्री राम सिंह , एंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष सुदामा यादव महामंत्री जितेंद्र कुमार को बधाई दी ।कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधक ए के शुक्ला, पी आर ओ विनीत शुक्ला सहित इफ्को के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे ।



# समभाव के लिए होते हैं खिचड़ी भोजः सांसद

संवाददाता। फर्रूखाबाद





**भाजपा** सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि देश में मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज, समाज के लोगों के बीच ऊँच-नीच की भावना को खत्म करने के लिये आयोजित किये जाते है। यहां शहर के एक गेस्ट हाउस में श्री राजपूत मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आयोजित सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज में सैकड़ों भाजपाई कार्यकर्ताओं को खिचड़ी भोज कराने के दौरान मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। उन्होने बताया कि हमारे देश में काफी वर्षों तक मुगल शासन रहा और अंग्रेजों का भी शासन रहा अंग्रेजों ने हमें गुलाम बनाकर रखा और अपनी नीति फूट डालों शासन करो के तहत ऊँच-नीच की भावनाओं की गहरी जड़ें पैदा कीं।

उन्होने कहा कि हमारे समाज के लोगों में ऊँच-नीच की मजबूत जड़ों को खत्म करके परस्पर एकता उत्पन्न करने के लिये ही हम मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी भोज को आयोजित करते चले आ रहे हैं। जिसके फलस्वरूप हमारे समाज के लोगों में आज ऊँच-नीच की भावना दूर होने का बल मिला है। यहां कार्यक्रम में दिल्ली सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं संघ प्रचारक दिलीप दुबे ने बौद्धिक करते हुये कहा कि हमें आगे बढ़ने के लिये कौन से अच्छे संस्कार अपनाने चाहिए। ताकि आने वाली हमारी पीढ़ी पूर्वजों को याद करे। आयोध्या राम मंदिर का निर्माण पूर्ण सख्ती के साथ किये जाने की उन्होने सभी से सहायोग करने की अपील की। फर्रूखाबाद भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिले से राम मंदिर प्रभारी भूदेव राजपूत ने कहा कि आयोध्या राम मंदिर निर्माण का प्रथम चरण शुरू हो गया। जो 26 जनवरी तक गांव-गांव घर-घर यहां की राम मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक श्रद्धालु को रूपयों के कूपन देकर शुरू होगा। इस अवसर पर कायमगंज विधायक अमर सिंह खटिक, पूर्व विधायक एवं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, प्रदेश दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, विजय गुप्ता, भाष्कर दत्त द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# प्रयोगात्मक परीक्षा न होने से छात्र और शिक्षक असमंजस में

संवाददाता। फर्रुखाबाद

- जनवरी में हो जाती थी तिथि घोषित
- अगले माह परीक्षा कार्यक्रम मिलने की उम्मीद

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की लिखित व प्रायोगिक परीक्षा न होने से छात्र असमंजस में हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की लिखित परीक्षा का कार्यक्रम न मिलने से शिक्षक भी परेशान हैं। वैसे तो प्रयोगात्मक परीक्षा जनवरी में हो जाती थीं, लेकिन इस बार कोरोना के चलते अभी भी परीक्षा की तिथि नहीं आई है।

कोरोना काल के चलते अभी तक यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि नहीं आई है। यूपी बोर्ड 2020 की परीक्षा से पहले माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रयोगात्मक परीक्षा की घोषणा एक जुलाई 2019 को ही कर दी थी, लेकिन अबकी बार कोरोना के कारण कॉलेज दो माह पहले ही खुले हैं। इसके चलते अन्य कार्यक्रम तय व घोषित करने में देर हो रही है। पंचायत चुनाव के चलते बोर्ड 2021 की परीक्षा अप्रैल में प्रस्तावित है। परीक्षा की तैयारियां भी विभाग ने शुरू कर दी हैं, लेकिन प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि अभी तक नहीं आई है। इस वजह से तैयारियों में दिक्कतें भी आ सकती हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित होने की उम्मीद है, क्योंकि शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार अगले माह इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा व हाईस्कूल का आंतरिक मूल्यांकन होना है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा से एक डेढ़ माह पहले प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम मिल सकता है। गौरतलब है कि जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के करीब 39000 से ज्यादा छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

**कोरोना काल के चलते अभी तक यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि नहीं आई है। यूपी बोर्ड 2020 की परीक्षा से पहले माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रयोगात्मक परीक्षा की घोषणा एक जुलाई 2019 को ही कर दी थी, लेकिन अबकी बार कोरोना के कारण कॉलेज दो माह पहले ही खुले हैं। इसके चलते अन्य कार्यक्रम तय व घोषित करने में देर हो रही है। पंचायत चुनाव के चलते बोर्ड 2021 की परीक्षा अप्रैल में प्रस्तावित है।**

# दोपहर तक कोहरा, फिर चमक उठे सूर्यदेव, शाम को गलन भरी सर्दी



संवाददाता घाटमपुर

**बीते** कई दिनों से जारी कड़ाके की सर्दी और बर्फीली हवा से लोगों की जिन्दगी थम सी गयी है। बीते शुक्रवार और शनिवार की तरह आज भी दोपहर बाद कुछ देर के लिये सूर्य देव चमके तो लोगो को राहत मिली लेकिन शांम ढ़लते ही ठिड़ुरन भरी सर्दी से बाजारों में सन्नाठा नजर आने लगा तथा दुकानों के सटर गिराकर दुकान दार घर की ओर रुख करते नजर आये। उधर मौसम बिभाग ने अगले दो-तीन दिनों तक येसा ही मौसम रहने की संम्भावना ब्यक्त की है। बीते एक सप्ताह से कोहरे की मार गेंहू की फसल को छोड़कर बाकी सभी फसलें लाही, चना मटर और आलू-टमाटर और अरहर को नुकसान होने के चलते किसानों के चेहरे पर मायूसी छायी नजर आने लगी है। गांव जुरैयाॅ के किसान सत्येंन्द्र तिवारी और डूहरु के कल्लू सिंह परमार ने बताया कि शनिवार और रबिवार को पड़े कोहरे व पाला की मार से किसानों की रीढ़ टूट गयी है क्यों इस समय लाही, मटर और चने कि फसल में फूल आना शुरु हो गये है यानी दलहनी और तिलहनी के साथ टमाटर व मिर्चे की फसल को भारी नुकसान होगा।

# रोहण के समय ध्वज की गरिमा का रखें ध्यानः डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात



**26 जनवरी** 2021 को गणतन्त्र दिवस समारोह मनाने के सम्बन्ध में कलेक्टेऊ्ट सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने 26 जनवरी 2021 के होने वाले कार्यक्रमों हेतु नामित अधिकारियों से कहा कि कोरोना के दृष्टिगत गणतन्त्र दिवस पर आयोजित होने समस्त कार्यक्रमों में पूरी सावधानी एवं सर्तकता के साथ समन्वय बनाकर आयोजन करें और जनपद में गणतन्त्र दिवस धूमधाम से मनाया जाये। उन्होने कहा कि इस वर्ष जेल में खेल.कूद प्रतियोगिताए प्रभातफेरीए दौड़ एवं विभागीय झांकी नही निकाली जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त नगर निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अभियान चलाकर विशेष सफाई व्यवस्था करायें तथा मुख्य चौराहों पर राष्ट्रीय भावना से संबंधित गीत प्रसारित करायेंगें। उन्होने कहा कि समस्त कार्यालयाध्यक्ष इस बात पर विशेष ध्यान रखें कि ध्वजा रोहण के समय ध्वज के सम्मान एवं गरिमा का विशेष ध्यान रखें और मानक के विपरीत भद्दे रंग वाले एवं कागज अथवा पालिथीन के ध्वज का प्रयोग कदापि न किया जाये। गणतन्त्र दिवस समारोह पर होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा ने बताया कि 26 जनवरी 2021 को समस्त धार्मिक संस्थाओं द्वारा सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया जायेगाए समस्त सरकारीए गैर सरकारी कार्यालयोंए भवनों पर ध्वजारोहणए राष्ट्रगान एवं संविधान में उल्लिखित संकल्प को दोहराया जायेगाए कलेक्टेऊ्ट सभागार में जिलाधिकारी महोदय द्वारा तथा समस्त नगरीय निकायों में अध्यक्षध्अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वच्छता सेनानी का सम्मानित किया जायेगाए नगर में स्थापित महापुरूषोंए अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मारकों पर नामित अधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगा और पुलिस लाइन में परेड एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने 25 जनवरी को मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के संबंध में में बैठक करते हुए निर्देशित किया कि मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाए जिसमें नए मतदाताओं को चिन्हित करते हुए करते हुए जागरूकता लाई जाए बैठक में अपर जिलाधिकरी वित्त एवं राजस्व साहब लालए अपर पुलिस अधीक्षकए सभी एसडीएम आदि जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से वाइक सवार सिपाही की जान गई

**घाटमपुर।** रबिवार सबेरे कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव स्योदी ललईपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वाइक सवार सिपाही जगदीश नरायन सचान ( 50 ) की मौत हो गयी। मृतक सिपाही हमीरपुर जनपद में तैनात होना बताया जाता है। तथा कानपुर महानगर के थाना बिधनू क्षेत्र के सरवरी मोहल्ला का रहने वाला था। बताया जाता है कि आज सबेरे वो वाइक द्वारा घाटमपुर की ओर आ रहा था कि जैसे ही वो घाटमपुर से पहले गांव स्योदी ललईपुर के पास पंहुचा कि तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टककर मार दी जिससे वो गंम्भीर रुप से घायल हो गया, जानकारी पर पीएनसी की एम्बूलेंन्स पहुची और उसे ठलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे हैलट कानपुर रिफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि जगदीश नरायन की इलाज दौरान मौत हो गयी।

### मजदूर ने खायी जहरील चीज, हैलट रिफर

**घाटमपुर**-बीती शांम कस्बा नौरंगा स्थित एक ईट-भट्ठे में ईटें पथाई का कम करने वाले मजदूर मुन्नालाल ( 40 ) पुत्र कल्लू ने कोई जहरील चीज खा ली, कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहॉ हालत गंम्भीर होने के कारण डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट कानपुर रिफर कर दिया है।

# पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर

संवाददाता। कानपुर देहात

**पुलिस** अधीक्षक के मार्गदर्शन में अपराध पर अंकुश लगाये जाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मूसानगर के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक बैजनाथ सिंह मय टीम थाना मूसानगर द्वारा आज दिनांक 17ण1ण21 को चेकिंग के दौरान नगीना मोड़ के पास से अभियुक्त शैलेन्द्र पुत्र रमेश प्रसाद नि0 कस्बा व थाना कुरारा जनपद हमीरपुर को मय लोडर नं0 यूपी 91 टी 5609 मय अनाज करीब 4 कुन्तल अनाज ;तुलसी बीज ;बबईद्धए अलसी व सिवहां ;मिडहांद्ध कुल 11 अदद जूटध्प्लास्टिक की बोरियो मे द्ध बरामद किया गया तथा जामा तलाशी से मय एक अदद तमंचा 12 बोर व 2 अदद कारतूस 12 बोर जिन्दा बरामद हुए जिसके सम्बन्ध में थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 13ध्21 धारा 41 द0प्र0सं0 व 411 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 14ध्21 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त शैलेन्द्र उपरोक्त एक शातिर लुटेरा व चोर है जिसके द्वारा कई लूट व चोरी की घटनाएं कारित की गयी हैं। पूंछताछ में बताया कि दिनांक 26ध्27ण11ण20 की रात ग्राम अकबराबाद में दुकान का ताला तोड़कर अपने एक साथी के साथ मिलकर अनाज चोरी किया गया था तथा बताया कि अशोक ढाबा के पास गर्मी के दिनों में स्विफ्ट डिजायर कार से हम लोगों ने एक राहगीर से उसका बैग छीन लिया था। इस प्रकार अभियुक्त एक शातिर चोर व लुटेरा है जिसके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों से जानकारी की जा रही है। अभियुक्त को मा0 न्यायलय भेजा जा रहा है।

### 24 मामले 2 में हुआ समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीमान केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 24 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 02 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया दोनों परिवारों के पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ.साथ रहने को तैयार हो गये शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुये परिवारों में एक नई रोशनी आयेगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष अश्वनीपालए म0हे0का0 227 संध्या देवी व नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्रीमती कंचन मिश्राए डॉ0 पूनम गुप्ता आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# जैन मंदिर में पंच परमेष्ठी विधान



संवाददाता। कायमगंज/फर्रूखाबाद

**अहिंसा** परमो धर्मा; के सिद्धांत को सारी दुनिया में प्रतिपादित करने वाले जैन धर्मावलंबियों ने आज अपनी धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार नगर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में पंच परमेष्ठी विधान का आयोजन श्रद्धा भाव के साथ कराया । इस विधान को संपन्न करने के लिए मैनपुरी से अंकित शास्त्री जैन एवं आगरा से जैन विधान के जानकार विवेक यहां पधारे थे। इन्हीं दोनों लोगों ने पूरे रस्मो रिवाज के साथ विधान ,विधिपूर्वक कराया। विधान संपन्न होने के तुरंत बाद जैन समाज ने यहां तैयार भंडारे से प्राप्त प्रसाद एवं भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर जैन कमेटी अध्यक्ष नरेश चंद जैन, महामंत्री पारस जैन व सुधीर जैन, कमलेश जैन, अशोक जैन, सरल जैन, आशीष जैन, प्रियंका जैन, शशी जैन, गीता जैन, श्वेता जैन सहित समाज के बड़ी संख्या में आए स्त्री व पुरुष शामिल हुए।

## पर्यावरण योद्धा शान्या और शिवम ने पक्षियों की जीवन रक्षा के लिए आवाज उठाने का किया आह्वान

**रूरा कानपुर देहात!** मंण्डी समिति के सामने रुरा अकबरपुर रोड पर कड़ाके की ठंड के बीच पक्षी प्रेम की प्रदर्शनी लगाकर राहगीरों ध्यानाकृष्ट करते हुए शान्या और शिवम् ने पर्यावरण के प्रमुख अंग पक्षियों को बचाने की अपील की

जब से बर्डफ्लू के नाम पर पक्षियों के प्रति शोशल मीडिया में पक्षियों के प्रति अपुष्ट खबरें शेयर हो रही हैं तब से यह दोनों बच्चे पक्षियों के संरक्षण के लिए भावविह्वयुहल होकर जन जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं

शान्या ने कहा कि जिस तरह हर व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं हुआ ऐसे ही हर पक्षी बर्डफ्लू संक्रमित नहीं हो सकता कोई भी पक्षी मनुष्य के पास जाना ही नहीं चाहता तो बर्डफ्लू से मानव के लिए खतरे की सम्भावना ही नहीं है शिवम ने सेव बर्ड सेवा अर्थ के राहगीरों के साथ नारे लगाए!

# स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ शाखा का चुनाव सम्पन्न



**कायमगंज/फर्रूखाबाद।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ शाखा कायमगंज का चुनाव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर तथा प्रांतीय महामंत्री बिल्लू चौहान के निर्देशन में सर्व सम्मत से संपन्न कराया गया। जिसके अनुसार संगठन शाखा का अध्यक्ष विकास बाल्मीकि को तथा महामंत्री पिंटू को एवं कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिनेश बाल्मीकि को सौंपते हुए कार्यकारिणी गठन की विधिवत घोषणा कर दी गई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री नागर ने कहा कि नगर पालिका कायमगंज के अधिकारी सफाई कर्मचारियों के साथ उचित व्यवहार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने ईओ से मांग करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के व्यवहार में अपेक्षित सुधार लाएं साथ ही प्रांतीय नेता ने कहा कि कर्मचारियों का पांच माह का रुका हुआ वेतन शीघ्र भुगतान करने की व्यवस्था करते हुए उन कर्मचारियों को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। जिन्हें उनके काम से हटाकर बेरोजगार बना दिया गया है। इस अवसर पर बैठक में सफाई कर्मचारी विनोद कुमार, सर्वेश कुमार, राजेंद्र कुमार, रामू बाल्मीकि, बंटी बाल्मीकि, सुभाष कुमार, उर्मिला देवी, लखन कुमार सहित अन्य बहुत से कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक से मिले ई-रिक्शा चालक यूनियन के पदाधिकारी



संवाददाता। कायमगंज /फर्रूखाबाद

**ई-रिक्शा** चालक भारतीय भूमिहीन मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष वाजिद अली उर्फ राका के नेतृत्व में ई-रिक्शा चालकों का एक दल क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमरसिंह खटीक के आवास पर जाकर उनसे मिला। जहां उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछली सरकार में रिक्शा चालकों को उन्हीं के रिक्शा का मालिक बनाने की योजना पर काम करते हुए स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया था। किंतु अब इन गरीबों को रिक्शा चालान के नाम पर प्रताड़ित करके ?12700 का जुर्माना लगाया जा रहा है। जिससे यह लोग बेहद प्रताड़ित और परेशान हैं। प्रदेश अध्यक्ष वाजिद अली ने विधायक को बताया कि ज्ञापन के माध्यम से उनकी मांग है कि प्रदेश सरकार ई रिक्शा चालकों का स्वयं ही बीमा रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर इनकी सहायता करें। चालान के नाम पर उत्पीड़न बंद किया जाए। जो रिक्शे पकड़ कर खड़े कर लिए गए हैं उन्हें तत्काल अब मुक्त किया जाना चाहिए। इसी के साथ उनका कहना है कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सभी भूमिहीन मजदूरों जैसे ई रिक्शा चालकों चौपाइयां व बड़े वाहन चालकों गृह कार्य करने एवं भवन निर्माण आदि में लगे मजदूरों व्यापारिक प्रतिष्ठानों कल कारखानों गोदामों भट्टों कोल्ड स्टोरेजों खोखा खोमचा रेड्डी आदि तरह से काम करके अपना परिवार पालने वाले अन्य मजदूरों को शामिल करते हुए सरकार इन्हें ?2000 मासिक पेंशन तथा ?500000 दुर्घटना बीमा अपने स्तर से करने की व्यवस्था कर, इन गरीबों की मदद करे। इस अवसर पर यूनियन सदस्य नूर मोहम्मद हरिओम, सिराज अली, वसीम मंसूरी, सुनील कुमार सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यगण विधायक आवास पर पहुंचे थे।

# एसपी ने चौकीदारों को कम्बल और टार्च का किया वितरण



संवाददाता। कानपुर देहात

**रविवार** को को श्रीमान पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात द्वारा थाना मंगलपुर पर चौकीदार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम चौकीदरों को कम्बल व टार्च वितरित की गयी एवं उन्हे चौकीदार के कार्यों के प्रति जानकारी दी गयी तत्पश्चात थाना परिसर में नवनिर्मित योगा पार्क का लोकार्पण किया गया तथा कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु कोविड.19 की गाईड लाइन का कडाई से पालन करने के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए समाज का शिक्षित होना जरूरी: पटेल

● सांसद ने बछरन के धीरेन्द्र सिंह -जितेंद्र सिंह महाविद्यालय में किया मुखिया धर्मपाल सिंह सभागार का उद्घाटन



सांसद का अभिनंदन करते आयोजक।

**चित्रकूट।** जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थानो में सुमार हरिमोहन सिंह इण्टर कालेज बछरन में सांसद निधि से बने मुखिया धर्मपाल सिंह सभागार का उद्घाटन बाँदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने किया। सांसद ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी है। हरिमोहन सिंह इण्टर कालेज में दी जा रही गुणवत्ता परक शिक्षा की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि वित्तविहीन विद्यालयो के सहारे ही प्रदेश की 70 फीसदी शिक्षण व्यवस्था टिकी हुई है। रविवार को बछरन में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि रहे बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि बिना सरकारी सहायता के संचालित हो रहे वित्तविहीन विद्यालयों में छात्रों को गुणवत्ता परक शिक्षा मिल रही है। शिक्षा का प्रतिशत और स्तर बढ़ाने में वित्तविहीन विद्यालयों का अहम योगदान है। गांव-गांव विद्यालय खुलने के कारण आज हर बच्चे के लिए शिक्षा सुलभ हो सकी है। अब पढ़ लिख कर गांव और गरीब का बच्चा भी आईएएस और आईपीएस बन सकता है।

सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर भारत बनाने के सपने को साकार करने के लिए समाज का शिक्षित होना जरूरी है। तभी भारत को दोबारा विश्व गुरु बन सकेगा। इस मौके पर सांसद ने हरिमोहन सिंह इंटर कालेज की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि हर वर्ष बोर्ड की परीक्षा में विद्यालयों के बच्चो का नाम आना जिले के लिए गौरव की बात है।

## पांच हजार वर्गमीटर में बने प्रतिष्ठान खुद करें कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था

**चित्रकूट।** सूबे में होटल, रेस्टोरेन्ट और मैरिज हॉल वाले अब इधर-उधर कूडा नहीं फेंक सकेंगे। बड़े प्रतिष्ठान, होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज हॉल यानि पांच हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में बने प्रतिष्ठानों को कूडा निस्तारण की व्यवस्था खुद करनी होगी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली में कूडा निस्तारण की व्यवस्था दी गई है। बड़े प्रतिष्ठानों को जरूरत के आधार पर कूड़ा निस्तारण को प्लांट लगाना होगा। शहरों में कूड़ा निस्तारण सबसे बड़ी समस्या है। यहां के बड़े प्रतिष्ठान कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं किये हैं। जिला प्रशासन ने ऐसे प्रतिष्ठानों को चेताया है कि कूडा निस्तारण की व्यवस्था जल्द कर लें। पांच हजार वर्गमीटर से अधिक दायरे में बने प्रतिष्ठान व संस्थान स्वयं कूडा निस्तारण की व्यवस्था करें तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो जायेगा। पांच हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में बने होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज लान या फिर बड़े अस्पताल और नर्सिंग होम के मालिकों को खुद कूडा निस्तारण की व्यवस्था करानी होगी।

# डीएम ने रामायण गैलरी का किया गहन निरीक्षण



परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने टूरिज्म फैसलिटी सेन्टर परिक्रमा मार्ग में अंडरग्राउण्ड विद्युत केबिल व डिजिटल रामायण गैलरी का निरीक्षण कर एक्सईएन विद्युत हाकिम सिंह को निर्देश दिये कि अंडरग्राउंड केबिल का काम गुणवत्तापरक तेजी से कराया जाये। रविवार को डीएम शेषमणि पाण्डेय ने परिक्रमा मार्ग के अतिक्रमण व टूरिज्म फैसलिटी सेन्टर के बगल में अवैध कब्जे को तत्काल हटाने के निर्देश एसडीएम को दिये। फैसलिटी सेन्टर के निरीक्षण में शौचालय निर्माण में गुणवत्ता न मिलने पर नाराजगी जताई। राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गुणवत्ता युक्त कार्य करायें। पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग में कुछ जगह कवर टीनशेड नहीं लगाये गये, उन्हें तत्काल लगवा दें। कामतानाथ आरती स्थल का निर्माण कराकर आरती की व्यवस्था करायें। उन्होंने डिजिटल रामायण गैलरी व रामघाट को दिखाने की व्यवस्था करने को कहा। डिजिटल रामायण का अवलोकन किया।

## क्विक न्यूज

### आरोग्य स्वास्थ्य मेले में दो हजार मरीजों का इलाज

**हमीरपुर।** आज जनपद के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। 33 ग्रामीण व 2 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 2017 मरीजों को निशुल्क उपचार किया गया साथ ही सभी को स्वास्थ्य, पोषण आदि से संबंधित परामर्श ,सलाह दी गई।आज के मेलों में 696 पुरुष, 1045 महिलाएं एवं 276 बच्चों को उपचार किया गया। हेल्प डेस्क में आए कुल 475 मरीजों को एंटीजन टेस्ट किया गया। आयुष्मान गोल्डन कार्ड एक्टिवेशन के अंतर्गत सभी ब्लॉकों में लोगों के कार्ड एक्टिवेट भी किए गए। आई सी डी एस विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कुपोषित बच्चों को चिन्हाकन भी किया गया। मेले का अनुश्रवण सीएमओ डॉ आर के सचान सहित अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवम संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों ने भी किया ।

### मनचले परेशान कर रहे तीन माह से

**राठ ( हमीरपुर )।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के झारखंड गांव से मेला देखकर लौट रही छात्रा के कुछ युवकों ने छेडखानी करने पर पीडिता ने थाने में लिखित शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीडित छात्रा ने बताया कि बीते गुरूवार को वह झारखंड से मेला देखकर लौट रही थी। तभी रास्ते में गांव के तीन युवकों ने उन्हे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि विरोध करने पर युवक उसके साथ छेडखानी करने लगे। उसे तीन माह से परेशान कर रहे है। आरोप लगाया कि शुक्रवार को उसने थाने में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस संबंध में कोतवाल केके पांडेय का कहना था कि दोनों पक्षों में मारपीट का है। छेडखानी का नहीं। तहरीर के माध्यम से मामला दर्ज किया गया है।

### आग से बाइक व दो भैसे जलीं, सपा नेता ने दी सहायता राशि

**राठ ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में अज्ञात कारणों के चलते किसान के कच्चे घर में आग लग गयी। आग लगने से किसान की बाइक सहित घर में बंधी दो भैंसे जल गई। आग का विकराल रूप देख कर जागे ग्रामीणों ने आग बुझाई। पीडितों को सपा युवजन सभा के निवर्तमान प्रदेश सचिव रामसजीवन यादव ने गांव पहुंच कर धनराशि देकर आर्थिक मदद दी। इस्लामपुर गांव निवासी रामप्रकाश पुत्र हरिराम श्रीवास ने बताया कि बीती रात्रि अज्ञात कारणों से उनके घर में आग लग गयी थी। जिससे उनकी हजारों की ग्रहस्थी, मोटर साइकिल व घर के छपरे में बंधीं दो भैंसें जल गई।

### कांग्रेस से जुड़ें, गरीबों की लडाई को बढाएं आगे: कुशल पटेल

**चित्रकूट।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान के प्रभारी कुतैब जमा के मुख्य आतिथ्य में पहाडी ब्लाक अध्यक्ष कामता द्विवेदी ने सरधुआ, बरद्वारा व बिहरवां में बैठक कराई। रविवार को हुई बैठक में प्रभारी कुतैब जमा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में ब्लाक कमेटी में गठन का अभियान जारी है। कांग्रेस संगठन को गांव-गांव मजबूत किया जा रहा है।

### सपा ने घोषित किये मानिकपुर व राजापुर नगर अध्यक्ष

**चित्रकूट।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेशउत्तम पटेल की अनुमति से सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने मानिकपुर नगर अध्यक्ष जहूर हसन को नियुक्त किया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेशउत्तम पटेल की अनुमति से सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने जारी बयान में कहा कि मानिकपुर नगर अध्यक्ष जहूर हसन, राजापुर नगर अध्यक्ष संजय केशरवानी व राजापुर नगर महासचिव मनीष विश्वकर्मा को मनोनीत किया है। सपा जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा है किसपा जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा है कि जल्द अपनी कमेटी गठित कर उन्हें अवगत करायें। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत करें।

# बर्फीली हवाओं से बढ़ी ठंड को लेकर बेचैनी

संवाददाता। चित्रकूट

**जाड़े के** मौसम में पहाड़ों में बर्फबारी से इस बार सर्द हवाओं और तापमान में गिरावट से रविवार का दिन सबसे ठंडा रहा। आसमान में कोहरे की धुंध के चलते सवेरे का एहसास लोगों ने पूर्वान्ह 11 बजे किया। लोगों की दैनिक दिनचर्या असंयमित रही। ज्यादातर लोग घरों में बिस्तर में दुबके रहे अथवा प्रतिष्ठानों के बाहर अलाव तापते नजर आये। रविवार के दिन शीतलहर के रफ्तार पकड़ने से भारी ठंड रही। शनिवार की रात तापमान में लगातार गिरावट के चलते सवेरे का एहसास लोगों ने पूवान्ह 11 बजे किया।

असंयमित दिनचर्या के चलते लोग घरों से पूर्वान्ह 11 बजे के बाद आवश्यक कार्य से ही निकले। इनमें भी ज्यादातर लोग अपने प्रतिष्ठानों व कार्यालयों में अलाव तापते देखे गये। कचहरी, बाजार व तीर्थक्षेत्र आये



ठंड से बचाव को अलाव तापते लोग।

श्रद्धालु भी ठंड से बचने को अलाव के आसपास खड़े रहे। कड़ाके की ठंड और आसमान में छायी धुंध व कोहरे के कहर से बचने को लोग अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा गर्म कपड़ों में देखे गये। गर्म कपड़े भी लोगों की ठिठुरन व कंपकपाहट का बचाव नहीं कर सके। अलाव ही लोगों को जाड़े से बचने का एकमात्र सहारा नजर आ रहा था। अपरान्ह तीन बजे के बाद सूर्यदेव के चन्द क्षणों को दर्शन हुये। इसके बाद फिर वही कोहरे व धुंध का कहर तथा बर्फीली हवाओं के चलते लोग ठंड से ठिठुरते रहे। शाम के पांच बजते ही बाजार व सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।

# अब गरीब बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रही है मोहल्ला पाठशाला

● टिकरौली गांव में किया जा रहा है अभिनव प्रयोग शिक्षक अकबर अली की चारो तरफहो रही है प्रशंसा

**हमीरपुर।** कोविड 19 के कारण बंद चल रहे परिषदीय विद्यालयों को शिक्षित करने के लिये टिकरौली गांव में जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक ने मोहल्ला पाठशाला शुरु की है जिसकी चारो तरफ प्रशंसा की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कोविड के कारण करीब दस माह से बंद चल रहे प्राइमरी व जूनियर हाईस्कूलों के कारण कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की पढाई पूरी तरह बंद चल रही है, जिससे बच्चों का विकास एक दम ठप हो गया है, यही नही ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर बच्चो के पास स्मार्ट फोन न होने के कारण शिक्षा नही मिल पा रही है, शिक्षक अकबर अली ने



बच्चों को मोहल्ला पाठशाला में शिक्षा देते शिक्षक देते अकबर अली

बताया कि गरीब बच्चों का विकास अवरुद्ध न हो इसके लिये मोहल्ला पाठशाला आयोजित की जा रही है, पाठशाला में विज्ञान विषय की पूरी शिक्षा दी जा रही है।

विषय में कोई समस्या न आये इसके लिये बच्चों को हर प्रकार से दक्ष किया जा रहा है, गांव में बच्चों को एक जगह समूह में बुला लिया जाता है, इसके लिये कई स्थानों पर बच्चों को एकत्र कर शिक्षा दी जाती है, शिक्षक द्वारा किये जा रहे इस प्रयास की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है हालाकि शिक्षा क्षेत्र में इसे एक अभिनव प्रयोग माना जा रहा है यदि इस ढंग से शिक्षण कार्य में सफलता मिलती है तो प्रदेश में एक मिशाल कायम होगी, अकबर अली को प्रदेश सरकार पिछले साल उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्रदान कर चुकी है। मोहल्ला पाठशाला को लेकर जगह जगह चर्चाएं हो रही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने इस कार्य की प्रशंसा की है।

## अपहरण-दुष्कर्म के दो आरोपी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर वांछितों की गिरफ्तारी को जारी अभियान के तहत दो वांछितों को पुलिस ने दबोचा है। रविवार को राजापुर पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित केशव उर्फ बूंदा पुत्र विष्णु रैकवार निवासी अर्जुनपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मऊ थाने के दरोगा गोपालचन्द्र कनौजिया की टीम ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित राममिलन पुत्र गल्लू यादव निवासी चरदहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी क्रम में राजापुर पुलिस के दरोगा रवि सिंह की टीम ने नन्दलाल सिंह पुत्र अमरनाथ निवासी नांदिन कुर्मियान के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद कर चालान किया है। दरोगा सुरेन्द्रनाथ राम ने लवकुश पुत्र रामकृपाल निषाद के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचा है। दोनों को आबकारी अधिनियम के तहत चालान किया है।

## बुंदेलखंड में कम हो जाएंगे 17 प्रधान घटी ग्राम पंचायतों की संख्या

**बांदा।** पंचायत चुनाव को लेकर किए गए आंशिक परिसीमन में ग्राम पंचायतों की संख्या 2905 से घटकर 2828 हो गई है। 17 ग्राम पंचायतें कम होने से अब बुंदेलखंड में इतने ही प्रधान के पद भी कम हो जाएंगे। सात में से पांच ऐसे जिले हैं जिनमें ग्राम पंचायतें कम हुई हैं। दो जनपदों में कोई बदलाव नहीं हुआ। पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालांकि अभी चुनावी तिथियां घोषित नहीं हुई लेकिन अधिकारी जारी दिशा.निर्देशों के क्रम में तैयारियों को पूर्ण करने में लगे हुए हैं। पिछले कई दिनों से चली आ रही आंशिक परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। बुंदेलखंड के दोनो मंडलों झांसी व चित्रकूटधाम मंडल के सात जिलों में पांच ऐसे हैं जिनमें ग्राम पंचायतों की संख्या कम हो गई है। विभागीय जानकारी के मुताबिक सबसे ज्यादा बदलाव हमीरपुर जिले में हुआ है। यहां नौ ग्राम पंचायतें कम हुई दूसरे स्थान पर चित्रकूट का नंबर आता है।

# बुंदेलखंड के अति पिछड़े क्षेत्र बांदा में अब सर्जरी की हाईटेक सुविधा

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े हुए क्षेत्र बुंदेलखंड के बांदा में सर्जरी की चिकित्सा व्यवस्था देने का प्रण किया है और उन्होंने उद्देश्य बनाया है कि हमें इन स्थानों के पीड़ित मरीजों को बांदा के डीप इंटीरियर क्षेत्र ग्रामीण दूर अंचल लोगों को सस्ती और अत्यंत निर्धनों को निशुल्क सेवा प्रदान करने का डॉक्टर अंकिता सिंह और अनूप सिंह ने मन बना लिया है हालांकि केजीएमयू और मेडिकल कॉलेज बांदा में रह चुके सर्जन डॉ अनूप सिंह ने अपनी पुत्री के नाम आराध्या नर्सिंग होम के नाम से सर्वोदय नगर चिल्ला रोड बांदा के मुख्य मार्ग पर खोल रखा है और इनका भरसक प्रयास है कि कोई भी दूर अंचल पीड़ित मर्ज से महरूम ना हो पाए उसे सही समय पर इलाज मिल जाए कम पैसे में सस्ता इलाज मिल जाए और वह ठीक हो जाए हालांकि आज रविवार को डॉक्टर साहब के पिता जी एवं सीजेएम बाँदा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर चैरिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ कियाप् यह सत्य है कि बुंदेलखंड के बांदा जनपद में चिकित्सा व्यवस्था एकदम चरमराई हुई हैं प् उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया ने शुरुआती दौर में बाँदा जिला अस्पताल में यह आश्वस्त किया था हर हाल में जिला अस्पताल के डॉक्टरों की आपूर्ति पूरी की जाएगी लेकिन दुर्भाग्य के यहां डॉक्टरों की आज भी कमी है आज भी जिला अस्पताल का ओटी बंद है एक सर्जन था जिसने अपनी नौकरी से त्यागपत्र देकर स्वयं का नर्सिंग होम खोल लिया तब से लेकर आज तक कोई सर्जन जनपद बांदा में नहीं आया आज भी मरीजों को कानपुर लखनऊ रेफर कर दिया जाता है सर्जरी के नाम पर जीरो है सिर्फ इन हॉस्पिटलों को रेफर सेंटर बनाकर रख दिया है। यह सत्य है कि डॉ अनूप अगर इस प्रकार जनता का हित सोचते है तो वह इस जनपद की गरीब जनता के शुभ चिन्तक है।

# अब वैक्सीन के पंच से मरेगा कोरोना

**बांदा।** जिले में कोरोना टीकाकरण अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के साथ हुई। जिले में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. मुकेश यादव को कोविड.19 का पहला टीका सुबह साढ़े दस बजे लगा। इसी के साथ शनिवार को कोविड.19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई। प्रतिरक्षित लोगों को टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा।

डीएम आनंद कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना वायरस कि अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। विश्व में तबाही मचाने वाले कोविड.19 वायरस जैसी विकराल समस्या का अब समाधान निकल चुका है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल चार अस्पतालों में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। डीएम ने बताया कि जिले में अब तक 3 12 690 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। 3624 मरीज पॉजिटिव आए हैं। अब तक 3553 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 71 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 43 लोगों की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि जनपद में कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 7960 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं। कहा कि भारत में विकसित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह प्रभावी है।

पहले डोज के बाद दूसरा डोज 28वें दिन लगेगा। टीका लगने के बाद आधे घंटे तक टीकाकरण केंद्र पर रोका गया। प्रतिरक्षित व्यक्ति को यदि बेचैनी या किसी भी तरह की समस्या होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। नोडल अधिकारी डा. एमसी पाल डब्ल्यूएचओ एसएमओ डा. मीनाक्षी यूनिसेफ से हरेंद्र पंवार व फुज़ैल सिद्दीकी सीएमएस डा. उदयभान सिंह डा. एसएन सिंह डा. रामकुमार वर्मा सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

शनिवार को शुरू हुए कोविड.19 टीकाकरण अभियान के दिन कई ऐसे लोग भी रहे जिनका नाम कोविन पोर्टल पर पंजीकृत था लेकिन वह टीकाकरण के समय नहीं आए। अनुपस्थित लोगों की अब एक अलग सूची तैयार होगी। इन लोगों को टीकाकरण के लिए अलग से समय दिया जाएगा।

### सत्यापन के लिए यह जरूरी

कोरोना टीकाकरण के लिए जाते समय व्यक्ति को अपना एक पहचान पत्र लाना होगा। इसमें आधार कार्ड ड्राइविग लाइसेंस वोटर आइडी एवं पैन कार्ड पासपोर्ट जॉब कार्ड पेंशन दस्तावेज मनरेगा कार्ड स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड सांसदों विधायकों एमएलसी को जारी आधिकारिक प्रमाण पत्र बैंक पोस्ट ऑफिस की पासबुक केंद्र राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी सेवा आइडी कार्ड आदि में कोई एक हो सकता है।

# बांदा में फिर एक मासूम से दरिंदगी, हालत गंभीर

**बांदा।** जिले में फिर एक मासूम बच्चे को दरिंदों ने शिकार बनाया और उसके साथ किया बलात्कार जैसी घटना को अंजाम दे डाला। मासूम बच्ची अब जीवन और मौत से संघर्ष कर रही है। घटनाक्रमम के मुताबिक थाना गिरवां क्षेत्रान्तर्गत डायल 112 को सूचना प्राप्त हुई कि 7 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई है। सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को अस्पताल पहुंचाया गया। थाना गिरवां पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा मानवेंद्र सिंह का कहना है के बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं, वह खून से लथपथ है। उसको कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, क्योंकि उसकी हालत अत्यंत गंभीर है। 7साल की बच्ची के साथ हैवानियत की वारदात सामने आई है। हैवान पड़ोसी युवक बच्ची को घर से उठाकर सुनसान जगह मे ले गया और दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। खून से लथपथ बेसुध हालत में घर पहुची बच्ची ने परिजनों से आपबीती बताई। परिजनों की सूचना के बाद पुलिस ने बच्ची को आनन.फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मासूम को कानपुर रेफर कर दिया गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की जांच मे जुट गई है। पूरा मामला गिरवा थाना क्षेत्र के कस्बे से सामने आया है जहां घर में खेल रही एक मासूम बच्ची को पड़ोसी युवक बहला.फुसलाकर अपने साथ ले गया और ले जाने के बाद हैवान ने खेत में दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेने के बाद पूछताछ मे जुट गई है घटना के बाद से इलाके मे सनसनी फैली हुई है।

### पड़ोसी युवक ने दिया घटना को अंजाम, पुलिस ने किया गिरफ्तार जिले में ताबडड़तोड़ हो रही घटनाओं को लेकर आक्रोश

# बुंदेलखंड में मुनाफे की मिठास घोलेगी हिमांचल की स्ट्राबेरी

संवाददाता। बांदा

**सूखे बुंदेलखंड** में यूं तो किसानों की आय दोगुनी करने को सरकार कई स्तर पर प्रयास कर रही है। इसमें अब एक नया अध्याय स्ट्राबेरी का जुड़ने जा रहा है। बुंदेलखंड में स्थानीय बागवानी को प्रमुखता देने के साथ ही कृषि विश्वविद्यालय ने इसकी खेती की शुरुआत कर दी है। ताकि आने वाले समय में किसानों के खेतों तक इसे पहुंचाया जा सके।

दलहन.तिलहन के लिए मुफीद बुंदेली माटी मोटे अनाजों की पैदावार के लिए भी प्रचलित है। बदलते समय के साथ खेती का तरीका भी काफी बदल चुका है। बुंदेलखंड में पानी संकट को देखते हुए कम सिचाई वाली फसलों पर जोर है। इसी के बीच ठंडे क्षेत्रों में पैदा होने वाली स्ट्राबेरी को यहां स्थान देने की तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार स्ट्राबेरी महोत्सव आयोजित हो रहा है। हालांकि बुंदेलखंड इसकी खेती से अछूता रहा है। लेकिन यहां कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इसकी शुरुआत कर दी है। फिलहाल एक बीघे से भी कम रकबे में इसकी खेती की गई है। हिमांचल प्रदेश से इसके रनर ;पौधद्ध मंगाकर इन्हें लगाया गया है। हालांकि अभी बुंदेलखंड के किसानों के बीच खेती के रूप में यह नहीं पहुंची। लेकिन विश्वविद्यालय का कहना है कि उनके यहां इसकी खेती की शुरुआत कर दी गई है। जल्द ही इसे बुंदेली किसानी में शामिल कराया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय के फल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉणएके श्रीवास्तव ने बताया कि यह 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान में ग्रोथ करती है। जिसे सितंबर से अक्टूबर के मध्य लगाया जाता है। करीब तीन माह में यह तैयार हो जाती है।

### पहाड़ी इलाकों में सात टन होती है पैदावार

स्ट्राबेरी उत्पादन के मामले में काफी बेहतर है। कृषि विश्वविद्यालय फल विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉण् श्रीवास्तव बताते हैं कि पहाड़ी इलाकों में इसकी न्यूनतम पैदावार प्रति हेक्टेअर पांच से सात टन है। बढ़िया से पैदावार की जाए तो उत्पादकता दस टन प्रति हेक्टेअर तक ली जा सकती है। बुंदेलखंड में भी यही औसत उत्पादन निकलने की उम्मीद है। बुंदेलखंड में यूं तो ज्यादातर गर्मी होती है। सर्दी के मौसम में ठंड तेज होती है इसलिए स्ट्राबेरी का उत्पादन बेहतर साबित हो सकता है।

बुंदेलखंड में स्ट्राबेरी की संभावनाओं को देखते हुए कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा शोध कार्य किए जा रहे हैं। इन्हें आगे बढ़ाया जा रहा है। शोध के माध्यम से यहां की जलवायु के हिसाब से उपयुक्त प्रजाति को चिन्हित करेंगे। छोटे से लेकर बड़े पैमाने पर स्ट्राबेरी की खेती का हर संभव प्रयास होगा।

*.डा. यूएस गौतम कुलपति*

# डबल मर्डर से हड़कंप, हमीरपुर का बताया जा रहा मृतक युवक

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के सतना जिले के नया गांव थाना अंतर्गत सतना . चित्रकूट मार्ग में पड़हा मोड़ के पास एक युवक युवती की गोली मार कर हत्या कर दिए जाने से हड़कंप मचा हुआ है। मृतक युवक यूपी के हमीरपुर जिले का निवासी है तथा शराब कम्पनी से जुडी भाटिया कम्पनी का मैनेजर बताया जा रहा है। वहीं मृतिका मध्य प्रदेश के सतना जिले की बताई जा रही है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे सतना के अपर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के घटना की जाँच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जिले की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के सतना जिले से शराब कारोबार से जुडे भाटिया ग्रुप में मैनेजर के पद पर कार्यरत अनुज कुमार दीक्षित निवासी हमीरपुर रविवार को एक युवती के साथ आल्टो कार से चित्रकूट की ओर आ रहे थे। इसी दौरान गाडी का पीछा कर रहे एक चार पहिया वाहन ने चलती गाडी में गोली से हमला किया। गोली न लगने पर पीछे लगी गाडी ने अनुज दीक्षित की आल्टो गाडी को ओवर टेक का प्रयास किया। जिससे अनियंत्रित होकर अनुज की आल्टो सतना .चित्रकूट मार्ग में पड़हा मोड़ के पास पलट गई। इसके बाद पीछा कर रहे लोगो ने आल्टो में सवार अनुज दीक्षित और युवती प्रिया सिंह निवासी ग्राम अमौधा जिला सतना की गोली मार कर हत्या कर दी। दोहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। युवक और युवती के शव मौके से बरामद हो गये है। चार पहिया वाहन अल्टो कार भी पलटी मिली है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर सतना के एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार जैन समेत पुलिस बल नयागांव थाना क्षेत्र के सतना. चित्रकूट मार्ग पड़हा मोड़ पहुंचकर डबल मर्डर की जाँच शुरू कर दी है। मामले को प्रेम प्रसंग और ऑनर किलिंग से जोड़कर देखा जा रहा है।

# अन्याय के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद करते रहेंगे समाजवादी: नबाव

**कन्नौज।** सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में मकरंद नगर के गदनपुर बुडडू में प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की जमीन पर सत्ता पक्ष के कार्यकर्ताओ के द्वारा हो रहे अवैध मिट्टी खनन के विरोध में प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने सत्ता में बैठे लोगो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। समाजवादी सरकार में अखिलेश यादव और तत्कालीन सांसद डिम्पल यादव ने कन्नौज के खेल प्रेमियो और खेल मैदान ना होने को लेकर कन्नौज को अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम देने का काम किया परंतु जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी उन्होने विकास के सारे कार्यो को ठंडे बस्ते में डाल दिया जो लोग स्वस्थ्य भारत का नारा देते थे उनके लोगो ने प्रस्तवित स्टेडियम की सारी मिट्टी को खोदकर जमीन को ताल बना दिया और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा सत्ता मद में चूर तानाशाही



स्टेडियम की जमीन पर अवैध मिट्टी खनन के विरोध में पव्रदर्शन करते सपाई।

सरकार के लोगो का खौफ प्रशासन पर इस कदर हावी है कोई अधिकारी इस अवैध खनन के खिलाफ बोलने और कार्यवाही करने से बच रहा है इस भ्रष्टाचार से प्रतीत होता है कि सत्ता पक्ष के लोग किस तरह भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। प्रशासन सत्ता पक्ष के खौफ में सरकार के ऐजेंट के रूप में काम कर रही है लेकिन सत्ता मद में चूर बैठे लोग ये जान ले कि हम समाजवादी लोग अन्याय के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद करते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर सत्ता पक्ष की नीव की एक एक ईट उखाड़ने का काम करेंगे। इस मौके पर सदर ब्लॉक प्रमुख नीलू यादव, संजय दुबे, अमित मिश्रा, सत्येंद्र यादव, भोले कुरैशी, धर्मवीर पाल, अतुल मौर्य, अशोक, कमलकांत कटियार, नरेश प्रधान, मखरूल, सुशांत यादव, प्रताप नरायण, वीरू शुक्ला, पवन सभासद, वीरपाल सभासद, देवराज यादव, विराट, दीपक यादव, अन्नू तिवारी, अमरदीप यादव, सोमू दुबे, शोभित दुबे, रिशु यादव, अजीम सिददीकी, प्रभात कुमार उर्फ मोनू यादव, दीपू यादव, उदय वीर, अतीक हुसैन, नावेद सभासद, रेहान खां, रमेश यादव, शेखर, चंदन शर्मा, राजू यादव, मकरंद यादव, रोहित, संजीव मिश्रा, कप्तान यादव सहित दो सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिलेश से बसपा के बागी विधायक ने की मुलाकात

● श्रावस्ती में सपा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद सियासी चर्चाओं का बाजार गर्म

● राइनी बोले सपा सुप्रीमो ने खुद ही बुलाया था मिलने के लिए

संवाददाता। श्रावस्ती



**जनपद** में अपने एक दिवसीय दौरे पर रविवार को श्रावस्ती पहुचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समाजवादी कार्यकर्ता प्रशिक्षण में सोमवार को करेंगे शिरकत। उनके श्रावस्ती पहुचते ही जिले में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ने लगी इसी बीच उनसे मिलने के लिए बसपा के बागी भिनगा विधायक मोहम्मद अशलम राईनी होटल प्लेटिनम अपने समर्थकों के साथ पहुचे जहाँ उनका अखिलेश ने बेहद गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद बाहर निकलने पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं ही मुझे मिलने के लिए बुलाया था। जब उनसे सपा को ज्वाइन करने की बात की गयी तो उन्होने इशारे में कहा कि हमारी राष्ट्रीय मे आस्था है जैसे लोगो की ईस्वर में और प्रोटोकाल के नाते भी हमारा यह फर्ज बनता है कि जब भी हमारे जनपद में कोई राष्ट्रीय स्तर का नेता आये तो हमे उसका स्वागत जरूर करना चाहिएए फिलहाल उन्होंने कहा हम अभी कोई भी पार्टी ज्वाइन नही करेंगे और इस तरह अटकलों को विराम देने की कोशिश की।

### सपा के कार्यक्रम में भाग लेंगे पूर्व मुख्यमंत्री

**श्रावस्ती।** कटरा. बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती में चल रहे तीन दिवसीय समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए शिविर के दूसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार शाम को श्रावस्ती पहुंचे। जहां पर पार्टी पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। वे श्रावस्ती स्थित होटल प्लेटिनम में पहुंचे जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री सोमवार को तीन दिनों तक चलने वाले समाजवादी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में अपने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे फिर मीडिया से रूबरू होकर प्रेस कांफ्रेंस करेंगे। जिसके बाद वें सड़क मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

## बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे पर बैठक

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी के शिबु के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में पक्षियों में फैल रहे बर्ड फ्लू से बचाव हेतु निगरानी एवं सतर्कता के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई जिसमें बर्ड फ्लू से बचाव के लिये सभी को जरूरी निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि बर्ड फ्लू की बीमारी को ध्यान में रखते हुए निगरानी एवं सतर्कता हेतु जनपद स्तर पर रैपिड रेस्पौन्स टीम का गठन कर दिया गया है। जो कि प्रत्येक ब्लाक स्तर पर तैनात रहेगी। यदि किसी भी पक्षी की आकस्मिक मृत्यु की सूचना मिलती है तो यह टीम त्वरित कार्यवाही करेगी। यदि कही भी किसी म्रत पक्षी की जानकारी किसी ब्यक्ति को मिलती है तो इसकी सूचना तत्काल जनपद स्तरीय दिये गए कन्ट्रोल रूम नम्बर 9935183611ए 9839992910 पर दे यह नम्बर 24 घण्टे सक्रिय रहेगा।

# श्री गुरुग्रन्थ साहिब की निकाली गई शोभायात्रा

संवाददाता। गोंडा



**रविवार** को करनैलगंज बाजार में स्थानीय गुरुद्वारे से श्री गुरु गोविन्द सिंह के पावन प्रकाशोत्सव पर श्री गुरुग्रन्थ साहिब की एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसे पूरे नगर में भ्रमण कराया गया। इस मौके पर गुरुद्वारे में विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कोरोना काल के बाद एक वर्ष में पहली बार निकली शोभायात्रा को देखने के लिए नगर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

विवार को श्री गुरु गोविन्द सिंह के पावन प्रकाशोत्सव पर पूरा नगर गुरुवाणी के गुरुशब्दों से गुन्जायमान हो गया। शोभायात्रा दोपहर बाद स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से निकली। उससे पूर्व गुरुद्वारे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले व क्षेत्र के सैकडों श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन अटूट लंगर चलता रहा जो देर रात तक चला। उसके बाद निकली शोभायात्रा में सभी धर्मों के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। गुरुद्वारा से निकली शोभायात्रा नगर परिषद होते हुए गाडीबाजार, नई बाजार, बस स्टैण्ड, मौर्य नगर चौराहा, कसगरान, बालूगंज, चौक घंटाघर होते हुए देर शाम को पुन: गुरुद्वारा पहुंची। शोभायात्रा के साथ तमाम जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। देर शाम आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा की समाप्ति की गई। शोभायात्रा में पंजाबी बाजा, गतका पार्टी, ब्रास बैण्ड पार्टी, पाइप बैण्ड की मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों का मनमोह लिया। साथ ही महिलाओं द्वारा गुरुवाणी कर गान एंव बच्चों द्वारा गुरु के आदर्शों का बखान किया जा रहा था। शोभायात्रा में नन्हे मुन्ने बच्चों की एक अलग टोली गुरु के गुणगान में लगाई गई थी। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। तथा नगर की धार्मिक समितियों द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी रखा गया। शोभायात्रा में गोंडा, बाराबंकी, बलरामपुर, लखनऊ, फैजाबाद के तमाम श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# आयुक्त ने किया टीकाकरण का निरीक्षण



संवाददाता। गोंडा

**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गोण्डा में एससीपीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कालेज हारीपुर में बनाये गये वैक्सिनेशन सेन्टर तथा जनपद बहराइच के संयुक्त चिकित्सालय जरवल के वैक्सिनेशन सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वैक्सिनेशन रूम, वेटिंग रूम तथा आब्जर्बेशन रूम आदि का भ्रमण कर संचालित किये जा रहे टीकाकरण से संम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से टीकाकरण के संम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ भी की तथा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को हिदायत दी कि वे अपना परिचय पत्र जरूर लगाये रखें।

आयुक्त के निरीक्षण के दौरान जनपद गोण्डा के एससीपीएम नर्सिंग कालेज में अवगत कराया गया कि आज इस केन्द्र पर कुल 100 स्वास्थ्य कार्मियो का टीकाकरण कराया जाना है। आयुक्त ने टीकाकरण के लिए बनाये गये वेंटिग रूम, तथा आर्वोजेशन रूम में जाकर की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा टीकाकरण से संम्बन्धित चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कार्मियों से वार्ता कर टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आर0सी0 शर्मा, अपर उपजिलाधिकारी महेन्द्र कुमार चिकित्सक डा0 आरपी सिंह, जनपद बहराइच के सीएचसी जरवल में एसडीएम महेश कुमार कैथल तथा चिकित्सा अधिकारी डा0 निखिल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पीएम आवास सूची में धांधली का आरोप

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर

**एक** तरफ केंद्र व प्रदेश की सरकार गरीबों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर के उन्हें हर संभव लाभ दिलाने का प्रयास कर रही हैं वही जनता का प्रतिनिधि करने वाले प्रधान ही महत्वपूर्ण पीएम आवास योजना की सूची में अपने चहेतों का नाम दर्ज करवाने के लिए व्यापक स्तर पर धांधली करवा रहे हैं।

मामला धनपतगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत कनेहटी का है। गांव निवासी निजामुद्दीन ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र युक्त शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी ने शासन की 2020 पीएम आवास की वरीयता सूची को रद्द करते हुए व्यापक धांधली करवाई है। गांव के अपात्रो को पात्र बना दिया जिनके पास कई पक्के मकान चार पहिया वाहन तथा अन्य बाहर प्रांत में रहकर हजारों की सैलरी से परिपक्व हैं। यही गांव में अनेकों नागरिक झुग्गी झोपड़ी में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं किंतु वर्तमान प्रधान ने वोट की ओछी राजनीत करते हुए ऐसे वास्तविक पात्रों को पीएम आवास की पात्र सूची से इन्हें बाहर कर दिया है।ग्राम पंचायत कनेहटी के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की काली करतूत की शिकायत जिलाधिकारी से की तो जांच के लिए संबंधित विभाग को अग्रेषित किया गया पर अभी तक जांच प्रक्रिया शुरू ही नहीं कराई गई। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा मामला ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। गांव के ग्रामीण ग्राम प्रधान की इस कार्यशैली से मुखर हो गए हैं और पीएम आवास योजना की वर्तमान सूची से अपात्रो का नाम हटाने के लिए मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 2020 में क्रमांक एक से 54 तक पात्रों को पीएम आवास योजना की सूची में वरीयता की गई थी किंतु गांव के प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी ने अपात्रो को छप्पर के नीचे फोटो लेकर उन्हें आवास का पात्र बनाया गया जो शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई गई है। ग्राम प्रधान द्वारा सूची में क्रमांक 1 से 68 तक बीच-बीच में नाम काटते हुए सूची तैयार करवाई गई जिससे पात्रों को आवास योजना से वंचित किया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच करवा कर सूची में दर्ज अमीरों का नाम हटवाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया की अगर शिकायत की निष्पक्ष जांच न करवाई गई तो वह सब मिलकर इस मामले को मुख्यमंत्री तक अवगत कराएंगे।

### योगी राज को लेकर किसानों ने बयां किया दर्द

**सुलतानपुर।** छुट्टा जानवर किसानों की खून पसीने से उगाई गई फसलों पर कहर बनकर टूट रहे हैं। दर्जनों की झुण्ड में घूम रहे बछड़े खेतों की हरियाली को कुछ ही देर में चट कर जा रहे हैं। कड़ाके की ठण्ड के बावजूद किसान रात में खेतो का चक्कर काटने को मजबूर हैं। विकास खण्ड भदैंया के केनौरा, महेसुआ, पूरनपुरपुर तिवारीपुर, बालमपुर, बीरापुर समेत कई गांवों में छुट्टा जानवरों का आतंक चरम पर है। दिन में तो किसी तरह किसान फसलों की रखवाली कर ले रहे हैं लेकिन रात में छुटटा बछड़े किसानों की हाड़ तोड़ मेहनत से उगाई गई फसलों को हजम कर जा रहे हैं। जानवरों के कहर से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि सूबे में योगी सरकार के पहले किसी भी सरकार के शासन में ऐसी मुसीबतों से नही जूझना पड़ा था। प्रदेश में जब से योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बनें हैं तब से किसानों पर छुट्टा जानवरों का कहर जारी है। महंगे डीजल, खाद, बीज, जुताई से पैदा की गई फसलों को बचा पाना मुश्किल ही नही बल्कि नामुमकिन हो गया है। ऐसे में खून के आंसू रो रहे किसान सूबे की भाजपा सरकार से काफी नाराज दिख रहे हैं। किसानों का तो यहां तक कहना है कि योगी सिर्फऔर सिर्फजाति विशेष वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं। इनके शासनकाल में नियम कानून ताक पर रख उठा है। अपराधियों को अदालत से दण्ड दिलाने के बजाए पुलिस एनकाउंटर में खुद मौत के घाट उतरवाकर घटना को हादसा दिखाने तक गुरेज नही कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

संवाददाता। सुलतानपुर



**देश** की गरीब जनता को निकट ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की पुन: शुरुआत 10 जनवरीको की गई। जनपद में इस मेले का शुभारंभ माननीय जनप्रतिनिधि द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर किया गया।

विधायक सुलतानपुर श्री सूर्यभान सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0 के0 त्रिपाठी की उपस्थिति में सामुदायिक केन्द्र दूबेपुर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भादा में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उदघाटन किया। जबकि अन्य स्थानों पर आयोजित मेले का उदघाटन मा0 जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगे मेले का भ्रमण कर उप स्वास्थ्य केन्द्र काशीराम आवास में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण कर आए मरीजों से भी मिलकर उनकी बीमारियोंध्उपचार की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधा बल्लभ एवं डॉ एपी त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि रविवार को जनपद के कुल 45 स्वास्थ्य केंद्रों जिनमें 43 ग्रामीण व 2 नगरी स्वास्थ्य केंद्रों पर सुबह 10 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 125 डॉक्टर व 716 पैरामेडिकल गए मेले में थर्मल स्कैनिंग के साथ ही 906 का एंटीजन टेस्ट व 383 गोल्डन कार्ड बनाए गए।

## भाकियू ने थाना घेरने की दी चेतावनी

**गोंडा।** दो सप्ताह से न्याय के लिए दौड़ रहे एक बेसहारा गरीब को न्याय दिलाने के लिए किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने थाना घेरने व पंचायत लगाने की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के प्रदेश मंत्री गजराज सिंह ने एसपी को भेजे गए पत्र में कहा है कि थाना परसपुर क्षेत्र के ग्राम नन्दौर रेती निवासी यूनियन के सदस्य व बेहद गरीब व्यक्ति शिवकुमार यादव को गांव के दबंगो ने परेशान करते हुए उसकी निजी बैनामे की भूमि पर कब्जा कर लिया तथा उसके परिवार को मारपीट कर भगा दिया। वह डर के मारे दो सप्ताह से अपने गांव व घर नही जा रहा है। जबकि परसपुर थाने पर वह प्रार्थना पत्र लेकर गया तो उसे भगा दिया गया। पसका पुलिस चौकी पर गया तो वहां की पुलिस ने उसे बैठाए रखा और कोई सुनवाई नही हुई। उस गरीब बेसहारा व्यक्ति को एक सप्ताह के भीतर न्याय नहीं मिला तो थाने का घेराव करेंगे।

## आधार कार्ड के नाम पर चल रही वसूली

**बछरावां रायबरेली।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से छोटे-छोटे बच्चों से कार्य कराने वाले लोगों पर श्रम विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की गई कई कानूनों में बदलाव किए गए लेकिन यह अधिकारी है कि मानने को तैयार ही नहीं मामला बता दे कि बिशुनपुर बीआरसी में नागरिकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र में बनवाई जा रहे थे आधार कार्ड में धन वसूली तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों से श्रम शोषण कराए जाने का आरोप लगाया हैं ग्रामीणों का कहना है कि जो बच्चे आधार कार्ड बनवाने के लिए आते हैं उनसे पहले साफसफाई कराई जाती है तैनात कर्मचारियों का कहना है कि पहले काम करो फिर आधार बनेगा ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कर्मचारियों द्वारा अभिभावकों से धन वसूली भी की जा रही है उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे-छोटे बच्चों से यह लोग अपनी कार तक साफकराते हैं इसके विपरीत आधार कार्ड बनाने में लगे कर्मचारियों का कहना है कि इस केंद्र पर केवल परिषदीय विद्यालय के बच्चों के आधार बनाए जा रहे हैं।

# भ्रष्टाचार की सारी हदें हुई पार, ग्रामीणों ने खोली पोल

संवाददाता। महाराजगंज, रायबरेली



**भ्रष्टाचार** की सारी हदें हुई पार दर्जनों ग्रामीणों ने खोली पोल बौखलाहट में भागते नजर आ रहे हैं प्रधान बताते चलें विकासखंड महाराजगंज के अटरा मे जमकर भ्रष्टाचार का बोलबाला है प्रधान सहित अधिकारी भी कर रहे लीपापोती देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के मंसूबों पर पानी फेर रहे अनूप कुमार बाजपेई व सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन की पोल खोलता नजर आ रहा है हालांकि जिला प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी के खिलाफ कार्रवाई करने में पीछे क्यों हट रहे हैं जानबूझकर अधिकारी इन दोषियों पर क्यों कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं अब देखने वाली बात यह होगी कि अधिकारी इतने बड़े भ्रष्टाचार को संज्ञान में लेंगे और कुंभकरणी नींद से जागकर इस भ्रष्ट ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई होगी यह आने वाला समय बताएगा आपको बताते चलें कि महाराजगंज विकासखंड के ग्राम सभा अटरा के ग्रामीणों ने जनसुनवाई पोर्टल पर भ्रष्टाचार की शिकायत किया है योगी सरकार में भ्रष्टाचार करने वालों पर सरकार लगातार शिकंजा कस रही है बड़े बड़े अधिकारियों पर गाज गिर रही है लेकिन अटरा मे जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है संबंधित अधिकारी भी लीपापोती कर सरकार की छवि खराब करने में लगे हैं वही जनसुनवाई पोर्टल पर दर्जनों शिकायतकर्ता ग्रामीणों में सुखनंदन , शशि पत्नी सुखनंदन , प्रकाश रैदास , अनवर अली , राधे लाल यादव , राम नरेश आदि नेअटरा प्रधान के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधान जी शौचालय देने के नाम पर 2000 रुपए की मांग कर रहे हैं वही जब हमारे संवाददाता ने सेक्रेटरी से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने इस मामले पर पल्ला झाड़ते हुए कहां की अभी हमको तो चार्ज लिए हुए 1 साल हुआ है हम क्या करें प्रधान ने शौचालय व प्रधानमंत्री आवास के नाम पर डकारे लाखों रुपए ग्रामीण निष्पक्ष जांच के लिए अड़े हुए हैं।इस मौके पर सुरेश यादव ,रमेश यादव ,उमाशंकर, राजेश द्विवेदी, सुशील कुमार बाजपेई, ननकऊ पुत्र नूर मोहम्मद आदि ग्रामीणों ने कहा कि हम जांच कराकर ही दम लेंगे।

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर ट्रॉली ने कार को मारी टक्कर

**सुलतानपुर।** चीनी मिल पर गन्ना लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर कार में टक्कर मार दिया। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। वही हादसे के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक फरार हो गया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी के पास सुल्तानपुर सड़क मार्ग पर मंदिर के समीप रात में सुल्तानपुर की तरफसे आ रही स्विफ्ट डिजायर कार यूपी44 बीए 7072 को गन्ना लेकर चीनी मिल जा रही यूपी 44 एल 9146 ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से टक्कर मार दिया। जिससे कार में सवार कार मालिक मो सादिक खान घायल हो गया। घटना कर ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज प्रवीण मिश्रा को दिया। सूचना पर पहुचकर चौकी इंचार्ज प्रवीण मिश्रा ने घायल मो सादिक खान को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया तथा ट्रैक्टर मालिक की खोजबीन शुरू कर दिया था ट्रैक्टर ट्राली मालिक की पहचान बिरसिंहपुर निवासी शैलेन्द्र प्रताप पांडेय पुत्र प्रेमनारायण पांडेय थाना जयसिंहपुर के रूप में हुआ। ट्रैक्टर चालक की पहचान रमाकांत मिश्रा पुत्र रत्नेश मिश्रा कूरेभार थाना क्षेत्र के केवटहिया के रूप में हुई। द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज प्रवीण मिश्रा ने बताया है कि घायल द्वारा तहरीर दिया गया है आवश्यक कार्यवाही किया जा रहा है।

### फरियादी को पुलिस ने भगाया, फाड़ा प्रार्थना पत्र

**गोंडा।** तालाब की पटाई कर उस पर निर्माण करने की शिकायत पुलिस से करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। शिकायतकर्ता को ही पुलिस ने गाली गलौज करते हुए अपमानित किया और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उसका प्रार्थना पत्र फाड़कर भगा दिया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक गोंडा से की है। थाना परसपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शाहपुर निवासी कपिल देव मिश्रा ने एसपी गोंडा को भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह अपने गांव की ओर जा रहे थे। शाहपुर में ही एक तालाब की भूमि पर कुछ लोग मिट्टी की पटाई करके उस पर अवैध निर्माण करना चाह रहे थे। जिसका उन्होंने विरोध किया और तालाब की जमीन पर निर्माण न करने की बात कही तो उन लोगों ने उसके साथ अभद्रता की। जिसकी शिकायत लेकर वह पुलिस चौकी शाहपुर गया। जहां हेड कांस्टेबल रविंद्र नाथ जो पिछले 3 साल से चौकी पर कार्यरत हैं उन्होंने उसका प्रार्थना पत्र लेकर फाड़ दिया और सार्वजनिक तौर पर उसे गाली देकर अपमानित करते हुए कहा कि तुम तालाब के मालिक हो क्या। ज्यादा नेतागिरी मत करो, इतना कहकर उसे फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी देते हुए भगा दिया गया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने उनसे इस बाबत कहा कि मेरा प्रार्थना पत्र क्यों फाड़ दिया, तो हेड कांस्टेबल ने कहा कि भाग जाओ अन्यथा उठाकर बंद कर दूंगा। जिससे वह काफी डरा सहमा है। पीड़ित कपिल देव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है, यदि कांस्टेबल द्वारा ऐसी हरकत की गई है तो उसके विरुद्ध जांच कराकर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

### बरामद किया एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर-ट्राली

**करनैलगंज ( गोंडा )।** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के साथ-साथ चोरी-छिपे बालू खनन का धंधा भी तेजी से पनप रहा है। शनिवार की रात्रि चोरी छुपे अवैध रूप से खनन कर रहे एक जेसीबी और पांच ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने पकड़ा है। जिसे कोतवाली में लाकर खड़ा कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी चचरी के अंतर्गत ग्राम बसेरिया में एक स्थान पर कई दिनों से खनन की सूचना मिल रही थी। शनिवार की रात्रि उपजिलाधिकारी व कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खनन करते हुए एक जेसीबी के साथ मिट्टी और बालू की ढुलाई करने वाले पांच ट्रैक्टर ट्राली को मौके से पकड़ लिया और लाकर कोतवाली में दाखिल कर दिया। सुबह से शाम तक खनन करने वाले लोग कोतवाली में गाड़ियों को छुड़ाने की जुगत में जमे रहे। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आ जाने के बाद पुलिस ने पकड़ी गई जेसीबी व ट्रालियों को सीज करने की कार्रवाई शुरू की। उपजिलाधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता ने बताया कि कोतवाली पुलिस को वाहनों को सीज करने के आदेश दिए गए हैं। उधर कोतवाल संतोष कुमार सिंह बताते हैं कि अवैध तरीके से खनन होने की सूचना मिलने के बाद तत्काल पुलिस बल को मौके पर भेजकर खनन करने वाली जेसीबी व पांच ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई हो रही है। संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ उप जिलाधिकारी करनैलगंज को इस आशय की सूचना दी जा चुकी है। उनके स्तर से भी कार्रवाई हो रही है।

### शौचालय में रहने को मजबूर बुजुर्ग

**लालगंज, रायबरेली।** वर्षों पुरानी जर्जर कॉलोनी में जब बुजुर्ग कैलाशा रैदास को डर महसूस किया तो नजदीकी बने शौचालय में उसने अपना आशियाना बना लिया। मौके पर पहुंची जांच टीम ने जब जांच की तो इस बात की पुष्टि भी की थी उसकी छत रिपेयर योग्य है। साथ में जांच टीम ने यह भी बताया कि उसे बरसों पहले कॉलोनी मिल चुकी है और अन्य सरकारी सुविधाएं भी दी जा रही है कोई समस्या नहीं है। लेकिन सवाल यही है आखिर सरकारी सुविधाओं के होते हुए भी शौचालय में रहने को क्यों मजबूर हो गई कैलाशा? वर्षों पहले बनी जर्जर कॉलोनी जिसमें ना प्लास्टर है और ना ही नीचे फर्श बनी हुई है इसकी निगरानी कौन करेगा? खैर गाहे-बगाहे प्रशासन ने इस बात की पुष्टि जरूर कर दी है उसकी छत रिपेयर के योग्य है।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

**श्रावस्ती।** गिलौला. रविवार को विकास खण्ड गिलौला के दूबकला गाँव में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आगाज हुआ। जिसमे नामचीन कवियों द्वारा सजी काव्य महफिल में हास्य व्यंग ओज और श्रृंगार हर तरह के काव्य रस की बरसात की। देश के नामचीन कवियों ने अपने.अपने अंदाज में अपनी कविता के माध्यम से देश को एकता और अखंडता का संदेश दिया। अपनी रचनाओं से कभी ठहाके लगाने तो कभी वाह.वाह करने के लिए लोगों को विवश कर दिया। कार्यक्रम के दौरान इकौना के नीरज नालायक ने मंच संभाला तो तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी जब धर्म के नाव में पोल भवा तुलसी तब मोम लगाय गए जैसे छंद से शुरुआत हुआ। हर कोई मनपसंद कवियों को सुनने के लिए आतुर दिखा। दिल्ली से आये अवधी के प्रसिद्ध कवि मनोज कप्तान ने अवधी छंदों से ऐसा समां बाँधा कि लोग वाह.वाह कर तालियां बजाने लगे। बलरामपुर से आये श्रेयस त्रिपाठी ने वीर रस से देश पर बलिदान होने वाले शूर वीरों का यशगान करते रहे। रोली मिश्रा ने श्रृंगार रस से स्रोताओं का खूब मन जीता। सरहद पर सुरक्षा दे रहे वीर सैनिकों के सम्मान में देश की अखंडता पर सुरेश सैनिक ने अपने छंदों से सबके रोम.रोम पुलकित कर दिया आज के नेताओं पर व्यंग मारते हुए कहा उज्जर कुर्ता उज्जर जूता उज्जर पैजामा पहने हैं। आव इनकै परिचय दै दी ई दहिने मंत्री बैठे हैं। कवि सम्मेलन के दौरान क्षेत्र के 10 गरीब मेधावी बच्चों को पठन.पाठन की सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जे पी मधुकर दिवाकर पाण्डेय श्रवण सायक डॉक्टर देवेन्द्र उपाध्याय मनोज मिश्रा कामेश्वर मिश्र और जयपाल आदि लोग मौजूद रहे।

### बारात घर में चल रही थी गौकशी, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**शिवगढ़ रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र गुमावा पुलिस चौकी अन्तर्गत अलीपुर में बने बारात घर में गौकशी का काम चल रहा था। पुलिस ने तीन अभियुक्तों को हिरासत में लेने के साथ ही मौके से पुलिस ने ढाई कुंटल मांस, पिकअप व मांस कटर बरामद किया है। गौरतलब हो कि रविवार की सुबह 5 बजे ग्रामीणों की सूचना पर अलीपुर पहुंची पुलिस ने देखा तो बरात घर के अन्दर गोकशी का काम चल रहा था। जहां कई गोवंशों के सर पड़े मिलने के साथ ही मौके पर पिकअप खड़ी मिली। शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने जिसकी जानकारी महराजगंज क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी को दी। मौके पर पहुंचे सीओ राघवेंद्र चतुर्वेदी ने एक पिकअप,ढाई कुंतल गौवंशों का मांस, मांस कटर बरामद किया। सीओ राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मामले का खुलासा सोमवार को एसपी ऑफिस में किया जाएगा।

# शासनादेश के विपरीत आदेश देना बीएसए को पड़ा महंगा

### अपर शिक्षा निदेशक राजकीय ने तलब किया स्पष्टीकरण

**संवाददाता**। बस्ती

**प्रतिनियुक्ति** पर बीएसए कार्यालय में कार्यरत राजकीय इंटर कालेज के दो सहायक अध्यापकों को कार्यमुक्त करते हुए बीएसए ने सीधे उन्हे राजकीय इंटर कालेज में योगदान देने का आदेश निर्गत कर दिया, वहीं बीएसए को सीधे योगदान देने का आदेश करने का अधिकार नहीं है। इसे शासनादश का उल्लघन मानते हुए अपर शिक्षा निदेशक राजकीय ने उनसे स्पष्टीकरण तलब किया है। प्रतिनियुक्ति पद पर बेसिक षिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत राजकीय इण्टर कालेज के दो सहायक अध्यापकों चन्द्रभान पाण्डेय, राम चन्द्र यादव को प्रतिनियुक्त पर जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजा गया था। प्रतिनियुक्त पद पर कार्यरत दोनो सहायक अध्यापकों के पांच वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर बीएसए जगदीश प्रसाद शुक्ल ने उन्हे कार्यमुक्त करते हुए सीधे राजकीय इंटर कालेज में योगदान देने का आदेश जारी कर दिया। जबकि शासनादेश के अनुसार प्रतिनियुक्ति के पद पर कार्यरत सरकारी सेवकों का लियन उनके मूल विभाग में होता है, किसी पद या विद्यालय में नहीं।

प्रतिनियुक्ति अवधि पूर्ण होने पर उन्हे मूल विभाग में प्रत्यावर्तित किया जाता है। मूल विभाग में योगदान देने के उपरांत नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा आवष्यकतानुसार उन्हे विद्यालय में पदस्थित कराया जाता है। लेकिन बीएसए ने ऐसा नहीं किया। बिना नियुक्ति प्राधिकारी को अवगत कराए दोनो सहायक अध्यापकों को सीधे विद्यालय में योगदान देने के लिए आदेशित कर दिया। शिक्षा निदेशक माध्यमिक कार्यालय ने इसे गंभीरता से लिया है। अपर शिक्षा निदेषक राजकीय डा. अंजना गोयल ने बीएसए के आदश्स को अधिकारों के विरूद्ध मानते हुए उनसे लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है।

उन्होने कहा है कि क्यों न आदेशों के विपरीत आदेश निर्गत करने के लिए उनके विरूद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। उन्होने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर कार्रवाई के लिए शासन को संदर्भित किया जाएगा।

# बर्ड फ्लू के संभावित संक्रमण को लेकर सतर्क रहें: डीएम

**संवाददाता**। सोनभद्र

**जिलाधिकारी** अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में पक्षियों में बर्ड फ्लू बीमारी के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बर्ड फ्लू की संभावित संक्रमण से बचने यानी संभावनाओं पर नियंत्रण करने के लिए सुरक्षात्मक कदम तत्काल उठाये जायें। जिलाधिकारी ने बताया कि बचाव के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स तहसील स्तरीय टास्क फोर्स व विकास खण्ड स्तरीय टास्क फोर्स गठित कर क्रियाशील किया गया है। जरूरत है कि सतर्क व होशियार रहकर बर्ड फ्लू के संक्रमण को पूरी तरीके से रोका रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिले स्तर पर बर्ड फ्लू के किसी प्रकार की आशंका का समाधान व जानकारी के लिए जिला पशु चिकित्सालय में 24 घंटे कन्ट्रोल रूम क्रियाशील किया गया है। जिले के नागरिक बर्ड फ्लू के सम्बन्ध में 9161539759 9415182008व 9450160731 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाय। जिले में लगने वाली साप्ताहिक बाजारों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों को बेहतर साफ सफाई रखा जाय। जिले में अन्य प्रदेशों व जिले से बाहर कहीं से भी फार्म के मुर्गों मुर्गियों के परिवहन को प्रतिबन्धित किया गया है लिहाजा बाहर से परिंदों को वाहन के माध्यम से जिले में न आने दिया जाय। बैठक में जिलाधिकारी के अलावा अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी संजीव कुमार सिह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नेम सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राम प्रताप त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी एके श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहें।

# पशुचरन में हो गए मालामाल

**संवाददाता**। बस्ती

**मनरेगा** के हर काम के लिए क्षेत्र पंचायतों के द्वारा 15 से 20 फीसद एडवांस कमीशन मांगने का खुलासा करने वाले सपा के जिलाध्यक्ष महेंद्रनाथ यादव का दावा है कि अगर सिर्फ पशुचरन निर्माण की जांच हो जाए तो कई लोग जेल के अंदर नजर आएंगें। कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर सिर्फ पषुचरन के मद में 50 से 60 लाख रुपये मनरेगा से खर्च कर दिया। इनमें कमीशन के रुप में लगभग 10 लाख चला गया। इसी तरह 50 लाख के भुगतान में काम मुश्किल से 20 लाख का हुआ। इसमें सबसे अधिक खराब भूमिका मानदेय पर काम करने वाले तकनीकी सहायक की रही। आंख बंद कर एमबी बनाया गया, भुगतान करने से पहले कोई न तो गुणवत्ता की जांच करने गया और न यह देखने गया कि पशुचरन का निर्माण हुआ भी है, कि

**कार्य की स्वीकृति के लिए ब्लॉकों में लगाई गई बोली एक-एक ग्राम पंचायतों में मानकविहीन बनाए गए 40 से 50 पशुचरन सपा जिलाध्यक्ष ने किया खुलासा**

नहीं? कार्यक्रम अधिकारी ने भी आंख बंद करके भुगतान कर दिया। हालांकि जिलाध्यक्ष के शिकायत पर सीडीओ ने जांच बैठा दी है। मगर कुछ सवाल ऐसे है, जिसका जबाव जांच अधिकारी भी अपनी रिपोर्ट में नहीं कर सके।

माननीय और प्रतिनिधि के नाम का खुलासा उन्होंने यह कहते हुए करने से इंकार कर दिया कि समय आने पर नाम भी उजागर कर दिया जाएगा। बस इतना समझ लीजिए कि मनरेगा में अगर पूरे जिले में लूट मची हुई है तो इसके लिए सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि और उनके प्रतिनिधि पूरी तरह जिम्मेदार है। मनरेगा में फर्जी भुगतान की शिकायतों पर लगाम लगाने के लिए लगभग तीन माह पहले सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने सभी बीडीओा को एक आदेश जारी किया था कि अधिकारी किसी कार्यक्रम की मंजूरी देने से पहले मौके पर जाए और वहां से फोटो खीचंकर भेजे, इसी तरह अधिकारी भुगतान करने से पहले स्थल पर जाए और फोटो भेजे। कुछ दिन तक डर के मारे अधिकारियों ने आदेष का पालन किया, मगर जब देखा कि इसका प्रभाव तो उनके आर्थिक पर पड़ रहा है, तो उन्होंने मौके पर जाने को कौन कहे, फोटो तक भेजना बंद कर दिया।

## टीएसआई ने वाहन चालकों को यातायात की दी जानकारी

**संवाददाता**। संतकबीरनगर

**सड़क** पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात गया दत्त मिश्र के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान जीवन है अनमोल के अन्तर्गत प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्रा द्वारा खलीलाबाद के गोला बाजार, बरदहिया बाजार आदि स्थानों पर जनसंपर्क कर लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जानकारी दिया गया व यातायात के नियमों के पालन करने से होने वाली बचाव के बारे में भी जानकारी दिया गया। प्रभारी यातायात द्वारा लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें, प्रभारी यातायात द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों को शीट बेल्ट व हेल्मेट लगाने हेतु सभी को शपथ भी दिलाया गया। प्रभारी यातायात द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान गाड़ियों में लगे अवैध हूटरों को भी हटवाया गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह की तैयारियों की की समीक्षा

**मिर्जापुर।** पुलिस विभाग द्वारा जिले में 18 जनवरी से 17 फरवरी तक आयोजित होने वाले यातायात माह की तैयारियों को लेकर अपरे पुलिस अधीक्षक सुजय कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठ की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने यातायात प्रभारी व एआरओओ को निर्देशित करते हुये कहा कि शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये दिशा निर्देशों के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही से जिन विभागों से सहयोग अपेक्षित है उन्हें भी उनके दायित्यों के बारे में अवगत कराया जाए । इस अवसर पर एआरटीओ ने बताया कि 18 जनवरी को यातायाह का शुभारम्भ किया जायेगा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, सीओ सिटी, सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, एआरटीओ, एआरएम रोडवेज के अलावा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**नाले के बगल सरकारी भूखण्ड पर अवैध कब्जे की शिकायत:**बस्ती। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के गदहाखोर मोहल्ले में पुल के पास रास्ते पर बीम लगाकर अवैध रूप् से कब्जा करने की जन सुनवाई पोर्टल पर षिकायत की गई है। षिकायत में कहा गया है कि गन्दा नाला के बगल रास्ते पर पक्का बीम पिलर बनाकर रास्ते को कब्जा किया जा रहा है, जबकि गन्दा नाला के दोनो तरफको मिलाकर 54 फ्टि का नगर पालिका का सरकारी रास्ता और भूखण्ड है। इस पर कब्जा हो जाने से लोगों को न केवल दुष्वारियां झेलनी पड़ेंगी बल्कि भूमि पर कब्जे से सरकारी राजस्व की भी हानि होगी।

# अब सचिवों के तबादले में भी चल रहा है बड़ा खेल

**218 सचिवों से मांगे जा रहे तीन इच्छित गांव जबकि तबादला मात्र 42 का होना मामला सीडीओ तक पहुंचा, कहा धन मांगने वाले की करें शिकायत**

**संवाददाता**। बस्ती

**जिले** में ग्राम्य विकास विभाग और पंचायती विभाग के लगभग 218 सेक्रेटरी कार्यरत हैं। स्थानान्तरण नीति के तहत कुल कार्यरत् सचिवों की संख्या का 20 फीसद तबादला होना है। यानि लगभग 42 सचिव का तबादला नियमानुसार करना चाहिए। इनमें उन्हीं लोगों का तबादला होना है, जो सर्वाधिक दिनों यानि तीन साल से अधिक एक ही ब्लॉक में कार्यरत है मगर हर साल नियमकानून को दरकिनार कर सचिवों का थोकभाव में तबादला किया जाता है। उन सचिवों का भी तबादला कर दिया जाता है, जिनके रिटायरमेंट में एक साल बचा रहता है। सबसे अधिक कीमत उन सचिवों की लगाई जाती है, जो ब्लॉक में ही रहना चाहते है। मगर कुछ ऐसे सचिव भी हैं, जो इच्छित ब्लॉक में जाने के लिए भी चढ़ावा चढ़ाते है। सवाल उठ रहा है कि जब 42 सचिवों का ही नियमानुसार तबादला होना है तो सभी से क्यों तीन ब्लॉक का च्वाइस मांगा जा रहा है। तत्कालीन डीपीआरओ शिवशंकर सिंह ने तो एक साथ 42 सचिवों का तबादला इस लिए कर दिया था, कि बाद में पुनः वापस आने के लिए भारी कीमत ली जासके। जबकि उस समय कुल सचिवों की संख्या मात्र 72 की थी, और नियमानुसार 12 से 13 सचिवों का तबादला होना चाहिए था। इस साल भी दोनों विभागों में लेनदेन की शिकायतें मिलनी शुरु हो गई। विभाग के एक जानकार का कहना है कि हर साल तबादले में लाखों रुपये का खेल होता है। जब इसकी जानकारी सीडीओ को दी गई तो उन्होंने कहा कि अगर कोई तबादले के नाम पर कोई धन मांगता है, तो वह इसकी जानकारी दें, नाम गुप्त रखा जाएगा, और संबधित के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। हांलाकि कुछ लोगों का यह भी कहना है कि सचिवों के तबादले में राजनैतिक दखल अधिक होती है, विभाग के अधिकारियों को न चाहते हुए भी लगभग पांच फीसद तबादला माननीयों के चहेते सचिवों के लिए रखना पड़ता है। इसकी भरपाई पटल सहायक लोग अधिक रेट के रूप में कर लेते हैं।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित:**बस्ती। 'राष्ट्र कौशल टाइम्स' का सातवां स्थापना दिवस एक होटल सभागार में मनाया गया। मुख्य अतिथि आईजी अनिल कुमार राय रहे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। संरक्षक जयंत कुमासर मिश्र ने सात वर्षो के सफल पर प्रकाष डाला। कार्यक्रम में एसपी हेमराज मीणा, एएसपी रविन्द्र कुमार सिंह, डीएसओ रमन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी संजेष श्रीवास्तव, सीओ सिटी गिरीष सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाई।

# डीएम ने दिया निर्देश 48 घंटे के भीतर ठीक कराएं खराब नलकूप

**संवाददाता**। बस्ती

**सात** दिन से अधिक समय से नलकूप बन्द पाए जाने पर डीएम आशुतोष निरंजन ने नाराजगी व्यक्त की है।उन्होंने 48 घण्टे के भीतर नलकूप ठीक कराए जाने का निर्देश दिया है। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पाया कि यांत्रिक दोष के चलते सात और विद्युत दोष के चलते 14 नलकूप खराब पड़े हैं। इस बाबत समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता नलकूप ने बताया कि पांच नलकूप रिबोर कराये जा रहे है। नए अथवा स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के तहत कोई नलकूप नही लगवाया जा रहा है। मनरेगा कनवर्जेन्स से गूल और नालियां ठीक करायी जा रही है। किसान क्रेडिट कार्ड का विभागीय लक्ष्य, लाभार्थी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य पूरा नही होने को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह में पूरा कराए जाने का निर्देष दिया।क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य पूरा नही होने को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह में पूरा कराए जाने का निर्देष दिया। उन्होंने मत्स्य, सिंचाई, सहकारिता, रेशम, भूमि संरक्षण, लधु सिंचाई आदि विभागों की भी गहन समीक्षा की और अफसरों को दिशा निर्देश दिए। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, डीडी कृषि डॉ. संजय त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई राकेश कुमार गौतम, जिला कृषि अधिकारी संजेश श्रीवास्तव, डॉ. रूप प्रकाश त्रिवेदी, संदीप वर्मा, रंजीत कुमार निराला, प्रेमचन्द्र प्रजापति एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ

**मीरजापुर**। नगर के महावीर पार्क में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर पार्क में स्वण् कोमल पहलवान के याद में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने किया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि कुश्ती मीरजापुर का पारंपरिक खेल है और कई स्थानों पर दंगल का आयोजन किया जाता है। महावीर पार्क में दंगल का आयोजन किया गया है और अगली कुश्ती का आयोजन निश्चित ही एक भव्य तरीके से होगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के अन्तर्गत देश विभिन्न शहरों से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए अभी से इसकी तैयारी में लग गये है और हमे पूर्ण विश्वास है कि हमारे जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ी निश्चित ही जिले का नाम रोशन करेंगे द्यइस आयोजन का पहला दंगल मुकाबला दिल्ली और झांसी के पहलवानों के बीच हुआ, जिसमें दिल्ली का पहलवान रिंकू ने दूसरे प्रतिभागी मनोज को पटखनी देकर यह मुकाबला जीता।

# जरूरतमंदों को समाजसेवी वितरित कर रहे हैं कम्बल

**संवाददाता**। संतकबीरनगर



**सूर्या** एकेडमी के प्रबन्धक व समाजसेवी डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी खराब मौसम व कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए निरन्तर अपने पैतृक गांव के सटे सहित दर्जनों गांवों में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर रहे है। डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी उनका उद्देश्य सिर्फ गरीबों, मजबूरों, मजदूरों, जरूरतमंदो की मदद हर सम्भव की जाय।

बाबा तामेश्वर नाथ धाम में समाजसेवी डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने बलराम यादव के नेतृत्व में भारी संख्या में जरूरतमंदो में कम्बल वितरण करते हुए कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचाने का काम किया। कार्यक्रम में जाते समय बलराम यादव के नेतृत्व में तामेश्वर नाथ चौराहे पर डॉक्टर उदय प्रताप चतुर्वेदी का युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। आपको बता दें कि कड़ाके की ठंड की शुरुआत होते ही समाजसेवी सूर्या एकेडमी के निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी का कारवां लगातार कंबल वितरण करते हुए हजारों गरीबों को ठंड में राहत पहुंचाने का काम किया है। उन्होने कहा कि कंबल वितरण का कार्य आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान निहाल चंद पाण्डेय, छात्रसंघ अध्यक्ष सौरभ सिंह, युवा समाजसेवी दानिश खान, रविन्द्र यादव, अंकित पाल, आलोक उपाध्याय, प्रधान झाले यादव, प्रधान नरेंद्र भारती, रामभोल भारती सहित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

# बिना कार्य पूर्ण कराए निकाल लिया भुगतान

**संवाददाता**। बस्ती

**ग्राम** पंचायतों में धन की लूट के मामले आए दिन उजागर हो रहे है। बिना निर्माण कार्य कराए धन निकाल लेने, जितना कार्य दिखाया गया उतना कार्य न कराए जाने और धनराषि का बंदरबांट कर लेने के मामले जांच के दौरान सामने आ रहे है।

ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों और सेक्रेटरी की मिलीभगत से सरकारी धन के बंदरबांट के अनेको मामले अब तक प्रकाश में आ चुके हैं। ऐसा ही एक मामला विकास खण्ड हर्रैया के गोभिया ग्राम पंचायत का सामने आया है। जहां मनरेगा से सीसी रोड निर्माण के नाम पर बिना कार्य पूर्ण कराए धन का भुगतान करा लिया गया। जांच बाद बीडीओ ने मामले में ग्राम विकास अधिकारी और अवर अभियंता लघु सिंचाई को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। ग्राम पंचायत गोभिया में वित्तीय वर्ष 2018-19 में स्वीकृत कार्य के सापेक्ष कार्य न कराकर भुगतान ले लेने की षिकायत की गई।

परियोजना पर कार्य पूर्ण दर्षाकर भुगतान निकाल लिए जाने और कार्य पूर्ण ना कराए जाने की शिकायत बाद बीडीओ की ओर से इसकी जांच सेक्टर प्रभारी से कराई गई। जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा बिट्टू सिंह के घर से चन्द्र प्रकाश सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण की परियोजना स्वीकृत की गई, लेकिन उसका निर्माण न कराकर राजस्व ग्राम मरवट में अनन्त राम के चक से काली माता के स्थल तक कुल 93 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराकर परियोजना पर भुगतान प्राप्त कर लिया।

# एसपी ने कोतवाली व कांटे चौकी की व्यवस्थाएं परखीं

**संवाददाता**। संतकबीरनगर



पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा शनिवार की रात्रि में थाना कोतवाली खलीलाबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के समस्त चौकी प्रभारियों व उपनिरीक्षकों के साथ गोष्ठी की गई, गोष्ठी के दौरान थाने पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों, लंबित विवेचनाओं, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, आईजीआरएस पर प्राप्त प्रार्थना पत्र, निरोधात्मक कार्रवाई की समीक्षा की गयी व प्रार्थना पत्रों एवं लंबित विवेचनाओं के यथा शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद व समस्त विवेचकों को निर्देशित किया गया। आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर चौकी प्रभारियों व बीट उपनिरीक्षकों को अपने- अपने क्षेत्रों में संवेदनशील गांवों में निरन्तर भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए भारी से भारी मुचलके पर पाबंद कराने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों के दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाने हेतु हिदायत दी गयी, जिससे कि चोरी व अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। डॉ. कौस्तुभ द्वारा पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान आमजनमानस से शालीनतापूर्वक विनम्र व्यवहार की नसीहत दी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस चौकी कांटे व पुलिस बूथ टेमारहमत का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां ड्यूटी पर तैनात कर्मी सतर्क पाये गये।

# ग्राम घूरहूपुर में हुए लाखों के घोटाले की जांच करेगी टीम

**संवाददाता**। बस्ती

**विकास** खंड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम घूरहूपुर में हुए लाखों रुपये के घोटाले की जांच तीन सदस्यीय अधिकारियों की टीम करेगी। टीम में डीआरडीए के पीडी आपी सिंह, डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव और उपायुक्त मनरेगा इंद्रपाल सिंह षामिल है। यह जांच रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल के पत्र पर जिले के प्रभारी मंत्री के आदेश पर हो रही है। जांच टीम का गठन ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त के द्वारा किया गया। सीडीओ से कहा गया है कि वह अपनी आख्या कार्रवाई की संस्तुति के साथ भेजे। इस मामले में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने जांच को एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई में हीलाहवाली को लेकर शिकायतकर्त्ता परमात्मा प्रसाद हाईकोर्ट से भी फरियाद कर चुके है। षिकायतकर्त्ता का आरोप है कि प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर बिना कार्य कराए लाखों रुपये का बंदरबांट कर लिया। मिटटी का कार्य नहीं गया और बैंक से धन निकाल लिया गया। शिवनाथ के खेत से लालमनि के मषीन तक खंडजा कार्य दिखाया गया, और भुगतान भी हो गया, मगर मौके पर कार्य ही कराया गया। इसी तरह राम निरंजन के खेत से जो खड़ंजालगाया गया, वह मौके पर नहीं है। मानक विहीन सोलर लाइट खरीद के नाम पर भारी धन का बंदरबांट कियागया। अधिक कमीशन पाने के लिए सोलर लाइट की खरीद सरकारी संस्था नेडा से न करके सस्ते दामो में खुले बाजार से खरीदा गया, एक सप्ताह तक सोलर लाइट नहीं दे पाया कि खराब हो गया।

## गालो मुस्करा लो पुस्तक का विमोचन

**संवाददाता**। मिजापुर

**चुनार** साहित्यकार कमलेश्वर प्रसाद कमल के काव्य संग्रह गालो मुस्करा लो पुस्तक का विमोचन उग्र पुस्तकालय बालूघाट चुनार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंसूर अहमद, विशिष्ट अतिथि मेजर कृपाशंकर सिंह, सरदार रणवीर सिंह और संरक्षक चुनार सहित्य परिषद थे। वहां उपस्थित कवियों द्वारा काव्य पाठ भी किया गया। काव्य पाठ करने वालों में रमेश पांडेय, अनवर अली, अमित आनंद इत्यादि लोग थे। शिवप्रसाद कमल, पीएन सिंह कुशवाहा, सभाजीत सिंह, राजू यादव, सुरेंद्र तिवारी इत्यादि लोग उपस्थित थे। संचालन सुरेंद्र नाथ मिश्रा अंकुर ने किया। यह पुस्तक मुंबई के अफफ्रोज आलम काजल सिंह के सौजन्य से मुंबई साहित्य अकादमी द्वारा प्रिंट किया गया।

# भयमुक्त होकर पुलिस का करें सहयोग समस्याओं का होगा निराकरण: यादव



**बीजपुर पुलिस ने जरूरतमंदों को दिया कंबल, बैग व खेल सामग्री**

**संवाददाता**। बीजपुर ( सोनभद्र )

स्थानीय पुलिस ने शनिवार को कम्युनिटी पुलिस के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रजमिलान के टोला मयनहवा के परिषदीय विद्यालय परिसर में जरूरतमंदों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक दुद्धी रामाशीष यादव नें गरीबो व असहायों में 125 कम्बल स्कूली बच्चों को 75 स्कूली बैग के साथ साथ ग्रामीण बच्चों के अंदर खेल को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 10 बालीबाल व नेट एवं बच्चो में शिक्षण सामग्री का बितरण किया। आयोजित कैम्प में कम्बल, स्कूली बैग बॉलीबॉल नेट आदि सामग्री बितरण करते हुए श्री यादव ने स्थानीय लोगो के मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर हर संभव निराकरण कराए जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्रामीण जनों से भयमुक्त होकर किसी के बहकावे में न आते हुए पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने पुलिस को ग्रामीणों से मृदुल ब्यवहार करने को कहा। ग्रामीणों की समस्याओं को त्वरित एवं विधिक निस्तारण किए जाने सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश भी उन्होंने संबंधितों को दिया। इसके अलावा उपस्थित ग्रामीणजनों को पुलिस प्रशासन द्वारा बिभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया गया। कड़ाके की पड़ रही ठंड में कम्बल व अन्य सामग्री पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बीजपुर श्याम बहादुर यादव ग्राम प्रधान रजमिलान जगन्नाथ बद्रीनाथ सहित भारी संख्या में ग्रामीण, पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

# राम मंदिर के लिए सीता देवी ने दिए गुल्लक में जुटाए 11 हजार रुपये



**संवाददाता**। सोनभद्र

**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद द्वारा देश भर मे चलाए जा रहे श्री राम मंदिर निधी समर्पण महाअभियान के अन्तर्गत जनपद मुख्यालय स्थित उत्तर मोहाल की रहने वाली सीता देवी ने भगवान राम मंदिर निर्माण कार्य के लिए एक एक रुपये गोल्लक में इकठ्ठा कर के 11000 रुपये की धनराशि प्रदान किया। रविवार की सुबह सीता देवी ने 11 हजार रूपए के सिक्कों से भरा थैला आस्था निष्ठा विश्वास प्रेम समर्पण के साथ भव्य भगवान राम मंदिर निर्माण के लिये अपना योगदान दिया दीपनगर राबर्ट्सगंज निवासी धार्मिक महिला सीता देवी अपने गोल्ल्क मे एकत्र किये गए एक एक सिक्का जो लगभग नौ हजार था, जिसमें उनके पुत्र उमेश केसरी के द्वारा धनराशि सम्मिलित कर ग्यारह हजार कर दिया गया उसका समर्पण पूरे उत्साह के साथ प्रदान किया इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक हर्ष जी, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता, जिला व्यवस्था प्रमुख कीर्तन नगर व्यवस्था प्रमुख संगम लाल गुप्ता, नगर संयोजक ज्ञानेन्द्र राय, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, चन्दन केसरी, हर्ष केसरी, अमित केसरी व उमेश केसरी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वैक्सीनेशन का दूसरा चरण 22 से होगा शुरू

## स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर , शासन ने अभी तक जारी नहीं किया है गाइडलाइन

संवाददाता। मऊ



**कोरोना** वैक्सीनेशन के प्रथम चरण में मिली ऐतिहासिक सफलता के बाद अब दूसरे चरण के तहत 22 जनवरी से वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरु होगा। दूसरे चरण के दौरान होने वाले वैक्सीनेशन के लिए स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। हालांकि मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभी तक दूसरे चरण के लिए शासन द्वारा कोई भी गाइड लाइन नहीं आया हैए गाइड लाइन आने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरु किया जाएगा। तानेबाने के मऊ जिले में कोरोना के खिलाफ लड़ाई को लेकर पूरी तरह से एकजुट दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा जारी फरमान के अनुसार दूसरे चरण के वैक्सीनेशन की प्रक्रिया 22 जनवरी से शुरु किया जाएगा। दूसरे चरण के वैक्सीनेशन के लिए जिला प्रशासन की टीम व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कमर कस लिया है। जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल व मुख्य चिकित्साधिकारी सतीश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम चरण के दौरान वैक्सीनेशन को लेकर जिले को काफी अहम सफलता मिला है। लेकिन अभी तक दूसरे चरण के लिए शासन द्वारा कोई गाइड लाइन जारी नहीं किया गया है। फिर भी दूसरे चरण के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी तरह से कमर कस लिया है। बताते चलें कि प्रथम चरण के तहत जिले के चार केन्द्रों पर वैक्सीनेशन शुरु किया गया था। इसमें जिला संयुक्त चिकित्सालयए महिला जिला अस्पतालएघोसी व कोपागंज शामिल था। प्रथम चरण के दौरान चारों केन्द्रों पर 100.100 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस प्रकार से चारों केन्द्रों पर 400 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। टीकाकरण के शुभारम्भ के दौरान तो सभी केन्द्रों पर काफी उत्साह दिखाई दिया। जिले के सभी चारों केन्द्रों पर 66 प्रतिशत लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया था। इसमें महिला जिला अस्पताल में निर्धारित 100 के लक्ष्य के मुकाबले 55 लोगों ने टीकाकरण कराया था। वहीं जिला संयुक्त चिकित्सालय में निर्धारित 100 के लक्ष्य के मुकाबले 74 लोगों ने टीकाकरण कराया था। इसी प्रकार घोसी में 100 के लक्ष्य के मुकाबले

## कोरोना काल में सेवा कार्य करने वालों को मिला सम्मान



बढ़नी। सिद्धार्थनगर

**सामाजिक** संस्था अंजुमन इदरीसिया की बढ़नी शाखा द्वारा कस्बे के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में परम चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से कोरोना काल के दौरान सेवा देने वाले चिकित्सकों, मीडियाकर्मियों एवं प्रशासनिक कर्मियों को कोरोना वारियर्स सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे एसडीएम शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह के द्वारा सभी कोरोना वॉरियर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 1965 के भारत पाक युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की पुण्य तिथि पर कस्बे के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित कोरोना वारियर्स सम्मान समारोह के मुख्यातिथि एसडीएम शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बगैर चिकित्सक, सफाई कर्मचारी, पुलिस व मीडिया कर्मियों ने जनमानस की सुरक्षा की है वह बहुत ही सराहनीय है। कोरोना की वैक्सीन लगनी शुरु हो गई है इससे किसी को भी कोई दुष्परिणाम नहीं हुआ है आमजन को किसी भ्रम में नहीं पड़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एसएसबी सहायक सेनानायक सुमित हरित ने कहा कि कोरोना काल के दौरान सेना के जवान तो देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे थेए वहीं दूसरी तरफदेश के भीतर चिकित्सकए सफाई कर्मचारी, पुलिस व मीडियाकर्मी जनता की सेवा में लगे थे।

### मऊ के डा. फैसल ने केजीएमयू में लहराया परचम



**मऊ।** जिले के मधुबन तहसील क्षेत्र के भवानी सराय निवासी डॉ सैय्यद फैसल आफाक ने लखनऊ के केजीएमयू में अपनी सफलता का पताका फहराकर नाम रोशन किया है। डा सैय्यद फैसल अपनी कड़ी मेहनत व लगन के बलबूते लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता की सूचना मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गया। परिजनों व ग्रामीणों ने एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है। बताते चलें कि जिले के मधुबन तहसील क्षेत्र के भवानी सराय निवासी ख्यातिप्राप्त राजकीय चिकित्साधिकारी डा एखलाक अहमद आफाक के भतीजे एवं दुबई इस्लामिक बैंक के एवीपी आफाक अहमद के पुत्र डा सैय्यद फैसल आफाक प्रारम्भिक अवस्था से ही पढ़ाई लिखाई में काफी होनहार रहे हैं। डा फैसल आफाक ने 2013 में एरा मेडिकल कालेज लखनऊ से एमबीबीएस तथा 2016 में बीपी कोइराला इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ साइंसेज धारन नेपाल से एमएस आर्थो की पढ़ाई पूरी किया है।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का शपथग्रहण



**देवरिया ।** रविवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह गंगा वाटिका में मुख्य अतिथि डॉक्टर सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी सदर विधायक विशिष्ट अतिथि सुरेश गुप्ता महासचिव सी डी एस यु पि भूतपूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल अध्यक्ष रणजीत सिंह महामंत्री आदिल गुप्ता एवं मंत्री हिमांशु कुमार सिंह सभी के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ ।सबसे पहले सभी अतिथियों का नवनिर्वाचित अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय जयसवाल द्वारा बुके एवं माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया ।

### गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्व सघन अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीणद्ध के कुशल निर्देशन में थाना मछलीशहर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त चन्द्रशेखर गौतम पुत्र घनश्याम गौतम नि हिरामनपुर थाना पवाँरा जौनपुर को जब वह कही भागने के फिराक में था कि मुखबिर खास की सूचना पर प्रण्निण् दिनेश प्रकाश पाण्डेय द्वारा मय हमराहियान के साथ सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज गया।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के निर्देश पर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे एनबीडब्लू अभियुक्तो के विरुद्व अभियान के तहत धर्मदेव प्रसाद व हमराह हेका सुरेन्द्र नाथ सिह व काविनोद प्रजापति द्वारा ग्राम नगहटी मे दबिश देने पर शिव शंकर सिह पुत्र जिलेदार निवासी नगहटी थाना सरायख्वाजा जौनपुर सम्बन्धित मुअसं 98,18 धारा 323,504 भादवि को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध तमंचा ,कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**जौनपुर।** शांति व्यवस्था तलाश वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नियार पुलिया के पास उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त राकेश कुमार यादव पुत्र हरिहर यादव निवासी जरासी ककरहिया थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राकेश कुमार यादव उपरोक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। उक्त के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

### मोटरसाईकिल व मोबाइल के साथ पकड़ा गया

**जौनपुर।** क्षेत्र चेकिंग सन्दिग्ध वाहन व व्यक्ति व तलाश वांछित से सम्बन्धित मुअसं 80,20 धारा 41,411,489,489 भादवि मे वांछित 1 नफर अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा पुत्र स्व जयशंकर मिश्रा निवासी धौकलगंज दादुपुर थाना कपसेठी जनपद वाराणसी मय बरामदशुदा एक देशी तमंचा 12 बोर अवैध व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

### आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** टेकारी मोड से सम्बन्धित आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शुभम सिंह पुत्र स्व जयप्रकाश सिंह निवासी ग्राम समाधगंज पुरवां थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को टेकारी मोड से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया ।

### पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध गोष्ठी

**देवरिया ।** रविवार को पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र द्वारा पुलिस लाइन देवरिया में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गयाए गोष्ठी के प्रारम्भ होने से पूर्व जनपद से आये पुलिस कर्मियों का सम्मेलन किया गयाए जिसमें पूर्व में कर्मचारियों द्वारा उठायी गयी समस्याओं के निराकरण की जानकारी ली गयी तो पाया गया कि पूर्व में प्राप्त समस्त मामलों का निराकरण कर लिया गया है। सम्मेलन के दौरान कतिपय कर्मियों द्वारा समस्यायें बतायी गयींए जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गयाए जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा की गयी। जिसमें सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माणए भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गस्त व क्षेत्र में भ्रमण करने को कहा।

## सत्यदेव डिग्री कॉलेज के शिविर के तीसरे दिन स्वच्छता और कोविड-19 के प्रति लोगो को किया गया जागरूक



संवाददाता। गाजीपुर

**जनपद** के सत्यदेव डिग्री कॉलेज के विशेष शिविर का तीसरा दिन था। स्वयंसेवकों द्वारा बोरसिया ग्राम में बच्चों व महिलाओं को मास्क का वितरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बोरसिया गाँव में लोगों के बीच जाकर ष्स्वच्छताष् तथा ष्कोविड.19ष् के प्रति जागरूकता फैलाई। स्वयंसेवकों ने लोगों को मास्क भी बाँटा तथा कोरोना जैसी भयंकर वैश्विक महामारी से बचने के के लिए लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने स्वयं सेवकों की बात बहुत ध्यान से सुना और उनके निर्देशों के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दिए। जागरूकता अभियान के पश्चात स्वयंसेवकों ने बोरसिया गाँव के नदी तट पर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण की साफसफाई भी की। गांव के कई ग्रामीण स्वयंसेवकों के इस स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सेदारी लेकर सहयोग देने की बात भी कही। उन्होंने कहा किएष्हमें इन स्वयंसेवकों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने गाँव को स्वच्छ रखना चाहिए। स्वयंसेवकों ने बेसो नदी की भी साफसफाई की तथा लोगों को नदी में कूड़ा करकट ना डालने के लिए भी जागरूक कियाए जिससे नदियों को प्रदूषण मुक्त किया जा सके। प्रदूषण की वजह से ही कई नदियां अपना अस्तित्व खोकर विलुप्त होने के कगार पर हैं।

## जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए

संवाददाता। देवरिया



**शहर** के गायत्रीपुरम में रविवार को सभासद रमेश वर्मा और सभासद गोविंद चौरसिया के नेतृत्व में सदर विधायक व उपाध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन किया गया वहीं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया । उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि ठंड के मौसम में कंबल देना पुनीत कार्य है हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने जो भी योजनाएं बनाएं सभी असहाय लोगों और जरूरतमंदों के लिए कारगर साबित हो रही है जैसे आवास योजना के माध्यम से हर गरीब को पक्का मकान देना हो या उज्जवला योजना के माध्यम से गैस को चुला देना हो घर.घर को शौचालय देना हो या 500 वर्षों से विवादित मामले का हल राम मंदिर का निर्माण है या धारा 370 और 35 के कारण कश्मीर में भारत से अलग था उसे हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा में जोड़ने का काम हो हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया आज गायत्री पुरम के निवासी नगर के पूर्व अध्यक्ष रमेश वर्मा जी ने या कार्यक्रम रखा आप सभी को जोड़ने का कार्य किया है आप सभी का मैं स्वयं अभिनंदन करता हूं । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह ने कहा कि सभासद के माध्यम से है ठंड के मौसम में कंबल वितरण कराया जाता है नगर का विकास हो भारतीय जनता पार्टी और नगर पालिका का लक्ष्य है कि हमारा नगर स्वच्छ और सुंदर हो आज जो सम्मान आप लोगों ने दिया है उस कर्ज को विकास के माध्यम से उतारने का प्रयास करूंगी । पूर्व नगर अध्यक्ष व सभासद रमेश वर्मा ने कहा कि सदर विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष इतने सरल स्वभाव के हैं कि अपने व्यस्त कार्यक्रम में समय निकालकर अपने मोहल्ले में आए हम सभी आपके आभारी रहेंगे रामगुलाम टोला गायत्री पुरम समय पूरा नगर भाजपा के लिए कृत संकल्पित है । अध्यक्षता नगर अध्यक्ष भाजपा संजय पांडे ने किया कार्यक्रम में अंगद मणि ,कैलाश नाथ चौबे, धीरेंद्र श्रीवास्तव,संजय एसंतोष ,भरत भूषण गुप्ता मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने किया आरोग्य मेला का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विकास खंड मिठवल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीवाए विकास खंड मिठवल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमा बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिडई पर चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ओपीडीए डिलेवरी कक्षए वार्ड व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने चिकित्सा अधिकारी को आरोग्य मेले में जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आशा द्वारा लाभार्थियों को लाकर गोल्डेन कार्ड भी बनवाने तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर डिलेवरी कराने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने उपस्थित आशाए एएनएम व चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना बहुत ही लाभकारी है इस योजना का कैंप प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण व शहरी पर आयोजित होगाए जिसमें सभी लोगों को ओपीडी एटीबीए मलेरिया, डेंगू,दिमागी बुखार,फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग व अन्य आवश्यक जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।



मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में आशाए एएनएम के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करा कर लोगों को जागरूक किया जाए ।

## सरकार को सिर्फ देश के पूंजीपतियों की चिंता : अजय लल्लू

संवाददाता। मुग़लसराय,चन्दौली



**भाजपा** सरकार विदेशी व पूजीपतियों के हाथों की कठपुतली बन गई है। अब इसे देश के गरीबए किसानए नौजवान से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस पार्टी जन सामान्य की पार्टी है। उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने संगठन सृजन अभियान के तहत नियामताबाद गांव स्थित पोखरे पर आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि देश के किसान धरने पर बैठे हुए हैं। इसके बावजूद भी भाजपा सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है। सरकार को सिर्फ देश के पूंजीपतियों व बड़े घरानों की चिंता है। उसे आम आदमी से कोई लगाव नहीं रह गया है। कहा कि पार्टी की प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत न्याय पंचायत स्तर पर संगठन का गठन होगा। इसके लिए अभी कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं।

कहा कि जब से देश में कांग्रेस की सरकार नहीं है तब से देश में बेतहाशा महंगाईए बेरोजगारीए किसानों की समस्याएं आदि बढ़ी है। जिनके लिए सरकार कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रही है। बहुत दिनों तक कांग्रेस का बनवास हो चुका। इसका खामियाजा भी देश की जनता भुगत रही है। अब जनता कांग्रेस की ओर उम्मीद की निगाह से देख रही है। कहा कि जो भी वादा भाजपा ने किया था उसमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ।

आगामी चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इसके लिए सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जूझ करके संगठन का कार्य करें। क्योंकि भाजपा सरकार से जनता पूरी तरह से उठ चुकी है। जिला सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम हमारे जन्मस्थली पर हुआ है ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है । कार्यक्रम को लेकर दिन रात मेहनत किया और भीड़ को देखकर विपक्षियों में बौखलाहट भी रहा । इस मौके पर प्रदेश सचिव,जिला सचिव राकेश तिवारी वेदप्रकाश सिंह, सरिता पटेल, प्रमोद पांडेय, डॉ सुल्तान खान, सतीश बिंदए आर के शर्मा, बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार हित के लड़ाई पर विचार विमर्श

**गाजीपुर।** गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन की आवश्यक बैठक संस्था के कार्यालय पत्रकार भवन पर 17 जनवरी को आयोजित की गयी। बैठक में अध्यक्ष विनोद पाण्डेय ने 15 सदस्यों वाली कार्यकारिणी की घोषणा की गयी। सदस्यों को मजबूती प्रदान करने के लिए संस्था द्वारा आधुनिक परिचय पत्र जारी किया जायेगा और उन्हे सूचीबद्ध करने के लिए अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2021 निर्धारित की गयी। इसके उपरान्त प्राप्त फार्मो पर कोई विचार नही किया जायेगा। सभी सदस्यों को सामुहिक बीमा का लाभ व अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान करने के साथ ही साथ किसी संगठन अथवा राजनैतिक दलों द्वारा प्रेसवार्ता के लिए मांग किये जाने पर पत्रकार भवन उपलब्ध कराये जायेगा। पत्रकारपुरम एवं भवन के विस्तार पर चर्चा की गयी। संगठन के सदस्य रहे पत्रकार स्व0 श्याम सिंन्हा के परिजनों को एक सप्ताह में अनुतोष प्रदान किया जायेगा। पत्रकार आशुतोष त्रिपाठी द्वारा प्रकाश में लाये गये पत्रकार हित के लड़ाई को अंजाम तक संज्ञान न लिये जाने पर विचार विमर्श किया गया।

### ओम प्रकाश के जाने से शिक्षा जगत को बहुत बड़ी क्षति



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश की शिक्षक राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले पूर्व एमएलसी ओमप्रकाश शर्मा के निधन की खबर से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। रविवार को एमएएच इंटर कॉलेज परिसर में शोक सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी दिनेश चंद्र राय ने बताया कि ओम प्रकाश शर्मा वरिष्ठ एवं अनुभवी शिक्षक नेता के अलावा वेतन वितरण अधिनियम 1971 के जनक थे। शिक्षकों के मुद्दों पर कई बार ओम प्रकाश शर्मा का सरकार से टकराव भी हुआ। मगर हर बार वह सरकार पर भारी पड़े। शिक्षक हितों के लिए किए गए कार्यों को लेकर ओम प्रकाश शर्मा को शिक्षकों का मसीहाश् भी कहा जाता था। शिक्षा जगत के इतिहास में इतना ईमानदार और मजबूत शिक्षक नेता होना बहुत मुश्किल है। कितनी भी बड़ी समस्या हुई जब भी ओम प्रकाश शर्मा से बात हुई तो उन्होंने सिर्फ एक ही बात कही हल हो जाएगी। घबराओ मत। वह शिक्षक कल्याण व शिक्षा जगत के लिए सदैव तत्पर रहे। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नारायण उपाध्याय ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लगातार आठ बार ओम प्रकाश शर्मा एमएलसी चुने गए थे। श्री शर्मा जिले के शिक्षकों से सदैव जुड़े रहे और एक आवाज पर ही समस्याओं की लड़ाई लड़ने के लिए पहुंच जाते थे। शिक्षकों की समस्याओं के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।

## सेहतमंद बनाएगा गुणों से भरपूर फोर्टिफाइड चावल : सुशील सिंह

संवाददाता। धानापुर,चन्दौली



**ब्लॉक** सभागार में रविवार को पायलट प्रोजेक्ट के तहत शासन द्वारा निर्देशानुसार फ ोर्टिफ इड चावल वितरण का शुभारंभ किया गया। वितरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुशील सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विटामिनए सहित अन्य गुणों से भरपूर फोर्टिफ इड चावल अब लोगों को सेहतमंद बनाएगा। सरकार हर व्यक्ति को स्वास्थ्य रखने के लिके तथा कुपोषण जैसे रोग को जड़ से समाप्त करना चाहती है। इस चावल के वितरण का मुख्य मकसद प्रदेश के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य रखना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सबसे पहले धान का कटोरा कहे जाने वाले चन्दौली में यह वितरण का कार्य सबसे पहले शुरू कराया। वितरण समारोह के दौरान चावल के रखरखाव और उसके फ ायदे के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नारायणए डीएसओ देवेंद्र प्रताप सिंहए उपजिलाधिकारी सकलडीहा प्रदीप कुमारए सुनील त्रिपाठीए बीडीओ सुशील मिश्राए पूर्ति निरीक्षक अमित द्विवेदीए केके मिश्राए शशिकांत द्विवेदीए कमलाकांत मिश्राए अभय सिंहए गोपाल यादव सहित समस्त कोटेदार और आपूर्ति विभाग के समस्त कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता अजितेंद्र नारायण एवं संचालन शशिकांत द्विवेदी ने किया।

## तेल चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**मुगलसराय।** अलीनगर पुलिस ने रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर रेवसा गांव के समीप हाइवे पर अंडर पास के समीप खड़े ट्रकों व गाड़ियों से तेल चोरी करने वाले 2 शातिर चोर को पकडा ।इनके पास से स्कार्पियोएतमंचाए कारतूसए 6 जरिकेन में चोरी के लगभग 210 लीटर डीजल बरामद हुआ। पुलिस ने इनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया ।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के खिलाफअभियान चलाए जा रहे हैं। रविवार को अलीनगर थाने की पुलिस गश्त कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि रेवसा गांव के सामने हाईवे पर अंडर पास के समीप खड़े ट्रकों व गाड़ियों से तेल चोरी करने वाले खड़े हैं। पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची। तो वहां एक स्कॉर्पियो वाहन खड़ी थी। तमंचा, कारतूस, 6 जरिकेन में चोरी के लगभग 210 लीटर डीजल बरामद हुआ। दो लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हाईवे किनारे रात्रि में अंधेरे में खड़े ट्रकों की टंकी में पाइप डाल कर तेल निकलते है ।पुलिस व जनता को धोखा देने के लिए गाड़ी में फ़र्जी नंबर प्लेट लगा देते हैं। रात्रि में चोरी के दौरान कोई चालक जाग जाता है तो उसे तमंचा दिखाकर भाग जाते थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संतोष सिंह,हेड कांस्टेबल अजय कुमार, रविन्द्र नाथ यादव,कांस्टेबल नीरज सिंह शामिल रहे।

### झिरुआ बाजार में लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर



**देवरिया ।** रविवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिनारायण चौहान व समाजसेवी शंकर तिवारी के सहयोग से छुआ रुद्रपुर झिरुआ बाजार में निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया । जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और जांच और दवाएं दी गई जिसमें दर्जनों चिकित्सक लोगों की सेवा की है जहां चिकित्सक डॉ जे के शर्माए डॉ एस पी गुप्ता एडॉक्टर आनंदए डॉक्टर आदित्य जो गोरखपुर के मे हॉस्पिटल के चिकित्सक थे । इसी के साथ देवरिया के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे

## गलत कार्यो का विरोध करने वाले पर विधायक का कहर, दर्ज करा दिया फर्जी मुकदमा

**जौनपुर।** विधायक के गलत कार्यो का विरोध करना अब शिक़ायत कर्ता के परिवार को महंगा पड़ने लगा है। क्यों अपने पराजय से नाराज विधायक अब अपने ताकत का प्रयोग करते हुए शिकायत कर्ता के परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाने का काम शुरू कर दिये हैं। जी हां यह कोई कपोल कल्पित कहनी नहीं है बल्कि जनपद जौनपुर के थाना जलालपुर क्षेत्र स्थित ग्राम सादीपुर निवासी उदय भान सिंह के साथ घटित घटना है। इस बाबत पीड़ित उदय भान सिंह ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सहित डीजीपी उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश,आईजीए एडीजी एवं कमिश्नर वाराणसी तथा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जौनपुर को पूरे वृत्तान्त के साथ दिये गये प्रार्थना पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए अपने एवं परिवार के लोगों को विधायक हरेन्द्र प्रताप सिंह से जान व माल के सुरक्षा की मांग किया गया है।

## किसानों को तबाह करने वाला है कृषि कानूनः रामकिशुन

संवाददाता। मुग़लसराय,चन्दौली

**लोकतंत्र** में झूठ का स्थान नहीं होता है। जो राजनीतिक व्यक्ति झूठ बोलकर सत्ता हासिल करता है। उसे जनता पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक में सबक सिखाती है। उक्त बातें पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल ने विकासखंड के डिहवा स्थित गंजी प्रसाद महाविद्यालय परिसर में समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान रविवार को कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी कहने में कम व करने में ज्यादा विश्वास करती है। यही कारण है कि जितना प्रदेश का विकास सपा सरकार में हुआ। उतना किसी भी सरकार ने प्रदेश का विकास नहीं किया। कहा कि भाजपा सरकार की नियत बिल्कुल साफ नहीं है। अगर नियत साफरहती तो जो मांग किसान कर रहे हैं उनकी मांगे पूरी हो जाती। सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए कानून बना रही है। इसीलिए कृषि कानून को वापस नहीं ले रही है। सरकार किसानों का सम्मान नहीं कर रही है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 18 जनवरी 2021



# आपसी प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है खिचड़ी भोजः सुरेश पासी

## भोज व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

संवाददाता। जगदीशपुर ( अमेठी )



**आपसी** प्रेम व भाई चारे का प्रतीक है खिचड़ी भोज उक्त बातें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सुरेश पासी ने कही। जगदीशपुर स्थित डाक बंगला परिसर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष गौरव सिंह व प्राचार्य मान सिंह राठौर द्वारा खिचड़ी भोज व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री सुरेश पासी ने बोलते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज मे फैली कुरीतियों पर लगाम लगता है और समाज मे आपसी प्रेम सौहार्द व भाई चारा कायम रहता है और वहीं क्षेत्र के विकास पर उन्होंने कहा कि सड़क शिक्षा स्वास्थ्य खाद बिजली पानी की व्यवस्था मेरे कार्यकाल के दौरान हुआ है, जिसमे किसी प्रकार का भेद भाव नही किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि सुल्तानपुर भाजपा विधायक सूर्य भान सिंह ने कहा कि आज हम सभी लोगों को आपसी भेदभाव भूल कर एक दूसरे को गले लगाने का समय है। जिसमे बिना भेदभाव गरीबो का विकास हो सके। सुल्तानपुर अमेठी एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि खिचड़ी भोज आपसी भेदभाव को भुलाकर दो दिलों को जोड़ने का काम करता है। इसके पूर्व में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को साल स्मृति चिन्ह व फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सन्चालन सजन बहादुर सिंह के द्वारा किया गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अमेठी दुर्गेश त्रिपाठी, गोबिन्द सिंह चौहान, विजय विक्रम सिंह, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी गौरीगंज प्रदीप सिंह, थौरी प्रधान कैमा विक्की सिंह, विनय सिंह, सत्थिन बीबी सिंह, चन्द्रमौलि सिंह, बाबादीन, टीटी प्रधान उमापति, प्रधान पवन पासी, छेदी लाल सेठ, बिहारी लाल, मदन बाजपेई, डीडीसी उपमा सरोज, श्रीराम क्रांन्तिकारी प्रधान अभय सिंह, विशाल विक्रम सिंह, सुनील सेठ थौरी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## इंजन में तकनीकी खराबी आने से आधे घण्टे खड़ी रही ट्रेन

संवाददाता। बाराबंकी

**इंजन** में आयी तकनीकी खराबी के कारण गोरखपुर से पुणे जा रही गोरखपुर पुणे एक्सप्रेस जहगीराबाद स्टेशन पर लगभग आधे धण्टे खड़ी रही, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियो के हंगामे के बाद पहुचे टेक्नीशियनों ने खराबी दूर की जिसके पश्चात ट्रेन आगे के लिये रवाना हो सकी।

मालूम हो कि रविवार दोपहर बाद पुणे एक्सप्रेस ट्रेन गोरखपुर से पुणे जा रही थी कि तभी बाराबंकी गोण्डा रेलखंड मार्ग पर जहगीराबाद रेलवे स्टेशन पर उसका इंजन खराब हो गया। इस बात की सूचना चालक ने कंट्रोल रुम को दी तो वहां से आयी टीम ने इंजन मे आयी खराबी को दूर कर दिया जिसके पश्चात उक्त ट्रेन रवाना की जा सकी इस बीच लगभग आधे घंटे ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों ने हंगामा भी किया।

# निर्वाचन व्यवस्था में लगे कर्मी अपनी भूमिका का ठीक से करें निर्वहनः डीएम

## त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को डीएम ने की बैठक

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. नितिन बंसल ने कल सायंकाल कलेक्ट्रेट के सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 को सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्मिक व्यवस्था की देखरेख हेतु मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि मतदेय स्थलों के लिये मतदान कार्मिकों की ससमय नियुक्ति कर उन्हें उनके आदेश का तामिला करायें तथा उनके मोबाइल नम्बर संकलित करें, मतदान हेतु मतदान पार्टी के प्रस्थान स्थल तथा मतदान समाप्ति के उपरान्त मतदान पार्टी की वापसी स्थल का चयन तथा वहां पर ससमय आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायें। मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु ससमय प्रशिक्षण स्थल का चयन तथा कार्मिकों के बैठने एवं उपस्थिति आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों को अपने साथ अन्य कर्मचारियों की ड्यिूटी लगाने की आवश्यकता हो वह मुख्य विकास अधिकारी को अवगत करा दें ताकि निर्वाचन में फीड कराये गये कार्मिक उन्हें उपलब्ध कराये जा सके। लेखन सामग्री, मतदान सामग्री, किट एवं मतगणना सामग्री किट की व्यवस्था देख रहे प्रभारी अधिकारी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि लेखन सामग्री, मतदान सामग्री किट एवं मतगणना सामग्री किट के सुरक्षित भण्डारण हेतु स्थल का चयन कर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये। भारी एवं हल्का वाहन तथा रूट चार्ट व्यवस्था की देखरेख हेतु प्रभारी अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी भारी एवं हल्का वाहन तथा रूट चार्ट व्यवस्था की देखरेख हेतु प्रभारी अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि भारी एवं हल्के वाहनों को खड़ा किये जाने हेतु स्थल का चयन कर लें, जनपद में उपलब्ध भारी वाहनों की सूची सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर उनके अधिग्रहण आदेश समय से जारी करें तथा आवश्यकता होने पर आयोग के निर्देशों के क्रम में अन्य जनपदों से भारी वाहनों की व्यवस्था करें।

# वैक्सीन महाभियान को इवेंट बनाने से बचें मोदीः प्रमोद

संवाददाता। लालगंज

**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कोरोना महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण कार्यक्रम को विशुद्ध राष्ट्रीय अभियान के रूप में संचालित किए जाने पर जोर दिया है।

प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री से कहा है कि वह वैज्ञानिकों की मेहनत से लाये गए टीकों के लिए खुद का इवेंट बनाने से बचें, ताकि देश इस महाभियान को लेकर वैज्ञानिक अथवा चिकित्सकीय अभियान की मजबूती हासिल कर सके। रविवार को जारी बयान में कोविड टीकाकरण को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री तथा सोवियत रूस के राष्ट्राध्यक्ष पुतिन सहित दुनिया के लगभग नेताओं सार्वजनिक रूप से टीका लगवाये जाने को लेकर सवाल उठाया कि देश के जिम्मेदार नेता लोग एक तरफ तो वैक्सीन की प्रशंसा कर रहे हैं, दूसरी तरफ सार्वजनिक रूप से टीका क्यों नहीं लगवा रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि जिम्मेदार नेताओं को भी दुनिया के अन्य नेताओं का अनुसरण करते हुए जनता की विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए वैक्सीन लगवाना चाहिए।

श्री तिवारी ने कोरोना महामारी को लेकर केन्द्र सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि पहले ही यह सरकार विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनियों के बावजूद समय रहते अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगा सकी और देश पर अव्यवहारिक लॉकडाउन थोपा। ऐसे में जबकि कोरोना का प्रधानमंत्री जरूरतमंदों को आर्थिक पैकेज न देकर ब्लंडर भूल कर चुके हैं तो अब उन्हें वैक्सीन को लेकर राजनीतिक इवेंट से हर हाल में बचना चाहिए। बकौल श्री तिवारी जी अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन ने सत्ता संभालने के कुछ दिन पहले ही अपने देश को कोरोना के चलते विशेष आर्थिक पैकेज का ऐलान कर मोदी सरकार को भी पैकेज के नाम पर गढ़े गए कुतर्कों को साफ आइना दिखा दिया है।

हालांकि सीडब्ल्यूसी मेम्बर प्रमोद तिवारी ने देश के आम लोगों से वैक्सीन महाभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए भारतीय वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और कोरोना योद्धाओं के समर्पण को सराहा है। वहीं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने 52 दिनों से दिल्ली की सीमा पर आंदोलनरत किसानों की मांगों को बिना कारण ठुकराये जाने पर चिंता भी जतायी है।

## रास्ते में खड़ा ट्रैक्टर हटाने को लेकर की पिटाई

संवाददाता। लालगंज

**सार्वजनिक** रास्ते पर खड़े ट्रैक्टर को हटाने की बात कहने पर पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित ने रविवार को पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पेड़रिया गांव निवासी उदय भान कोरी पुत्र राम प्यारे कोरी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती शुक्रवार की शाम करीब सात बजे उनके घर पर बरीक्षा का कार्यक्रम था। इसी दौरान उनके दरवाजे से जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर गांव के वीरेंद्र कुमार का ट्रैक्टर खड़ा था। जिसके कारण उसके घर तक वाहनों के आने-जाने में परेशानी हो रही थी। आरोप है कि पीड़ित ने जब रास्ते में खड़े ट्रैक्टर को हटाने के लिए कहा तो आरोपी व उसके घर के लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। एसओ उदयपुर का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# गांव-गांव जाकर किसान विरोधी बिल के बारे में लोगों को जागरुक करेंगे किसान नेता

संवाददाता। बाराबंकी

**भारतीय** किसान यूनियन टिकैत के गोकुल नगर कार्यालय पर किसानों को जागरूक करने के लिए बैठक बुलाई गयी जिसमें जिला कार्यकारिणी व ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने बताया कि आज किसानों के सामने सरकार ने किसान विरोधी बिल पास करके करो या मरो की स्थिति उत्पन्न कर दी है।आज किसान जागरूक नहीं हुआ तो भविष्य में भारतीय कृषि संकट में आ जायेगी। अतः सभी पदाधिकारी गांव गांव जा करके किसान विरोधी कृषि बिलों के बारे में लोगों को जागरूक करें और बताएं कि बिल वापसी कितनी जरूरी है।प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाम सिंह ने कहा जनपद का इतिहास रहा है किसान हितों की लड़ाई में यह हमेशा आगे रहा है। आज समय आ गया है कि सभी पदाधिकारी घरों से निकले और किसानों की चौखट पर जाकर उन्हें बिल के नुकसान के बारे में बताएं और उसपर चर्चा करें, जिससे किसान अपनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो सके।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किसान विरोधी अखबार और न्यूज चैनलों का अब बहिष्कार किया जाएगा। आज की बैठक को जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक उत्तम सिंह, हौसिला प्रसाद, रामबरन वर्मा, निसार मेंहदी, अनुपम वर्मा, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा, राम नरेश वर्मा, अवधराम सैनी, माता प्रसाद, राधेलाल, दिनेश चन्द, रामानन्द,गिरीश वर्मा,ओम प्रकाश, कृष्ण पाल सिंह बबलू आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओवरब्रिज के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बाराबंकी**। थाना रामसनेही घाट के अन्तर्गत रविवार को ओवरब्रिज के नीचे मिले एक शव के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। विवरण के अनुसार राविवार की सुबह लगभग नौ बजे भिटरिया दरियाबाद मार्ग पर बने ओवरब्रिज के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई पड़ा जिससे आसपास लोगो में सनसनी फैल गई इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस भी मौके पर पहुच गयी और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया मगर पुलिस को इस दिशा में सफलता हाथ नही लगी अन्ततः पुलिस ने अज्ञात में शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## जायसवाल समाज का खिचड़ी भोज कार्यक्रम



**बाराबंकी**। रविवार को सर्ववर्गीय जायसवाल समाज द्वारा खिचड़ी भोज भण्डारेका आयोजन जायसवाल धर्मशाला निकट घंटाघर में किया गया। जिसमे समाज के जिलाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल वैद्यजी व जिला संयोजक राजेश जायसवाल एडवोकेट ने भगवान का माल्यार्पण कर भोग लगाया। इसके बाद भण्डारा प्रारंभ किया गया, जिसमे मुख्य रूप से सुशील जायसवाल, विजय जायसवाल, प्रभातजी, सूर्यप्रकाश जायसवाल, प्रतीक जायसवाल, शुभांशु जायसवाल, आदित्य जायसवाल, राधिका जायसवाल, सुमन जायसवाल, नीता जायसवाल, देशराज जायसवाल, निर्मल जायसवाल, रमेश, मनोज, बंटी, डा. उजाला जायसवाल, श्रद्धा जायसवाल, लालता जायसवाल, राजकिशोर,बब्लू , आकाश, नितिन कुमार, अनूप, चन्द्र प्रकाश सभासद, उमाशंकर जायसवाल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक सहित अन्य सैकड़ों लोग भी शामिल हुए।

## दो परिवारों में लौटी खुशियां

**ललितपुर**। स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में पांच परिवारों को बुलाया गया। नई किरण मे पांचों मामले में दोनों पक्ष आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद दो परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। दोनों परिवार साथ रहने को तैयार हो गये और बाकी तीन मामलों में अग्रिम तिथि दे दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य डॉ दीपक चौबे, अजय बरया, सुधा कुशवाहा, संजीव कुमार शर्मा, मनोवैज्ञानिक नई किरण में महिला थानाध्यक्ष उ नि नीतू सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा ।

# व्यापारियों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: बढेरा

## सेक्टर व्यापार मंडल विस्तार

संवाददाता। ललितपुर

**जिला** उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन को और गतिशील बनाने के उद्देश्य सेक्टर पिसनारी बाग में सेक्टर व्यापार मंडल का गठन जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरबांस जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई के संचालन में हुआ। सबसे पहले व्यापारी नेताओं ने सर्वसम्मति से पिसनारी तिराहा राजघाट रोड सेक्टर इकाई का गठन किया, जिसमें संरक्षक पद पर आसाराम रजक प्रधान कपूर चंद साहू एवं किशन चंद शिवहरे को मनोनीत किया गया। बाद में सेक्टर अध्यक्ष पद पर मनोज शिवहरे महामंत्री पद पर अजय राय कोषाध्यक्ष पद पर मनोज पंत कल्याण सिंह राजपूत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव राठौर को उपाध्यक्ष बलराम साहू बल्लू को संगठन मंत्री राजेश साहू को प्रचार मंत्री राजकुमार झां को मंत्री सुनील राजपूत को सह मंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया सभी जिले एवं नगर के पदाधिकारियों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मान किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने बडेरा कहा कि किसी भी कीमत पर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न होना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्होंने कहा यदि कोई अधिकारी व्यापारी का उत्पीड़न करता है, तुरंत जिला अध्यक्ष बा जिला महामंत्री को सूचित करें। गठन की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री पंडित मनीष सड़ैया, उद्योग मंच प्रदेश मंत्री कमलेश, सराफ जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, जिला वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरबांस आदि मौजूद रहे।

## प्रमोद ने पूर्व विधान परिषद सदस्य ओम प्रकाश के निधन पर जताया दुख

**लालगंज** । कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा आउटरीच एंड कोऑर्डिनेशन कमेटी उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने आठ बार के शिक्षा क्षेत्र से विधान परिषद के सदस्य रहे ओम प्रकाश शर्मा के निधन पर गहरा दुख जताया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ओम प्रकाश शर्मा के निधन से शिक्षा जगत के क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा है कि श्री शर्मा शिक्षकों की जायज मांगों को लेकर अनवरत संघर्षरत थे। अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी वे शिक्षकों की जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। प्रमोद तिवारी ने कहा कि मुझे उनके साथ कार्य करने का सौभाग्य 1980 से मिला और उनके अंतिम क्षण तक जारी रहा। विदेश यात्रा के दौरान भी हम दोनों साथ गए थे और वहां के संस्मरण

## पिता-पुत्र की एक साथ निकली अर्थी

**बाराबंकी**। बंकी निवासी 68 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत हो गई सदमा बर्दाश्त ना कर पाने के कारण कुछ ही देर में उसके बेटे ने भी दम तोड़ दिया। पल भर में परिवार से एक साथ पिता-पुत्र के जुटा होने से घर में कोहराम मच गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी इकठ्ठा हो गए, लेकिन ईश्वर की इस लीला के आगे सभी बेबस दिखे बाद में एक साथ पिता-पुत्र की अर्थी निकली जिसे देख सभी की आंखें नम हो गई दिल दहला देने वाली यह हृदय विदारक घटना रविवार की भोर नगर कोतवाली इलाके के उत्तर टोला बंकी में घटित हुई। जानकारी के अनुसार मोहल्ले में रामसेवक मौर्य का भरा पूरा परिवार रहता है पत्नी के अतिरिक्त दो बहुएं व चार बेटे हैं, जो मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीवको पार्जन करते हैं रामसेवक मौर्य काफी दिनों से बीमार चल रहा था। बताया जाता है कि बीती रात उसकी तबीयत बिगड़ गई, तब परिजनों उसे लेकर एक प्राइवेट अस्पताल गए जहां स्वास्थ्य में सुधार होने पर घर लेकर चले आए सुबह लगभग 3. 30 बजे रामसेवक ने दम तोड़ दिया, तब पूरा परिवार सदमे में आ गया लोग एक दूसरे को तसल्ली दिला ही रहे थे कि डेढ़ घंटे पश्चात पांच बजे प्रातः रामसेवक के दूसरे बेटे श्यामू की भी मौत हो गई यह देख पूरे परिवार में कोहराम मच गया और सभी गमजदा हो गए रामसेवक की पत्नी तो बदहवास हो गई जिसे किसी तरीके से आसपास के लोगों ने पहुंचकर संभाला लेकिन उसके परिवार का रो रो कर बुरा हाल है जो भी इस घटना को सुनता है वह अपने को रोक नहीं पा रहा है सांत्वना देने के साथ-साथ यह कहने पर मजबूर हो जाता है कि ईश्वर की लीला अपरंपार है फिलहाल एक साथ पिता-पुत्र की भर्ती निकलने से सभी की आंखें नम है।

## उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में डीएम ने की बैठक

**प्रतापगढ़**। जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल की अध्यक्षता में 24 से 26 जनवरी तक यूपी स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य निबन्ध लेखन, वाद विवाद, चित्रकला, मूर्तकला, कविता पाठ का आयोजन कराया जाये एवं विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाये। उपायुक्त उद्योग एवं जिला ग्रामोद्योग को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के दौरान ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन एवं उत्कृष्ट युवा व महिला उद्यमी को प्रशस्ति पत्र दिया जाये।

## उदयपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय बने

**लालगंज**। उद्योग व्यापार मंडल उदयपुर की हुई बैठक में व्यापार मंडल का गठन किया गया। उदयपुर व्यापार मंडल के गठन को लेकर हुई इस बैठक की अध्यक्षता मंगापुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र व संचालन विधिक सलाहकार परशुराम उपाध्याय सुमन ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से अजय तिवारी को अध्यक्ष, राहुल मोदनवाल को महामंत्री, विशाल केसरवानी कोषाध्यक्ष, हरिकेश मोदनवाल एवं बद्री प्रसाद जायसवाल को उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश केसरवानी को उपकोषाध्यक्ष , मक्खन लाल सोनी को उपमंत्री , प्रदीप केसरवानी को संगठन मंत्री , राहुल सोनी को संयुक्त मंत्री , अरविंद कुमार सोनी विधिक सलाहकार और रमेश यादव को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया।

# पंचायत चुनावः मजबूत संगठन से ही होगा बेड़ा पार

नीरज सिंह। अमेठी




**सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने में जुटी भाजपा- विपक्ष को मिलेगी पंचायत चुनावों में सत्ताधारी की कड़ी टक्कर, विपक्षियों में फिलहाल कांग्रेस भी उभरने की कोशिश में विगत पंचायत चुनावों में सपा का बजा था डंका**

**आगामी** फ़रवरी मार्च के महीने में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों को राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों के साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रत्याशियों की तैयारियां दिनोदिन जोर पकड़ रही है । सत्तारूढ़ भाजपा सपा कांग्रेस बसपा के साथ ही आम आदमी पार्टी जिले में धमाकेदार एंट्री करने की कोशिश करती दिख रही है । केंद्र व प्रदेश की सत्ता पर काबिज़ भारतीय जनता पार्टी जहां एक तरफसंभावित उम्मीदवारों की तलाश में कसरत कर रही हैए वहीं अपने सांगठनिक ढांचे को बूथ स्तर के अलावा वार्डो में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए दिन रात मेहनत करते दिख रही है । स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ ही उनके प्रतिनिधि विजय गुप्ता लगातार सांगठनिक ढांचे पर नजर बनाए हुए हैं । जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने जिला कार्यकारिणी के साथ ही विभिन्न अनुसांगिक संगठनों को लगातार धार तेज करने के लिए लगातार बैठक करने के साथ ही कार्यकर्ताओ से फीड बैक लेकर संगठन का हर मोर्चे पर तैयार करने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं ।इसके साथ ही विभिन्न माध्यमों से भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय नेताओ के दौरे पर दौरे जारी है । अभी विगत शुक्रवार भाजपा जिला कार्यालय गौरीगंज में काशीक्षेत्र के बनाये गये प्रभारी भाजपा प्रदेश महामंत्री व कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पंचायत चुनावों की तैयारियों की समीक्षा किया और चुनाव को गंभीरता से लड़ने की पार्टी मंशा की जानकारी दी। इससे स्पष्ट हो रहा है कि भाजपा पंचायत चुनाव की गम्भीरता को बारीकी से समझ कर हर फूंक फूंक कर उठा रही है। जिले की चार विधान सभा क्षेत्रों में क्रमशः अमेठी से गरिमा सिंह जगदीशपुर सुरक्षित से सुरेश पासी व तिलोई से मयंकेश्वर शरण सिंह नेतृत्व कर रहे हैं । पंचायत चुनाव में भाजपा की कोशिश जिले में ज्यादातर ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी को अपने पाले में करने की है । वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ ही ज्यादातर ब्लॉकों की प्रमुखी पर काबिज मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी का सांगठनिक ढांचा पूरी तरह से चरमराता दिख रहा है । 2019 के आखिर महीनों से भंग चल रहे जिला संगठन में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के तौर पर छोटेलाल यादव ढोते आ रहे हैं ।शेष अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों की टीम का कहीं दूर दूर तक पता नहीं चल रहा है । युवा संगठनों के चारों महत्वपूर्ण संगठन युवजन सभा लोहिया वाहिनी यूथ ब्रिगेड व छात्र सभा की जिला कार्यकारिणी जो सपा की मुख्य भूमिका में होती थी खासकर तब जब पार्टी विपक्ष की भूमिका में होती थी । वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में चारो संगठन के सपा के सत्ता में रहने के दौरान से ही हवा में गायब है । जिले में पार्टी का सारा दारोमदार जिले के इकलौते सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के करिश्माई व्यक्तित्व पर टिका हुआ हुआ है । 2017 के विधान सभा चुनावों में चली भाजपा की आंधी में भी गौरीगंज विधान सभा से बड़ी जीत हासिल करने में सफल रहे । उनके करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम रहा की विपक्ष रहकर भी उन्होंने गौरीगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद पर सपा को शानदार जीत हासिल हुई ।अलबत्ता इतना भी रहा की उसी चुनाव में उन्ही के विधान सभा क्षेत्र की मुसाफिरखाना नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर सपा प्रत्याशी की शर्मनाक हार भी सपाई शायद ही भूले हो ।गौरीगंज विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत तीन ब्लॉकों पर उनके करीबी ही काबिज हैं। जिन्हें भाजपा के चक्रव्यूह से बचाना बड़ी चुनौती है । वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर आसीन शिवकली मौर्य को उनका सीधे वरदहस्त हासिल है ।इसके साथ ही जिला पंचायत में राकेश सिंह की तूती बोलती रही है ।जिले की सपाई राजनीति में अमेठी विधान सभा के जयसिंह प्रताप यादव जिले के साथ ही प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल होते दिख रहे हैं ।जिले में मृत प्राय संगठन को पुनः स्थापित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा जो पंचायत चुनाव तक असम्भव दिख रहा है । वहीं अमेठी के रोम रोम में बसने का दावा करने वाली कांग्रेस अपने नए जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की सक्रियता के सहारे चुनावी मंसूबे पाल रही है ।प्रदीप सिंघल अपनी जिला कमेटी के साथ ही सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों की घोषणा कर जमीनी स्तर पर कुछ करती दिख रही है ।जिले में कांग्रेस के पास भारी भरकम नेताओ की टीम जिले में मौजूद रहीं हैए जो शायद अब राजनीति से दूर होती दिख रही है ।कांग्रेस के पास अमेठी में खोने को शायद कुछ बचा भी नहीं है ।इसके साथ एमएलसी दीपक सिंह जरूर कार्यकर्ताओ की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हुए राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनाने की कोशिश में जुटे हैं । वहीं बसपा का संगठन हमेशा की तरह अंदुरूनी ही दिख रहा ।बसपा के विधान सभा प्रभारियों की सक्रियता ही उनकी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं ।वहीं आम आदमी पार्टी भी विभिन्न दलों के असंतुष्ट व अपेक्षित कार्यकर्ताओ को लगातार मुख्य धारा में वापस लाकर खुद को मजबूत करने में अंदर खाने जुटी है ।दिल्ली के विधायक व पूर्व मंत्री शोभनाथ भारती अपने दौरे के दौरान दिए गए बयान के चलते काफी सुर्खियां बटोरी ।आप जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद कश्यप सहित पूरी विंग लगातार ज्यादा से ज्यादा लोगो को पार्टी से जोड़ने में मशगूल हैं। इस बार जिले तें सत्ताधारी पार्टी सहित अन्य दलों को पंचायत चुनाव में रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की नवनिर्मित पार्टी जनसत्तात दल;लोकतांत्रिकद्ध भी चुनौती देती नजर आयेगी। इस दल के लोग क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष सहित अनेक पदों पर काबिज हैं । जनसत्ता दल के संस्थीपक सदस्यत व प्रतापगढ के एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह का गृह जनपद अमेठी होने के चलते अमेठी की राजनीति में बडा दखल रखते हैं। इसलिए ये दल भी पंचायत चुनाव में अन्यी दलों का समीकरण बनाने.बिगाडने में सक्षम ही नहीए एक अच्छी उपस्थिति दर्ज करा सकती है । फिलहाल पंचायत चुनाव के परिणामों को लेकर अभी से कुछ कह पाना जल्दबाजी होगी। किन्तु इतना जरूर है कि पंचायत चुनावों से उभरे राजनीतिक सूरमाओं ने अपनी रणनीति का लोहा मनवाया है । गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह पूर्व मंत्री अमिता सिंह एमएलसी दीपक सिंह सहित कई अन्य नेताओं ने पंचायत चुनावों को फतेह कर वर्तमान में प्रदेश के राजनीति में अपनी पकड़ मजबूत साबित कर चुके हैं ।ऐसे में सभी दलो के नेता पंचायत चुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे हैं । परिणाम किसके पक्ष में जाएगा यह तो परिणाम के बाद ही स्पष्ट होगा ।

## जन्म दिवस पर सांसद ने मरीजों को बांटे फल



**बाराबंकी**। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत नेअपने जन्म दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में पहुँचकर वहां भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया । इसके उपरांत भुहेरा ए सफेदाबाद स्थित मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम में पहुंचकर लोगों को कम्बल, स्वेटर, साड़ी तथा लंच पैकेट आदि का वितरण किया तथा सभी लोगों से आशीर्वाद की कामना की । इस अवसर पर प्रदीप वर्मा, भानु प्रताप सिंह, प्रशांत वर्मा, शुभम सिंह, सौरभ शुक्ला, श्रीश रावत, प्रदीप रावत, सुशील रावत, आकाश पटेल, भाजपा नेता नवीन सिंह राठौर, मनोज रावत, आशुतोष अवस्थी, रोहित पटेल, प्रेम चन्द्र रावत, शिव कुमार शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें ।

## सांसद ने किया सड़कों का लोकार्पण

**बाराबंकी**। रविवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण अभियंत्रण विभागके द्वारा निर्मित सड़को का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन इसरौली चौकी में किया गया । सड़कों का लोकार्पण सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के द्वारा विधायक कुर्सी साकेंद्र प्रताप वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सड़के विकास की जननी है जब सड़के ठीक होती है तो लोगों का अवागमन सुगम हो जाता है क्षेत्र की सड़कों की दशा सुधारने के लिए मैं खुद प्रयासरत हूँ । सबसे ज्यादा सडकें भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी है और बनवाई भी जा रही है। कोई भी मार्ग अछूता नही रहेगा सभी मार्गों का पूर्ण विकास किया जायेगा।